इस के अलावा उपाध्यक्ष महोदय, दुकानदारों के पास जो लोग काम करते हैं यानी जो मुनीम वगैरह हैं उन के लिए कानून बना हुआ है कि वह इतने घन्टे से ज़्यादा काम नहीं कर सकते। उन से ज़्यादा काम न लिया जाए लेकिन आज हालत क्या है? इस कानून को तोड़ा जा रहा है। निश्चित समय से ज्यादा काम उन बेचारों से लिया जाता है। इस लिए मेरी सरकार से दरखास्त है कि इस कानून पर ज़्यादा से ज़्यादा सख्ती से अमल करवाया जाए और इस की निगरानी के लिए Labour Inspectors और Shop Inspectors को और अधिक इख्तियार दिए जाने चाहिएं ताकि इन मुनीमों से बुरा सलूक न किया जाए। अन्त में मुझे आशा है कि सरकार मेरी तरफ से दिए गए सुझावों की ओर ध्यान देगी।

श्री रूप सिंह 'फूल' (हमीरपुर रिज़र्वड): नायब सदरे मोहतरिम, जहां तक industry और लेबर का ताल्लुक है बहुत से मैम्बरान ने अपनी अपनी राय दी है। आज इस देश में हमारा ध्येय है Socialistic Pattern of Society को अपने मुल्क और अपनी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री रूप सिंह फूल]

स्टेट में लाना तो इस का मतलब यह है कि जो undeveloped और underdeveloped areas हैं उन्हें सब से पहले develop करें और तरक्की याफ्ता जो इलाके हैं उनके बराबर ले जाएं। मगर हम क्या देखते हैं कि सरकार की तरफ से ऐसा करने के बारे में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। मिसाल के तौर पर, मैं बाकी इलाकों को छोड़ कर, ज़िला कांगड़ा का नक्शा आप के सामने पेश करना चाहता हूं। नायब सदरे मोहतरिम, आज आप देखेंगे कि अगर पंजाब को भारत का बाज़ूए शमशीर ज़न कहा जाता है तो कांगड़ा का इलाका पंजाब का बाज़ूए शमशीरे ज़न है। अंग्रेज़ के वक्त में तो इस ज़िला की कोई भी development नहीं हो सकती थी क्योंकि जितना सिपाही और सस्ता सिपाही उसे इस इलाके से मिलता था और किसी इलाके से नहीं मिलता था इस लिए अंग्रेज़ ने तो इस इलाके को dovelop नहीं करना था न किया। लेकिन अब भी यह प्रतीत होता है कि अपनी हकूमत की ज़िला कांगड़ा की तरफ नज़रे इनायत नहीं। ज़िला कांगड़ा वसीह इलाका है। जहां स्टेट और मुल्क की development के लिए इतना खर्च किया जा रहा है वहां ज़िला कांगड़ा की तरफ बहुत थोड़ा ध्यान दिया गया है। इस इलाके की development बहुत थोड़ी हुई है। यह ज़िला इस वक्त के पंजाब का चौथा या पांचवां हिस्सा है। इस में industrial development का काफी scope है और इस बात को गवर्नमेंट भी जानती है।

मिसाल के तौर पर यह ऐसा ज़िला है जहां पर जंगलात की भरमार है। इन से गन्दा बरोज़ा की शक्ल में 50 लाख के करीब रुपया गवर्नमेंट को मिलता है। यहां पर गन्दा-बरोज़ा के साफ करने के कारखाने दो स्थानों, रानीताल और तहसील हमीरपुर में लगाए जा सकते हैं। इस से सैंकड़ों बेरोज़गार लोगों को रोज़ी मिल सकती है और यह industry अच्छी तरह से चलाई जा सकती है।

इस के अलावा यहां पर बगड़ घास बहुत पाई जाती है जो कागज़ साज़ी के लिए ज़िला कांगड़ा से बाहर भेजी जाती है। अगर इस ज़िला में कागज़-साज़ी का कारखाना लगाया जाए तो यह घास यहां पर ही काम आ सके और बेकारी भी किसी हद तक दूर हो सके।

ज़िला कांगड़ा में बांस और सिंबल के दरख्त बहुत पाए जाते हैं। इन से दिया सलाई की industry चालू की जा सकती है और इस इलाके की बेरोज़गारी खत्म हो सकती है।

इस के अलावा, नायब सदरे मोहतरिम, ज़िला कांगड़ा में हज़ारों किस्म की जड़ी-बूटियां पाई जाती हैं जिन से कारामद दवाइयां तैयार की जा सकती हैं। इसलिए यहां पर यह देखने की ज़रूरत है कि इन जड़ी-बूटियों की medical value क्या है और क्या यह herbs efficacious हैं या नहीं। इसलिए मैं यह suggest करना चाहता हूं कि ज़िला कांगड़ा में सुजानपुर के स्थान पर एक Ayurvedic College खोला जाए। इस से इस इलाके को काफी तरक्की मिल सकती है और हर आदमी को फायदा पहुंच सकता है। इस के साथ ही यह भी मालूम हो सकता है कि ज़िला कांगड़ा में किन किन जड़ी-बूटियों से दवाइयां बनाई जा सकती हैं और मुफीद साबित हो सकती हैं।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

इस के अलावा धर्मसाला के नज़दीक धर्मपुरा एक मुकाम है। वहां पर एक सदी के लिए सीमेंट का काफी मिकदार में पत्थर मिल सकता है। इसलिए अगर यहां पर एक सीमेंट का कारखाना चालू किया जाए तो एक सदी तक यहां का पत्थर उस कारखाने की demand को पूरा कर सकता है। वहां पर इसी सम्बन्ध में सरकार की तरफ से एक expert भी गया था जिस का नाम शायद श्री भट्टाचार्य था। उस ने survey किया और नतीजा के तौर पर यह पता लगा कि वहां सीमेंट का पत्थर बेशुमार है। इसलिए मैं गवर्नमेंट से इल्तजा करूंगा कि वहां पर सीमेंट का कारखाना लगाया जाए ताकि इस इलाके की तरक्की हो। यह न हो कि गवर्नमेंट इस बहाने से कि खर्च ज़्यादा आएगा और कारखाना नहीं लगाया जा सकता, इसे टाल दे। इस के बारे में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि सरकार कोई trading agency नहीं हुआ करती। यह एक Welfare State है इसलिए अगर कुछ वक्त के लिए किसी प्रोजेक्ट में घाटा भी पड़ जाए तो इस का यह मतलब नहीं कि कारखाना न लगाया जाए। सीमेंट का कारखाना लगा देने से बहुत से गरीब आदमियों को रोज़गार मिलेगा और इस इलाके का काया कल्प हो जायेगा।

मेरी एक और दरखास्त यह है कि इस इलाके की industrial-cum-economic survey करवाई जाए ताकि सही हालात का सरकार जायज़ा ले सके कि कौन २ सी industry इस ज़िला में शुरू की जा सकती है।

हमारे ज़िला में लोगों का खेती-बाड़ी पर निर्भर है परन्तु खेती-बाड़ी इतनी कम है कि मेरे इलाके के लोग बेचारे अपना पेट भी नहीं भर सकते और employment उन्हें नहीं मिलती। और जो फालतू वक्त इन्हें मिलता है वह गप्पों में गुज़ार देते हैं। इस वक्त को utilise करने के लिए small-scale industry का कायम किया जाना ज़रूरी है। ज़िला कांगड़ा में natural resources बहुत हैं और small-scale industry बहुत अच्छी तरह चलाई जा सकती है। यही एक रास्ता है कि जिस से इस इलाके को सुधारा जा सकता है। ज़िला कांगड़ा में गरीबी इतनी है कि अगर मैं यहां पर इस गुर्बत की तसवीर खींचूं तो आप सब की आंखों में आंसू आ जाएं। इसलिए मेरी request है कि small-scale industry कायम की जाए और जो industrial loan दिया जाता है उसे interest free करार दिया जाए। इस के साथ ही जो subsidy ज़िला कांगड़ा को दी जाती है वह और ज़्यादा की जाए ताकि small-scale industry को तरक्की मिल सके। Subsidy का जो quota ज़िला कांगड़ा का है उसे बढ़ा देना चाहिए।

इस के बाद basket making की cottage industry है। इस इलावा में bamboos बहुत हैं इसलिए टोकरियां बनाने की घरेलू दस्तकारी को आसानी से चलाया जा सकता है।

रेशम के कीड़े पालने की एक और दस्तकारी है जो ज़िला कांगड़ा में चलाई जा सकती है। इस के अलावा भेड़-बकरियां भी वहां पर बहुत हैं; मेरा मतलब है कि अगर भेड़ बकरियां पाली जा रही हैं तो wollen industry काफ़ी हद तक कामयाब हो सकती है और मुफ़ीद

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री रूप सिंह फूल]

मतलब साबित हो सकती है। इस के अलावा, नायब सदरे मोहतरिम, इस इलाका में कई छोटे छोटे पत्थर पाए जाते हैं। इन पत्थरों की कई इकसाम हैं जिस से मुख्तलिफ चीज़ें बनाई जा सकती हैं। यह पत्थर हमारे देहातों में से बाहर ले जाकर अच्छे दामों बिक सकते हैं। मादनी पैदावार की जांच के लिए मेरी दरखास्त है कि Centre की तरफ से कोई experts मंगवाए जाएं जो जांच करें और इन पत्थरों की value के बारे में बताएं कि ज़िला कांगड़ा में किन २ धातों की खानें पाई जाती हैं।

इस के अलावा जहां तक labour का सवाल है मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि ज़िला कांगड़ा चाय का घर है। चाय की industry में कोई चालीस हज़ार के करीब मज़-दूर काम करते हैं। 1,200 landlord, हैं जो चाय की काश्त करते हैं, चाय की plantation करते हैं। ज़िला कांगड़ा के बच्चे, मर्द और औरतें सब इस industry में काम करते हैं। इस industry की तरक्की के लिए सरकार को मदद देनी चाहिए ताकि यह अच्छी तरह grow करे। फिर इस के लिए यह भी ज़रूरी है कि एक ही industry एक ही जगह पर कायम की जाए ताकि उस की तरक्की की जा सके। और मेरी दरखास्त है कि गवर्नमेंट इस industry के लिये काफी funds मुहैया करे। इस के साथ ही इस industry में लगे हुए बच्चे, मर्द और औरतों को जो wages मिलती हैं वह बहुत कम हैं। उन्हें daily wages मिलती हैं लेकिन इन पर Minimum Wages Act लागू नहीं होता। जहां तक बाकी जगहों पर labour का सम्बन्ध है यह Wages Act लागू है लेकिन इन tea industry में लगे कुछ मज़दूरों पर यह भली प्रकार लागू नहीं। पत्तनों पर काम करने वालों पर भी जिन्हें बरसात के मौसम में दरिया की fury से fight करना पड़ता है यह Wages Act लागू नहीं है। इन सब की कलील तनखाहें हैं। अगर वह माहवार तनखाह पाते हैं तो उनका गुज़ारा नहीं होता और अगर daily wages पर हैं तो पेट नहीं पाल सकते। इसलिए Mininum Wages Act के आधार पर इन को तनखाह या मज़दूरी मिलनी चाहिये।

इस के अलावा Employment Exchanges हैं। Employment Excha-nges इस लिए बनाए गए हैं कि लोगों को guide करें ताकि वह नौकरी को प्राप्त कर सकें। इसलिए Employment Exchanges का फायदा तब हो सकता है जब यह हर तहसील में हो। मेरे ज़िला में धर्मसाला के मुकाम पर एक Employment Exchange का दफ्तर है। हमीरपुर और दूसरे इलाके इस दफ्तर से 60,80 और 100 मील की दूरी पर हैं। अगर किसी ने नाम दर्ज करवाना हो तो 20-25 रुपया किराया वगैरह खर्च कर के आए और फिर अगर call आए तो वहां जा कर interview card पेश करे और फिर उस मुकाम पर वापिस आए जहां interview रखी गई हो। इसलिए मेरी यह दरखास्त है कि ज़िला कांगड़ा में हर तहसील में Employment Exchange की एक branch कायम की जानी चाहिए ताकि लोग इस में अपना नाम दर्ज करवा सकें और जब ज़रूरत पड़े आसानी से interview के लिए हाज़िर हो सकें। हर तहसील Headqurter में

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Employment Exchange खोलने से ही इस इलाके के लोगों की कुछ सहायता हो सकेगी। मुझे आशा है, नायब सदरे मोहतरिम, कि सरकार मेरी तरफ से दिए गए suggestions को ध्यान में रखेगी।

श्री गुरदत्त (पलवल) : डिप्टी स्पीकर साहिब, कल से Industry के ऊपर बहस चल रही है। मैं देखता हूं कि महकमा Industry ने हमारे ज़िला गुड़गावां में कोई ध्यान नहीं दिया। प्रोफैसर शेर सिंह जी ने अपनी स्पीच में फरमाया था कि रातो रात Central Government ने प्रांतों में industrial development के लिए funds दे दिये और जो रकम हमारे प्रांत के हिस्से में आई उस की हमें खुशी है। हमें इस बात का मान है कि जितनी पंजाब ने Industry में तरक्की की है उतनी किसी सूबा ने नहीं की। अमृतसर और जालंधर Industry के लिहाज़ से हिन्दुस्तान के Manchester बने हुए हैं। वहां पर तमाम किसम की बड़ी बड़ी सनअतें लगी हुई हैं। यहां से हिंदुसतान भर में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में माल जाता है। जब हम गुड़गांव की तरफ आते हैं, Deputy Speaker साहिब, तो आप ने भी देखा होगा कि गुड़गांव उसी चौराहे पर खड़ा है जहां पर अंग्रेज़ छोड़ गया था।

एक माननीय सदस्य : यह वहां पर ही ठीक है।

श्री गुरदत्त : कल मौलवी साहिब ने बताया था कि फरीदाबाद में Central गवर्नमेंट की तरफ से बड़े बड़े कारखाने लगाये जा रहे हैं। पंजाब सरकार का इस में कोई हाथ नहीं है। और इस तरह से 10-12 गांव की जो local आबादी है उस को उजाड़ा जा रहा है। उन को पहले ही लेबर का काम नहीं मिलता, और जो उन के पास ज़मीन है वह अब इस से भी हाथ धो बैठेंगे। वह पहले से ही ग़रीब हैं इसलिये उन को उजड़ने पर मजबूर न किया जाये, उन्हें refugee न बनाया जाये। मैं उम्मीद करता हूं कि लेबर मिनिस्टर इस तरफ ध्यान देंगे। गुड़गांव के डिस्ट्रिक्ट में न कोई कारखाना है और न ही कोई छोटी-मोटी industry है। पानीपत में जहां पहले से ही इतनी industry का काम चल रहा है वहां पर Industry Department ने एक और मिल लगाने की तजवीज़ की है। मगर हमारे इलाका में ऐसी कोई Sugar Mill नहीं लगाई जा रही हालांकि हमारे इलाका में गन्ने की काश्त सब से ज़्यादा होती है। इसलिये मैं Industry Minister साहिब से अर्ज करूंगा कि वह हमारे इलाका में भी कोई न कोई Sugur Mill ज़रूर लगायें। मैं वज़ीर साहिब का ध्यान पलवल के इलाका की तरफ दिलाना चाहता हूं। पलवल का जो इलाका है उस की आबादी 30,000 के करीब है। वहां पर जो refugees आये हैं वह backward इलाका से आये हैं। उनके लिये वहां पर कोई रोज़गार नहीं है। इसलिए मैं वज़ीर साहिब से प्रार्थना करूंगा कि इस इलाका को industrialize करें। कोई कारखाना यहां पर शुरू होना चाहिये और सरकार को इस पिछड़े हुए इलाके को तरक्की देनी चाहिये।

श्री हरबंस लाल (बठिंडा) . जनाब डिप्टी स्पीकर साहिब, Demand No. 21 में Government ने 1,38,00,000 रुपये की इसलिये मांग की है कि यह रुपया

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री हरबंस लाल]
सनअतों की तरक्की के लिये लगाया जायेगा। पिछले साल 1,20,00,000 रुपये development की नई schemes के लिये जो रखे गये थे और इस के साथ ही जो 1 लाख रुपया tents की schemes के लिये रखा गया था यह सब इस साल छोड़ दिया गया है। इस की बजाय इस Demand में कुछ और नई schemes के लिये रुपया provide किया गया है। मिसाल के तौर पर अबकी दफा Government ने 5 लाख रुपया Land Mortgage Bank के लिये रखा है। इस बैंक को सनअतें खोलने का कोई इख्तियार नहीं होगा। यह किसानों को loans देगा और इस के लिये किसान अपनी ज़मीन बैंक के पास रहन रखा करेंगे। इस के अलावा 8 लाख रुपया मार्किट सोसाइटीज़ के लिये रखा गया है, 25 लाख रुपया Agricultural Societies के लिये रखा गया है। मैं नहीं समझता कि यह रकम सनअतों को खोलने या किसी तरीका से इन सनअतों को develop करने के काम आ सकती है। इस मांग का नाम Capital Outlay on Industrial Development रखा हुआ है, मगर इस का रुपया जैसा कि ज़ाहिर है, सनअती कामों पर सर्फ नहीं होना। इसलिये मैं कहूंगा कि यह सनअती कामों पर लगाया जाये। यह कोई तरीका नहीं कि तमाम development की जो बुनियाद है उस को ही तबदील कर दिया जाये। इसी तरीका से Demand Number 20 में जो रुपया provide किया गया है इस में कोई नई scheme आज हमारे सामने नहीं है। जो schemes हमारे सामने हैं, उनमें बड़ी सनअतों का ही ज़िक्र है। कोई छोटी सनअतें या दरमियाना दर्जे की सनअतें खुलनी चाहियें, मसलन छोटे उद्योग धंधे या घरेलू पैमाने पर दस्तकारियां। पैप्सू और पंजाब के बहुत सारे इलाके ऐसे हैं जहां पर कोई भी सनअत नहीं है। वहां पर जुलाहे हैं और इसी किस्म के और बहुत सारे लोग हैं जो Small-Scale Industry में हिस्सा लेना चाहते हैं। मगर उन की सिखलाई के लिये अभी तक कोई Training Centre नहीं खुला हुआ। ऐसे लाखों की तादाद में लोग हैं। वह सनअत को अपनी रोज़ी का ज़रिया बनाना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि उन्हें मौका मिले कि कोई इस किसम की सनअत खुले। मिसाल के तौर पर, बठिंडा के ज़िला में किसी किसम की सनअत नहीं है जो काबिले ज़िक्र हो, बावजूद इस चीज़ के कि वहां पर बेशुमार raw material मौजूद है जो कई दस्तकारियों के लिये इस्तेमाल किया जा सकता है। अगर हम ने पंजाब को सनअतों के लिहाज़ से पूरी तरह से तरक्की देनी है तो हमें हर ज़िला में और तहसील में training centres खोलने होंगे जहां कि इन लोगों को training दी जाये। पंजाब गवर्नमेंट को हर तहसील level पर survey करना चाहिये जोकि यह मालूम करे कि कौन कौन सा raw material कहां कहां पर है जिसे कि Small Scale Industry में इस्तेमाल किया जा सकता है। इस से किसान की आमदनी में भी इज़ाफा किया जा सकता है और सनअतों के लिये भी माल मिलता रहेगा और हम ज़्यादा से ज़्यादा तादाद में लोगों को काम पर भी लगा सकेंगे। बहुत से किसानों के पास बहुत थोड़ी ज़मीन है और उनकी आमदनी के ज़रिये बहुत limited से हैं। वह आजकल अपनी मौत और जिन्दगी की कशमकश में से गुज़र रहे हैं। इसलिये हमें उनके

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

लिये छोटी किस्म की industry का इन्तज़ाम करना चाहिये ताकि वह अपनी ज़िन्दगी आराम से गुज़ार सकें। इस के अलावा मैं एक और सुझाव दूंगा कि जहां हम ने सारे हिन्दुस्तान के लिए 2nd Five-Year Plan तैयार की है हमें चाहिये कि सनअती तरक्की के लिये हम district level पर भी पांच-साला प्लैनतैयार करें बल्कि यह भी काफी नहीं होगा। हम तो तहसील level पर 5 साला प्लैन तैयार करें जिसमें हर जगह सनअतों को तरक्की देने के लिये different किस्म की industries की development के लिये schemes हों। बठिंडे ज़िले में बहावलपुर से 3, 4 हज़ार के करीब शरणार्थी आए हुए हैं और तकरीबन एक हज़ार से ज़्यादा आदमी बान बटने का काम करते हैं लेकिन बान बटने का काम भी primitive पैमाने पर है। अगर गवर्नमेंट उसकी तरफ ध्यान दे तो बान बटने का काम तरक्की कर सकता है और ज़्यादा लोगों का पेट पाला जा सकता है। और उस ज़िले में जो लोग हाथ से कपड़ा बुनने का काम करते हैं उन के लिए मार्किट नहीं है। मैं समझता हूं कि खड्डियों की सनअत को तरक्की दी जाए और कपड़े के लिये मार्किट का इन्तज़ाम किया जाए। इसी प्रकार वहां पर चमड़ा रंगने के काम को तरक्की दी जा सकती है। इस डिमांड में यह प्रोवाइड किया गया है कि 33 हज़ार रुपए के करीब गवर्नमेंट नई सनअतें लगाने में मदद देगी। यह भी गवर्नमेंट कहती है कि हम गुड़ पर टैक्स लगाएंगे और साथ ही यह भी प्रोवाइड किया है कि खंडसाज़ी और गुड़ को तरक्की देंगे। मेरी समझ में नहीं आता कि इस तरह से इस सनअत को कैसे आगे ले जायेंगे। इस लिए काटेज इंडस्ट्रीज़ को आगे बढ़ाने के लिये यह बेहतर होगा कि हम गुड़ पर टैक्स न लगाएं। और जो रुपया subsidies के लिए प्रोवाइड किया गया है उसको उन जिलों में जहां सनअतें अभी तक नहीं खोली गईं वहां पर बांटा जाए। इसी तरीके से 70 हज़ार रुपया छोटी-मोटी इंडस्ट्रीज़ की ग्रांट के लिये रखा गया है, उन के लिये भी स्कीम बनाई जाए। लेकिन ऐसा न हो कि सिर्फ जालंधर या लुधियाने की ही ज़्यादा मदद करें। अगर ऐसा होता है तो मैं समझता हूं कि यह ठीक नहीं होगा, बल्कि जहां पर कोई सनअत नहीं है वहां पर subsidies और ग्रांट की इमदाद दी जाए तो ज़्यादा बेहतर होगा।

श्री बलराम दास टंडन (अमृतसर शहर, पश्चिम) : माननीय उपाध्यक्ष जी, सदन के सामने जो 1 करोड़ 38 लाख रुपये की डिमांड industries की development के लिए रखी है उस से यह प्रतीत होता है कि पंजाब का इतना विशाल इलाका है कि उस के लिए सिर्फ 1 करोड़ 38 लाख रुपये के प्रोवीजन से industries की तरक्की के लिये कोई scheme बनेगी ऐसा संभव नहीं दिखाई देता। और ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार इस प्रकार इंडस्ट्री की तरक्की के लिये कह रही हो जैसे कोई आदमी बड़े आराम से बैठा हुआ हो और उस आदमी को इस प्रकार बैठा हुआ देख कर उसे काम के लिए कहा जाए और पूछा जाए कि क्या सोचा है और काम करने के लिए क्या स्कीम बनाई है, तो वह निश्चिंत होकर कहता है, कि यह काम आसानी से हो जाएगा। वैसे ही हमें सरकार की नीति का प्रतिबिम्ब दिखाई देता है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री बलराम दास टंडन]

जो रुपया इसके लिए रखा गया है, जिस की रकम 1 करोड़ 38 लाख बनती है, उस से इंडस्ट्री को किस तरह से तरक्की मिल सकेगी ? और इतने विशाल प्रदेश का इतनी थोड़ी राशि से क्या बन सकता है; और कैसी development यहां हो सकेगी, इस बात का उत्तर हमारे सामने उपलब्ध नहीं है।

आज जिस तरीके से सारे मुल्कों के अन्दर economic development होती है, यदि उसी आधार पर पंजाब को डिवैल्प किया जाए तो दो बातें सामने आती हैं, एक तो कृषि और दूसरी उद्योग।

पंजाब प्रदेश के अन्दर agriculture के ऊपर हमने बहुत सा रुपया खर्च किया है और भविष्य में भी कर रहे हैं। अगर भाखड़ा डैम और ऐसे ही दूसरे कार्यों को दृष्टि में रखा जाए तो पता चलेगा कि इन पर जो खर्चा किया गया है वह agriculture पर ही indirectly खर्च किया गया है। तो यह तो रुपया खर्च होना चाहिए ताकि agriculture की दृष्टि से हम अपने पांव पर भली-भांति खड़े हो सकें। और जैसा कि हमारे आदरणीय फाइनेंस मिनिस्टर साहिब ने कहा है कि अगर हम ऐग्रीकल्चर की दृष्टि से देखें और जो पैदावार होती है उस पर ध्यान दें तो पता चलता है कि पंजाब अपने पैरों पर खड़ा हुआ है और आगे भी खड़ा रहने के लिये प्रबन्ध किया जा रहा है। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, आज जिन साधनों को हम agriculture के लिये प्रयोग में ला रहे हैं, जिन में से ट्रैक्टर का प्रयोग भी एक है, उन साधनों से जहां एक ओर हमारी agriculture की पैदावार में वृद्धि होती है, वहां दूसरी ओर देश के अन्दर unemployment बढ़ती है। और कृषि से सम्बन्ध रखने वाले लोग आज शहरों की ओर दौड़ते नज़र आते हैं और वह शहरों में घूमते-फिरते दिखाई देते हैं। और शहरों में या देहातों में जो लोग क्राइम करते हुए पाये जाते हैं, यह अक्सर वह लोग होते हैं जो बेकार हैं। इसका कारण यह है कि चूंकि agriculture में नये साधनों के प्रयोग के कारण आदमियों की खपत कम हो गई इसलिए यह बेकार लोग इधर-उधर घूमने-फिरने लगे और तरह-तरह के जरायम करने लगे।

आज agriculture के लिये जो हमने प्लैन बनाई है, यह अधिक से अधिक दूसरे देशों की प्लैनिंग पर आधारित है और यह सारी की सारी प्लैन, विशेषकर रूस या अमेरिका की प्लैन के ऊपर आधारित है। परन्तु उन के पास ज़मीन अधिक और आबादी कम है। लोगों की कमी होने के कारण वह अधिक से अधिक कार्य मशीनों से लेते हैं और अधिकतर प्रत्येक कार्य मशीनरी के द्वारा ही वहां पर होता है। और इस सब का कारण जैसा कि मैं ने बतलाया मैन-पावर की बहुत कमी है। लेकिन हमारे देश के अन्दर मैन-पावर अधिक है, आबादी बहुत ज़्यादा है और उस के मुकाबिले में ज़मीन बहुत थोड़ी है, इसलिये जो साधन विदेशी प्लैनिंग के आधार पर हमने agriculture के सिलसिले में अपनाए हैं, उन से हमारे सामने unemployment की problem create हुई है और यह problem आज बड़ी भारी problem बनी हुई है। आज इन ट्रैक्टरों ने चालीस चालीस पचास पचास लोगों की रोज़ी छीन ली है; लोगों को पेट भर कर खाने को नहीं मिलता है, वे भूख से तड़पते हैं। और दूसरी ओर सरकार ने industries के लिये

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

सिर्फ 1 करोड़ 38 लाख रुपया रखा हुआ है जिस से न तो पंजाब के अन्दर industries को आगे बढ़ाया जा सकता है, और न लोगों को employment ही दिया जा सकता है। अगर industry पंजाब के अन्दर न बढ़ाई गई तो यह वैसी ही बात होगी जैसे कि इंगलैंड का जब यहां पर शासन था उस वक्त हुआ करती थी कि raw produce तो हमारा कंट्री पैदा करता था और उससे जो finished goods बनते थे वह इंगलैंड से बन कर आते थे क्योंकि यहां पर industries न होने के कारण यहां की produce सारी की सारी इंगलैंड चली जाती थी। इसलिये अगर पंजाब में industries को न बढ़ाया गया तो वही हालत फिर हो सकती है और इसका फायदा दूसरे प्रांतों को पहुंचेगा। आज यह देखने की बात है कि पंजाब के अन्दर कितना काटन पैदा होता है, लेकिन वह सब दूसरे सूबों को भेज दिया जाता है। दूसरे सूबों को भी नहीं बल्कि हिन्दुस्तान में सिर्फ दो बड़े-बड़े नगर हैं बाम्बे और अहमदाबाद जहां पर पंजाब के काटन की huge पैदावार भेजी जाती है। इसका कारण यह है कि यहां पर इतनी industries नहीं हैं जिन में यह काटन प्रयोग में लाई जा सके। इसलिये यहां पर अगर industries को बढ़ाने की कोशिश की जाए तो यहां की cotton की produce हम बाहर भेजने से बचा सकेंगे और उन लोगों के लिए जो agriculture से फारिग हो चुके हैं, काम provide कर सकेंगे। और पंजाब को जो कपड़ा मिलेगा वह सस्ते दामों पर हम लोगों को दे सकेंगे।

आज हम देखते हैं कि कैपीटल और लेबर का बड़ा संघर्ष चल रहा है। रोज़-रोज़ lock-out होता है और labour strikes होती हैं। इसकी तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिये नहीं तो पंजाब प्रदेश की industrial पैदावार को बड़ा-भारी धक्का लगेगा और पंजाब industries के लिहाज़ से अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो सकेगा। इसलिए अगर हम यह चाहते हैं कि labour भी production के अंदर वैसी ही रुचि रखे, उस को अपना समझे और वह यह महसूस करे कि यह हमारी अपनी production है तो फिर उन का भी इस में भाग रखना चाहिए। जब यह चीज़ होगी तो वह labour के नाते नहीं सोचेंगे बल्कि वह यह सोचेंगे कि यह हमारी अपनी production है और हम जितनी ज्यादा उस को बढ़ाएंगे उतना ही हमारा लाभ है। उपाध्यक्ष महोदय, जब तक यह चीज़ नहीं होगी तब तक जो रोज़ lock-outs और strikes होती हैं वह बंद नहीं होंगी और सारे हिन्दुस्तान की industry का नुक्सान होता रहेगा जिस से हमारी development में रुकावटें पेश आयेंगी। यह जो आए दिन झगड़े पैदा होते हैं यह तभी दूर हो सकते हैं जब सरमायदार और मज़दूर एक दूसरे की मुश्किलात को समझें। इस चीज़ के लिए सब से पहले यह देखने की ज़रूरत है कि labour satisfied हो ताकि वह अपनी ज़िम्मेदारी को समझे। इस लिए मैं निवेदन करूंगा कि आज जो लोग हज़ारों रुपये माहवार कमाते हैं उन की इस खुली आमदनी पर check रखने के लिए labour कानून द्वारा इस फालतू आमदनी को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जाए और जिन सर-मायदारों को एक हज़ार रुपये माहवार से ज्यादा आमदन होती है उन की income का 90 या 80 फ़ीसदी मज़दूरों को देने की कोशिश की जाए। जब ऐसा होगा तो मज़दूर अपनी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री बलराम दास टंडन]

ज़िम्मेदारी को समझेंगे और वह महसूस करेंगे कि अगर हम ने strike की तो हमारे अपने मुनाफे के पैसे कट जाएंगे। इसलिए labour में responsibility की spirit पैदा करने के लिए production से जो profit होता है उस में उन की partnership होनी चाहिए और एक हज़ार रुपये से ऊपर वाले सरमायदारों की आमदनी का 80 फ़ीसदी labour class को देने की कोशिश की जाए। इस तसवीर का एक दूसरा पहलू भी है। वह यह कि जो इन industries की managements होती हैं उन में सारे के सारे सरमायदार लोग ही होते हैं और labour class का उन में कोई representative नहीं होता। इस का नतीजा यह होता है कि न तो management की मुश्किलात को मज़दूर लोग समझ सकते हैं और न ही मज़दूरों की मुश्किलात को दूर करने के लिए management कुछ ख्याल करती है। इसलिए हमारी सरकार को ऐसा कानून बनाना चाहिए जिस से मज़दूरों को management के अंदर स्थान मिले ताकि वे capitalists की मुश्किलात को भी समझ सकें और अपने interests को भी safeguard कर सकें। मेरा ख्याल है कि आज जितने हमारे देश में कारखाने चल रहे हैं अगर वे 24 घंटे और 12 महीने चलें तो production बहुत ज्यादा होगी। अगर production ज्यादा होगी तो prices भी कम हो सकेंगी।

उपाध्यक्ष महोदय, अब मैं एक बात और industry के विषय में कहना चाहता हूं। जो हमारे यहां नए नए कारखाने खुल रहे हैं उन की बाबत बहुत से सदस्यों ने अपने विचार हाऊस के सामने रखे हैं। और हमारे Finance Minister साहिब ने भी कुछ बातें कही हैं। लेकिन जो कुछ उन्होंने cement के बारे में कहा है उस को सुन कर मुझे बहुत हैरानी हुई है। आज जो industry के अंदर रुचि रखते हैं उन को सीमेंट की अधिक ज़रूरत है। यह भी ज़रूरी है कि उन को बिजली सस्ते दामों पर supply हो। तभी वे लोग industry लगा सकेंगे। इसलिए ज़रूरी है कि हम एक cement factory लगाएं ताकि cement supply किया जा सके। हमारे Finance Minister साहिब ने assurance तो दी है कि एक cement factory खोली जायेगी लेकिन पता नहीं वह factory कब खोलेंगे। Cement supply किये बिना industry पनप नहीं सकती क्योंकि construction cement के बगैर नहीं हो सकती।

इस के बाद, उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बात weights and measures के मुतअल्लिक कह कर अपना स्थान लूंगा। वह यह है कि आज कल हम लोगों को measurement के गज़ों और बट्टों के बारे में शिकायत रहती है। बाहर भी इस बात की चर्चा होती है और House में भी हम सब इस की चर्चा करते रहते हैं कि नाजायज़ मुनाफा लेने वाले लोगों पर check होना चाहिए। हम भी कहते हैं कि ऐसे लोगों को ज़रूर check करना चाहिए। लेकिन इस चीज़ की सरकार के सिर पर भी कुछ ज़िम्मेदारी पड़ती है। दुकानदार लोग जो बट्टे या गज़ market से खरीदते हैं वह उनको सस्ते दामों पर मिलते हैं लेकिन जो weights हमारी सरकार बेचती है उनकी कीमत बाज़ार के मुकाबले में दस गुना ज्यादा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Charge की जाती है और जब चार या छः महीने के बाद गवर्नमेंट का Inspector उन की inspection करने को जाता है तो उस वक्त भी लोगों से दाम charge किए जाते हैं । इसलिये मैं प्रार्थना करूंगा कि सरकार बट्टों के ऊपर मुनाफा लेने की दृष्टि से न सोचे । सरकार को चाहिए कि लोगों को उसी rate पर बट्टे supply करे जिस rate पर वे बाज़ार से दूसरे साधारण बट्टे खरीदते हैं ताकि लोग उन का अधिक से अधिक प्रयोग करें और कम तोलने की जो शिकायतें रहती हैं वह दूर हो सकें । बल्कि मैं तो यह प्रार्थना करूंगा कि हमारी सरकार को standard weights and measures की price bazar में जो साधारण weights and measures मिलते हैं उन की price से भी कम करनी चाहिए । तब सरकार के standard weights and measures को आम लोग प्रयोग में लाएंगे और सरकार को यह शिकायत नहीं मिलेगी कि दुकानदार standard weights का प्रयोग नहीं करते और लोगों को धोखा देने की कोशिश करते हैं ।

(At this stage Mr. Speaker occupied the chair.)

श्री निहाल सिंह (महेन्द्रगढ़) : जनाब स्पीकर साहिब, इस डिमांड पर दो दिन से बहस हो रही है और मैं भी इस पर कुछ थोड़ा सा अर्ज़ करना चाहता हूं । बहुत से मैम्बरान की तरफ से और खास तौर पर छीना साहिब ने फरमाया था कि सरकार का ध्यान industry की तरफ कम है । उन्होंने कहा था कि जितना industry पर खर्च होना चाहिए उतना नहीं हो रहा । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि First Five-Year Plan में पॅप्सू और पंजाब दोनों को मिला कर कुल 90 लाख रुपया industry पर खर्च हुआ था लेकिन इस Second Five-Year Plan में हम 9 करोड़ 9 लाख रुपये के करीब खर्च कर रहे हैं और इस साल में तकरीबन डेढ़ करोड़ रुपया industry पर खर्च किया जाएगा । जनाब इन figures को देखते हुए हम कह सकते हैं कि सरकार का ध्यान industry की तरफ है । लेकिन जितना पैसा खर्च करना चाहिए उतना नहीं हो रहा है । यह बात ठीक है । मगर इस का कारण यह है कि अब भी हमें इस चीज़ की ज़रूरत है कि हम पैदावार को ज़्यादा करने के लिए agriculture पर ज़्यादा खर्च करें । स्पीकर साहिब, मैं आप की वसातत से Government को request करूंगा कि industries लगाते वक्त पहले उन इलाकों का ध्यान रखा जाए जहां पर आबपाशी के ज़राए नहीं, जहां बारिश कम होती है और लोगों के गुज़ारे का कोई साधन नहीं । ऐसे स्थानों पर ज़रूरी है कि उन लोगों को रोज़गार देने के लिए वहां industries कायम की जाएं । इसी category का एक District महेन्द्रगढ़ भी है जहां पर कि mineral resources बहुत ज़्यादा हैं । वहां से लाखों रुपये का लोहा बाहर दूसरे countries को भेजा जाता है । अगर हम उस के बारे में जांच-पड़ताल करके लोहे के कारखाने लगायें तो State की income में काफी इज़ाफा हो सकता है और साथ ही एक ऐसे इलाके को जहां कि लोगों के लिए आमदन के और ज़राए नहीं हैं, वहां उन को रोज़गार मुहैया किया जा सकता है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री निहाल सिंह]

इस के अलावा मैं Government के notice में यह बात भी लाना चाहता हूं कि वहां पर ऐसा पत्थर मौजूद है जिस से cement बनाया जा सकता है। साथ ही मैं request करूंगा कि जो वहां पर already cement का कारखाना चल रहा है उस को large scale पर कर देना चाहिए। मेरे जिले मे Narnaul की तहसील में भी cement बनाने का सामान मिलता है। इसलिए वहां पर भी cement का कारखाना लगाना चाहिए। इसी तरह जंग के दिनों में वहां पर ऊनी कपड़ा और कम्बल बनाए जाते थे लेकिन अब वह industry बिल्कुल खत्म हो गई है। वजह मालूम नहीं कि क्यों यह industry बंद हो गई है। इसलिए Industries Department को चाहिए कि वह इस बात की जांच पड़ताल करे कि वहां पर अब ऊनी कपड़ा बनाने की Industry कामयाब हो सकती है या नहीं। अगर हो सकती है तो ऐसे कदम उठाए जाएं जिन से जल्दी से जल्दी वहां पर ऊनी कपड़ा बनाने के कारखाने खोले जाएं। इसी तरह Narnaul Tehsil में ऐसी मिट्टी मिलती है जिस से pottery का सामान वहां पर काफी बनाया जा सकता है। अब तक Government ने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया और न ही कोई कदम उठाया है क्योंकि यहां पंजाब में कोई ऐसी laboratory नहीं है जहां से यह मालूम हो सके कि जो सामान महेन्द्रगढ़ District में मिलता है उस से फलां फलां चीज़ें तैयार की जा सकती हैं। इसलिए मैं request करूंगा कि Government को यहां कोई इस किस्म की Research Laboratory खोलनी चाहिए ताकि वहां पर Chemical Examination कर के मादनियात का पता लगाया जा सके। अगर हमारी Government ऐसा अभी इस stage पर नहीं कर सकती तो फिर जो दूसरी States में Research Laboratories हैं उन से कोई agreement होना चाहिए जिस से हमारे यहां के सामान की जल्दी से जल्दी जांच-पड़ताल कर के यह बता सकें कि वहां कौन सा सामान मिलता है।

तो मैं यह कहना चाहता हूं कि जहां तक वहां के natural resources का सवाल है वह इतने ज़्यादा हैं कि अगर हम उनको अच्छी तरह से और पूरी तरह से exploit करें तो हमारे सूबे की आमदनी बहुत बढ़ सकती है। लेकिन इस साल हमारे देखने में एक बात आई है जिस से मुझे बड़ा अफसोस हुआ है। वहां पर जितनी quarries हैं, जोकि सालाना नीलाम होती हैं और इस साल भी हुई हैं, उन का इस साल की नीलामी के बाद charge या काम करने के लिए कब्ज़ा 1st April को मिलना था मगर वह अब तक नहीं मिला है। जो इन quarries के bidders थे उन्हों ने उनका रुपया भी जमा करवा दिया है मगर कब्ज़ा अभी तक नहीं मिला। इस वजह से उन लोगों को जिन्हों ने हज़ारों रुपए bids के जमा कराए हैं काम के नुकसान के अलावा उस रकम के सूद का भी नुकसान हो रहा है। फिर आप जानते हैं कि गर्मी का season है और लोग अपने काम-काज से फारग़ हो कर मकान वगैरह बनाते हैं, जिस से इन quarries वालों को पत्थर वगैरह देने का काम निकलता है। मगर उनको अभी कब्ज़ा ही नहीं मिला है। मैं अर्ज़ करूंगा कि इस बात की तरफ़ भी ध्यान दिया जाए (घंटी)।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

दूसरी बात मैं, स्पीकर साहिब, यह अर्ज़ करनी चाहता हूं कि यह जो 14 नम्बर की Miscellaneous Demand है इस में धमर्थि, Backward Classes और दूसरी कई किस्म की institutions के लिए रुपया रखा गया है। लेकिन इसमें मुझे यह देख कर अति दुःख हुआ है कि भारत सेवक समाज जैसी सुविख्यात institution के लिए कोई रकम नहीं रखी गई है। यह ऐसी important institution है जो मुल्क की और हमारे सूबे के 2nd Five-Year Plan की तकमील में बहुत ज्यादा मदद देगी। इस में एक सैक्टर है जिसे जनता सेवा भाव क्षेत्र कहते हैं (घंटी) जिसका काम पब्लिक में co-operative तौर पर काम करने की भावना लाना है। मैं समझता हूं कि इस institution को जब तक सरकार patronise नहीं करती और इसे financial aid नहीं देती जिस से कि यह अपना दफतर वगैरह चला सके और दूसरा काम कर सके, तो ठीक तौर पर यह हमारी मदद नहीं कर सकेगी। इसलिए मेरी अर्ज़ है कि इस institution को भी पूरी मदद दी जानी चाहिए।

(At this stage an hon. Member Sardar Umrao Singh was seen reading a newspaper)

अध्यक्ष महोदय : सरदार उमराओ सिंह जी, हाऊस में अखबारें नहीं पढ़ी जाती हैं। (Sardar Umrao Singh may please know that reading of newspapers in the House is not permissible.)

शिक्षा तथा श्रम मंत्री (श्री अमरनाथ विद्यालंकार) : स्पीकर साहिब, श्रम विभाग के सम्बन्ध में जो कुछ नुक्ताचीनी यहां हुई है मैं आप के सामने इस बात को बड़े दुःख के साथ प्रकट करना चाहता हूं कि इस से मुझे अति निराशा हुई है। निराशा मुझे इस लिए भी हुई है कि मैं इस बात का बड़ा खाहिशमंद हूं कि हमारे यहां Legislature में अपोज़ीशन या विरोधी-दल जो हो वह निहायत ज़बर्दस्त और जोरदार हो और वह ऐसा healthy और constructive criticism करे और ऐसे सुझाव दे कि जिन से मंत्रि-मण्डल और जो दूसरे काम करने वाले कर्मचारी हैं उन को कुछ रोशनी मिल सके। जमहूरियत और लोकतंत्र के अन्दर मैं नुक्ताचीनी को ज़रूरी समझता हूं और यह होनी आवश्यक है। इसीलिए मैं आशा करता था और मैं इस बात का बड़ा उत्सुक था कि श्रम-मंत्रालय के सम्बन्ध में जो नुक्ताचीनी होगी वह इस तरीका से होगी कि जिस से मुझे कुछ ठोस सुझाव मिलेंगे। मैं यह मानने के लिए तैयार हूं कि मेरे में खामियां हैं और इस बात का दावा नहीं करता कि मैं सब कुछ जानता हूं या जो कुछ भी मैं करता हूं वह सब ठीक ही करता हूं या जो कुछ यह विभाग और इस के कर्मचारी करते हैं वह सब ठीक ही करते हैं। मगर मैं यह भी तो आशा करता था कि मुझे इस सम्बन्ध में जो भी सुझाव बताए जाएंगे वह ठोस शक्ल में होंगे। लेकिन मुझे अति शोक से कहना पड़ता है कि जो speeches की गई हैं अगर उन को सामने रखा जाए तो, स्पीकर साहिब, आप भी महसूस करेंगे कि वह आज से 10 साल पहले भी ऐसे ही की जा सकती थीं, आज से पांच साल पहले भी और फिर आज भी। अगर उन स्पीचिज़ में से श्रम विभाग के लफ्ज़ निकाल दें तो वह ऐसी हैं कि वह हर विभाग के सम्बन्ध

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[शिक्षा तथा श्रम मंत्री]
में वैसी की वैसी ही की जा सकती हैं। तो इन बातों के इस तरह करने से क्या हासिल होता है ? यह कहा जाता है कि मज़दूरों की हालत बहुत बुरी है, अच्छी नहीं है । उन को यह नहीं मिलता वह नहीं मिलता और उन के साथ यह हो रहा है वह हो रहा है । इन बातों को तो सब जानते हैं। मैं भी जानता हूं और सब लोग जानते हैं कि मज़दूरों की हालत आदर्श नहीं हो गई है । मगर सवाल यह उठता है कि वह कौन से सुधार हैं जिन के करने की आवश्यकता है और जिन के करने से इनको फायदा हो सकता है ? इन इधर-उधर की बातों के करने की बजाए अगर यह बताया जाता कि आज के मौजूदा हालात में कैसे सुधार करें किस कानून को बदलें, किस रूल को तबदील करें और कौनसी ऐसी बात करें जिससे मज़दूरों की हालत अच्छी हो सकती है तो ज़्यादा बेहतर होता और काफी रौशनी मिलती। Legislature का मुख्य काम यह होता है कि वह कानून बनाती है और जहां इस की आवश्यकता हो उन में तरमीम करती है ताकि वह effective हों। आप जब Legislature में हैं तो हमें बताएं कि कौनसी पालिसी को बनाएं, कौनसी को बदलें । आप नुक्ताचीनी करें कि फलां पालिसी गलत है, या यह कानून खराब है । इस को इस तरह बदलने की ज़रूरत है और फलां कानून पर ठीक अमल नहीं होता है और वह इस तरह होना चाहिए । मगर यहां तो यह हुआ है कि सारी बात को generalise कर दिया गया है। किसी नतीजे पर नहीं पहुंचे और न कोई ठोस बात बताई गई। सब से ज़्यादा दु:ख मुझे इसी बात का हुआ है कि जो सरकारी कर्मचारियों की बातें करते हैं वह general तौर पर करते हैं गोया तमाम के तमाम महकमा के अफसर खराब हैं, तमाम Labour Inspectors बुरे हैं और सरमायेदारों के पीछे चलते हैं और तमाम के तमाम कर्मचारी बेईमान हैं। इस को generalise कर दिया गया है। मैं समझता हूं कि लोकतंत्र यानी Democracy के अन्दर नुक्ताचीनी करने का यह तरीका बहुत ग़ैर-ज़िम्मेदाराना है। यह कह देना कि सब के सब और तमाम के तमाम लोग बेईमान हैं, एक गलत तरीका है। Autocracy के अन्दर तो मैं समझ सकता हूं कि यह तरीका हो सकता है जहां कि कहा जाता है कि टके सेर भाजी टके सेर खाजा , या जहां सब को एक ही लाठी से हांक देते हैं मगर Democracy के अन्दर यह तरीका सख्त ग़ैर-मुनासिब है और गैरज़िम्मेदार है । हम चाहते हैं कि Democracy के अन्दर Autocracy के traits न आने दें । आप ज़िम्मेदारी के साथ कहें कि फलां आदमी खराब है, आप ज़िमेदारी के साथ अंगुली रखें कि फलां आदमी बुरा है या मशीनरी का यह हिस्सा खराब है । मगर इस तरह generalise कर देना ठीक बात नहीं है । मैं इस बात को बिल्कुल मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि महकमा के तमाम के तमाम लोग खराब हैं। मैं ज़िम्मेदारी के साथ कहता हूं कि श्रम-विभाग के तमाम कर्मचारी बेईमान, खराब और सरमायादारों के पिट्ठू नहीं हैं । यह गलत बात है । हो सकता है कि हमारी सारी चीज़ें ठीक न हों और चंद आदमी बुरे भी हों। हरेक विभाग में हर तरह के आदमी रहते हैं । अच्छे भी होते हैं और काली भेड़ें भी होती हैं । मगर आप हमारी तवज्जुह उन काली भेड़ों की तरफ दिलाएं और मैं एक मिनट के लिए भी किसी को नाजायज़ कामों के करने पर shield नहीं करूंगा । अगर पता लगता

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

है कि फलां आदमी किसी की हिमायत करता है, किसी का पक्ष लेता है और पालिसी और कानून के खिलाफ काम करता है तो उसे shield नहीं किया जाएगा। मगर मैं अपने नुक्ताचीन भाइयों से कहता हूं कि वह हमें ज़्यादा रौशनी देंगे, वह ज़्यादा पुरअसर और effective होंगे अगर वह कोई concrete बात हमारे सामने रखेंगे और ठोस चीज़ point out करेंगे। लेकिन जब आप generalise करते हैं कि तमाम के तमाम लोग खराब हैं तो इस बात को जब वह लोग सुनते हैं तो वह कहते हैं कि चलो हम सब खराब हैं—वह भी खराब हैं और मैं भी खराब हूं—और इस तरह उसमें जो बुरे हैं वह भी cover हो जाते हैं और बच जाते हैं। बुरे आदमी समझते हैं कि जब अच्छे और बुरे सब खराब हैं तो मेरा अकेले का क्या बिगड़ सकता है। इसलिए मैं समझता हूं कि आप ज़िम्मेदारी के साथ अंगुली रखें कि कौन बुरा है। सब को एक ही नाप से न तोलें। स्पीकर साहिब, मैं फिर इस बात का यकीन दिलाता हूं कि मैं किसी ग़लत बात को defend नहीं करूंगा। मैं इस बात को भी तसलीम कर लेने के लिए तैयार हूं कि मैं हर चीज़ नहीं जानता हूं और न ही इस बात का दावा करता हूं। इसलिए आप मुझे बताएं, private तौर पर या यहां, कि कहां खराबी है। मगर यहां जो speeches का झुकाव रहा है उसे देख कर मुझे बड़े शोक के साथ तसलीम करना पड़ता है—मैं अपने भाइयों से माफी चाहूंगा अगर वह बुरा न मनाएं कि उन को labour के मामलात के बारे में बहुत कम वाकफियत है। मुझे उन की तकारीर से ऐसा मालूम हुआ है कि उन्हें labour laws के बारे में, इस सारे procedure के बारे में बहुत कम जानकारी है। इसलिए मैं उन से फिर माफी मांग कर कहूंगा कि मैं उन की इस नुक्ताचीनी को कम weight ही दूंगा। मैं निवेदन करूंगा कि प्रायः जो नुक्ताचीनी करे वह पहले इन कानूनों को पढ़े और समझे फिर बताए कि किस किस में कौन कौन सी खामी है और किस तरह ठीक की जा सकती है। ऐसा करने से ही मज़दूरों को लाभ होगा, उन की नुक्ताचीनी का असर होगा और सरकार को फायदा होगा। जहां तक मैं समझता हूं और मेरा विश्वास है, इन laws और इनकी technicalities की वाकफियत केवल उन को ही पूरी हो सकती है जो इस field में काम करते हैं—जो Trade Unions में काम करते हैं। मैं आप को दावत देता हूं कि आप इस field में आएं, Trade Unions में काम करें हम उस movement को और बढ़ाना चाहते हैं। आप इस field में काम करें तो आप को ज्यादा वाकफियत हासिल होगी। इस जानकारी के बाद आप जो बात कहेंगे वह sound होगी। उस से हमें मदद मिलेगी और देश को भी लाभ होगा।

मैं इस हाऊस के सदस्यों को इस बात की पेशकश करता हूं कि जब मेरे महकमे पर बहस हो तो वे मेरे पास आएं और हम इकट्ठे बैठ कर विचार करें, सोचें और जो मुश्किलें सामने आएं उन का हल तलाश करें। हो सकता है कि हम किसी बात पर differ भी करें लेकिन वे बातें पालिसी की होंगी। पालिसी के विषयों को छोड़ कर बाकी की जो समस्यायें हमारे सामने आएंगी वे इस तरह से इकट्ठे बैठ कर हम सुलझा सकते हैं। इस का परिणाम यह होगा कि हमारी बहस का मियार

5 00 P. M

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[शिक्षा तथा श्रम मंत्री]

ऊंचा हो जाएगा। मैं चाहता हूं कि हमारे आपोज़ीशन के भाई तथा अन्य सदस्य मेरे पास आएं, मुझे सुझाव दे कि कहां त्रुटि है और कैसे उसे दूर किया जा सकता है, मुझे अपना सहयोग दें, मैं इस का स्वागत करता हूं। लेकिन सब अफसरों को एक ही रस्से से बान्ध देना और यह कह देना कि सब अफसर बेईमान हैं एक ज़िम्मेदारी की बात नहीं। ऐसी नुक्ताचीनी का कोई लाभ नहीं होता, वह effective नहीं होती और उस का असर जनता पर अच्छा नहीं होता। नुक्ताचीनी ऐसी होनी चाहिए जो ज़ोरदार हो, असरदार हो।

मुझे इस बात पर अफसोस है कि लेबर के महकमा के बहुत से विषय हैं जिन पर सदस्यगण ने कुछ नहीं कहा। मैं समझता था कि वे कुछ ऐसे सुझाव हमारे सामने रखेंगे जिन से हमें कुछ रौशनी मिलेगी। मैं समझता था कि वे wages की standardization और ऐम्पलायमेंट की नैश्नेलाइज़ेशन पर कोई कीमती ख्याल हमारे सामने रखेंगे लेकिन इन विषयों पर बहुत कम बोला गया है। मालूम होता है कि बहुत से सदस्यों को इन विषयों के साथ ज़्यादा वाकफियत नहीं। मैं कहता हूं कि वे हमारे पास आएं। हमारे साथ सब चीज़ें डिस्कस करें; हमें suggestions दें। मैं ने देखा है कि माननीय सदस्यों ने अपने भाषणों में ज़्यादा generalise करने की कोशिश की है। मेरे माननीय साथी सरदार सरूप सिंह और श्री मंगल सेन ने कहा कि लेबर डिपार्टमेंट के अफसर सरमायादारों से मिले हुए हैं, उन्हों ने लेबर इन्स्पेक्टरों पर आक्षेप किया। मैं निहायत अदब से गुज़ारिश करता हूं कि हमारे विभाग के आदमी निहायत ज़िम्मेदारी और मेहनत के साथ काम करते हैं। हो सकता है कि कहीं कोई नुक्स भी हो लेकिन इस का मतलब यह नहीं कि सारा श्रम विभाग ही नाकस है। चाहिए तो यह कि हम उस नुक्स को दूर करने की कोशिश करें न कि सारे विभाग की निन्दा कर के उन का हौसला पस्त करें। मैं समझता हूं कि हमारे सरकारी अफसर वे हैं जो दस पन्द्रह वर्ष पूर्व के लगे हुए हैं और उन पर देश की आज़ादी की भावना का काफी असर है। इसलिए उन्हें अपनी ज़िम्मेदारी का पूरा अहसास है। इस लिए मैं अर्ज़ करूंगा कि हमें चाहिए कि हम generalise न किया करें। अगर किसी खास वाक्या के सम्बन्ध में कोई बात कहनी हो तो वह सरकारी तौर पर या प्राइवेट तौर पर हमारे नोटिस में लाई जाए हम उस पर पूरा ध्यान देंगे लेकिन इस तरह accuse करना, allegations लगाना बग़ैर किसी तहकीकात के, यह ग़लत तरीका है। मैं तो यह समझता हूं कि लेबर के महकमा में इम्प्रूवमेंट हो रही है। लेकिन अगर आप थोड़ी सी मदद करें; अच्छे और बुरे में तमीज़ करें तो इस से यह फायदा होगा कि जहां अच्छे आदमियों की हौसला अफज़ाई होगी बुरे आदमी discourage होंगे और इस से लेबर विभाग के काम में इम्प्रूवमेंट होगी।

एक चीज़ disputes के सम्बन्ध में कही गई है। मैं तसलीम करता हूं कि इन झगड़ों के फैसले होने में जो देर लगती है वह कानून की पेचीदगी की वजह से है। मैं समझता हूं कि बजाए इस के कि मज़दूर अपने हकूक हड़तालें कर के हासिल करें क्यों न वे शिकायतों का समझौता से फैसला कर लें? अदालत का प्रासैस लम्बा होता है। डैमोक्रेटिक तरीके से इस प्रासैस का लम्बा होना कुदरती है। अगर एक आदमी हुकम देने वाला हो तो यह ठीक

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

है कि उस तरीके से जल्दी फैसला हो जाता है लेकिन अगर कानूनी तरीका से फैसला करना हो तो अदालत में तो उस का फैसला अपने वक्त पर, अपनी बारी पर ही होगा। हमारे देश में वकील काफी हैं। बने रहें। अगर चीन की तरह खत्म कर दिए जाएं तो और बात है लेकिन आज हमारे देश में इन की कमी नहीं। वकील इतने हैं कि आज कानून बनता है और दूसरे दिन वकील उन में से लूप-होल्ज निकालने शुरू कर देते हैं और जब किसी कानूनदान के पास झगड़ा जाता है तो वह उन्हें यही रास्ता दिखाता है। तो उस सूरत में delay होना कुदरती है। इस में चार छः महीने लगना आवश्यक हो जाता है क्योंकि हाईकोर्ट से केस सुप्रीम कोर्ट में जाता है। मेरे दोस्त सरदार सरूप सिंह जी ने एक वूलन मिल के केस का ज़िक्र किया कि वह तीन साल तक रुका रहा। लेकिन यह नहीं बताया कि कहां पर रुका रहा। यह केस हाई कोर्ट से निकल कर सुप्रीम कोर्ट में चला गया और 2½ साल वहां पड़ा रहा। उस वक्त मैं मिनिस्टर नहीं था लेकिन मैं परेशान था और यहां के मिनिस्टरों को भी परेशान करता था। लेकिन बेबसी थी क्योंकि बात ही ऐसी है कि litigation में आखिर वक्त लगता है। क्योंकि अदालत में अगर कोई केस जाता है तो वहां किसी से फर्क नहीं किया जा सकता, किसी को यह नहीं कह सकते कि तुम अपने गवाह न पेश करो। इसलिए इस के मुतअल्लिक हम वज़ीरों से ज़रूरी सलाह लेते हैं। हम ने सोचा कि क्यों न ज़ोर दें कि conciliation से झगड़े तय हों और मिल जुल के मामले तय किये जायें। पिछले दिनों हम ने लिखा कि कोई मामला 14 दिन से ज़्यादा Conciliation Officer के पास न रहे और 14 दिन के अंदर रिपोर्ट आ जाये। Procedure, Labour Commissioner ने देखना है कि कानून के मुताबिक किस मसले को अदालत में दे या न दे। इस का criterion यह है कि जो मसले अदालत में refer किये जायें उन का फैसला मजदूर के हक में हो सके। आम तौर पर होता यह है कि मज़दूर रगड़े जाते हैं और फैसले ग़लत उन के खिलाफ हो जाते हैं। ऐसे cases को अदालत में refer करना ग़लत बात है। हम लोग उस को बता देते हैं और अगर वह अदालत में जाने पर इसरार करे तो कह देते हैं बेशक जाओ। मैं उन cases की figures, स्पीकर साहिब, आप को बताता हूं जो इस वक्त हमारे पास pending हैं। दिसम्बर 1956 में हमारे पास 91 cases थे जो pending थे और refer नहीं किये थे। अप्रैल 1957 को pending cases की तादाद 32 थी जिस से पता लगता है कि तादाद कम होती गई। यह अच्छी बात नहीं कि pending cases की तादाद बढ़ती जाये। आदादोशुमार इस बात को झुटलाते हैं कि disputes की तादाद बढ़ी। दिसम्बर 1956 में disputes की तादाद 44 थी और अप्रैल 1957 में इन disputes की तादाद 76 हो गई। Disputes की तादाद बढ़ी लेकिन इस के साथ साथ disposal भी ज़्यादा हुई जिस की वजह से आज pending cases 91 के मुकाबले में एक तिहाई रह गये हैं। यह जो disputes जमा हो गए इन के जमा होने को दो वजूहात थीं। Industrial Disputes Act में Central Government ने तरमीमें कर दीं। ऐसी यकदम तबदीली हो जाने से, जिस का कि मैं ज़िक्र नहीं करना चाहता, मामले रुके रहे। पिछले दिनों उन्होंने कहा कि Tribunal के Judges की qualifications तबदील करो। उस की वजह से दिक्कत रही।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[शिक्षा तथा श्रम मंत्री]
पहले Judges को तबदील कर के qualified Jugdes रखने पड़े । हमारे पंजाब में इस सिलसिले में काफी दिक्कत है । High Court के Retired Judges को काफी तनखाह दे कर रखा । उस की वजह से दिक्कत हुई । मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि हम ने इस बात की कोशिश की है कि मामले जल्द से जल्द तय हो जायें । यह Democracy की मर्यादायें हैं जिन की वजह से दिक्कत होती है, हमें इस को हल करना है । हम disputes को निपटाने की रफ्तार तेज़ कर सकते थे लेकिन कानून के अंदर जो तबदीली हुई उस की वजह से disputes pending रहे । मेरे दोस्त श्री सभरवाल ने सुझाव दिया है कि Labour Courts और Tribunals उड़ा दिये जायें और इन की जगह Sub-Judges मुकर्रर कर दो । जो लोग Trade Unions में काम करते हैं वे जानते हैं कि आया मज़दूर Sub-Judges को पसंद करते हैं उन की approach को पसंद करते हैं या नहीं। इस सिलसिले में मैं यह अर्ज़ कर दूं कि Labour Courts की तादाद बढ़ रही है । ज्यों २ cases की तादाद बढ़ती जायेगी Labour Courts की तादाद में भी अज़ाफा हो रहा है ताकि cases जल्दी dispose of हों । इस जल्दी से यह मुराद नहीं कि हम Labour Courts को कहें कि ऐसा फैसला करो । उन को मर्यादा के अंदर रहना पड़ता है और सब की बातें सुननी पड़ती हैं । Conciliation करनी होती है तो कई parties आती नहीं । अगर फैसला कर देते हैं तो conciliation का मकसद हल नहीं होता । और छः महीने वाले लम्बे cases, जिन में हम चाहते हैं कि conciliation के ज़रिए फैसला हो जाये, वे मियाद की वजह से postpone हो जाते हैं । उन को latitude देते हैं । मैं समझता हूं कि जहां तक मकसद का सवाल है उस में कोई गलती नहीं । मकसद यही है कि किसी तरह से मामला हल हो जाये । हम ने जो recommend किया है वह यह है कि Tribunal का फैसला आखरी हो । अब implementation का सवाल आता है । मैं कह सकता हूं कि पहले जो कानून था यानी सितम्बर 1956 में जब पहले Tribunal काम करता था तो उस वक्त हमारे पास power नहीं थी कि जो रुपया दिलाया जाता है वह arrears of land revenue के तौर पर वसूल कर सकें । तो छः महीनों के अन्दर कुछ नहीं कर सकते । नये कानून के मुताबिक अगर March से implement नहीं करते तो वह रुपया arrears of land revenue के तौर पर वसूल किया जा सकता है । इस के मुतअल्लिक procedure है कि Collector के पास जाया जाये । लेकिन इस चीज़ के रास्ते में कई तकलीफें होती हैं जिस से वह लोग collector के पास नहीं जाते । इस सिलसिले में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि दरअसल बात यह है कि लोगों की आम tendency यह है कि सब कुछ गवर्नमेंट कर दे और वे हर बात के लिए गवर्नमेंट की तरफ आंखें लगाये रहते हैं । तमाम चीज़ें कानून से नहीं हो सकतीं । अगर तमाम चीज़ें हम Government से करवाना चाहें तो Democracy सही तरीके से नहीं चल सकती । इस लिये labour को चाहिये कि वे अपनी Trade Unions बनाएं और अपना फिक्र आप करें । दर हकीकत हमारी labour तालीमयाफ्ता नहीं है और इतनी organised नहीं है कि वे हड़तालें वगैरह कर

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

के या दूसरे हथकंडे इस्तेमाल कर के अपनी एक मज़बूत जमात बना सके जो इस के कानूनी हकूक की हिफाज़त कर सके । जहां Trade Unions मज़बूत हैं हम उन्हें welcome करते हैं। लेकिन गवर्नमेंट जा कर मज़दूरों से यह नहीं कह सकती कि Trade Unions बनाओ या न बनाओ। लेकिन जहां पर Trade Unions मज़बूत हैं वहां दिक्कतें कम होती हैं और मामले जल्द हल हो जाते हैं। मेरे दोस्त श्री सभरवाल ने और श्री मंगल सेन ने कहा कि आज कल तो मामले भूखहड़तालों से तय होते हैं। मैं इसे कैसे मान सकता हूं। 1955 में पंजाब में 151 भूखहड़तालें हुईं और इस के बाद 1956 में 36 cases भूखहड़ताल के हुए। मैं अपने दोस्तों से पूछता हूं कि क्या ऐसे cases में ज़्यादती हुई है या कमी ? Industrial Disputes Act में कुछ तबदीलियां सी हो रही हैं जिस की वजह से labour में काफी बेचैनी रहती है। वह बेचैनी हम दूर कर सकते हैं। बेचैनी हड़तालों के ज़रिए दूर नहीं हो सकती। मैं जानता हूं कि हमारे सामने मज़दूरों का मसला है, लेबर इंस्पैक्टरों का मसला है—क्योंकि वे भी मज़दूर हैं। मैं देखता हूं कि वे over worked हैं और सेवा भाव से काम करते हैं। मैं उन की तारीफ करता हूं और उन का मशकूर हूं कि वे मेहनत से काम कर रहे हैं।

फिर, स्पीकर साहिब, split up के बारे में कहा गया। हमारे पास कोई कानून नहीं जिस से कि हम split up को रोक सकें। अगर कोई कारखाना दो हिस्सों में बट रहा है तो उस को रोकने के लिये हमारे पास कोई कानून नहीं है। मैं इस वक्त कानून की पेचीदगियों में नहीं जाना चाहता। कई समस्याएं मज़दूरों की तरफ से भी पेश होती हैं जिन की बिना पर split up genuine नहीं होती। इस बारे में जो मेरे दोस्त छीना साहिब ने कहा वह ठीक है। सच्चर साहिब की मौजूदगी में मालिकों और मज़दूरों के दरमियान जो बात-चीत हुई और उस के मुतअल्लिक जो डिप्टी कमिश्नर ने फैसला दिया उस के वह कानूनी तौर पर मजाज़ नहीं थे। I.N.T.U.C. ने कह दिया कि हम उस के फैसले को नहीं मानते क्योंकि डिप्टी कमिश्नर ने जिस अफसर को इस काम के लिए मुकर्रर किया था उस को वह तसलीम नहीं करते थे। हमारे पास कोई कानून नहीं था उन्हें मजबूर करने के लिये। 22 के करीब cases थे जहां genuine split नहीं हुई थी। हम चाहते हैं कि split up के cases को हम test case बनाएं। हम देखना चाहते हैं कि क्या मौजूदा कानून के मातहत हमें अख्तियार है या नहीं कि अदालत या Tribunal से फैसला करा सकें। Test case के तौर पर हम दो-तीन cases भेज रहे हैं।

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, minimum wage के मुतअल्लिक ज़िक्र किया गया। हम minimum wage के कानून को Printing Press और foundries में लागू कर रहे हैं। हम ने इस सम्बन्ध में एक Minimum Wages Committee बनाई। अब इस कानून को machines, tools बनाने वाली फैक्टरियों पर, Engineering

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[शिक्षा तथा श्रम मंत्री]

works और cycle parts की industries पर भी लागू कर रहे हैं। कई industries ऐसी थीं जिन में मज़दूरों को कम तनखाहें दी जानी शुरू हो गईं। इसलिये हम ने सोचा कि इन की minimum wages मुकर्रर करें। आज देखने वाली बात यह है कि हमें दरमियाना रास्ता अख्तियार करना पड़ता है। यह हम नहीं चाहते कि पंजाब में industry न बढ़े। अगर industries पर बोझ डाला जाये तो वे pay नहीं कर सकतीं। इस तरह से मज़दूरों को काम नहीं मिलता और कई कारीगर बाहर जाने पर मजबूर हो जाते हैं।

इस के बाद, स्पीकर साहिब, training का मज़ाक उड़ाया गया। मेरे दोस्त छीना साहिब ने कहा कि industries में trained personnel नहीं है। यह पंडित मोहन लाल जी बताएंगे कि पंजाब में industries develop क्यों नहीं हो रही। जहां तक training का ताल्लुक है मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि पंजाब की industries के लिये तो personnel military में trained होता है। इस वक्त जो वहां training हासिल कर रहे हैं उन में 50 per cent पंजाबी हैं। मुझे अफसोस होता है कि हमारे दोस्त उन इलाकों में जाते नहीं जहां training का काम हो रहा है और यहां बैठ कर नुक्ताचीनी कर देते हैं। असल में बात यह है कि पंजाब के workers पंजाब में काम नहीं करते क्योंकि यहां के employers उन्हें ज़्यादा pay करने के लिये तैयार नहीं। हमारा काम मज़दूरों और मालिकों में balance रखना है—ऐसा balance जिस में मज़दूर ठीक तरह से काम कर सके और उसे जितनी ज़्यादा तनखाह मिल सके दी जानी चाहिये लेकिन यह तनखाह इतनी ज़्यादा नहीं होनी चाहिये जिस के बोझ से industry आगे न चल सके। यह कहना कि उन्हें industry की कमाई का हिस्सा दिया जाना चाहिए—जैसा कि श्री टंडन जी ने कहा है कि उन्हें 80 या 90 फीसदी profit का दिया जाये— मैं इस ख्याल से सहमत नहीं। ऐसी चीज़ें कानून द्वारा नहीं की जा सकतीं। अगर ऐसा कर भी दिया जाये तो बहुत से industries के emyloyers यहां से भाग जायेंगे। हमें practical चीज़ों पर practical तरीके से विचार करना चाहिये कि किस तरह हम industrial sphere में आगे बढ़ सकते हैं। मैं प्रोफैसर शेर सिंह से भी इस बात पर इत्तफाक नहीं रखता जब उन्होंने यह कहा कि अगर labour की wages बढ़ जायेंगी तो वे शराब में ज़ाया कर देंगे या cinema देखने में अपनी रकम बरबाद कर देंगे। यह हमारा हक नहीं कि हम मज़दूरों को समझाएं कि वे शराब न पीएं या cinema देखने में अपने पैसे ज़ाया न करें। यह Social workers का काम है या मैम्बर साहिबान का काम है कि उन्हें समझाएं कि वे अपनी कमाई का बेहतर इस्तेमाल करें। हम उन की wages को इस बिना पर कम करना मुनासिब नहीं समझते। हां यह ज़रूरी है कि wage Boards बनाए जायें जो wages को Standardise करें। सिर्फ general तरीके से नुक्ताचीनी कर देने से फायदा नहीं हो सकेगा।

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, कई बातों का मेरे दोस्तों ने ज़िक्र नहीं किया। Housing के सम्बन्ध में बहुत कुछ नहीं कहा गया। इस सिलसिले में मैं बता देना ज़रूरी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

समझता हूं कि पंजाब में industrial housing की स्कीम बाकी सूबों के मुकाबले में तेज़ी से चल रही है। अम्बाला में 60 के करीब industrial houses तैयार हो चुके हैं। 600 के करीब industrial houses चण्डीगढ़, भिवानी और जगाधरी में बने हैं। 140 अमृतसर और जालंधर में तैयार होने वाले हैं। पिछले plan period में 400 houses बने थे। अब arrears को complete कर रहे हैं। Second Five Year Plan में 1,350 houses बनाने की स्कीम है। 9 welfare centres इस के अलावा और खोल रहे हैं।

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, Employees Provident Fund Scheme का ज़िक्र किया गया। अब 13 new industries का एलान किया गया है जिन में Provident Fund Scheme को लागू किया जा रहा है।

Employment Exchanges का भी बहुत ज़्यादा काम बढ़ गया है। इस सम्बन्ध में भी किसी मेम्बर ने ज़िक्र नहीं किया। मैं समझता हूं कि हमें गौरव होना चाहिए कि सारे हिन्दुस्तान की Employment Exchanges की placing की तादाद 11 per cent है लेकिन पंजाब एक ऐसा सूबा है जहां की Employment Exchanges की placing की तादाद 15 per cent है। हमारे हां तादाद बहुत ज़्यादा है। (Voice : जो लोग वहां जाते हैं क्या उन सब का नाम लिख देते हैं ?) मैं माननीय मेम्बर से कहूंगा कि वह placing के बारे में ज़रा वाकफियत कर के बात करें। जो लोग अपना नाम register करवाना चाहते हैं उन्हें compulsory तौर पर register किया जाता है। अगर कोई register नहीं करता तो यह बहुत serious मामला है। हर एक नाम register किया जाता है और ऐसे registered आदमी का card बनता है। इन में से जिन की placing होती है उन का register अलहदा होता है।

इस के अलावा जो बातें यहां कही गई हैं उन का जवाब मैं इस थोड़े से वक्त में नहीं दे सकता। मैं उम्मीद करता हूं कि अपोज़ीशन के मैम्बर साहिबान गवर्नमेंट पर healthy criticism करने की कोशिश किया करेंगे और ठोस तजवीजें पेश कर के गवर्नमेंट के चलाने में मदद देंगे। आखिर में मैं, स्पीकर साहिब, आप का शुक्रिया अदा करता हूं।

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : श्रीमान् जी, जहां तक industries पर इन दो दिनों की चर्चा का ताल्लुक है, आप ने मुलाहज़ा किया होगा कि बहुत सी ऐसी बातें हैं जहां हमारी बहनों और भाइयों का आपस में किसी किस्म का मतभेद नहीं है; एक ही विचार है, एक ही ढंग से हम सोचते हैं। इन में से जो विशेष बात है जिस से मुझे खास तौर पर ताकत मिलती है वह यह है कि हम सब इस बात को महसूस करते हैं कि जहां तक हमारे इस प्रांत की तरक्की का सवाल है, जहां तक हमारे इस प्रांत की गरीबी को दूर करने का सवाल है, बेकारी को दूर करने का सवाल है, अपनी आमदन को बढ़ाने का सवाल है और रोज़गार देने का सवाल है वहां Second Five-Year Plan में industry ने एक अहम part अदा करना है। मेरे भाइयों और बहिनों ने मुख्तलिफ ख्यालात रखे। अलहदा २ सोचा जाना ज़रूरी था।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

कुछ भाइयों ने ज़ोर दिया large-scale industries पर, दूसरों ने small scale industries पर और कुछ भाई ऐसे थे जिन्हों ने cottage industries पर ज़ोर दिया। हर एक मद का अपना २ पहलू है और इस से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन में से हर एक ने एक ज़रूरी पार्ट देश की तरक्की के लिये अदा करना है। जहां तक गवर्नमेंट की पालिसी का ताल्लुक है, देश की economy का ताल्लुक है कि हम ने किस ढंग से इस economy को चलाना है, इस में कोई संदेह नहीं। वह यह है कि न तो हम वह नज़रिया रखते हैं जो छीना साहिब का नज़रिया है कि हम कुर्बान कर देवें cottage industries को heavy industries पर और न ही हमारा यह नज़रिया है कि हम ने large-scale industries को cottage industries के दरवाज़े पर कुर्बान करना है।

जहां तक हमारी industries की development का ताल्लुक है यह एक वाज़िह बात है कि हर एक इंडस्टरी के दोनों अंगों ने अपना अपना पार्ट play करना है। कुछ बहनों और भाइयों ने प्राइवेट सैक्टर पर ज़ोर दिया और कुछ ने पब्लिक सैक्टर पर ज़ोर दिया है। जहां तक हमारे देश का सम्बन्ध है, हमने पब्लिक और प्राइवेट दोनों सैक्टरों को मिला कर चलना है। यह नहीं होगा कि पब्लिक सैक्टर के दरवाज़े पर प्राइवेट सैक्टर को कुर्बान कर दें या प्राइवेट सैक्टर पर ज़ोर दे कर पब्लिक सैक्टर को नज़रअंदाज़ कर दें। इस वक्त अगर हम यह कहें कि पब्लिक सैक्टर से ही हम अपने देश की तरक्की कर सकते हैं तो इस में दिक्कतें हैं। इस में finances का ताल्लुक है, capital का ताल्लुक है, resources का ताल्लुक है, और इसी तरह से material resources का ताल्लुक है जिन सब की कमी है। इस तरह की बहुत सी दिक्कतें हैं। अगर आप प्राइवेट और पब्लिक सैक्टर की टक्कर कराएं तो इस चीज़ से देश की तरक्की में बाधा पड़ेगी।

इस बात से इन्कार नहीं कि हम ने अपने पांच साला प्लैन में इतनी provision industry के लिये नहीं रखी जितनी ज़रूरी थी। इस में हमारी दिक्कतें हैं। उन को नज़र-अंदाज़ नहीं करना चाहिये। आज पंजाब को किस चीज़ की ज़रूरत नहीं है? तालीम की क्या ज़रूरत नहीं है? सड़कों के बग़ैर क्या हम अपनी economy को चला सकेंगे? इसी तरह co-operation, बिजली, नहरों और ज़रायत आदि के मुतअल्लक कमियां हैं। इन सब को हम ने पूरा करना है। इसलिये अगर इंडस्टरी के लिये काफी रकम नहीं रखी गई तो यह इसलिये नहीं कि यह ज़रूरी न था बल्कि इसलिये कि इस में मजबूरियां थीं। मुझे खुशी होती अगर यह रकम इस से कई गुना ज़्यादा होती। लेकिन इस में finances का भी तो ताल्लुक है और फिर हम दूसरे beneficient departments को भी नज़र अंदाज़ नहीं कर सकते। उन पर भी खर्च करना ज़रूरी है। इसलिये यदि इंडस्टरी के लिये रकम कम रखी गई है तो यह इस लिये नहीं कि गवर्नमेंट की यह खाहिश थी कि यह रकम कम हो बल्कि इसलिये कि financial resources को सामने रखना पड़ता है। फिर भी आप देखें कि Second Five-Year Plan में जो इंडस्टरी के लिये provision रखी गई है वह पहली प्लैन से बहुत ज़्यादा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

है। पहली प्लैन में यह provision एक करोड़ रुपये से कम थी। लेकिन दूसरी में यह रकम 9 करोड़ 9 लाख रुपये के करीब है। मैं नहीं कहता कि यह बहुत बड़ी रकम है। लेकिन जैसा कि मैं ने पहले कहा, अपने financial resources को सामने रखते हुए यह मुनासिब रकम है।

कुछ भाइयों ने कहा कि आज हमें अपनी पालिसी को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि हम agriculture पर ज़्यादा वज़न दे रहे हैं। उन्हों ने यह argument दिया है कि चूंकि हम food-grains में surplus हो गए हैं इसलिये हमें अब agricultural development की तरफ ध्यान कम देकर industry की तरफ ज़्यादा ध्यान देना चाहिये। अगर आप खुद को एक अलहदा सूबा समझ लें जिस का दूसरे सूबों के साथ सम्बन्ध न हो तो फिर तो आप इस तरह से सोच सकते हैं। वरना अगर हम सारे देश को इकट्ठा देखें तो खपत के मुकाबले में हमारी agricultural production अभी कम है। आप जानते हैं कि हम पिछले चन्द सालों में 1200 करोड़ रुपये से ज़्यादा बाहर से अनाज मंगवाने पर खर्च कर चुके हैं। इसलिये आज अगर यहां पर यह कहा जाए कि हमारी अनाज की पैदावार ज़्यादा है तो यह खुदगर्ज़ी है। आज हम दो लाख टन के लगभग अनाज की दूसरे सूबों को export करते हैं। अगर हम पांच छः लाख टन की export करें तो हमें और भी खुशी होगी। जब तक सारे देश की agricultural production से self-sufficiency नहीं होती हमें तब तक agriculture पर ज़ोर देना ही होगा।

यह भी कहा गया है कि industrialisation के लिये ज़रूरी चीज़ों की हमारे सूबे में कमी है। जब यह कहा जाता है कि सीमेंट की कमी है, लोहे की कमी है, बिजली की कमी है और यह इंडस्ट्री के लिये basic चीज़ें हैं तो मुझे घबराहट नहीं होती। जहां तक इंडस्ट्री की तरक्की और developmentका सम्बन्ध है इस का निशाना ही यह है कि जितनी हमारी raw materials की, बिजली की पैदावार हो उस से हमारी मांग दिन-बदिन बढ़ती जाए। अगर stagnation आ जाए, हमारे पास इतना raw material हो, लोहा हो कोयला हो जितना हम इस्तेमाल न कर सकें तो यह हमारी industrial death की निशानी होगी। इसलिये किसी area में या सैक्टर में जितनी मांग बढ़ती है यह हमारी तरक्की की निशानी है।

जहां तक पंजाब का ताल्लुक है पंजाब ने काफ़ी तरक्की की है। फिर भी यह industrially backward है। ऐसा क्यों है ? यह जानने के लिए बहुत दूर जाने की ज़रूरत नहीं है। आप जानते हैं पंजाब पोर्ट से दूर है; कैपीटल यहां shy है और partition की वजह से capital fly भी कर गया। जहां तक raw materials का ताल्लुक है, कपास, गेहूं, तेल के बीजों की कमी तो नहीं है लेकिन कोयले, लोहे की बड़ी दिक्कत है। कोयला बिहार से या बंगाल से लाना पड़े तो ट्रांस्पोर्ट की ही कितनी दिक्कतें हैं। इसी तरह स्टील और लोहे का हाल है। यह चीज़ें अब तक हमारे

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

सूबे में नहीं हैं, अगर्चि कुछ कोयला पंजाब के कुछ हिस्सा में अब मिला है और ज्वालामुखी से तेल के मिलने की भी संभावना है। यह कोयला, तेल, लोहा basic raw material हैं जो हमारे पास नहीं हैं जिन की industrial development के लिये बहुत ज़रूरत है। हम नहीं चाहते कि हम कपास पैदा करें और उसे बम्बई और कानपूर भेजें और वहां से कपड़ा मंगवाएं। इस में ट्रांस्पोर्ट का बहुत ज़्यादा खर्च आता है। यह ऐसी बात है जिसे स्टेट गवर्नमेंट बहुत महसूस करती है। यही वजह है कि हम ने सैंट्रल गवर्नमेंट को अपना view point कई दफा represent किया है। हम यह चाहते हैं कि हम यहां spinning mills लगाएं, weaving mills लगाएं। लेकिन उस के लिए भी Centre की मंज़ूरी लेनी पड़ती है। Textile mills भी Centre की मंज़ूरी से ही लगानी पड़ती हैं। यह एक planned सिलसिला है जो Centre के अधीन है। हम जानते हैं कि हमारी जो cotton की production है वह ज़्यादा है और हम इसको अपनी local industry में बहुत कम utilise करते हैं। इस लिए हमारी खाहिश है कि ज़्यादा से ज़्यादा, जल्दी से जल्दी जितनी भी तरक्की इस क्षेत्र में कर सकें वह करें। हमारी Spindles का जहां तक ताल्लुक है, इन के मुतअल्लिक मैं figures दूंगा। हम ने लड़ झगड़ कर 75,000 spindles Centre से हासिल किए हैं। सारे allotted spindles की यह बहुत काफी percentage है। सारे हिन्दुस्तान में 3 लाख spindles distribute हुए, जिनमें से पंजाब को 75,000 मिले हैं। इसी तरह कई भाइयों ने 74,000 spindles private तौर पर हासिल किये हुए हैं। हम इस पांच साला प्लैन में एक बहुत बड़ी textile mill अपने प्रान्त में लगवाना चाहते हैं। यह हमारी तजवीज़ है। जहां तक हमारे raw materials का ताल्लुक है और उन का यहां की industry की तरक्की के लिए उपयोग किया जा सकता है या जहां तक industrial development का सम्बन्ध है मैं मुख्तसिर तौर पर चंद एक points का ज़िक्र करना चाहूंगा यह बताने के लिये कि दर हकीकत ऐसी बात नहीं कि हम ने अपनी industrial स्कीमों में कोई तरक्की नहीं की। अभी २ मैं figures बतलाऊंगा। इस बात में मुझे यह कहने में किसी किस्म का कोई गुरेज़ नहीं कि अभी तक हम industrial तौर पर काफ़ी पिछड़े हुए हैं। परन्तु इस में भी कोई सन्देह नहीं कि हम ने बहुत उन्नति कर ली है। अब मैं मुख्तसिर तौर पर अपनी उन्नति के आंकड़े बतलाता हूं। 1955-56 में जहां हमारी registered factories 2,321 थीं वहां 1956-57 में 2,573 हुईं, Industrial workers की तादाद जहां 1955-56 में 66,182 थी वहां 1956-57 में 71,460 हुई। इसी तरह से पिछले साल Company Act के तहत, 31 और नई कम्पनियां खुल गई हैं जिन का सरमाया 1,74,20,000 रुपया था। अब जो कम्पनियां हैं उन की तादाद 11,030 है, जिनका paid up capital 70 करोड़ रुपया है। इसके साथ जो हमारी इन दो सालों की production की figures हैं वह भी यह ज़ाहिर करने के लिये अर्ज़ कर दूं कि हम ने इस थोड़े से अरसा में, जहां तक

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

production का ताल्लुक है, कितनी तरक्की की है । मैं 1955-56 और 1956-57 की figures आपके सामने रखना चाहता हूं । जहां तक spinning और weaving का ताल्लुक है, जिसमें cotton, wool और art silk शामिल हैं, 1955-56 में इस की production 13 करोड़ 60 लाख रुपये की मालियत की थी और 1956-57 में यह 13,70,50,000 रुपये हुई । इसी तरह से hosiery में हम ने खास तौर पर तरक्की की । जहां पहले साल 3 करोड़ 65 लाख रुपये की value की production थी, वहां अब यह 5 करोड़ 80 लाख रुपये की हुई । Cycle और cycle parts की production 1955-56 में 2 करोड़ 57 लाख रुपये की थी, जबकि 1956-57 में 3 करोड़ 57 लाख रुपये की हुई । इसी तरह से sewing machines और sewing machine parts की 78 लाख रुपये की कीमत से 96 लाख रुपये की production हुई । Machines, tools, paper और turpentine वगैरह के figures भी इसी तरह से हैं । हर एक मद में हमारी production की बढ़ोतरी हुई । Scientific instruments और sports goods में भी बढ़ोतरी हुई । इसके साथ ही मैं इस बात का ज़िक्र करना चाहता हूं कि जहां तक हमारी large scale और heavy industry का ताल्लुक है, कुछ भाइयों ने कहा कि इस में पंजाब ने कोई बहुत ज़्यादा तरक्की नहीं की और अब भी इसके लिए जो हमारी दूसरी पांच साला प्लैन में provision है उसमें भी कमी है जोकि हमें पूरी करनी होगी । यह कुछ हद तक ठीक है लेकिन एक बात तो कही जा सकती है कि जहां तक नंगल में fertilizer factory का ताल्लुक है जो लग रही है यह पंजाब की तरक्की में एक खास कदम है । जैसा कि हम जानते हैं, हमारे Public Sector में 6 बड़ी बड़ी factories इस पांच साला plan के दौरान में चलनी हैं । Government of India ने उन में से एक यानी fertilizer factory पंजाब को दी है । यह बड़ी बात है । इस की उपज $3\frac{1}{2}$ लाख टन सालाना होगी और इसके ज़रिये ही हमारी heavy chemical industry का एक basis बन जाएगा । इसी तरह से textile industry में भी हम ने काफी तरक्की की है । जैसा कि हम जानते हैं हिसार textile mills 2 करोड़ की लागत से लगी जिस में 80 लाख पौंड सालाना yarn पैदा करने की capacity है । उसमें 25,000 spindles लगे हैं । 5,000 spindles उस में और बढ़ाने का इरादा है । इसी तरह से जहां तक sugar industry का ताल्लुक है वहां भी हम ने काफी तरक्की की है । जहां तक Saraswati Sugar Mills का ताल्लुक है उसकी daily crushing capacity 1250 टन से 3250 टन हो चुकी है और इसमें और भी बढ़ोतरी होगी । इसी तरह से पैप्सू के साथ मिलने के नतीजा के तौर पर हमारे पास धूरी, हमीरा और फगवाड़ा की 3 sugar mills आईं । उन की $2\frac{1}{2}$ हज़ार टन daily की crushing capacity है । भोगपुर, पानीपत और रोहतक की जो तीन मिलें जारी हो चुकी हैं उनकी capacity 2 हज़ार टन से 3 हज़ार टन यौमिया हो गई है । दो और sugar factories बटाला और मोरिंडा में लग रही हैं । Cycle industry में भी बहुत तरक्की हुई है । Atlas Cycle

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

Industry, Sonepat की भी capacity 10,11,500 Cycles सालाना बन चुकी है। बहादुरगढ़, फरीदाबाद और लुधियाना में भी 4 medium sized factories लगी हैं। इसी तरह से paper mill है--जमनानगर की, जिस की capacity 35 टन से 45 टन यौमिया हो चुकी है और यह 75 टन यौमिया बनाई जा रही है।

Cement के मुतअल्लिक छीना जी ने कुछ कहा था। पैप्सू के मिल जाने से 2 cement factories, सूरजपुर और दालमिया दादरी की हमारे पास आई हैं। लेकिन जहां तक और cement factories के लगाए जाने का ताल्लुक है मैं ने पहले भी अर्ज़ किया था कि ऐसा तो नहीं है कि State Government की अपनी खाहिश थी कि और cement factory नहीं लगनी चाहिये। जब पंजाब और पैप्सू का merger नहीं हुआ था उस वक्त भी Punjab State Government की यह खाहिश थी कि वह खुद public sector में cement factory कायम करे। इस में State की मर्ज़ी का सवाल नहीं होता। उसके लिये Government of India से licence लेना पड़ता है। Government of India ने हमारे दरखास्त देने पर हमें licence देने से इन्कार कर दिया। यह ठीक है कि हमारी जो factories cement बनाने का काम करती हैं उन्हें lime-stone की ज़रूरत है! उस lime-stone में से जो मोर्णी पहाड़ियों में है हमें बहुत कुछ बचाना है क्योंकि इसकी fertilizer factory के लिये ज़रूरत पड़ेगी। इस लिये इस बात को देखना होगा कि उस ज़रूरत को मद्दे नज़र रखते हुए फिर भी एक cement factory और बढ़ाई जा सकती है या नहीं। वह cement factory public sector में लगानी है अथवा private sector में। इसके मुतअल्लिक Government of India से हमारी बातचीत हुई है और जारी है। उन्होंने इस बात को तसलीम कर लिया है कि cement factory ज़रूर लगाई जाये। Prospecting licence बहुत जल्दी दे दिया जावेगा, पक्का licence तो prospecting के उपरान्त ही दिया जावेगा। अब जो negotiations हुई हैं उन का Cabinet level पर फैसला होना है और उस के बाद prospecting licence finally दे दिया जावेगा। उस के बाद यह देखना होगा कि fertilizer के लिए lime-stone की needs को पूरा करते हुए, सूरजपुर की factory की needs को पूरा करते हुए हम और cement की factory कहां लगा सकते हैं। हमारी स्टेट में काफी बड़ी cement की factory लगाने की गुंजायश है। इस लिये मैं हाऊस को यकीन दिलाता हूं कि जहां तक State Government का ताल्लुक है वह खुद बहुत keen है कि cement की factory लगाई जाए और वह ज़्यादा से ज़्यादा कोशिश करेगी कि यह काम जल्दी हो जाए। (*Cheers*)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अब मैं small-scale industry और heavy industry के बारे में जो पांच-साला प्लान में स्कीमें हैं वह अर्ज़ करूंगा। इस के बारे में बहुत से भाइयों ने कहा है इस लिये उन की इत्तलाह के लिये अर्ज़ करता हूं कि पांच sugar factories हम ने लगवानी हैं। Textile factories के बारे में अर्ज़ कर दिया है। Rosin और turpentine factory भी लगवानी है। Electric furnace भी लगवानी है। यह बहुत ज़रूरी है। एक hosiery needles plant भी लगवाना है। यह हमारा कुछ प्रोग्राम है। इस के अलावा मैं एक बात और वाज़ेह कर दूं कि जहां तक हमारी large-scale industries का ताल्लुक है, स्टेट गवर्नमेंट इस बात की बहुत ज्यादा खाहिशमन्द है कि private sector की ज्यादा से ज्यादा तरक्की की जाए। जैसा कि मैं ने पहले अर्ज़ किया है और आप जानते भी हैं कि Punjab का Capital बहुत ज्यादा बाहर चला गया है—बम्बई, दिल्ली, कलकत्ता, कानपुर और अहमदाबाद वगैरह के साथ २ और भी दूसरी कई जगहों में चला गया है। तो हम बहुत keen हैं कि उन भाइयों को वापस पंजाब में लाया जाए और इस गर्ज़ से लाया जाये कि वह यहां आ कर large-scale industry को तरक्की दें। वह यहां आ कर personal level पर industry को फरोग देने का यत्न करें। अभी हाल ही में जो हमारी बातचीत हुई है उस से मुझे बहुत खुशी हुई है कि वे भाई पंजाब में आना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि हम उन को चण्डीगढ़ में और पंजाब के दूसरे शहरों में accommodate कर सकेंगे। Small-scale industry के बारे में एक बात खास तौर पर अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि पंजाब आज भी हिन्दुस्तान की सब स्टेट्स को small-scale industry में lead करता है। और तो और, आप अपने Prime Minister के remarks मुलाहज़ा फरमाएं जोकि उन्होंने All-India Manufacturers Organization की Conference में पास किये वह यह हैं—

> "I believe 26,000 small enterprizes have grown up in the last few years in Punjab with a small capital but with a great deal of energy and enterprize. That is the kind of thing which heartens one and increases one's self-confidence."

मेरे कहने का मतलब यह है कि हमारे अपने Prime Minister के इतने encouraging remarks हैं कि इन की light में मुझे कुछ और जतलाने की ज़रूरत नहीं रह जाती कि हम अपनी small-scale industries के लिये क्या कुछ कर रहे हैं। फिर भी आप की वाकफियत के लिये मैं एक hurried सा survey कर देता हूं ताकि आप को इस में हुई development का पता लग जाए। मैं ने hosiery industry के बारे में शायद पहले अर्ज़ किया था कि इस में 1000 units इस वक्त काम करते हैं। उन की capital investment 3.3 करोड़ है। 12,000 workers employment में हैं। पांच, छः करोड़ रुपये की सालाना goods produce की जाती हैं। Cycle industry में 400 units काम करते हैं। लुधियाना, मालेरकोटला, जालन्धर और अमृतसर में काम होता है और सालाना production $3\frac{1}{2}$ करोड़ रुपये की worth की है। Sewing machine की industry में

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

300 units काम करते हैं जोकि पुर्ज़े manufacture करते हैं, और 40 units पुर्ज़ों को assemble करते हैं। 50,00,000 की capital investment है, 8,000 workers काम करते हैं और सालाना 80,00,000 रुपये के पुर्ज़े बनाए जाते हैं। जहां तक इस industry का ताल्लुक है हमें इस बात की खुशी है कि Government of India ने पंजाब को special consideration दिया है। पहले 75,000 बाईसिकल बनाने की इजाज़त थी और 46,000 sewing machines बनाने की इजाज़त थी। लेकिन उस के बाद उन्होंने 25,000 मज़ीद bicycles बनाने की इजाज़त दे दी। इस के अलावा यह बताना बहुत ज़रूरी तो नहीं था लेकिन मैं अर्ज़ कर दूं कि इस वक्त हमारा surplus quota 31,000 बाईसिकलों का था। उस में से 26,500 के लिये जिन पार्टियों की सिफारिश की गई है वह पार्टियां अम्बाला डिवीज़न से ताल्लुक रखती हैं। अभी और भी figures मेरे पास हैं। यह figures मैं ने इस गर्ज़ से अर्ज़ कर दी हैं कि जहां तक Ambala Division का ताल्लुक है, हमें हमेशा इस का खास ध्यान रहता है क्योंकि हम महसूस करते हैं कि industry की development के लिये यहां खास ध्यान देने की ज़रूरत है और दिया भी जा रहा है। इस के आगे मैं sports goods के बारे में अर्ज़ करूंगा कि इस में 150 units काम करते हैं; 80,00,000 रुपये सालाना की production होती है और 2,000 workers काम करते हैं। मेरे पास बहुत सी figures हैं परन्तु वक्त की कमी के कारण मैं हर बात की detail में नहीं जा सकता। Scientific instruments, grey iron foundries, wood and machine screws और packing cases की production का जहां तक ताल्लुक है, इन सब के figures मेरे पास मौजूद हैं। एक बात और financial assistance के बारे में मैं अर्ज़ करूंगा क्योंकि कई भाइयों ने इस के मुतअल्लिक ज़िक्र किया है। 1954-55 में 3 लाख के industrial loans दिये थे, 1955-56 में यही रकम 33 लाख तक बढ़ा दी गई और 1956-57 में यह रकम 55 लाख कर दी गई है। और यह शायद बताने की ज़रूरत नहीं है कि पहले हम private industrialists से rate of interest $5\frac{1}{4}\%$ charge करते थे, अब यह हमने 3% कर दिया है और co-operative societies से $2\frac{1}{2}\%$ ही charge करते हैं। Punjab Financial Corporation सिर्फ़ पिछले एक साल में 78 लाख के कर्ज़े मंज़ूर कर चुकी है। कुल कर्ज़ा जो इस ने दिया वह 95 लाख रुपया बनता है। 1956-57 में 78 लाख रुपये के कर्ज़े मंज़ूर किये हैं। इस के बाद Indian Finance Corporation है, Industrial Credit and Investment Corporation है, जिन के ज़रिये कर्ज़े की शक्ल में मदद मिल रही है। यह सारा हवाला मैं ने इस लिये दिया है क्योंकि कुछ भाइयों ने कहा है कि industries के लिये हम ने बहुत कम रुपया रखा है। मैं यकीन दिलाता हूं कि private sector को हम भूले नहीं हैं। बल्कि हम keen हैं private sector को develop करने के लिये। Private sector के develop होने में finances की कमी की वजह से रुकावट नहीं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

हैं । मैं ने सब sources बता दिये हैं । हम financial aid दे रहे हैं industrial concerns को—उन का हवाला मैं ने दिया है । State Aid to Industries Act के मातहत हम ने 20 हज़ार या 50 हज़ार तक के loans दिये हैं । Punjab Financial Corporation 10 लाख रुपये तक loans देती है । इस से बढ़ कर जहां ज़रूरत होती है वहां Industrial Financial Corporations या I. C. I. C. से ले कर देते हैं । इस लिये मैं आप को और आप के ज़रिये industrialists को यकीन दिलाता हूं कि हम industrialists की जितनी भी मदद कर सकते हैं—चाहे किसी भी source से हो—कर रहे हैं और करने को तैयार हैं । हम जानते हैं कि जब तक private sector अपनी पूरी Co-operation नहीं देगा State मुनासिब हद तक industrialize नहीं हो सकती । Public sector में भी जब तक पूरा ध्यान नहीं दिया जाता तब तक हम स्टेट को industrialize करने में कामयाब नहीं हो सकते । इस लिये मैं दोबारा हाऊस को इस बात का यकीन दिलाता हूं कि जहां तक financial aid का ताल्लुक है हम कोशिश करेंगे कि हर industry को financially feed किया जाए चाहे Centre से ले कर दें चाहे बैंकों से ले कर दें ।

बाकी यह ठीक है कि हमें technical personnel की बहुत सी कमियां हैं, और यह भी एक वजह है जो industry की development में रुकावट डाल रही है । चुनांचि आज जो technical और trained personnel है वह बड़ी मुश्किल से ढूंढने पर आप को मिलता है । इसी लिए जो हमारे technical colleges हैं—polytechnic या दूसरे—और जो हमारे national works भी हैं उन में कई ऐसे मौके आते हैं जब कि हम दिक्कत और कमी महसूस करते हैं । लिहाज़ा ज़रूरी है कि गवर्नमेंट का खास तौर से इस बात की तरफ—technical education की तरफ—ध्यान हो और हम इस aspect पर ज़्यादा से ज़्यादा ध्यान देने की कोशिश कर रहे हैं । इस वक्त हमारे सूबे में लड़कों और लड़कियों के 32 industrial schools हैं जिनमें 2,700 तालिबेइलम तालीम हासिल कर रहे हैं । इसी तरह 16 Vocational Training Centres हैं जिनमें 16,000 के करीब बच्चे training हासिल कर चुके हैं और 1,278 इस वक्त training हासिल कर रहे हैं । इसके अलावा Nilokheri Polytechnic और 7 D.G.R.E. के centres हैं जहां 1,500 तालिबेइलम training ले रहे हैं । चंडीगढ़ Engineering College या जो दूसरे Polytechnic हैं, technicians की ज़रूरत को मद्दे नज़र रखते हुए हमने यह फैसला किया है कि उन में तुलबा की तादाद को जितना ज़्यादा से ज़्यादा हो सकता है, बढ़ाया जाए । चुनांचि इसी साल हमने Chandigarh Engineering College में admissions की तादाद को दुगना कर दिया है यानी 240 और जो polytechnical institutes हैं उनमें 430 और students की admission में इज़ाफ़ा कर रहे हैं । तो कुल तादाद जो लड़कों

6.00 p.m.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

और लड़कियों की इस वक्त technical institutions में तालीम हासिल कर रही हैं, वह 7,000 हैं। इसके अलावा 10 ऐसी private institutions हैं जो Government aided हैं जहां और भी बहुत से students तालीम हासिल करते हैं।

Industrial areas के मुतअल्लिक कहा गया। इस वक्त time न होने की वजह से मैं ज्यादा कुछ तो नहीं कह सकता लेकिन चूंकि सवाल उठाया गया है इसलिए अर्ज़ कर दूं कि इस वक्त हमारे सूबे में जो सात industrial areas हैं यानी बहादुरगढ़, सोनीपत, पानीपत, जगाधरी, चंडीगढ़, लुधियाना और जालन्धर, उनमें अगर आप ध्यान फरमावें तो पांच तो ऐसे हैं जो अम्बाला डिवीज़न में आते हैं। (घंटी) Textiles Marketing Organizations, State Emporia, Handloom Industry या Industrial Co-operatives जो हैं इन के बारे में और किसी वक्त मौका मिला तो अर्ज करूंगा लेकिन एक बात की ओर इशारा करना मैं ज़रूरी समझता हूं क्योंकि इस पर दो तीन भाइयों ने बड़ा ज़ोर दिया है। और वह है 2nd Five-year Plan का district-wise break up. यह इसलिए भी अर्ज़ करना ज़रूरी समझता हूं क्योंकि इस सिलसिले में उन भाइयों ने यह इलज़ाम सा लगाया है कि अम्बाला डिवीज़न को नज़र अन्दाज़ किया गया है। इसलिए जो figures मैंने work out किए हैं वह आप के सामने रखना चाहता हूं ताकि पता लग जाए कि जहां तक industrial sector का ताल्लुक है ऐसी बात नहीं है। इस सिलसिले में—

गुड़गांव के लिए	..	41,47,000	रुपया
हिसार के लिए	..	40,27,000	,,
रोहतक के लिए	..	48,25,000	,,
अम्बाला के लिए	..	77,59,400	,,
करनाल के लिए	..	1,10,14,000	,,

रखा गया है जबकि इनके मुकाबला में—

लुधियाना के लिए	..	93,94,200	रुपया
जालन्धर के लिए	..	81,11,400	,,
फीरोज़पुर के लिए	..	14,65,200	,,
अमृतसर के लिए	..	43,89,400	,,

रखा गया है। इसी तरह दूसरों के लिए भी मेरे पास district-wise information मौजूद है। लेकिन जो हमारे पांच ज़िले हैं अम्बाला डिवीज़न के उन का जो quota रखा गया है इस पांच-साला प्लैन में, उसका मीज़ान मैंने किया है। प्लैन का सारा provision 9,39,22,000 बनता है जिसमें हमारी State schemes जो सांझी स्कीम्ज़ हैं वह भी शामिल हैं और वह 63,47,000 रुपये की हैं। ऊपर जो मैंने अम्बाला डिवीज़न के

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

लिए district-wise figures दिए हैं उन का मीज़ान 3,17,72,400 रुपये बनता है जो कि total provision के $\frac{1}{3}$ से भी कुछ ज़्यादा बनता है ।

इसी तरह एक और बात है । जो हमने industrial loans दिए हैं उन का भी अंदाज़ा आप को करा देना चाहता हूं । सन् 1956-57 में जो loans हमने मुख्तलिफ ज़िलों को दिए उन की figures को मैंने break-up किया है जो मैं आप के सामने रखता हूं ताकि जो गलतफहमी है वह दूर हो जाए । वह figures इस तरह से हैं :—

	ज़िला		रकम
(1)	अम्बाला	..	3,59,800
(2)	करनाल	..	3,02,800
(3)	रोहतक	..	2,41,600
(4)	हिसार में कुछ कम हैं	..	69,300
(5)	गुडगांव	..	1,50,000
(6)	शिमला	..	5,000
(7)	जालन्धर	..	4,56,350
(8)	होशियारपुर	..	69,500
(9)	फिरोज़पुर	..	94,000
(10)	कांगड़ा	..	13,000
(11)	गुरदासपुर	..	7,27,600
(12)	लुधियाना	..	31,85,700

आप अगर मुलाहज़ा फरमाएं तो सिर्फ़ लुधियाना ही एक ऐसा ज़िला है जिसे सब से ज़्यादा यानी 31,85,700 रुपये के करीब हमें loans देने पड़े और वह भी इस लिए कि वहां से applications ज़्यादा आईं । लेकिन फिर भी अगर आप मुलाहज़ा फरमाएं तो दूसरे नम्बर पर जालन्धर के बाद जिसे साढ़े चार लाख के करीब मिला है, अम्बाला, करनाल और रोहतक के ज़िले तीसरे, चौथे और पांचवें नम्बर पर आते हैं । लुधियाना की figures इस लिए भी ज़्यादा हैं क्योंकि वहां पर दो industrial areas हैं जो बड़ी तेज़ी के साथ develop कर रहे हैं । हमने ज़्यादा रुपया उन industrial areas को ही develop करने के लिए दिया है जो स्वयं हो रहे हैं । हम चाहते हैं कि सोनीपत, पानीपत और बहादुरगढ़ वगैरह के जो दूसरे industrial areas हैं वे भी खूब develop करें लेकिन वहां से loans के लिए इतनी applications आई ही नहीं जितनी कि लुधियाना और जालन्धर से । यही वजह है कि लुधियाना और जालन्धर को ज़्यादा loans मिले । बाकी जहां तक distributoin का ताल्लुक है वह बिल्कुल fair हुई है । (घंटी) क्योंकि स्पीकर साहिब मुझे बैठने का हुकम कर रहे हैं इसलिए मैं बाकी के points को cover up नहीं कर सकूंगा लेकिन बैठने से पहले इतना ज़रूर अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि जिन २ भाइयों ने जो २ शिकायात की हैं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

उन्हें मैं appreciate करता हूं कि वह यह ज़रूर चाहते हैं कि पंजाब industrial तौर पर तरक्की करे। इसके अलावा जो suggestions आप ने अपने अपने इलाकों के लिए दी हैं या State की सांझी स्कीम्ज़ के लिए दी हैं मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि हमारी यही खाहिश है कि पंजाब industry के लिहाज़ से खूब तरक्की करे। यही आप की गवर्नमेंट की सब से पहली और बड़ी anxiety है। इसलिए मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि जहां पर हम ज़्यादा कुछ नहीं कर सके वह केवल इसी लिए कि अपनी कुछ financial कमज़ोरियां हैं वरना ख़ाहिश तो हमारी भी है कि पंजाब industrial तौर पर जितनी ज़्यादा से ज़्यादा हो सके तरक्की करे ताकि हम अपने सूबे में से बेकारी, गरीबी और भूख को दूर करके इसे खुशहाल बना सकें।

DEMAND NO. 14

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 23,06,600 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 36—Scientific Departments—47—Miscellaneous Departments.

The motion was carried.

(*Cheers*)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

DEMAND NO. 20

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 10.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 10.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by one naya paisa.

The motion was lost.

Original with
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 10.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by four naye paise.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 1,38,38,800 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58 in respect of charges under head 43—Industries.

The motion was carried. (*Cheers*)

DEMAND No. 21

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 5.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 5.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker: Question is—

That a sum not exceeding Rs 1,38,00,600 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for he year 1957-58, in respect of charges under head 43-A—Capital Outlay on Industrial Development (Within the Revenue Account) 72—Capital Outlay on Industrial Development (Outside the Revenue Account).

The motion was carried. (*Cheers*)

(*The Sabha then adjourned till* 2.00 *p.m. on Thursday, the 23rd May,* 1957.)

2806 PVS—340—20-11-58—Controller, P. & S., Pb., Chandigarh

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Punjab Vidhan Sabha Debates

23rd May, 1957

VOL. I—No. 18

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Thursday, 23rd May, 1957

CHANDIGARH:

Printed by the Controller, Printing and Stationery, Punjab

1959

Price : Rs. 5 25 nP.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATE, VOL. I, No. 18

DATED 23RD MAY, 1957

Read	*For*	*On page*	*Line*
के	क	(18)10	18
के	क	(18)11	3
farm	fram	(18) 11	2nd from below
raw	law	(18)23	6th from below
if	ir	(18)31	6
reference	rererence	(18)31	8
वज़ीर	वज़ार	(18)34	5
गवर्नमेंट	गवर्नमिंट	(18)34	19
Omit lines 21 and 22 on page (18)34			
artificial	artificia	(18)34	2nd from below
'of' after the word 'rent'		(18)41	16
Delete 'in' after the word 'interim'		(18)42	Last line
Nil	Ni	(18)62	2 in column 3
Advanced	Adanced	(18)69	1 in column 1
occasionally	cccassionally	(18)85	3rd from below
कहा	कसा	(18)94	6
1957	195	(18)100	Heading
Resolution	Reslution	(18)119	Heading
ਆਦਮੀਆਂ	ਆਦਅੀਆਂ	(18)119	3rd from below
ਦੀ	ਹੀ	(18)121	14
ਹੱਥ	ਹੱਬ	(18)123	19
rehabilitation	rehabiliation	(18)123	20
REHABILITATION	REHABILIATATION	(18)125	2 of Heading
के	कि	(18)125	3rd from below
रही	रहौ	(18)126	2
Delete the word 'मसला'		(18)128	Last line
से	स	(18)136	3
Delete the word 'और'		(18)136	8
PROCEDURE	PROCEDIURE	(18)139	2 of Heading
उपाध्यक्ष	अध्यक्ष	(18)139	4

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

PUNJAB VIDHAN SABHA

Thursday, 23rd May, 1957

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, Chandigarh Capital, at 2 p.m. of the Clock. Mr. Speaker (Sardar Gurdial Singh Dhillon) in the Chair.

STARRED QUESTIONS AND ANSWERS

CONVERSION OF PRIMARY SCHOOLS INTO FIVE-YEAR COURSE INSTITUTIONS

***405. Shri Rala Ram** : Will the Minister for Education and Labour be pleased to state—

(a) the total number of Primary Schools in the State which have so far been converted into five-year course institutions ;

(b) whether Government intend converting all the primary schools in the State into five-year course institutions ; if so, in how long ?

Deputy Minister (Shri Yash Pal): (a) 1,568 approximately.

(b) Yes ; but a definite period cannot be indicated.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, we could not hear the answer given by the Deputy Minister for Education.

Deputy Minister : I repeat it. (a) 1,568 approximately.

(b) Yes ; but a definite period cannot be indicated.

पंडित श्री राम शर्मा : क्या यह बतलाया जा सकता है कि गवर्नमेंट ने किन वजूहात की बिना पर चार classes के primary स्कूलों को 5 classes के primary स्कूलों में तबदील किया है ?

उपमंत्री : यह educationists की राय के मुताबिक किया गया है कि इनको 4 की बजाय 5 classes primary schools में convert कर दिया जाये ।

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, Government intend converting all the primary schools in the State into five-year course institutions. Sir, may I know how they are going to begin and select the schools ?

Mr. Speaker : The question asked is about the total number of Primary Schools in the State which have so far been converted into five-year course institutions.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, in part (b) of the question it has been asked whether Government intend converting all the Primary Schools in the State into five-year course institutions; if so, in how long. What I want to know is how the Government is going to select the schools for conversion into five-year course institutions ?

उपमंत्री : यह किसी खास area का सवाल नहीं है । यह कहीं भी मुमकिन है वहां स्कूल पांच साला किये जा रहे हैं ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Sardar Bhupinder Singh Mann : While selecting schools for conversion into five-year course institutions, you will not ignore any particular area of the State.

उपमंत्री : किसी Area को ignore नहीं किया जायेगा ।

पंडित श्री राम शर्मा : Deputy Minister साहिब ने फरमाया है कि यह educationists की राय के मुताबिक किया गया है । क्या Government बतला सकती है कि वे क्या वजुहात हैं जिन की बिना पर यह पांचवीं जमात तक के primary schools बनाये गये हैं ?

उपमंत्री : मुझे इस के लिये नोटिस चाहिये ।

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, is there any allocation district-wise ?

उपमंत्री : यह भी बताया जा सकता है ।

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, may I take it that the answer of the hon. Deputy Minister for Education is not ready or he is not going to reply my supplementary question ?

उपमंत्री : अगर आप notice दें तो यह भी बताया जा सकता है ।

पंडित श्री राम शर्मा : क्या यह भी बताया जा सकता है कि किस वजुहात की बिना पर इन schools को पांचवीं class तक के स्कूल्ज़ में convert कर दिया गया है । क्या बेसिज़ थे इसके ? क्या कोई इसके मुतअल्लिक set principles हैं जिन की बिना पर इनको एक साल और extend किया गया है ?

उपमंत्री : इस सवाल का जवाब मैं पहले दे चुका हूं ।

पंडित श्री राम शर्मा : मेरे सवाल के जवाब में वज़ीर साहिब ने जवाब दिया था कि जहां पर मुमकिन होगा ये स्कूल्ज़ extend किये जायेंगे; तो क्या मैं पूछ सकता हूं कि मुमकिन की क्या definition है? क्या मुमकिन haphazard तरीका पर है या कोई और तरीका पर?

उपमंत्री : जितना सवाल था उतना उसका जवाब दिया जा चुका है । इसमें और इज़ाफा करने की ज़रूरत नहीं ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੀ ਇਹ ਪਾਲਿਸੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਰੇ ਪਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਪੰਜਵੀਂ ਤਕ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ।

उपमंत्री : इसका जवाब मैं पहले दे चुका हूं ।

पंडित श्री राम शर्मा : क्या वज़ीर साहिब यह बतायेंगे कि ऐसा करने से उनकी फीस वगैरह में कोई तबदीली आयेगी ?

उपमंत्री : इस सवाल के साथ फीस का कोई ताल्लुक नहीं है ।

ਸਰਦਾਰ ਪੰਨਾ ਸਿੰਘ ਗੁਲਸ਼ਨ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਇਹ ਦੱਸਣ ਦੀ ਖੇਚਲ ਕਰਨਗੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਫੀਸਾਂ ਮੁਆਫ਼ ਕਰਨ ਅਤੇ ਵਜ਼ੀਫੇ ਦੇਣ ਦਾ ਵੀ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਹੈ ?

अध्यक्ष महोदय : यह सवाल पैदा नहीं होता । (This question does not arise.)

———

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

LOAN FOR PURCHASE OF TRACTORS

***266. Sardar Jasdev Singh Sandhu :** Will the Minister for Agriculture and Forests be pleased to state —

(a) the total amount provided in the Budget for 1956-57 of the erstwhile State of Pepsu for the grant of loans for the purchase of tractors ;

(b) the amount of loans actually disbursed during the said financial year ;

(c) whether the amount disbursed was less than the budget amount; if so, the reasons therefor ?

Sardar Gurbanta Singh : (a) Rs. 1,90,000.

(b) Rs. 1,85,000.

(c) Yes. One of the Deputy Commissioners could not disburse the loan of Rs. 5,000 due to the fact that the sanction of erstwhile Pepsu Government could not be conveyed to the Deputy Commissioner concerned to utilize the loan in time.

LOAN FOR THE PURCHASE OF TRACTORS IN PATIALA DIVISION

***391. Sardar Kartar Singh Diwana :** Will the Minister for Agriculture and Forests be pleased to state the total amount of loan so far advanced by Government to farmers in Patiala Division for the purchase of tractors and the amount so far recovered ?

Sardar Gurbanta Singh : The total amount of loans advanced to farmers in the Patiala Division is Rs. 40,43,011 and the amount recovered against these loans is Rs. 12,61,938.

पंडित श्री राम शर्मा : क्या यह भी बताया जा सकता है कि यह जो 28 लाख loan गवर्नमेंट ने वसूल किया है क्या यह कायदे के मुताबिक वसूल किया गया है ।

कृषि तथा वन मंत्री : वसूली किश्तों के मुताबिक होती है ।

पंडित श्री राम शर्मा : सवाल सिर्फ यह है कि जो वसूली होती है वह वसूली के कायदों के मुताबिक होती है या किसी और तरीके से होती है ।

मंत्री : यह तरीके के मुताबिक होती है ।

पंडित श्री राम शर्मा : यह जो रकम वसूल हुई है क्या यह तरीके के मुताबिक हुई है ?

मंत्री : जो रकम दी जाती है उस कर्जा की अदायगी के लिये किश्तें मुकर्रर की जाती हैं और वसूली किश्तों के मुताबिक पूरी की जाती है ।

पंडित श्री राम शर्मा : मैं यह पूछना चाहता हूं कि वसूली जो होती है वह किश्तों के मुताबिक होती है या इसमें कोई कमीबेशी की जाती है ?

मंत्री : यह उतनी ही होती है जितनी कि होनी चाहिए । पंडित जी ।

Sardar Bhupinder Singh Mann : On a point of order, Sir, The hon. Minister while replying to the supplementary questions addresses sometimes an individual Member by saying 'Pandit Ji'. Sir, is it permissible to address directly any Member in the House ?

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : अगर उन्होंने पंडित जी कह दिया है तो इसमें कोई हर्ज नहीं। इस पर एतराज़ तो मुझे करना चाहिए था, न कि आप को। (There is, no harm if the the hon. Minister has addressed the Member as Pandit Ji. In fact, I should have objected to this and not the hon. Member.)

ਸਰਦਾਰ ਪੰਨਾ ਸਿੰਘ ਗੁਲਸ਼ਨ : ਜੋ ਰਕਮ ਟਰੈਕਟਰਾਂ ਲਈ ਕਰਜ਼ ਤੇ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਸੀ ਅਤੇ ਉਹ ਹੁਣ ਵਸੂਲ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਉਸ ਤੇ ਸੂਦ ਕਿੰਨਾ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਇਸ ਲਈ ਨੋਟਿਸ ਦਿਉ ।

पंडित श्री राम शर्मा : मेरे सवाल का जवाब देते वक्त कहा गया है कि बहुत कुछ वसूली बाकी है। दूसरी तरफ फरमाया है कि जो होना चाहिए वही होगा। मैं पूछता हूं कि इन दोनों बातों में से कौनसी बात सही है।

Mr. Speaker: This does not arise.

DAIRY AND POULTRY FARMS IN THE STATE

*392. **Sardar Kartar Singh Diwana** : Will the Minister for Agriculture and Forests be pleased to state the total number of Co-operative Dairy and Poultry Farms in the State at present and the help if any, given to them by Government ?

Sardar Gurbanta Singh : *First Part*—

Co-operative Dairy Farms	..	33
Co-operative Poultry Farms	..	283

Second Part.—Nil.

पंडित श्री राम शर्मा : क्या मैं पूछ सकता हूं कि poultry farm जो खोला गया है और जिस का उद्घाटन हमारे मुख्य मंत्री जी ने किया था, जो help उसको दी जाती है क्या वह बाकियों को भी दी जाती है ?

Mr. Speaker: This is no supplementary.

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : Co-operative poultry farm ਵਾਸਤੇ ਕਿੰਨਾ ਰੁਪਿਆ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : Part ਦੋ ਦੇ ਜਵਾਬ ਵਿੱਚ ਮੈਂ ਇਸ ਬਾਰੇ nil ਕਿਹਾ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਕੀ Co-operative Dairy Farms ਦੀ ਕੋਈ help ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਜੀ ਨਹੀਂ ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਕੋਈ help ਦੇਣ ਦਾ ਵਿਚਾਰ ਵੀ ਹੈ ਜਾਂ ਨਹੀਂ ?

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਜ਼ਰੂਰਤ ਪਈ ਤਾਂ ਇਮਦਾਦ ਦੇ ਦਿਆਂਗੇ ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਦੂਜੀ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਯੋਜਨਾ ਵਿਚ ਕੋਈ ਐਸੀ Scheme ਹੈ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਨੋਟਿਸ ਦਿਉਗੇ ਤਾਂ ਦੱਸ ਦਿਆਂਗੇ ।

ਸਰਦਾਰ ਭੁਪਿੰਦਰ ਸਿੰਘ ਮਾਨ : ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਵੱਲੋਂ ਜਵਾਬ ਆਇਆ ਹੈ ਕਿ ਜੇ ਜ਼ਰੂਰਤ ਪਈ ਤਾਂ ਇਮਦਾਦ ਦੇ ਦਿਆਂਗੇ । ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕਿਸ ਕਿਸਮ ਦੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਨੂੰ ਜਨਾਬ ਨਜ਼ਰ ਵਿੱਚ ਰਖਣਗੇ ?

ਮੰਤ੍ਰੀ : ਜੇ Poultry Farm ਜਾਂ Dairy Farm ਵਾਸਤੇ ਕੋਈ help ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਪਈ ਤਾਂ ਮਦਦ ਦੇ ਦਿਆਂਗੇ ।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਕੀ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਕੋਈ ਫੰਡ ਰਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ?

Mr. Speaker : No more supplementary questions on this question please.

AGRICULTURAL LOANS

***412. Raja Surendra Singh :** Will the Minister for Agriculture and Forests be pleased to state—

(a) whether it is a fact that a sum of approximately Rs. 30 lakhs was earmarked during the year 1956-57 for distribution as agricultural loans in the erstwhile Pepsu areas ;

(b) whether, out of the sum mentioned in para (a) above aproximately Rs. 27 lakhs lapsed unutilized due to late receipt of formal Government sanction ; if so, the action Government proposes to take in the matter ?

Sardar Gurbanta Singh : (a) & (b) The information is being collected and the same will be supplied to the Member concerned in due course.

Raja Surendra Singh : On a point of order, Sir. Mr. Speaker, I beg to submit that this is not the first time when I have to rise on my seat and lodge a protest before your honour regarding the reply given) by hon. Ministers stating that the information is being gathered in regard to a particular question. My submission, Sir, is that if you are kind enough to see Questions Nos. 266 and 391 which pertain to Agriculture, similar information has been collected and given on the floor of the House. While this particular question wherein only it has been asked whether a particular budget allotment was earmarked and whether that was spent or not, it has been stated that the information is being collected and the same will be supplied to the Member concerned in due course.

Mr. Speaker : If a similar reply is already there, the question need not be asked.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Raja Surendra Singh : I do not mean that, Sir. What I mean to say is this. The questions pertaining to Agriculture wherein similar information has been asked for have been replied on the floor of the House. But this particular question has not been replied because information is being gathered now.

Mr. Speaker : Yes, the hon. Minister for Agriculture and Forests may answer this question.

ਜ਼ਰਾਇਤ ਅਤੇ ਜੰਗਲਾਤ ਮੰਤਰੀ : ਇਸ ਸਵਾਲ ਦੇ ਮੁਤਾਲਿਕ ਇਤਲਾਹ ਇੱਕਠੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ, ਜੇਕਰ ਇਹ ਨੋਟਿਸ ਦੇ ਦੇਣ ਤਾਂ ਮੈਂ ਦਸ ਦਿਆਂਗਾਂ ।

Raja Surendra Singh : Sir, my humble submission is that Questions Nos. 266 and 391 also pertain to Agriculture. You were good enough to ask the hon. Ministers to explain the delay why this information could not be gathered and it would give at least some satisfaction to the questioner In this case, the hon. Minister has even declined to explain the reasons of delay.

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब, इस सिलसिले में मैं आपकी तवज्जुह इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि बारहा वज़ीर साहिब की तरफ से यह कहा जाता है कि information इकट्ठी की जा रही है और मैम्बर के पास भेज दी जाएगी । तो इस सिलसिले म क्या कोई ऐसा फैसला हुआ है कि question दुबारा किया जा सके ?

अध्यक्ष महोदय : मैं इसके बारे में मिनिस्टर साहिबान को चिट्ठी लिख रहा हूं और मैं समझता हूं कि difficulty दूर हो जाएगी । इसके लिए मैंने एक तरीका सोचा है कि मिनिस्टर साहिबान पहले खास वक्त के लिए extension मांगें, कि उस वक्त तक जवाब सप्लाई किया जाएगा । जब वह extension खत्म हो जाती है, तो उसी दिन वह question छाप दिया जाएगा, और कोई खास निशान उसके लिये रख दिया जायेगा ताकि ऐसा question मिनिस्टर के नोटिस में आ सके ।

(I am writing to the Ministers in this connection and I think that this difficulty will be removed. I have thought out a way and that is that the Ministers should in the first instance ask for an extension of a definite period for the supply of reply to a particular question and when that extension expires, on that very day that question would be printed with a special indication so that such a question may come to the notice of the Minister.)

Raja Surendra Singh : Sir, my humble submission is that this House is prepared to co-operate with the hon. Ministers, if some genuine delay takes place in the collection of information in respect of lengthy questions. Sir, I have asked a number of questions in this House and reply has come stating that the information is being collected and will be supplied to me as soon as it is gathered. Almost a month has elapsed and I have not received information asked for in any of my such questions.

Mr. Speaker : The only question that I have to put to you is to guide me in this connection. I have already stated in the House that I cannot compel the hon. Ministers in this connection. I cannot exercise authority, under the rules, over the Ministers to elicit replies out of them. If you are able to reply this question of mine, then of course, your question can be replied.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

पंडित श्री राम शर्मा : आपका जो यह फैसला जारी होने वाला है, उसका क्या इन सवालों पर भी effect होगा जो अभी हो चुके हैं या कि जो अब आगे किये जाएंगे ?

अध्यक्ष महोदय : जो हो गया सो हो गया । [What has been done, is done.]

BUILDING FOR GOVERNMENT HIGH SCHOOL, SHEHNA, DISTRICT SANGRUR

***383. Sardar Kartar Singh Diwana :** Will the Minister for Public Works be pleased to state whether Government intend constructing a building for the Government High School, Shehna, district Sangrur; if so, when ?

Rao Birendar Singh : No such proposal is under consideration.

HOSPITALS AND DISPENSARIES IN TEHSIL NURPUR, DISTRICT KANGRA

***331. Comrade Ram Chandra :** Will the Minister for Consolidation and Health be pleased to state—

(a) the number of Hospitals and Dispensaries in tehsil Nurpur, district Kangra and the names of places where they are situated ;

(b) the period for which the Dispensaries/Hospitals referred to above remained without a doctor during the year 1956-57?

Chaudhri Suraj Mal : (a) & (b) A statement containing the requisite information is laid on the Table.

Statement showing the information regarding the hospitals and dispensaries in tehsil Nurpur, district Kangra

(a) There are 8 hospitals and dispensaries in tehsil Nurpur, district Kangra, at the places stated below :—

(1) Civil Hospital, Nurpur.

(2) Civil Dispensary, Indora.

(3) Civil Dispensary, Jawali.

(4) Provincialised Rural Dispensary, Kotla.

(5) Provincialized Rural Dispensary, Gangatha.

(6) Provincialised Rural Dispensary, Re.

(7) Provincialized Rural Dispensary, Tika Nagrota.

(8) Women's Section, Civil Hospital, Nurpur.

(b) Of the above-named hospitals and dispensaries the following remained without doctors during the year 1956-57 for the period/periods noted against each :—

(1) Civil Hospital, Nurpur .. From 1st February, 1957 to 21st March, 1957.

(2) Civil Dispensary, Indora .. From 16th April, 1956 to 25th April, 1956.

(3) Provincialized Rural Dispensary, Gangatha — From 26th March, 1956 to 2nd May, 1956, 10th September, 1956 to 12th October, 1956, and 4th November, 1956 to 11th March, 1957.

(4) Women's Section Civil Hospital, Nurpur — From 6th May, 1956 to 25th May, 1956, and 1st December, 1956 to date.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

SUPPLEMENTARIES TO STARRED QUESTION NO. 50

अध्यक्ष महोदय : सरदार आत्मा सिंह, आपके कल किसी एक सवाल पर supplementaries पूछने रह गये थे। क्या आप पूछना चाहते हैं? (Yesterday, supplementaries to be asked by Sardar Atma Singh on a certain question were left over. Does the hon. Member wish to put them ?)

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਹਾਂ ਜੀ, ਉਹ 50 ਨੰਬਰ ਦਾ ਸਵਾਲ ਹੈ, ਜਨਾਬ।

अध्यक्ष महोदय : यश साहिब, सरदार आत्मा सिंह का एक सवाल रह गया था, मैं समझ रहा था कि उन्हों ने आपना ख्याल छोड़ दिया है, लेकिन वह पूछना चाहते हैं। (Addressing the Deputy Minister Shri Yash Pal, A Question of Sardar Atma Singh was left over yesterday. I thought that he had given up his idea of asking it but now he wants to ask it.)

उपमंत्री (श्री यशपाल) : वक्त तो निकल गया है।

Mr. Speaker : I have allowed it.

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਡੱਲਾ ਸਕੂਲ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਕੀ ਕੋਈ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ?

उपमंत्री : की जा रही है ?

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਕੀ ਸਰਕਾਰ ਦਸਣ ਦੀ ਖੇਚਲ ਕਰੇਗੀ ਕਿ ਉਹ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ?

उपमंत्री : जो स्टाफ कम है, उसको पूरा किया जा रहा है।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਕਿੰਨੇ ਸਮੇਂ ਤਕ ਇਹ ਪੂਰਾ ਹੋ ਜਾਵੇਗਾ ?

उपमंत्री : बहुत जल्दी।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਇਸ ਜਲਦੀ ਦੀ ਕੀ definition ਹੈ ?

उपमंत्री : डिक्शनरी देख लें।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਮਹਿਕਮਾ ਤਾਲੀਮ ਦਾ ਨਵਾਂ ਸਾਲ ਕਦੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ? ਕਿਸ ਮਹੀਨੇ ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ?

Mr. Speaker : Disallowed. No more Supplementaries, please. आपकी जिद अब पूरी हो गई। (His obduracy has now been satisfied.)

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : 50 ਨੰਬਰ ਸਵਾਲ ਸੰਬੰਧੀ statement ਟੇਬਲ ਤੇ ਨਹੀਂ ਰਖੀ ਗਈ। ਤੁਸੀਂ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਹ ਸਵਾਲ ਕਲ੍ਹ ਪੁੱਛ ਲੈਣਾ।

ਸ਼੍ਰੀ ਸਪੀਕਰ : ਮੈਨੂੰ ਕੀ ਪਤਾ ਸੀ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਹਟਣਾ ਹੀ ਨਹੀਂ। (I never knew that he would not stop.)

Note:—Reply to Starred Question No. 50 appears in the debate dated, 22nd May, 1957.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

CASES OF MURDERS AND DACOITIES IN DISTRICT KANGRA

***335. Comrade Ram Chandra :** Will the Chief Minister be pleased to state the total number of murders, dacoities, burglaries, thefts and of those under the Arms Act registered in each Thana of district Kangra including Kulu and Seraj, during the period from April 1, 1955 to March 31, 1956 and from April 1, 1956 to September 30, 1956, separately ?

Shri Mohan Lal : A statement is laid on the Table.

मिस्टर स्पीकर, आपको मालूम होगा कि इस ज़िला के किसान मायूस हैं और उनकी हालत बहुत खराब है। इसके इलावा इस इलाका में एक ऐसी कौम बसती है जो मिओ कहलाती है। उनको महात्मा गांधी जी ने पाकिस्तान जाने से रोका था। इसलिए हकूमत का यह भी फर्ज है कि जिनको इस तरह से यहां से जाने से रोका गया था, और यह एक Secular State होने की वजह से, उनकी बात को मद्देनज़र रखते हुए, उनको खास सहूलतें देने के लिए इस scheme को कामयाब बना कर ऐसी सूरत पैदा करे। हर तहसील में यानी बल्लभगढ़ और नूह की तहसीलों में और खास कर फिरोज़पुर झिरका के मिओं की यह हालत है। इस के इलावा जो राजस्थान में पानी जाएगा वहां भी मिओ आबाद हैं, तो हकूमत को Secular State के point of view से यह कहलाने के लिए कदम उठाने चाहियें। इस इलाका के जो लोग हैं, चाहे वे किसी भी कौम के हों, वे यह महसूस करते हैं कि न हिन्दुओं की, न मुसलमानों की, किसी भी कौम की तरक्की नहीं हुई। उनको नहर का पानी देना चाहिए ताकि वे अपना गुज़ारा कर सकें। अगर आप मिओं की हालत देखें तो आप को मालूम होगा कि उनके पास अपनी खेती करने के लिये कुछ नहीं। उनके हां सरसों की एक फसल होती है। जब बारिश हो जाए तो यह हो जाती है और न हो तो नहीं होती, बाकी और कोई फसल बगैर बारिश के नहीं होती। इस इलाका में काफ़ी गांवों में पीने का पानी मुयस्सर नहीं है। अब वहां का पानी खारी है। अगर वहां नहर आ जायेगी तो उन गांवों को भी पानी दिया जा सकेगा। नहर के आ जाने से वहां का पानी पीने के काबिल बन जाएगा और इस तरह उन्हें अपनी जिंदगी बसर करने के लिए एक बड़ी सहूलियत मुहैया हो जायेगी। इस scheme के कामयाब हो जाने से न सिर्फ़ किसानो को ही फायदा होगा बल्कि दूसरी कौमों को भी फायदा होगा। जो भी कमी इस तरह से इस ज़िला में पैदा हो गई है उसको दूर किया जा सकेगा और हमारे जो ग़ैरकाश्तकार लोग हैं, उनको भी काम करने का मौका मिलेगा। हरिजन भाइयों को भी काम मिलेगा। ज़मींदारों की पैदावार अच्छी होने लगेगी। ग़रीब आदमियों को काम मिलेगा और उनकी मज़दूरी बढ़ जाएगी। यह ऐसी scheme है कि इसको कामयाब बनाने से मज़दूरों को, गैर-ज़रायती पेशा लोगों को, सब को फायदा होगा। मैं दरखास्त करता हूं और आप की विसातत से House को अपील करता हूं कि गुड़गांव ज़िला का इलाका जोकि पसमांदा है, उसका ख्याल रखा जाना चाहिये और इस scheme को मंजूर किया जाये। मेरे कहने का मतलब यह नहीं कि और जो ऐसे पसमांदा ज़िले हैं उन की तरक्की न की जाए। मैं अर्ज़ करता हूं कि इस हकूमत को चाहिए कि वह हर साल एक पसमांदा ज़िले को छांट ले और उसकी कमी पूरी कर दे। इसी तरह अगले साल दूसरे ज़िले की कमी पूरी की जाए। 4, 5 या 6 साल में सब पसमांदा ज़िलों की तरक्की की जाए, ताकि उनको जो तरक्की याफ़ता ज़िले हैं उनके बराबर लाया जा सके। इस तरीका को इस्तेमाल करने से सूबे की तरक्की भी मुकाबलतन अच्छी होगी। मैं यह भी जानता हूं कि पंजाब के जिन ज़िलों की हालत अच्छी है वहां भी कुछ टुकड़े ऐसे हैं जो पसमांदा हैं। मैं चाहता हूं कि उनकी भी तरक्की हो। लेकिन Government तमाम तरक्की की सकीमों को एक साथ हाथ में नहीं ले सकती। इसलिए कुछ को पहले ले लिया जाये और कुछ को बाद में। पहले इस नहर को अमली सूरत दी जाए। (आवाज़: अब और कसर

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

निकाल लें।) आपको मैं अर्ज़ करूंगा कि जब तक इस ज़िला में नहर का पानी नहीं जाएगा इस ज़िला के किसान किसी चीज़ में दूसरों को compete नहीं कर सकते, न अपनी तालीम को तरक्की कर सकते हैं, न कोई और काम कर सकते हैं, न चंदा दे सकते हैं। तालीम के लिए स्कूल भी नहीं खोल सकते। यह ज़िला तालीम के लिहाज़ से बहुत पिछड़ा हुआ है। इसलिए मैं दरखास्त करता हूं कि इस ज़िला की इस scheme को top priority दिए जाने के लिए पास किया जाए। और जल्दी से जल्दी इस पर अमल करके उन लोगों की हालत अच्छी बनाई जाए।

श्री गुरुदत्त (पलवल 'जनरल'): अध्यक्ष महोदय, जो resolution चौधरी भूलेराम जी ने Gurgaon Canal के मुताल्लिक इस हाऊस में पेश किया है मैं उस की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मैं उन को मुबारिकबाद देता हूं कि उन्होंने गुड़गांव canal का resolution इस हाऊस में पेश किया है। यह मैं ने महसूस किया है कि मेरे दोस्त hon. Members और hon. Ministers को इस बात का पता है कि गुड़गांव ज़िला बहुत पिछड़ा हुआ है। गुड़गांव canal का बहुत पुराना मसला है। 1935 में सर सिकन्दर हयात की वज़ारत के दौरान में चौधरी छोटू राम ने यह सिलसिला शुरू किया था। मगर उनकी बेवक्त मौत हो जाने की वजह से यह बात सिरे न चढ़ सकी और यह मसला वहीं का वहीं रह गया। उस के बाद देश के विभाजन के बाद जब भार्गव वज़ारत बनी तो उस वक्त भी एक कदम इस तरफ उठाया गया लेकिन उस में भी सफलता न हुई। उस के बाद जब सच्चर वज़ारत बनी और हमारे चौधरी लहरी सिंह वज़ीर बने तो इन्होंने भी इस का श्री गणेश किया। इन्होंने हाऊस के अन्दर भी और हाऊस के बाहर भी एलान किया और वहां जा कर बड़े-बड़े दरबार लगाए कि इस स्कीम पर अमल हो रहा है और इस साल यह काम ज़रूर शुरू हो जाएगा। मगर अफसोस की बात है और हमें दुःख के साथ कहना पड़ता है कि वह वादे वादे ही रह गए और पूरे न हुए। अब हमें खुशी है कि इस Ministry में यह resolution फिर आया है। हम आशा करते हैं कि Gurgaon Canal का काम जल्दी से जल्दी शुरू किया जाएगा। स्पीकर साहिब, आप की विसातत से Minister साहिब से मैं यह अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि यह नहर दिल्ली के रास्ते से होकर जाएगी और आप को पता है कि दिल्ली बहुत ही गुंजान आबाद इलाका है वहां से नहर को रास्ता मिलना मुश्किल हो जाएगा। इसलिये उन्हें चाहिये कि वह Delhi Government को अभी से नोटिस दे कर नहर के लिए ज़मीन acquire कर लें। वरना अगर ज़मीन ही न मिली तो नहर आसमान के रास्ते से जाएगी, कहां से जाएगी? वह तो हवाई बात ही रह जाएगी। इसलिये मेरी अर्ज़ है कि इस काम में वह delay न करें और सब से पहले वह यह मुअस्सर कदम उठाएं। मुझे पता है कि Unionist Government के बाद और खास कर Partition के बाद से ज़मीनों की हालत बहुत बिगड़ी हुई है। हिसार के ज़िला में हर वर्ष कहत पड़ता था। लोगों को हर साल इधर से उधर उजड़ना पड़ता था और वे भूकों मरते थे। मगर हमारी इस वज़ारत ने, हमारी Congress Government ने पिछले पांच सालों में जो काम किया है वह सराहना योग्य है। चाहे गुड़गावां ज़िले के लिए कोई काम नहीं हुआ मगर इसमें कोई शक नहीं कि मजमूई तौर पर पंजाब को ऊपर उठाया गया है। इस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री गुरदत्त]

के साथ साथ भाखड़ा नहर से, जो कि भाखड़ा डैम से निकलती है जो कि हिन्दुस्तान में मुमताज़ दर्जा रखता है, राजस्थान को भी पानी दिया गया है। इस के बावजूद गुड़गांव ज़िला वहीं का वहीं खड़ा है। वहां के लोगों को पीने का पानी भी मुयस्सर नहीं होता। लोग पीने के पानी को तरसते हैं। वहां यह हालत है कि लोग दो-दो, तीन-तीन मील से पानी पीने के लिये लाते हैं। वहां पर तालाब बनाए जाते हैं जिन में पानी जमा किया जाता है। और उस पानी से गुज़ारा किया जाता है। जैसे कि मेरे दोस्त राओ साहिब ने फरमाया है कि उस इलाके में boring करने की तजवीज़ थी लेकिन अरसा तीन साल से बल्लभगढ़ में वह स्कीम वहीं की वहीं लटक रही है। सरकार की हज़ारों रुपये की machinery वहां पड़ी हुई खराब हो रही है। बोरिंग भी नहीं किया गया और machinery मुफ्त में खराब हो रही है। यह इलाका बहुत ही पिछड़ा हुआ है। किसानों की खुशहाली का दारोमदार खेती पर होता है और खेती पानी के बगैर नहीं हो सकती। लोगों में तालीम भी नहीं है। तालीम तो लोग तब हासिल कर सकते हैं जब कि उन को खाने के लिए अन्न मिले। इसलिये मेरी मुअदबाना गुज़ारिश है कि सब से पहले और जल्दी से जल्दी कदम उठा कर इस स्कीम पर अमल किया जाए ताकि वहां के बसने वाले लोगों को पेट भर कर खाने को रोटी मिल सके। चौधरी सुमेर सिंह ने फरमाया था कि वहां पर एक नहर है जोकि U. P. से आती है। उस के बारे में भी जितना थोड़ा कहा जाए उतना अच्छा है। जिन लोगों को उस नहर से पानी मिलता है उन को पंजाब के लोगों से डेढ़ गुना ज़्यादा आबियाना देना पड़ता है। पिछली Ministry के सामने यह मसला था। इस हिसाब से जो 24,000 रुपये की रकम डेढ़ गुना आबियाना होने के कारण फालतू बनती थी वह रकम Unionist Ministry अपने पास से अदा किया करती थी। मगर अब वह 24,000 रुपये की रकम भी नहीं मिलती और लोगों को आबियाना भी डेढ़ गुना U.P. की सरकार को देना पड़ता है। इसलिये मेरी सिंचाई मन्त्री साहिब से यह अपील है कि जो आबियाना की रकम Unionist सरकार अपने पास से उत्तर प्रदेश सरकार को देती थी, जोकि वह सरकार फालतू आबियाना के तौर पर लेती है, उस रकम को पंजाब सरकार खुद अदा किया करे। Gurgaon Canal की स्कीम पर भी जल्दी से जल्दी अमल होना चाहिये ताकि वहां के लोगों की हालत सुधरे।

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, आज हाउस में यह रैज़ोल्यूशन है कि गुड़गांव ज़िला जोकि बहुत पिछड़ा हुआ है, बहुत दबा हुआ है, वहां नहर निकालने की स्कीम को बहुत ज़्यादा तरजीह दी जाए और बहुत जल्दी गुड़गांव ज़िला में नहर पहुंचाई जाए। गुड़गांव के मैम्बरान ने तो तकरीरें कर लीं और अब पड़ौसी होने की वजह से मेरी बारी आई है। आप अन्दाज़ा लगाइए कि इस ज़िला की पसमान्दगी में क्या शक हो सकता है कि इस resolution को पेश करने वाले खुद एक पसमान्दा क्लास से ताल्लुक रखते हैं। इसलिये हर तरह से यह बात वाज़ह होती है—नाम से भी, हकीकत से भी और वाक्यात से भी कि यह इलाका बहुत पिछड़ा हुआ है।

अंग्रेज़ों के वक्त से ही यह इलाका पिछड़ा हुआ है। और लोगों का विचार है कि गवर्नमैंट ने रेवाड़ी और झज्जर के इलाके के लोगों को जानबूझ कर बेकार रखा ताकि जब उन

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

को जंग के मौके पर या वैसे ही फौज में भरती की ज़रूरत पड़े तो भूके मरते लोग काफी तादाद में फौज में भरती हो जाएं। और ग़ैर-मुलकियों के लिये खूब ज़ोर-शोर से लड़ें। मैं नहीं कहता कि यह बात कहां तक सही है लेकिन मालूम ऐसे ही होता था कि उस गवर्नमैंट की यह मर्ज़ी थी कि यह इलाका ऐसे ही रहे। रेवाड़ी और झज्जर की बिल्कुल मिली हुई तहसीलें हैं। इन दोनों की हालत ऐसी है कि जिस की वजह से आज यह resolution पेश है। लेकिन अपनी गवर्नमेंट में तो ऐसी बात नहीं होनी चाहिये और ग़ालबन नहीं होगी। यह भी एक इत्तफाक की बात है कि आज़ादी हासिल होने के बाद जो भी General Elections हुए उन में ज़िला गुड़गांव में कांग्रेस को बहुत कामयाबी हुई है। इस प्रकार इस ज़िला वालों का खास तौर पर हक हो जाता है कि गवर्नमेंट पर इस बात का ज़ोर दें। जिन जिन मैम्बरों ने तकरीरें की हैं वह बहुत शुक्रगुज़ार वाकया हुए हैं सरकार के। कहा तो यह कि गुड़गांव ज़िला के लिये सरकार ने कुछ नहीं किया लेकिन फिर भी वह गवर्नमैंट के शुक्रगुज़ार हैं क्योंकि पंजाब में तरक्की हुई है। ऐसे शुक्रगुज़ार लोगों का दुनिया में मिलना मुश्किल है कि elections में भी पूरा साथ दें और कुछ न मिलते हुए भी गवर्नमैंट की दाद दे रहे हैं। मैं समझता हूं कि आबपाशी के वज़ीर साहिब पर और गवर्नमेंट पर इस बात का ज़रूर असर होगा और वह यह महसूस करेगी कि यही नहीं कि इस इलाके के लोगों ने कांग्रेस का और गवर्नमैंट का पूरा साथ दिया है बल्कि इस इलाके के मैम्बर भी ऐसे हैं कि बावजूद पीने का पानी न मिलने के, खेती का काम न चलने के, कपड़ा न मिलने के और बावजूद इस बात के कि गुज़ारा नहीं होता (*At this stage, Shri Lal Chand, a member of the panel of Chairmen, occupied the Chair.*) फिर भी कहते हैं कि हम गवर्नमैंट के मशकूर हैं और हमारी गवर्नमेंट ने पंजाब में बहुत तरक्की की है। वह यहां तक कहते हैं कि गवर्नमेंट ने सूबे में बहुत भारी काम किए हैं और अगर गुड़गांव को छोड़ दिया हो तो क्या बात है। बहर हाल मैं यह अर्ज़ करूंगा कि ये जज़बात ऐसे हैं जिन की पंजाब गवर्नमैंट को कदर करनी चाहिए। और अगर अब भी नहीं करती तो मेरा ख्याल है कि यह एहसान फरामोशी की इन्तहा होगी।

गुड़गांव का ज़िक्र बहुत पीछे से चला आ रहा है। वाकई पंजाब के एक किनारे पर तो गुड़गांव है और दूसरे पर कांगड़ा। कुदरत ने और हमारे निज़ाम ने इन का एक बड़ा भारी मसला बना दिया है। मैंने वज़ीर खज़ाना से पूछा था कि जहां तक गवर्नमैंट में authority का ताल्लुक है उसे भी इस वक्त छोड़िए, और जहां तक services का मामला है उसे भी एक तरफ़ रखिए लेकिन हमें यह तो बताने की कृपा करें कि रिजनल फार्मूले की background का जहां तक ताल्लुक है—क्योंकि बजट में भी कुछ अपने तरीके से लिखा जाता है उससे तो मैं अन्दाज़ा नहीं लगा सका—आप बताएं कि कितना रुपया करनाल, रोहतक, गुड़गांव वगैरह के पसमान्दा इलाकों के लिए आप ने allot किया है। मैंने पूछा था कि मेहरबानी कर के यह तो बताइए कि हिन्दी रिजन के सारे पसमान्दा इलाके के लिए—गुड़गांव जिसका सरताज है, कितना रुपया कहां और कैसे provision किया है आपने इस बजट में? मैंने पूछा था कि कितना रुपया पंजाबी रिजन और कितना हिन्दी region को दिया गया है लेकिन जब जवाब दिया तो

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[पंडित श्री राम शर्मा]
division-wise figures हमारे सामने रख दीं। ज़ाहिर है कि region का तो division के साथ कोई वास्ता नहीं। अगर कह भी दिया गया कि साहिब, हमने तो जालन्धर डिवीज़न के लिए इतना कुछ किया, इतना रुपया दिया और उसमें कांगड़ा ज़िला को कुछ न दिया हो फिर इस तरह उस ज़िले को क्या सहारा मिला ? इसी तरह फर्ज़ कीजिए कि आप अम्बाला डिवीयन की रोकड़ें पूरी कर देते हैं। तो मुमकिन है कि चंडीगढ़ का भी सारा खर्च अम्बाला डिवीयन में डाल दिया हो। लिहाज़ा इस रिजनल फ़ार्मूला की background में इन सारे पिछड़े हुए इलाकों को कैसे आगे लाना है, कितना रुपया इनको दिया है, इस सवाल का जवाब वज़ीर खज़ाना ने कोई to the point नहीं दिया। इसलिए समझना होगा कि वाकई पसमान्दा इलाकों को क्या मिलेगा और क्या नहीं। बहर हाल, अब तो मामला इस हद तक महदूद है कि गुड़गांव के ज़िला में नहर का पानी लाने के लिए priority दी जाए। हम पूछना चाहते हैं और जानना चाहते हैं कि गवर्नमैंट का इस के लिए क्या जवाब है।

गुड़गांव को पानी देने का सवाल कोई आज का नहीं, यह तो बहुत पुराना चला आ रहा है। यह सन् 1934-35 से चला आ रहा है। जिस वक्त पंजाब में यूनियनिस्ट वज़ारत थी और सर छोटू राम वज़ीर बने थे। उन दिनों से ही यह बात ज़ेरेग़ौर थी कि गुड़गांव को ऐसे भाखड़ा डैम से पानी पहुंचाया जाएगा जब कि वहां पर सीधे तौर पर पानी पहुंच सकने का कोई रास्ता भी नहीं है और ज़िला की ज़मीन की सतह भी कुछ ऊंची है। चुनांचि यह भी ख्याल पैदा हुआ कि गुड़गांव के बीच जो पहाड़ हायल होता है उसमें सुरंग निकाल कर इस तरीके से पानी ले जाया जाए ताकि गुड़गांव, रेवाड़ी और आस-पास के इलाकों को पानी मिल सके। वह स्कीम न मालूम लैक्चरों में ही रह गई या कागज़ों में ही, वक्त पाकर मामला बदल गया। गुड़गांव की तो बात ही दूर, रोहतक और करनाल वगैरह भी तकरीबन भाखड़ा नहर के पानी से कोरे ही रहे हैं। कहा जाएगा कि पहले पानी हिसार को दिया जाएगा और फिर जो बचेगा उसे इधर के ज़िलों को पहुंचाया जाएगा। खैर, जब होगा देखा जाएगा। यह तो एक बहुत बड़ी स्कीम है जिस पर सारे पंजाब की निगाहें लगी हुई हैं और बहुत दूर २ से दुनिया के लोग इसे आकर देखते हैं और इस की तारीफ़ करते हैं। बहर हाल जो कुछ भी हो जहां तक भाखड़ा डैम का ताल्लुक है उसमें तो गुड़गांव के जिले का नाम directly या indirectly सिफ़र के खाने के अन्दर आ चुका है। जहां तक उस सुरंग का ताल्लुक है, जिसका मैंने पहले भी ज़िक्र किया है, वह भी बनेगी या नहीं कुछ कहा नहीं जा सकता। मेरे ख्याल में मेरे वज़ीर बनने के बाद भी इस का कुछ ज़िक्र चलता रहा लेकिन बहुत यकीन के साथ नहीं कह सकता। वह भी मामला शायद खत्म हो गया हो।

Western Jumna Canal से भी गुड़गांव को पानी देने की स्कीम चली। लेकिन उस ज़िला की बदकिस्मती, पानी पहुंच न पाया। फिर Eastern Jumna Canal की ओर आंख पड़ी जो U.P. की नहर है। कुछ थोड़ी बहुत उम्मीद बंधी उस ज़िला के लोगों में। बल्लभगढ़ और फ़रीदाबाद वगैरह के इलाकों को कुछ पानी मिला लेकिन साहिब, अव्वल तो वह supply ही बहुत थोड़ी है और जो पानी पहुंचता भी है उस के

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

भी rates पंजाब के मुकाबले में दुगने तिगुने हैं। इस सिलसिले में कई बार शोर मचाया गया—यहां पर भी और बाहर भी फरियादें की गईं कि यह सरासर बेइन्साफ़ी है। अव्वल तो आवाज़ गवर्नमैंट के कानों तक पड़ी ही मुश्किल से लेकिन जब ख्याल आया तो फरमाने लगे कि 'देखिए, जो पानी है वह U.P. सरकार के अधिकार में है उससे बातचीत करेंगे इस rates के सिलसिले को कम करने के लिए।' लेकिन हालत यह है कि हुआ कुछ भी नहीं।

फिर एक और चीज़ आई। रेवाड़ी में भी जगाधरी की तरह tube-wells के ज़रिए पानी पहुंचाने का तजरुबा शुरू किया गया। Exploratory tube-wells का प्रोग्राम शुरू हुआ। लेकिन मेरा ख्याल है कि वह तजरुबा भी कामयाब न हुआ और शायद यही वजह है कि Centre ने इसी बात पर पैसे देने से इन्कार कर दिया है।

इतना ही नहीं इन सब चीज़ों के अलावा एक और सिलसिला चलता रहा। कहने लगे कि जो कुछ पहाड़ों का पानी ढल कर नीचे आता है—जो ज़ाया हो रहा है और खेतों को खराब करता है—जो गदर के ज़माने से सिलसिला चला आ रहा है—उस को बांध लगा कर रोकेंगे और उससे इस गुड़गांव के ज़िले को जहां तक मुमकिन हो सका सैराब करेंगे। लेकिन आबपाशी के लिए तो शायद कब पानी दिया जाएगा, मेरा ख्याल है कि इस बात की तरफ़ कोई तवज्जुह ही नहीं दी गई और अगर दी भी गई तो नतीजा कुछ नहीं निकला।

तो इस तरह आप देखते हैं कि क्या भाखड़ा की नहरें, क्या ट्यूबवैल स्कीम, क्या वैस्ट्रन जमना कैनाल, क्या ईस्ट्रन जमना कैनाल, क्या पहाड़ों से गिरने वाले पानी पर बांध लगाने की योजना सारी की सारी स्कीमें—जहां तक गुड़गांव को पानी देने का ताल्लुक बुरी तरह से फेल और नाकाम रही हैं। तो अब गुड़गांव ज़िले के लोग क्या करें? बावजूद इस बात के कि गवर्नमैंट उन को बिल्कुल नज़रअन्दाज़ किए हुए है—वह लोग कितने उदार हैं कि आप की तारीफ़ पर तारीफ़ किए जाते हैं। क्या कभी सोचा कि क्यों वे ऐसा करते हैं? वह इसलिए कि शायद कभी गवर्नमैंट को चलाने वालों का दिल पसीजे और उसे कभी हमारी तकालीफ को दूर करने का भी ख्याल आए। पता नहीं कि इस resolution का क्या हशर हो—शायद इसे talk-out ही किया जाए या इसे move करने वाले मैम्बर साहिब को कहा जाए कि चूंकि तुम हमारी कांग्रेस पार्टी को belong करते हो, इसलिए इसे withdraw कर लो। बहरसूरत जो हशर हो मैं चाहूंगा कि वज़ीर आबपाशी अपनी तरफ़ से खुले तौर पर गुड़गांव वालों को बताएं कि इस सिलसिला में उन की मुसीबत को हल करने के लिए क्या कुछ किया जा रहा है या किया जाएगा। हरियाणा वालों के एक नहीं, दो-तीन वज़ीर बदल गए—उनको तो अच्छी तरह से देख लिया और अब यह महकमा पटियाले वालों के हाथ में है। खैर, कोई बात नहीं, अगर नतीजा अच्छा हो तो यह बात भी हम भूल जाएंगे लेकिन वज़ीर साहिब को इस हाऊस में खड़े होकर बताना चाहिए कि दर असल गवर्नमैंट की नियत गुड़गांव वालों को पानी बहम पहुंचाने की है या नहीं? और जो स्कीमें पहले बनी उनका क्या हशर हुआ—क्या उनमें से कोई ज़िन्दा भी है या सब की सब को कबर के अन्दर सुला दिया गया है? आप को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए। और मैं आप को याद दिलाना चाहता हूं कि पिछले दिनों जब States Re-organisation का सिलसिला चल रहा था तो गुड़गांव ज़िला में इतनी frustration पाई गई थी कि वह यहां तक कहते थे कि पंजाब में रहने की

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[पंडित श्री राम शर्मा]

बजाए अच्छा है कि हमारे ज़िला को राजस्थान के साथ जोड़ दिया जाए। देख लिया पंजाब का इन्तज़ाम और काम !! खैर उस बात को छोड़िए—वह बात तो पुरानी हो चुकी। लेकिन आप बताएं कि जिन इलाकों ने बराबर हमेशा गवर्नमेंट का साथ दिया है, जो पसमान्दा भी हैं उन के साथ गवर्नमेंट क्यों इतनी ज़्यादती कर रही है? [घंटी] मैं समझता हूं कि घंटी भी मेरी इस बात की ताईद में बजी है कि यहां बहुत कुछ कहा जाता है लेकिन किया कुछ नहीं जाता। बहर हाल गुड़गांव के ज़िला की मांग को तो पूरा कर दिया जाए। और अगर इस के साथ सही सलूक न किया गया तो याद रखे कि जो लोग परेशान होते हैं—frustrated होते हैं फिर भी उन्हें तंग किया जाता है—सड़कें निकाली जाएं या पानी बहम पहुंचाया जाए इसके लिए सिर्फ़ स्कीमें बनाने और सोचने से ही काम नहीं चलेगा—तो यह रोहतक और हिसार का किस्सा नहीं, लोग परेशान होकर कुछ और करने लगेंगे और फिर आप वजूहात ढूंढने लगेंगे कि वजह मालूम करो कि उन्होंने गवर्नमेंट का साथ क्यों नहीं दिया और कांग्रेस से क्यों भाग कर चले गए।

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ (ਮਾਨਸਾ 'ਜਨਰਲ)' : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪੇਸ਼ ਹੈ ਮੈਂ ਇਸ ਦੀ ਤਾਈਦ ਲਈ ਖੜਾ ਹੋਇਆ ਹਾਂ। ਇਸ ਗੱਲ ਵਿਚ ਕੋਈ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਗੁੜਗਾਵਾਂ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਪਛੜਿਆ ਹੋਇਆ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਅਤੇ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਵੀ ਇਹ ਗਲ ਮੰਨੀ ਹੋਈ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਵੀ ਕੋਈ ਸ਼ਕ ਨਹੀਂ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਪਰਾਜੈਕਟ ਹੈ ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਇਹ ਮਤਾ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਇਹ ਬੜਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਇਸ ਦਾ ਪਾਣੀ ਦੇ ਮਸਲੇ ਨਾਲ ਸਬੰਧ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਇਥੇ ਅੰਗਰੇਜ਼ ਦਾ ਰਾਜ ਚਲਦਾ ਸੀ, ਅਤੇ ਇਥੇ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਐਸੀਆਂ ਸਨ ਜਿਥੇ ਪੀਣ ਦਾ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ਸੀ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਗੁੜਗਾਵਾਂ ਅਤੇ ਹਿਸਾਰ ਦੇ ਜ਼ਿਲੇ ਵੀ ਆਉਂਦੇ ਸਨ। ਮੈਨੂੰ ਯਾਦ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਭੜਕਾਉਣ ਲਈ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹਿੰਦੇ ਹੁੰਦੇ ਸਾਂ ਕਿ ਉਹ ਰਾਜ ਕੀ ਹੋਇਆ ਅਤੇ ਉਸ ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਕੀ ਕਰਨਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪੀਣ ਦਾ ਪਾਣੀ ਨਾ ਮਿਲੇ। ਉਹ ਰਾਜ ਤਾਂ ਚਲਾ ਗਿਆ। ਹੁਣ ਦਸ ਸਾਲ ਦਾ ਅਰਸਾ ਹੋ ਗਿਆ ਹੈ ਸਾਡੀ ਹਕੂਮਤ ਨੂੰ ਬਣੇ ਹੋਏ ਅਤੇ ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਸਕੀਮ ਹੈ ਜਿਸ ਬਾਰੇ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਕਈ ਸਾਲਾਂ ਤੋਂ ਚਲੀ ਆ ਰਹੀ ਹੈ, ਇਹ ਚੌਧਰੀ ਸਰ ਛੋਟੂ ਰਾਮ ਦੇ ਵਕਤ ਤੋਂ ਚਲੀ ਆ ਰਹੀ ਹੈ, ਹਾਲਾਂ ਵੀ ਇਹ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਚਲੀ ਆ ਰਹੀ ਹੈ। ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਇਕ ਗੱਲ ਮੈਂ ਸਾਫ਼ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਕੂਮਤ ਦੇ ਘੋੜੇ ਸੁੰਨੇ ਦੌੜਦੇ ਹਨ।

ਜੇਕਰ ਅਸਾਂ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਅਗੇ ਲਿਜਾਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਗਲ ਬੜੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੋ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਇਲਾਕੇ ਜਿਹੜੀ ਜਿਹੜੀ ਚੀਜ਼ deserve ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜ਼ਰੂਰਤਾਂ ਹਨ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਮੁਹਈਆ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਪੀਣ ਦਾ ਪਾਣੀ ਇਨਸਾਨ ਦੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰਖਣ ਲਈ ਬੜਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ, ਜੇਕਰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਉਹ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੁਯੱਸਰ ਨਾ ਕਰ ਸਕੇ ਤਾਂ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚ ਖਾਹਮਖਾਹ ਗੌਰਮਿੰਟ ਦੇ ਮੁਤੱਲਕ ਸ਼ਕ ਪੈਦਾ ਹੋਵੇਗਾ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜੀ ਸਕੀਮ ਉਥੇ ਪਾਣੀ ਲਿਆਉਣ ਦੀ ਹੈ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬਿਹਤਰੀ ਲਈ ਬੜੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, Socialistic Pattern of society ਜਿਸ ਨੂੰ ਅਸਾਂ ਆਪਣਾ ਨਿਸ਼ਾਨਾ ਬਣਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਸ ਹੇਠ ਅਸਾਂ ਮੁਲਕ ਨੂੰ ਅਗੇ ਲੈ ਜਾਣਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਭ ਨਾਲ ਬਰਾਬਰੀ ਦਾ ਸਲੂਕ ਕਰਨਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਭ ਨੂੰ ਬਰਾਬਰ ਅਗੇ ਲੈ ਜਾਣਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਹੜੇ ਪਿੱਛੇ ਰਹੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਨਾਲ ਅਗੇ ਲੈ ਜਾਣਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਵੀ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਸਕੀਮ ਨੂੰ top priority ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ । ਮੈਨੂੰ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਪਤਾ ਹੈ ਇਸ ਸਕੀਮ ਤੇ ਖ਼ਰਚ ਕੀਤੇ ਜਾਣ ਵਾਲੇ ਰੁਪਏ ਦਾ ਕਾਫੀ ਹਿੱਸਾ ਸੈਂਟਰਲ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਦੇਣਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਵੀ ਮੁਮਕਿਨ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਪੰਜਾਬ ਗੌਰਮਿੰਟ ਇਸ ਸਕੀਮ ਨੂੰ ਸਿਰੇ ਚਾੜ੍ਹਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਦੀ ਰਹੀ ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਉਹ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਦਿਆਨਤਦਾਰੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਦੀ ਰਹੀ ਹੋਵੇ ਪਰ ਜਿਹੜਾ ਹਿੱਸਾ ਸੈਂਟਰਲ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਉਸ ਲਈ ਦੇਣਾ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਸ਼ਾਇਦ ਦੇਰ ਹੋ ਗਈ ਹੋਵੇ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਮਤੇ ਦੀ ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਰੇ sections ਦੀ ਤਰਫੋਂ ਤਾਈਦ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਤਾਕਿ ਸਾਡੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਅਤੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਜਦੋਂ ਇਸ ਸਕੀਮ ਬਾਰੇ Central Government ਨਾਲ discuss ਕਰਨ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹੱਥ ਮਜ਼ਬੂਤ ਹੋਣ । ਮੈਨੂੰ ਕਲ੍ਹ time ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ ਸੀ ਵਰਨਾ ਮੈਂ ਇਹੋ ਗੱਲ ਕਲ੍ਹ ਵੀ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਸਾਂ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਮੈਂ ਹੁਣ ਕਹੀ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਅਸਾਂ ਇਸ ਗੱਲ ਨੂੰ ਸਹੀ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਹਲ ਨਾ ਕਰ ਸਕੇ ਕਿ ਜਿਸ ਜਿਸ ਥਾਂ ਦੀਆਂ ਜੋ ਜੋ ਜ਼ਰੂਰਤਾਂ ਹਨ ਉਹ ਪੂਰੀਆਂ ਨਾ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣ ਤਾਂ ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਖਿਆਲਾਤ ਹਕੂਮਤ ਬਾਰੇ ਚੰਗੇ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੇ । ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੀ ਗੌਰਮਿੰਟ ਬੈਠ ਕੇ, ਜਿਹੜੀਆਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਮੰਗਾਂ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿਹੜੀਆਂ ੨ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹਰ ਜ਼ਿਲੇ ਦੇ ਹਿੱਸੇ ਵਿੱਚ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਜਾਂ ਹਰ ਤਹਿਸੀਲ ਦੇ ਹਿੱਸੇ ਵਿਚ ਆਉਂਦੀਆਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਵਿਚਾਰ ਕਰੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰੀਆਂ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰੇ । ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਗਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਹਕੂਮਤ ਤੇ ਜਿਸ ਦਾ ਜ਼ੋਰ ਪੈ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਹ ਹੀ ਇਸ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਵਲ ਲੈ ਜਾਂਦਾ ਹੈ, ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਅਸਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਵਿਚੋਂ ਕਢਣਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਵੀ ਇਸ ਹਕੂਮਤ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੈ ਇਸ ਨੂੰ ਪਾਸ ਕਰ ਕੇ ਇਸ ਨੂੰ ਅਮਲੀ ਜਾਮਾ ਪਹਿਨਾ ਕੇ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਸਬੂਤ ਦੇਵੇ ਕਿ ਸਾਡੀ ਜਿਹੜੀ ਨੀਯਤ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਹੜਾ ਸਾਡੀ ਹਕੂਮਤ ਦੇ ਚਲਣ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਸਾਰੇ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਅੱਗੇ ਲੈ ਜਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਪਿੱਛੇ ਛਡ ਜਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਗੱਲ ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਾਹਿਰ ਹੋ ਜਾਵੇਗੀ । ਮੈਂ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਕੂਮਤ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਨੂੰ, ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਮ੍ਹਣੇ ਪੇਸ਼ ਹੈ, ਪਾਸ ਕਰੇਗੀ ਅਤੇ ਇਸ ਸਕੀਮ ਨੂੰ ਪੂਰੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਕੇ ਕਾਮਯਾਬ ਬਣਾਵੇਗੀ ਕਿਉਂਕਿ ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਪੀਣ ਦੇ ਪਾਣੀ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਖਾਸ ਕਰ ਇਸ ਮੌਸਮ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਤਕਲੀਫ਼ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਜੇਕਰ ਦੇਖਿਆ ਜਾਵੇ ਕਿ ਅਗਰ ਗੌਰਮਿੰਟ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪੀਣ ਦਾ ਪਾਣੀ ਵੀ ਮੁਯੱਸਰ ਨਾ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੋਵੇ, ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਹਰ ਇਨਸਾਨ ਲਈ ਬੜਾ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿੰਨੀ ਮਾੜੀ ਗਲ ਹੈ । ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਮੈਨੂੰ ਇਕ ਗਲ ਯਾਦ ਆ ਗਈ ਹੈ । ਇਕ ਦਫ਼ਾ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸੇ ਪਾਸ ਕੋਈ ਪਰਾਹੁਣਾ ਆ ਗਿਆ । ਉਸ ਨੂੰ ਪਿਆਸ ਲੱਗੀ, ਉਸ ਨੇ ਪਾਣੀ ਮੰਗਿਆ,

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ]
ਉਸ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੀ ਥਾਂ ਤੇ ਦੁਧ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਉਹ ਉਸ ਨੇ ਪੀ ਲਿਆ। ਫੇਰ ਉਸ ਨੂੰ ਪਿਆਸ ਲੱਗੀ, ਉਸ ਨੇ ਫੇਰ ਪਾਣੀ ਮੰਗਿਆ। ਉਸ ਨੂੰ ਫੇਰ ਦੁਧ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਉਸ ਨੂੰ ਤੀਜੀ ਵਾਰ ਫੇਰ ਪਿਆਸ ਲਗੀ। ਉਸ ਨੇ ਫੇਰ ਪਾਣੀ ਮੰਗਿਆ ਪਰ ਉਸ ਨੂੰ ਫੇਰ ਦੁਧ ਹੀ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ। ਉਸ ਨੇ ਕਿਹਾ 'ਮੈਂ ਦੁਧ ਨਹੀਂ ਪੀਣਾ ਮੈਂ ਪਾਣੀ ਪੀਣਾ ਹੈ ਮੈਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੀ ਪਿਆਸ ਲਗੀ ਹੈ'। ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਕਿ ਦਰਅਸਲ ਪਾਣੀ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਘਰ ਵਿਚ ਹੈ ਨਹੀਂ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਗੁੜਗਾਵਾਂ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਦੁਧ ਦੀ ਤਾਂ ਕਮੀ ਨਹੀਂ, ਦੁਧ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਬਹੁਤ ਹੈ ਪਰ ਉਥੇ ਪੀਣ ਦਾ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ। ਇਸ ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਹੋਰ ਵੀ ਕਈ ਇਲਾਕੇ ਹਨ ਜਿੱਥੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਬੜੀ ਦਿੱਕਤ ਹੈ। ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਪੀਣ ਦੇ ਪਾਣੀ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਫੇਰ ਸਾਨੂੰ ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਉਥੇ ਦੇ ਵਸਣ ਵਾਲੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਰਹਿਣ ਸਹਿਣ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਕਰਨਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮਿਆਰ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਕਰਨਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਿੰਜਾਈ ਲਈ ਪਾਣੀ ਦੇਕੇ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਥੇ ਜਿਹੜੀ ਬੜੀ ਲੰਬੀ ਚੌੜੀ ਜ਼ਮੀਨ ਐਵੇਂ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ, ਉਸ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਦੇਕੇ, ਬਿਹਤਰ ਬਣਾ ਕੇ ਉਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਵਸਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇਸੇ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਸਾਡਾ ਨਿਸ਼ਾਨਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਰੇ ਮੁਲਕ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਕ ਪੱਧਰ ਤੇ ਲੈ ਆਉਣਾ ਹੈ ਉਹ ਨਿਸ਼ਾਨਾ ਵੀ ਪੂਰਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਹੋਰ ਕੋਈ ਸਾਧਨ ਹੈ ਹੀ ਨਹੀਂ ਜਿਸ ਨਾਲ ਉਹ ਆਪਣਾ ਰੋਜ਼ਗਾਰ ਕਰ ਸਕਣ ਅਤੇ ਆਪਣੇ ਰਹਿਣ ਸਹਿਣ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਕਰ ਸਕਣ। ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਲਫ਼ਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਸ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਦੀ ਪੁਰਜ਼ੋਰ ਤਾਈਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਆਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਕੂਮਤ ਇਸ ਪ੍ਰਾਜੈਕਟ ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਨਾਲ ਸਿਰੇ ਚਾੜ੍ਹੇਗੀ ਅਤੇ ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਡਰ ਮੇਰੇ ਕਈ ਸੱਜਨਾਂ ਨੇ ਜ਼ਾਹਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਤੋਂ ਜਿਹੜੇ ਨਵੇਂ ਮੰਤ੍ਰੀ ਆਏ ਹਨ ਉਹ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਨਾਲ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਬਰਤਾਵ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਇਸ ਸ਼ਕ ਨੂੰ ਵੀ ਇਸ project ਨੂੰ ਛੇਤੀ ਨਾਲ ਪੂਰਾ ਕਰ ਕੇ ਦੂਰ ਕਰੇਗੀ। ਨਾਲ ਇਹ ਗੱਲ ਵੀ ਸਾਬਤ ਕਰੇਗੀ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਤੋਂ ਆਏ ਲੋਕ ਸਭ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ਼ ਦੀ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਵੇਖਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਨਸਾਫ਼ ਕਰਦੇ ਹਨ।

श्री मंगल सैन (रोहतक) : सभापति महोदय, ग्राज सदन के समक्ष जो प्रस्ताव रखा गया है, वह यह है कि गुड़गांव को, जो हमारे प्रदेश का पिछड़ा हुग्रा ज़िला है, उसके कुछ क्षेत्र को पानी देने के लिए Gurgaon Canal Project के नाम से जो project बनने जा रही है, उस को top priority दी जाए ग्रौर जो extremely backward area है उसकी उन्नति तथा उस की प्रगति का प्रबन्ध किया जाए। ग्रध्यक्ष महोदय, सदन में बैठे २ उस ज़िले के सम्मानित सदस्यों के विचार सुनने का ग्रवसर मिला ग्रौर इस प्रस्ताव के प्रस्तावक की, जो सम्भवतः उस चुनाव क्षेत्र से चुन कर ग्राए हैं, सारी बातें सुन कर ऐसा लगा कि कहीं यह बात तो नहीं कि जिस जनता ने उन्हें बारम्बार मत दे कर यहां भेजा ग्रौर यह उन का विश्वास पूरा न कर पाए तो इस ग्रन्तिम बार उन के विश्वास प्रकट करने पर उन की ग्रांखों के ग्रांसू पोंछने के लिए यह प्रस्ताव यहां ले ग्राए। ग्रौर साथ ही समर्थन करने वाले महानुभाव,

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जिन्होंने अपने विचार प्रकट करते समय धमकियां दी हैं, जिन पर जनता बारम्बार विश्वास करती है, लेकिन यह सम्मानित सदस्य इस प्रकार के हैं कि उस जिले के लिए कुछ भी नहीं कर पाते तो भी . . . .

सभापति महोदय : आप resolution के मुतअल्लिक ही बोलें। (The hon. Member may please speak on the resolution only.)

श्री मंगल सैन : सभापति महोदय, मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हरियाने का सारा इलाका ही पिछड़ा हुआ है और यह गुड़गांव का क्षेत्र तो बिल्कुल ही पिछड़ा हुआ इलाका है। इस का सब से बड़ा दोष यह रहा है कि 1857 में भारत माता की आज़ादी के लिए रेवाड़ी और बल्लभगढ़ इत्यादि के लोगों ने अंग्रेज़ों को हिन्दुस्तान से खदेड़ने के लिए आन्दोलन खड़ा किया था। (तालियां) जिस के परिणा मस्वरूप बल्लभगढ़ के राजा को चांदनी चौक के चौराहे पर सूली पर चढ़ाया गया था। इस-लिए अंग्रेज़ ने इन लोगों को जानबूझ कर पिछड़े हुआ रखा। अंग्रेज़ यह भी समझता था कि यदि राजधानी को सुरक्षित रखना है, या चैन से शासन करना है तो surrounding area backward हो, वहां की जनता राजनैतिक दृष्टिकोण से पिछड़ी हुई हो, वह चेतन न हो, वह politically conscious न हो। इसलिए उन्होंने जानबूझ कर इन को पिछड़े हुए रखा और वह इलाका कई वर्षों तक पिछड़ा हुआ चला आया। देश में स्वतन्त्रता आने के बाद वहां की जनता ने समझा कि अब हमारे भी दिन पलटेंगे, हमारी अवस्था में भी कुछ न कुछ सुधार होगा। पहले भी हमारे इलाके के महबूब नेता सर छोटू राम ने इस इलाके की प्रगति के बारे में विचार किया लेकिन शासन अंग्रेज़ का था वह बेचारे क्या करते उनका बस नहीं चलता था। परन्तु मुझे कहते हुए कष्ट होता है कि अंग्रेज़ के चले जाने के पश्चात् जब शासन कांग्रेस के हाथ में आया, जो आज भी उसी दल के हाथों में है, उस ने सत्ता के ऊपर बैठे हुए आपसी party बाज़ी के अन्दर आ कर उस इलाके को जानबूझ कर पिछड़े हुआ रखा है। उस इलाके को प्रसन्न करने के लिए जो राजनैतिक तौर पर जागरूक है हरियाने के इलाके को backward रखा। इस इलाके की ग़रीब जनता, मजदूर, किसान और छोटे दुकानदार के लिए कुछ नहीं किया। अगर बजट में कोई बात की भी गई है तो केवल उन्हें झांसा देने और उन का मन बहलाने के लिए ही की गई है और आज जो उन के नेता बनते हैं और बड़ी २ बातें कहते हैं, मैं उन से पूछना चाहता हूं कि वह भी तो मन्त्रिमण्डल के सम्मानित सदस्य रहे हैं, उन के हाथों से उन लोगों के लिये क्या हुआ है। अध्यक्ष महोदय, बात सीधी है कि हरियाने की जनता के लिए कुछ नहीं किया गया और सच्ची बात तो यह है कि जो formula बनाया गया है—कहा जाता है कि यह जनता की बहबूदी के लिए है—इस से उस इलाके को कोई फायदा नहीं है और हम तो कहेंगे कि पंजाब सरकार इस formula को खत्म कर के उस इलाके को बैकवर्ड declare करे . . .

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

सरदार उमराओ सिंह : On a point of order, Sir. जनाब, इस में Regional Formula का तअल्लुक नहीं है, यह relevant नहीं हैं।

Mr. Chairman : This is no point of order.

श्री मंगल सैन : तो मैं यह कहना चाहता हूं कि उस इलाके की प्रगति के लिए आवश्यक है कि गवर्नमेंट revenue का कम से कम 40 प्रतिशत हिस्सा इस के लिए रखे। यह Canal Project ओखला से शुरू हो कर बल्लभगढ़ और नूह की तरफ जाएगा और उस इलाके की ज़मीन को सैराब करेगा। जैसा कि अभी राओ अभय सिंह जी ने बताया है कि किसान कितनी मुशक्कत से बंजर धरती को सैराब करता है इस लिए उस की इस परेशानी को दूर करने के लिए हमें Canal Project को top priority देकर पूरा करना चाहिए। जैसा कि मैंने कहा; यह बहुत ही पिछड़ा हुआ इलाका है, खाने को रोटी, पहनने को कपड़ा लोगों के पास नहीं। लोग अपने बच्चों की शिक्षा का प्रबन्ध नहीं कर सकते। क्यों? इसलिए कि वहां के लोगों का जीवन-यापन और उदर-पूर्ति का सहारा खेती-बाड़ी है और जब खेती को पानी न लगे तो उस से आय क्या होगी, और, जैसा कि, सभापति महोदय, मेरे मित्रों ने पहले कहा है, उस इलाके में किसी प्रकार का उद्योग भी नहीं है कि जिस से वे लोग अपना निर्वाह कर सकें या जिससे उन्हें कोई रोज़गार मिल सके। इस लिए मैं तो कहूंगा कि इस project को top priority देने का भी प्रश्न नहीं है, बल्कि सरकार को हर दूसरे इलाके की development को छोड़ कर इस मामले को सब से पहले हाथ में लेना चाहिए और पूरा करना चाहिए जिस से किसान को पानी मिले और वह हल जोते, खेती हो, अनाज मण्डी में आए और व्यापार बढ़े। तो, सभापति महोदय, मैंने एक ही निवेदन करना है कि इस प्राजैक्ट को जल्दी से जल्दी मुकम्मल किया जाए वरना जैसे एक सम्मानित सदस्य ने धमकी दी है कि चौधरी साहिब को सोचना पड़ेगा, cause ढूंढने पड़ेंगे जैसे कि रोहतक ज़िले के लिए cause ढूंढने पड़ रहे हैं। तो मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अब पहले की तरह दरबार लगा कर जनता के केवल आंसू पोंछने वाली बात ही न की जाए। एक मित्र ने पैप्सु से आए वज़ीर की प्रशंसा की कि वह वचनों के बड़े पक्के हैं तो हम भी उन के बारे में ऐसा अनुभव करना चाहते हैं कि जो बचन दिए गये हैं वे पूरे किए हैं कि नहीं, ऐसा न कह दिया जाए कि अगली 5 वर्षीय योजना में रख दिया गया है या उस से भी अगली योजना में रखा जाएगा। ऐसा न कर के यह काम जल्दी से जल्दी होना चाहिए। इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री कुन्दन लाल (फिरोज़पुर) : मोहतरिम चेयरमैन साहिब, मैं इस प्रस्ताव की ताईद करने के लिए खड़ा हुआ हूं जिस पर बहस चल रही है। मेरी राए में गुड़-गांव के जिन भाइयों ने यह प्रस्ताव पेश किया है, उन्होंने सिर्फ़ गुड़गांव की आवाज़ को ही बलन्द नहीं किया बल्कि सारे पंजाब के पिछड़े हुए इलाकों की निडरता को जगाने की कोशिश की है।

Original with; Punjab Vidhan Sabha Digitized by; Panjab Digital Library

मैं समझता हूं कि गुडगांव को आज से नहीं बल्कि पिछले इतने अरसे से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है जितनी कि हम में से बहुत से मैम्बरान की उमर है। पिछले तीस साल से यह चीज़ चली आ रही है। Gurgaon में पानी के लिए नहरें नहीं हैं। यहां पर Gurgaon Canal Project को top priority दी जाने के लिए जो Resolution पेश किया गया है और जैसा कि मुझ से पहले मेरे दोस्तों ने कहा है, इसे आज से नहीं, बहुत अरसा पीछे से कहा जा रहा है। इस सिलसिले में सर छोटू राम से लेकर हमारी सरकार हर साल और हर मुकाम पर कई वादे करती रही है। आज इस resolution को पास करके हम वही वादे दोहराने लगे हैं। जो हम पीछे कहते रहे हैं उसे याद करने जा रहे हैं। चेयरमैन साहिब, हम आपकी विसातत से गवर्नमेंट के कानों तक वह बात पहुंचाना चाहते हैं जो उन्हें भूली हुई नहीं है। हम हर साल और हर मुकाम पर लोगों से वादे करते रहे हैं कि पानी दिया जाए और अपने किए हुए वादों को पूरा न करना न गवर्नमेंट के लिए creditable होता है और न जनता का वसफ़ होता है। गुड़गांव का इलाका पिछड़ा हुआ है। इस हाऊस के सब मैम्बर साहिबान ने, चाहे वह मुखालिफ बैंचों पर हैं या Government Benches पर, गुड़गांव को पिछड़ा हुआ इलाका माना है, इसलिए इसे पहली ही नज़र से आगे ले जाने की ज़रूरत है। इस बात के लिए सारे हाऊस को मुसर्रत है कि गवर्नमेंट इस resolution के ज़रिये इस पिछड़े हुए इलाके को आगे ले जाने के लिए तैयार है। आज गुड़गांव के इलाके की पिछड़ी हालत नज़र आ रही है तो कल दूसरे इलाकों की भी आएगी। यह इलाका चाहे किसी कारण से पिछड़ा हुआ हो, 1857 के गदर के कारण या आज़ादी की जदोजहद में भाग लेने के कारण या फिर अंग्रेज़ के इन्तकाम लेने के कारण पिछड़ा रह गया हो, आज हमें खुशी है कि इसे पिछड़ा हुआ सब ने तसलीम किया है। और इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि गुड़गांव बाकी के पंजाब से पीछे है और जब हम पीछे कहते हैं तो हमारी यह मांग हो जाती है कि इस इलाके को आगे ले जाने के लिए कार्रवाई की जाए। आज हम गुड़गांव के मुतअल्लिक इस हाऊस में एक आवाज़ हैं, और अगर आज हम गुड़गांव को आगे ले जाने की कोशिश करते हैं तो यह इस बात की दलील हो जाती है और फैसला हो जाता है कि यह हाऊस गुड़गांव के लिए मुतफ़िक है। आज इस हाऊस में पंजाब की एक मुश्तरका आवाज़ है, एक मुश्तरका spirit है। आज जिस spirit से यह हाऊस गुड़गांव के मामले पर विचार कर रहा है इसी spirit से पंजाब के हर इलाके के बारे में हम सब सोचने की कोशिश करेंगे। इसलिए जो मैम्बर इस resolution के mover हैं वह हमारी मुबारिकबाद के मुस्तहिक हैं। उन्होंने हम लोगों को और माननीय मैम्बरों को अपने-अपने इलाके के मुतअल्लिक सोचने की दावत दी है। मैं समझता हूं कि गुड़गांव के अन्दर जो चीज़ है वह पंजाब के अन्दर, हो सकता है, किसी और इलाके में भी हो। आज जो हम ने नई नहरें

4.00 p.m.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री कुन्दन लाल]
निकाली हैं पंजाब के अन्दर और बहुत से काम किए हैं खेतों को सैराब करने के लिए, इन चीज़ों में गुड़गांव को भी बराबर लाना ज़रूरी है ।

आज, चेयरमैन साहिब, हरियाना से लेकर बड़े-बड़े इलाकों तक पानी लाया जा रहा है जिस से इस इलाके में कुछ न कुछ हरे खेत नज़र आते हैं इसलिए यह ज़रूरी है कि गुड़गांव के खेतों को भी हरा-भरा करने के लिए इस स्कीम को चालू किया जाए। Central सरकार भी इस चीज़ को मानती है कि यह इलाका पिछड़ा हुआ है। इस लिए मैं इस resolution की ताईद करता हूं और इसकी पुरज़ोर support करता हूं । गुड़गांव के मुतअल्लिक जो resolution पेश किया गया है वह इस बात की दलील है और इस बात की ज़मानत है कि जहां तक अंग्रेज़ हकूमत के सामने का सवाल था या आज तरक्की का सवाल है पिछड़े हुए लोगों को आगे ले जाने का सवाल है, सब मैम्बरान की तमन्ना है कि यह पास हो। इसकी सारे हाऊस ने ताईद की है । इसलिए यह इतेफाक राए से पास होना चाहिए। इस के पास हो जाने के बाद हमारे गवर्नमेंट पर शक नहीं रहेगा कि सरकार Gurgaon जैसे पिछड़े इलाके की तरफ तवज्जुह नहीं देती । हमें भरोसा है, भरोसा ही नहीं, यकीन है कि न सिर्फ सरकार तवज्जुह देगी बल्कि तवज्जुह देकर हम मैम्बरान को यह कहने का हक्क देगी, मौका देगी कि हम लोगों ने जो गवर्नमेंट के कानों तक resolution के ज़रिये आवाज़ पहुंचाई थी उसे गवर्नमेंट ने सुन कर मान लिया है । इन शब्दों के साथ मैं फिर इस resolution को support करता हूं और आशा करता हूं कि आज जिस spirit से और जिस तरह इलाकाई विचारों से ऊपर उठकर हाऊस के हर section ने इस resolution को support किया है, यह इस बात का सबूत है कि हरेक मैम्बर और भी किसी पिछड़े हुए इलाके को support करेगा और किसी भी undeveloped और backward area को develop करने के लिए हर वक्त तैयार रहेगा । इसलिए मैं आशा करता हूं कि इस resolution के ज़रिये जो आवाज़ सरकार तक पहुंचाने की कोशिश की है गवर्नमेंट उसे मान लेगी।

राम्रो अभय सिंह : On a point of order, Sir. जनाब चेयरमैन साहिब, मैंने इस resolution पर amendment दी हुई है मुझे अभी नोटिस मिला है इस लिए मुझे बोलने की इजाज़त दी जाए ?

सभापति महोदय : नोटिस तो आप ने दिया हुआ है आप कहते हैं नोटिस अभी आपको मिला है । This is no point of order. (The hon. Member has himself given notice of the amendment but he says that it has been received by him just now. This is no point of order.)

राम्रो अभय सिंह : जनाब, मेरा मतलब यह है कि मेरी जो amendment है यह admit होकर मुझे अभी मिली है इसलिए इसे पेश करने की इजाज़त दी जाए ।

Mr. Chairman: It is not in time. Besides, the hon. Member has already spoken on the resolution.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री निहाल सिंह (महेन्द्रगढ़) : यह जो resolution चौधरी भूले राम की तरफ से पेश किया गया है इसकी मन्शा यह है कि Gurgaon का जो ज़िला पसमांदा है और जो पीछे रहा हुआ है, उस इलाके में पानी किसी न किसी तरह दिया जाए, ताकि वहां के लोगों की जो दिक्कतें हैं, आज कल जिस ढंग से हम तरक्की कर रहे हैं उस को सामने रखते हुए वे दिक्कतें दूर हो जाएं। आज हम जिस ढंग से इलाकों को तरक्की देना चाहते हैं उस के लिए यह बहुत ज़रूरी है कि खेती-बाड़ी के सिलसिले में पानी की पूरी बहुतात हो।

जहां तक ज़मींदार की ज़रूरत है उसे पूरी काश्त करने के लिए पानी ही पानी मिलना चाहिए। आज यह जो मांग की गई है कि Gurgaon Canal Project स्कीम को दूसरी स्कीमों पर तरजीह दी जाए तो सब से ज़रूरी इस स्कीम को समझा जाए। इसके बारे में अर्ज़ है कि गवर्नमेंट की तरफ से इस की तरफ पूरी तवज्जुह दी जाये इस बात की बहुत ज़रूरत है। हमें इस बात की खुशी है कि भाखड़ा डैम तैयार हो रहा है, नहरें निकाली जा रही हैं और आबपाशी के लिए पंजाब के मुख्तलिफ़ हिस्सों में मुख्तलिफ़ किस्म की सहूलतें दी जा रही हैं, कहीं पर नहरें हैं तो कहीं पर ट्यूब-वैल लगाए जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में यह भी आवश्यक है कि जहां पर भाखड़ा की नहर नहीं जा रही है और आबपाशी की इस तरह की सहूलतें नहीं हैं वहां जो किसान अपनी ज़मीन काश्त करता है वह दूसरे किसान का मुकाबला कैसे कर सकता है। जो किसान आबपाशी की सारी सहूलतें लेता है वह सस्ते दामों काश्त कर सकता है और अनाज भी सस्ते दामों पैदा कर सकता है परन्तु दूसरी तरफ़ जो ज़मींदार है, जिस के इलाके में अभी तक कोई पानी की सहूलत नहीं और आबपाशी के साधन नहीं, वह कैसे पहले किसान को compete कर सकता है। ऐसे किसानों को तशवीश हो रही है कि वह किस तरह दूसरों से compete करेंगे। इसलिए इन चीज़ों को निगाह में रख कर यह ज़रूरी है कि उन इलाकों में जहां यह सहूलतें मुयस्सर नहीं, सस्ते दामों आबपाशी की सहूलतें मुयस्सर की जाएं। इन बातों को मद्देनज़र रखते हुए यह तजवीज़ पेश की गई है, इस resolution के ज़रिये, कि इस स्कीम को top priority दी जाए। यह dry इलाका है, इस को दूसरे इलाकों के level पर लाना है जहां कि आबपाशी की सहूलतें बहुत अधिक हैं।

दूसरी वजह इस स्कीम को priority देने की यह है कि जहां हम लोगों के रहन-सहन के ढंग को ऊंचा ले जा रहे हैं वहां इस इलाके के standard of living, रहन सहन के ढंग को हम आज बहुत नीचा देख रहे हैं। यह backward इलाका है। यहां के लोगों की आमदनी उधर के लोगों की आमदनी के मुकाबला में बहुत कम है। इस इलाके में दूसरे इलाकों के मुकाबला में irrigation facilities बहुत कम हैं और पानी बहुत कम है। इस कमी को दो तरीकों से पूरा किया जा सकता है— या तो industry हो या irrigation facilities हों। जहां तक industry का ताल्लुक है वह गुड़गांव में नहीं है। इसके बाद दूसरी चीज़ रह जाती है irrigation facilities की। अगर irrigation schemes के अधीन facilities

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री निहाल सिंह]

दी जाएं तो इस इलाके की तरक्की हो सकती है । ज़्यादा से ज़्यादा irrigation facilities देने से ही यह इलाका तरक्की कर सकता है जिस के लिए ही यह स्कीम तैयार की गई है ।

इसके साथ साथ, चेयरमैन साहिब, मैं ने इस Resolution पर amendment भी दी है। इस amendment की रू से मैं ने यह चाहा है कि यह स्कीम extend की जाए । इस amendment से मेरा मतलब यह है कि इस Gurgaon Canal Project को और इलाकों तक extend किया जाए । अगर सरकार यह अनुभव करती है कि गुड़गांव एक पिछड़ा हुआ इलाका है तो महेन्द्रगढ़ का इलाका उस से भी अधिक पिछड़ा हुआ है । इसलिए इस स्कीम को extend कर के पूरा किया जाए ताकि जहां-जहां आबपाशी की पर्याप्त सहूलतें नहीं वहां अधिक सहुलतें प्राप्त हो सकें । महेन्द्रगढ़ इस ज़िले का पड़ौसी इलाका है । इस लिए जैसा कि इस Resolution का मन्शा है कि backward इलाके को तरक्की दी जाए, तो इस इलाके को भी ध्यान में रखा जाए ताकि सब पिछड़े हुए इलाके तरक्की कर सकें । मेरा मतलब यह है कि amendment जो मैं ने दी थी उसके मुताबिक मेरा मन्शा Mohindergarh में नहर ले जाने का नहीं था बल्कि वहां दीगर irrigation facilities देने का था ।

फिर, चेयरमैन साहिब, मुझे यह भी बताया गया है कि मेरी यह amendment out of order करार दी गई है, पर मुझे यह मालूम नहीं कि मेरी amendment Engineering point of view से out of order करार दी गई है या इस लिए कि यह रूल्ज़ के मुताबिक नहीं थी । अगर यह रूल्ज़ के मुताबिक नहीं थी तो कोई बात नहीं । अगर यह Engineering point of view से out of order कर दी गई है तो इस का मुझे बड़ा ही अफसोस है । पंडित श्री राम शर्मा जी ने कहा था कि हम ने कई वज़ीर साहिबान को वह इलाका दिखाया है और जब भी हकूमत का कोई वज़ीर इस सिलसिले में गुड़गांव गया तो हर एक ने कहा कि हम गुड़गांव कैनाल प्राजैक्ट को ज़रूर कामयाब बनायेंगे । उन्होंने इस किस्म के बार-बार वादे किये । लेकिन आज तक इनको पूरा नहीं किया गया । लेकिन हमारे सरदार ज्ञान सिंह जी जोकि पैप्सू में मुख्य मंत्री रह चुके हैं उनके मुतअल्लिक मैं कह सकता हूं कि वह हमेशा backward areas का ख्याल रखते रहे हैं, क्योंकि वह यह अच्छी तरह से जानते हैं कि महेन्द्रगढ़ के लोगों के पास कोई आमदन का ज़रिया नहीं है । इस सिलसिले में मैं एक मिसाल पेश करना चाहता हुं जिस से ज़ाहिर होगा कि उनके दिल में पसमांदा लोगों के लिए कितना ख्याल रहता है । मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जब उनके हाथ में कोई काम होता है तो उसके करने में वह सब से ज़्यादा तरजीह पसमांदा इलाके के लोगों को देते हैं । (*Hear, hear*) जब पैप्सू में उनको चीफ मिनिस्टर बनने का मौका मिला तो उन्होंने देखा कि पसमांदा लोग ज़्यादा तर ज़िला महेन्द्रगढ़ में आबाद

Original with:
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by:
Panjab Digital Library

हैं इसलिए उन्होंने अपनी Cabinet में 90 प्रतिशत representation वहां के लोगों को दी । उस वक्त 6 वज़ीरों में से 5 वज़ीर सिर्फ़ हमारे इलाके को represent करते थे।

सरदार भूपेन्द्र सिंह मान : मिस्टर चेयरमैन, यह नहर चाहते हैं या मिनिस्टरी चाहते हैं।

श्री निहाल सिंह : मेरा मक्सद यह है........

सभापति महोदय : आपका मक्सद तो पूरा हो गया । आप resolution पर आयें । (The object of the hon. Member has been achieved. He should now come to the resolution.)

श्री निहाल सिंह : मेरा मक्सद है कि अब उनके हाथ में नहर विभाग का काम है और बिजली विभाग का काम है इस लिए वह इसमें भी हमारे इलाके की पूरी तरह से इमदाद करेंगे । क्योंकि हमारा area एक बड़ा backward area है इस लिए वह किसी के लिए शिकायत करने की गुंजाइश नहीं छोड़ेंगे और इस इलाके की स्कीमों को दूसरे इलाकों की स्कीमों की निसबत priority दी जायेगी । यह बेहतर होगा कि अगर उस इलाके को ज्यादा मिकदार में बिजली और पानी दिया जाये ।

सभापति महोदय : आप महेन्द्रगढ़ का सवाल छोड़ें । यह Resolution तो ज़िला गुड़गांव के मुतअल्लिक है । (The hon. Member may leave the question of Mohindergarh District. This resolution relates to the district of Gurgaon.)

श्री निहाल सिंह : जनाब मैं अर्ज़ कर रहा था कि अगर गुड़गांव scheme को महेन्द्रगढ़ तक बढ़ा दिया जाये तो यह एक ही स्कीम बन जायेगी । इसलिए मैं अर्ज़ करूंगा कि इस रैज़ोल्यूशन में अमैंडमैंट ला कर इस Project को बढ़ा कर महेन्द्रगढ़ के इलाके में भी पानी पहुंचाने की कोशिश की जाये।

Sardar Bhupinder Singh Mann : Mr. Chairman, Sir, in view of the unanimity on this Resolution from the various sections of this House, may I seek your permission to move the closure motion ?

Rao Abhai Singh : Sir, I want to move my amendment.

Mr. Chairman : I have already over-ruled that point. It cannot be moved.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, I move the closure motion.

Mr. Chairman : Your closure motion is not in order.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, I draw your attention to the amendment standing in the name of Rao Abhai Singh about the Tube-well Irrigation Scheme in Rewari Sub-Division. May I know, Sir, whether it has been taken as moved or he will be called upon to move it ?

Mr. Chairman : Under rule 108, he can only be called once and so he was called but he did not move it. I have already decided that point.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, it means that this amendment has not been taken as moved.

Rao Abhai Singh : It is not my fault, Sir.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Sardar Bhupinder Singh Mann : May I draw your attention to the Rules of Procedure ? I find that very often the Rules are honoured more in their breach than in their observance. Sir, notice of an amendment should be circulated by the office of the Speaker well in advance. It was rather a surprising thing for me that right in the middle I received an Order Paper containing that amendment. May I know, Sir, whether the Member concerned or the office of the Speaker is at fault in this case ?

Mr. Chairman : It is the fault of the Member. He ought to have given notice of it two days earlier. He raised this point before the Speaker and the Speaker told him at that time that it had been received late. He stood up and spoke. He should not have spoken at that time. My ruling was to the same effect. It means that I have not permitted him to move the amendment because two days' notice was not there.

चौधरी लहरी सिंह (गनौर) : साहिबे सदर, अभी तक गुड़गांव के M.L.A. साहिबान ने इसी बात पर ज़ोर दिया है कि उनके इलाके के लिए जब फलां वज़ीर बने या जब फलां शख्स की Government बनी तो उस ने पानी देने की schemes बनाईं, वादे किये जोकि पूरे नहीं हुए । उनको यह बात मालूम होनी चाहिए कि गुड़गांव का जो इलाका है इसमें सिवाय दरियाए यमुना के और कोई दरिया नहीं बहता । मगर इस दरिया में इतना पानी नहीं है कि तमाम इलाके को आबपाशी के लिए पानी दिया जा सके । चौधरी छोटू राम के टाईम में भी यह scheme थी बल्कि वह रेवाड़ी तक की थी । रेवाड़ी भी एक खुश्क इलाका है, मगर M. L. A. साहिबान ने रेवाड़ी का नाम तक नहीं लिया । लेकिन इस नहर को पलवल की नहर तक ले पहुंचे हैं । मैं पूछता हूं कि क्या रेवाड़ी का इलाका खुश्क नहीं है । मैं अर्ज़ करनी चाहता हूं कि इस इलाके को सैराब करने के लिए Unionist Government ने भी कई Schemes तैयार की थीं और कहा था कि एक भाखड़ा डैम बनाया जाये और दरियाए यमुना पर एक डैम बना दिया जाये और इस तरह गुड़गांव के इलाके को और रेवाड़ी को पानी दिया जाये । लेकिन जब चौधरी साहिब गुज़र गये तो यह Scheme मुलतवी हो गई । इस के बाद हमारे देश का बटवारा हो गया । हमारे finances भी उस वक्त कमज़ोर थे, इस के साथ ही भाखड़ा का काम भी शुरू हो गया था। यह इतनी भारी Scheme है जिस के ऊपर 150 करोड़ रुपया खर्च किया जाना है । यह पानी देने की इतनी भारी Scheme है कि जरा मैम्बर साहिबान अपने दिलों को टटोलें कि जब भाखड़ा डैम तैयार हो जायेगा और उधर गुड़गांव प्राजैक्ट में जो 60 लाख का डैम तैयार करने की Scheme है जिस का survey हो चुका है, जब यह Schemes कामयाब हो गईं तो यह जो गुड़गांव, रेवाड़ी और झज्जर के जो इलाके हैं यह सब सैराब किये जा सकेंगे । दूसरी बात यह है कि अगर किसी वजह से इस Scheme के पूरा होने में देरी भी हो जाए तो वहां ओखला डैम का पानी इस्तेमाल किया जा सकता है । अगर इस से भी पानी की कमी महसूस हो तो मैं अर्ज़ करूंगा कि यहां Tube-wells लगा कर इस पानी की कमी को पूरा किया जाये मगर मैं समझता हूं कि

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

इस में देर लगाने का सवाल ही नहीं है। काम तो पहले ही से बड़ी तेज़ी के साथ हो रहा है। जो काम भाखड़ा पर 1959 में पूरा होना था वह 1954 में मुक्कमल हो गया था।

रेवाड़ी के मुतअल्लिक मैं अर्ज़ कर दूं कि एक Scheme तैयार की गई थी जो कि किदवाई साहिब की सदारत में जब एक दरबार हुआ था, जिस में M.P.s, M.L.A.s और बड़े २ experts भी शामिल थे, उस वक्त यह announce की गई थी। गुड़गांव प्राजैक्ट के मुतअल्लिक मैं अर्ज़ कर दूं कि इसमें बहुत मुश्किलात हैं, मगर रेवाड़ी के मुतअल्लिक कोई ऐसी रुकावट आने वाली नहीं है जिस की वजह से इस मामले को खत्म किया जाये। लेकिन गुड़गांव की Schemes को Central Government finance कर रही है। इस पर तकरीबन 18-20 लाख के करीब रुपया खर्च होगा। मगर यह loans की शक्ल में उतना ही मिलेगा जितना justified होगा। इसमें यह भी अन्दाज़ा लगाया जायेगा कि जितने रुपये इस पर खर्च हों उसी हिसाब से उस से income हो। यह Scheme 1956 के बजट में रखी गई थी। उसमें लिखा था कि अगर सैंट्रल गवर्नमेंट इसको approve कर दे—उसमें 'अगर' और 'approval' के लफ़ज़ थे। यह approval सब से पहिले 1955 में ली गई लेकिन अब सैंट्रल गवर्नमेंट कहने लगी है कि हम इसको approve नहीं करते और यह भी, वहां पर provincialism के बेसिज़ पर कहा गया है कि सारा रुपया पंजाब में लगा है और दूसरी जगहों पर बहुत कम लगा है। तो मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि गुड़गांव कैनाल को कामयाब करने के लिए दो स्कीम्ज़ आपके सामने हैं। मैंने तो एक स्कीम आपके सामने रखी जिसका ताल्लुक ओखला से है। इसके लिए यू. पी. गवर्नमेंट से यह फैसला हो चुका हुआ है कि वह पूरी फैसिलिटीज़ देंगे और कैनाल पूरी होगी। लेकिन वहां पर तो सवाल justification का था। मैं यह कहना चाहता हूं कि आप किसी प्रकार सैंट्रल गवर्नमेंट को satisfy कर लें कि जो मुश्किलात सैंट्रल गवर्नमेंट बतलाती है वह आसानी से दूर हो सकती है, क्योंकि बल्लभगढ़ के लोग और मिओज़ के इलाके के लोग voluntarily labour देने के लिये तैयार हैं। अगर इस बात के लिए सैंट्रल गवर्नमेंट इन्कार करे और आप इस प्राजैक्ट को justify न कर सकें तो मैं यकीन दिलाता हूं कि आप पंजाब की पब्लिक को face नहीं कर सकेंगे। मैंने जैसा कि बतलाया कि अगर इस वजह से यह गुड़गांव के नाम justify न होती हो कि कुछ लाख रुपये की ज़रूरत है जो इसके construction में खर्च होगा तो मैं यकीन दिलाता हूं कि इसके लिये वहां की पब्लिक voluntary labour देने के लिए तैयार है। आप कोशिश कीजिए और discourage न हों। मैं फिर इस बात को कहना चाहता हूं कि वहां की पब्लिक, डिप्टी-कमिश्नर और M.L.A. साहिबान ने यह विश्वास दिलाया था कि वे voluntary labour और contribution तक देने के लिये तैयार हैं। यह सिर्फ फर्ज़ी लैक्चर नहीं है,

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी लहरी सिंह]
यह हमारी ठोस तजवीज़ है । और मैं आपको पूरा यकीन दिलाता हूं कि आप इस स्कीम को justify कराने के लिये जो भी वायदे दे कर आएंगे, उनको हम पूरी तरह निभाएंगे ।

एक इंजीनियर मिस्टर लाम्बा, S. E. हैं उन्होंने अपनी तजवीज़ दी कि इसमें tunnels बनाई जायें। चूंकि दिल्ली प्रापर में पानी की कमी है और जो पानी है वह गंदला है इसलिए अगर इस स्कीम के तहत tunnels बनाई जाएं तो इस गुड़गांव कैनाल से हम पानी सप्लाई कर सकते हैं, इसका share central गवर्नमेंट अदा करे । मैं समझता हूं कि लाम्बा साहिब की तजवीज़ बड़ी माकूल है। यह scheme, flow की होगी, lift की नहीं होगी । यह हो सकता है कि इस में थोड़ी देर हो जाए पर यह तजवीज बहुत माकूल है । अगर आप खोदने की मुश्किल समझते हों तो मैं आप को बतलाता हूं कि पंजाब के इंजीनियर्स ऐसे हैं कि वह सारी कैनाल रातो रात ही खोद देंगे ।

यह बजट में दिया हुआ है कि यह स्कीम approve नहीं हुई । यह approval देना Central Government का काम है । और यह सिर्फ एक प्राविंस के लिए ही नहीं है । उन्होंने एक पैमाना रक्खा हुआ है जो कि सारे प्रांतों के लिए है कि किसी स्कीम को कामयाब करने में जो रुपया खर्च हो उसका कम से कम interest तो वसूल हो ।

हम वह खर्चा उठाने के लिए तैयार हैं जितना सैंट्रल गवर्नमेंट चाहती है । मैं मिनिस्टर साहिब की तवज्जुह इस तरफ दिलाऊंगा कि वह इस के लिए पूरी कोशिश करें और यह justify नहीं होती, इस झगड़े में न पड़े रहें क्योंकि अगर आप इसी झगड़े में उलझे रहेंगे तो सैंट्रल गवर्नमेंट कभी नहीं मानेगी ।

मैं रेवाड़ी के मुतअल्लिक कहना चाहता हूं कि वहां पर पानी सप्लाई करने के लिए tube-wells लग रहे हैं । ऐसा करके आप डबल काम कर रहे हैं, ऐसा मैं समझता हूं क्योंकि एक ओर तो lift से पानी दे रहे हैं, दूसरी ओर नहर से पानी दे रहे हैं । यह ट्यूब वैल्स वाली स्कीम आप बन्द करें । और नहर की स्कीम को मुकम्मल करें । एक मिनिस्टर भी रेवाड़ी के इस कैबिनट में हैं, और वह बड़े मज़बूत मिनिस्टर हैं और यह उनसे पूरी उम्मीद है कि वह उस इलाके को अगले बजट डिस्कशन से पहिले पहिले पानी दे देंगे । मैं उनका इस काम के लिए बड़ा मश्कूर होऊंगा । मैं फिर उनकी तवज्जुह दिलाना चाहता हूं कि वह रेवाड़ी वाली स्कीम को और गुड़गांव वाली स्कीम को जल्दी से जल्दी पूरा कराएं । इस में सिर्फ मुश्किल यही है कि इस को Central Government के पास justify ही कराना है बाकी सब तैयार है । अगर वह इस काम को जल्दी से जल्दी पूरा करवा देते हैं तो उनका उस इलाके पर बड़ा अहसान होगा और उनकी नेकनामी होगी ।

Original with:
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by:
Panjab Digital Library

ਚੌਧਰੀ ਕਰਮ ਚੰਦ ਸਿਧੂ (ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਰਿਜ਼ਰਵਡ) : ਜਨਾਬ ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਗੁੜਗਾਉਂ ਵਾਸਤੇ ਇਕ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਦੀ ਬੜੀ ਖੁਸ਼ੀ ਹੋਈ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਇਕ ਹਰੀਜਨ ਐਮ. ਐਲ. ਏ. ਵਲੋਂ ਆਇਆ ਹੈ।

ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਮੈਂ ਬਜਟ ਤੇ ਬੋਲ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ uplift ਅਤੇ betterment ਵਾਸਤੇ ਕੋਈ ਖਾਸ ਕੰਮ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਉਸ ਵੇਲੇ ਮੈਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀਆਂ ਆਰਥਕ ਤਕਲੀਫ਼ਾਂ ਵੀ ਦਸਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਸੀ....

सभापति महोदय : इस वक्त तो गुड़गांव प्राजैक्ट के लिये कहें। (Now the hon. Member should speak about Gurgaon project.)

ਚੌਧਰੀ ਕਰਮ ਚੰਦ ਸਿਧੂ : ਮੇਰਾ ਭਾਵ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਅਤੇ Backward Classes ਨੂੰ ਕੁੱਝ ਨਹੀਂ ਮਿਲਿਆ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ backward area ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਗੌਰਮਿੰਟ ਨੇ ਕੁੱਛ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ।

ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਅਛੂਤਾਂ ਦੇ ਮੁਤਲਿਕ ਇਹ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਸੀ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਉਨਤੀ ਵਾਸਤੇ ਕੁੱਝ ਕੰਮ ਕਰੇ। ਲੇਕਿਨ ਉਸ ਵਕਤ ਮੇਰੇ ਹਰੀਜਨ ਭਰਾ ਜਿਹੜੇ ਕਾਂਗਰਸ ਦੀਆਂ ਟਿਕਟਾਂ ਲੈ ਕੇ ਕਾਮਯਾਬ ਹੋ ਕੇ ਆਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮੇਰੀ ਵਿਰੋਧਤਾ ਕੀਤੀ ਸੀ ਔਰ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਅਸੀਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਸਭ ਕੁੱਝ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਮਗਰ ਸਾਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕਾਂਗਰਸੀ ਮੈਂਬਰਾਂ ਦੀਆਂ ਸਪੀਚਾਂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਜੋਸ਼ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦਾ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕ ਦੋ ਰੁਪਏ ਲੈਣ ਵਾਲਾ ਦਿਹਾਤੀ ਮਜ਼ਦੂਰ ਅਪਣੇ ਮਾਲਿਕ ਦੇ ਕਹਿਣ ਤੇ ਚਲਦਾ ਹੈ ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਿਹੜੇ ਕਾਂਗਰਸ ਦੀਆਂ ਟਿਕਟਾਂ ਤੇ ਕਾਮਯਾਬ ਹੋ ਕੇ ਆਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਸ਼ਾਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਕਹਿ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਉਹ ਆਪਣੀ independent ਰਾਏ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੇ।

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ : On a point of order, Sir. ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਤਾਂ ਗੁੜਗਾਉਂ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਪੇਸ਼ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਮਸਲਾ ਲੈ ਤੁਰੇ ਹਨ।

सभापति महोदय : मैम्बर साहिब resolution पर बोलें। (The hon. Member should speak on the Resolution.)

इस के बाद मैं Damand No. 9 के मुताल्लिक कुछ कहना चाहता हूं। नहरों का मसला हमारे ज़िले में बहुत ही पुराना है। हिन्दुस्तान में सब से पहले फिरोज़-शाह तुग़लक ने यहां नहर बनाई। उस के बाद आज से 50, 60 साल पहले नहर जमन ग़रबी बनी। आप जानते हैं कि इस नहर को तीन बार चौड़ा किया गया और आज यह दरिया की शक्ल इख्तियार कर गई है और इस ने उस ज़िले में बहुत तबाही और बरबादी की है। इस नहर के साथ २ बहुत बड़े २ गांव जिन की आबादी 8, 9 हज़ार की है, आबाद हैं जहां सब ज़मींदारों वगैरह के शानदार पुख्ता मकान हैं, यह सब बरबाद हो रहे हैं। यह हाल हमारे ज़िले में ही नहीं बल्कि हांसी तहसील का गांव नारनौद जिस की आठ, दस हज़ार की आबादी है अब बरबाद हो रहा है। और भी बहुत से गांव हैं जहां की आठ २ या दस २ हज़ार की आबादी है और उन में सेम दौड़ गई है। चूंकि नहर ज़िला के दरमियान से गुज़रती है इस लिये दादुपर, जो जगाधरी तहसील में है, से इन्हीं तक सेम दौड़ गई है। चौधरी छोटू राम के time में Lower, Main, Line, में drain की स्कीम कायम की गई लेकिन वह स्कीम किसी वजह से रह गई और action में न आ सकी। इस बजट में इस के ऊपर 50 लाख रुपया खर्च होगा पांच साल के अन्दर। इस साल के अन्दर 4½ लाख रुपया खर्च होगा। मैं यह नहीं कहता कि यहां पर 50 लाख रुपया क्यों खर्च करते हैं। कसूर नाले पर 86 लाख रुपया खर्च होगा। इस साल 20 लाख रुपया खर्च होगा। पट्टी नाले के लिये 49 लाख रुपया रखा गया है, इस साल 19 लाख रुपया खर्च होगा। यहां पर जो 50 लाख का खर्च है यह तीन साल के अन्दर २ होना चाहिए। आज जो drains हमारे ज़िले में बनाई जानी हैं या बनाई जा रही हैं वह भी किसी खास वजह से हैं और वह यह कि 1948-49 में agitation की। जिस वक्त Land Utilisation Act हमारे ज़िले में लागू हुआ तो जंगलात तोड़ दिये गये जिस से अब soil erosion की बात पैदा हो गई। 1955 में floods आए। पानी तो पहले ही खड़ा रहता था मगर अब इस पानी ने न सिर्फ हमारे ज़िले को ही बल्कि ज़िला रोहतक को भी बरबाद करना शुरु कर दिया है। 1953 में चौधरी लहरी सिंह जी वहां तशरीफ ले गए और उस वक्त भी नाले का सवाल हुआ मगर पता नहीं यह क्यों न execute हो सका। 1955 में जो floods हमारे हां और दूसरी जगह पर भी आए हमारे लिये blessing in disguise साबित हुए। वजह यह थी कि वह floods अमृतसर और जालन्धर कमिशनरी में भी आए। हमारे हां तो 1947 में भी flood आया था लेकिन कौन care करता था। 1955 में flood आया और कसूर नाले ने अमतसर और बटाले में तबाही मचाई जिस की वजह से Ministry को अपनी मशीनरी move करनी पड़ी क्योंकि वहां के जो M.L.A s. थे वह power में थे। इस वजह से drains की स्कीमें चालू हुई हैं। तो इस तरह वह floods blessing in disguise साबित हुए। सारे पंजाब में 5 लाख एकड़ ज़मीन waterlogging के नीचे आ चुकी है। अगर facts and figures को सही तरीके से देखें तो अकेले करनाल ज़िले में ही ऐसी ज़मीन 3 लाख एकड़ है। इस लिये मैं कहता हूं कि उस ज़िले

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

की जो तीन लाख आबादी है उस का मसला चार पांच साल के अन्दर हकूमत के सामने आने वाला है। पहले तो इस पर गौर नहीं हुआ, अब कहते हैं कि गौर कर रहे हैं, मगर यह सारी चीज़ paper के अन्दर ही न रहे, इस को जल्दी से जल्दी execution में भी लाया जाए। ऐसी बातें जो हैं इन को politics में न लाएं। एक आदमी आता है कि हमारे हां खोदें दूसरा आता है कि हमारे हां खोदें, इसी तरह तीसरा चौथा वगैरह वगैरह। मगर इस तरह तो काम नहीं चल सकता, alignment का काम है इस में रद्दोबदल इस तरह नहीं होना चाहिए।

Floods के मुताल्लिक मैं यह कहना चाहता हूं कि दरियाए जमुना में 1955 के बाद और भी बड़ा flood आया। उस की वजह यह है कि जमुना जगाधरी की तरफ से आती है और दिल्ली की तरफ जाती है। मगर उस से पहले करनाल तहसील में से गुज़रती है। पानीपत की तहसील बाद में आती है। वाबैल का जो बांध बना है उस के ऊपर जो पानी आ गया है उस ने हज़ारों लाखों आदमियों का नुक्सान किया है। यह भी एक मसला है। इस के बाद कुन्जपुरा के ऊपर जो बांध है वह भी 1956 में टूट गया था। मैं वज़ीर साहिब को बताना चाहता हूं कि बरसात में जमुना एक तेज़ दरिया होता है और जब floods आते हैं तो यह 20,20 मील तक फैल जाते हैं। (घंटी) इस पर कम से कम पत्थर तो लगाए जाएं।

इस के बाद एक drain No. 1 है। इस के लिए कोई रुपया मन्ज़ूर नहीं किया गया। इस पर भी ग़ौर किया जाए।

जो हमारी 28 नम्बर Demand है Capital Outlay on Multi-purpose Schemes हैं उस पर 1958 तक, एक अरब 34 करोड़ रुपया खर्च होगा। (घंटी)

इस के इलावा loan वाली Demand है जिस की repayment 1962 में शुरू हो जाएगी लेकिन अभी तक हमारी गवर्नमैण्ट ने कोई sinking fund मुकर्रर नहीं किया। इस लिये मैं वज़ीर साहिब से कहूंगा कि कोई sinking fund मुकर्रर किया जाए।

चौधरी सरूप सिंह (हांसी) : स्पीकर साहिब, वैसे तो यह महकमा आज कल काफी अच्छा काम कर रहा है क्योंकि पिछले पांच सात साल में इस महकमा पर काफी रुपया खर्च किया गया है और काफी तरक्की के काम हो रहे हैं। हम देखते हैं सारी State में जगह २ नई नहरों का जाल बिछ गया है लेकिन साथ ही साथ जहां करोड़ों रुपया खर्च किया गया है वहां बहुत से problem भी इस महकमे के सामने हैं जिन की तरफ मैं वज़ीर साहिब का ध्यान दिलाना चाहता हूं।

एक problem जिस की तरफ और भी कई मैम्बर साहिबान ने ध्यान दिलाया, water logging का है। यह problem इतनी भयानक सूरत इख्तयार कर गया है कि अगर इस की तरफ हमारी सरकार का ध्यान न हुआ तो मैं समझता हूं कि जितनी तरक्की 5,7 साल में नहरें निकालने से हुई है और जितनी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी सरूप सिंह].

production में हम ने बढ़ौती की है, उस के उल्ट waterlogging काम करेगा और हमें घाटा रहेगा। आज लाखों एकड़ ज़मीन ऐसी है जो पैदावार के बिल्कुल fit नहीं है। मैं हांसी तहसील में नारनौंद के, जो आसपास का इलाका है, उस की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं। जहां पर तीन चार साल हुए waterlogging की समस्या शुरू हुई और मैं तब से ले कर हरेक session में वज़ीर साहिब का ध्यान इस तरफ दिलाता रहा। पिछले 3,4 साल में बहुत से Chief Engineer साहिबान भी वहां गए और वहां की हालत को अच्छी तरह से देखा। तीन चार सकीमें भी बनाई गईं लेकिन आज तक उन्हें अमली जामा नहीं पहनाया गया। एक स्कीम तो drainage की थी। इस के लिये बजट में काफी रुपया रखा गया है और इसे top priority भी दी गई है लेकिन खर्च शायद ही हो। इस से पहले बजट और supplementary बजट में भी provision रखा जाता रहा है। पैसे तो आए साल रखे जाते हैं पर खर्च नहीं किए जाते। इस लिये पहली बात तो यह है कि वज़ीर साहिबान को इस problem की तरफ पूरा ध्यान देना चाहिए और वह practical shape में इस problem को work out करें। और जो ज़मीन खराब हो गई उस की तरफ सरकार का पूरा ध्यान हो। इस waterlogging की समस्या के हल करने के लिये सरकार की तीन स्कीमें थीं जिन की तरफ मैं ने House की तवज्जुह दिलाई थी। एक तो यह है कि इन नहरों के किनारे पक्के कर दिये जाएं और इस इलाके में जो बरसाती पानी drains में है उसे निकाल दिया जाए ताकि tube-wells खोदे जा सकें। आप सब जानते हैं कि बरसात के कारण water-level ऊंचा आ गया है तो मैं यह समझता हूं कि जो सरकार priority दे रही है वह कम है। सरकार ने यह फैसला कर दिया है कि एक फुट से पांच फुट तक water level आ गया हो उसे priority दी जाए इसके साथ ही मैं यह कहूंगा कि जहां पानी नहीं है वहां पानी दिया जाए। हांसी और नारनौंद के इलाके में भी water level बहुत ऊंचा आ गया है अर यही हालत नारनौंद drain में लगातार तीन-चार साल से आ रही है। और काम शुरू नहीं हुआ इस पर काम शुरू होना चाहिए।

दूसरी problem जो आज कल हमारे हां है वह bridges की है—पुलों की है, मुरब्बे बन्दी हो रही है—remodelling हो रही है और नई नहरें निकाली जा रही हैं। पक्की सड़कें बनाई जा रही हैं और सारी स्टेट तरक्की के कामों पर आगे जा रही है तो इस चीज़ की सख्त ज़रूरत है। देहाती आदमियों के लिए एक गांव को दूसरे गांव से connect करने के लिए, अपनी ज़मीनों में जाने के लिए और खेती को मण्डी में लाने के लिए पुलों की सख्त ज़रूरत है। महकमा के अफसरों से इस काम के लिए मिलते हैं तो वह कह देते हैं कि रुपया नहीं है। जहां स्पीकर साहिब करोड़ों रुपया बड़े-बड़े कामों पर खर्च किया जा रहा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

है वहां पुलों की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा । इससे लोगों को एक दूसरी तरफ आने जाने में बहुत तकलीफ होती है । अब हांसी-नरवाणा ब्रांच जहां मिलती है और इस पर जो रास्ते हैं वहां से औरतें और बच्चे रोज़ाना गुज़रते हैं और नहर के मुलाज़म बैठे तमाशा देखते हैं । इस लिए क्योंकि वहां गुज़रने के लिए कोई पुल नहीं हैं । मैं वज़ीर साहिब की सेवा में अर्ज़ करूंगा कि वह इस तरफ फौरी तवज्जुह दें। अगर बहुत ज्यादा नहीं तो कम से कम उन जगहों पर जहां भाखड़ा की नहरें गुज़रती हैं और नहरें गहरी और चौड़ी हैं वहां पर पुलों को बनवाया जाए ताकि आने जाने के लिए रास्ता provide किया जा सके । इस तरह पुलों के बन जाने से वहां के लोगों को रास्ते की सहूलियत होगी और बहुत देर से चली आ रही तकलीफ रफा होगी ।

इसके बाद एक और अर्ज़ यह है कि हिसार Division में Pepsu के integrate होने से पहले Pundri Division शामिल थी । Pundri Karnal का इलाका है । अब Pepsu के पंजाब में मिल जाने से बीच में जींद Division का इलाका आ जाता है और इसे cross करके Pundri Division में जाना पड़ता है । इस लिए मेरी यह दरखास्त है कि Jind Division को Hissar Division में शामिल कर दिया जाए क्योंकि पुंडरी को जाने के लिए cross करके जाना पड़ता है । इसे अलहदा Division करार दिया जाए। ताकि नहर के अफसरान नहर के heads को काफी अच्छी तरह control कर सकें ।

चौथी बात यह है कि हम यहां पर नुक्ताचीनी करते हैं कि महकमों के अन्दर खर्च ज़्यादा होता है । Top heavy Administration है । इस के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि जिन महकमों में ज़्यादा ज़रूरत है वहां पर staff कम है और जहां ज़रूरत कम है वहां पर अफसरान के लिए बहुत खर्च किया जा रहा है । इस लिए मैं समझता हूं कि Secretariat में इतने staff की ज़रूरत नहीं। Administrative offices में एक कागज़ 10-15 हाथों में से गुज़रता है और noting drafting चलती है, यहां पर कम staff भी काम चला सकता है । लेकिन मौके पर जहां कि direct concern लोगों से होता है, पब्लिक से काम पड़ता है, दिहातों के अन्दर रहने वालों से सम्बन्ध पड़ता है वहां पर ज्यादा staff की ज़रूरत है । वह understaffed हैं इस लिए मैं दरखास्त करता हूं कि नहर के महकमे में जहां काम ज़्यादा है clerks और दिये जायें ताकि वह काम पूरी कामयाबी से चला सकें । Understaffed होने के कारण इन्हें time ज़्यादा लगाना पड़ता है । लोगों को तकलीफ महसूस होती है और वह नुक्ताचीनी भी करते हैं । हम नुक्ताचीनी को दूर कर सकते हैं अगर इस महकमे में काफी आदमी हों और लोगों को कोई दिक्कत पेश न आए ।

इस के साथ साथ मैं यह कह देने में अपना फर्ज समझता हूं कि नहर के महकमे के अफसरान गांव में दौरा नहीं करते । उन्हें कहा जाए कि वे गांव में जाएं और on the

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी सरूप सिंह]

spot लोगों के grievances को सुनें। इस के साथ ही जहां पर बाकी के अफसरान के लिये गाड़ियां मिली हुई हैं वहां नहर के महकमा के लिये, जो गवर्नमेंट की जान है, पंजाब की जान है, कोई conveyance नहीं है । पंजाब एक agricultural state है इस लिये महकमा नहर के अफसरान Executive Engineers आदि को कम अज़ कम आने जाने की सहूलतें होनी चाहिएं । अगर गाड़ियां नहीं तो उन्हें jeeps ज़रूर दी जाए क्योंकि कई दिहात में गाड़ी जा ही नहीं सकती । ताकि वह आसानी से गांव में जाकर वहां के लोगों की grievances को सुनें और दूर करें। जहां तक इन के T.A. s का सम्बन्ध है अफसरान के लिये 50 और 100 रुपया तक की पाबन्दी है कि वह इस से ज्यादा खर्च नहीं कर सकते। पांच या दस दिन महीने में बाहर जा सकते हैं इस के बारे में अर्ज़ है कि इन पर यह पाबन्दी नहीं होनी चाहिए। यह अफसरान बाहर जाएं मौका देखें, दिहात में चकबन्दी हो रही है उन्हें देखें खालों को देखें और उन के grievances को सुन कर दूर करें। (घंटी)

अब क्योंकि घंटी बज चुकी है इस लिये मैं इस हक में नहीं कि इस के खिलाफ बोलता जाऊं। सिर्फ इतना कह देना चाहता हूं कि यह जो मोटी मोटी suggestions मैं ने दी हैं वज़ीर आबपाशी इन की तरफ ध्यान देंगे और इन्हें practical shape देंगे ।

जहां हमारे इलाके में waterlogging की problem है वहां बिजली की भी तकलीफ है । इस लिए जहां पर हम waterlogging की समस्या को हल करें और जहां water level ऊपर आ गया है अगर वहां बिजली मुहय्या की जाए तो दिहात के लोग tube-well लगा सकते हैं। आशा है सरकार इस तरफ ध्यान देगी । जय हिन्द,

ਸਰਦਾਰ ਜਗਰਾਜ ਸਿੰਘ ਗਿਲ (ਮੋਗਾ) : ਸ੍ਰੀ ਮਾਨ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਰਾਹੀਂ ਪੰਜਾਬ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦਾ ਧਿਆਨ ਅਪਨੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀਆਂ grey canals ਵਲ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਜਿਥੇ ਪਾਣੀ ਛੇ ਮਹੀਨੇ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਤੇ ਇਕੋ ਹੀ ਫਸਲ ਨੂੰ ਲਗਦਾ ਹੈ ਪਰ ਮਾਮਲਾ ਦੋ ਫਸਲਾਂ ਦਾ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਮਾਮਲਾ ਲੈਣ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਉਥੇ ਤਾਂ ਸਰਕਾਰ ਇਕ ਫਸਲ ਦੀ ਥਾਂ ਦੋ ਫਸਲਾਂ ਦਾ ਮਾਮਲਾ ਉਗਰਾਹ ਲੈਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾਲ ਹੀ ਜਿਸ ਜ਼ਮੀਨ ਨੂੰ ਇਕ ਵੇਰ ਪਾਣੀ ਲਗ ਜਾਵੇ ਉਥੇ ਅਗਲੇ ਸਾਲ ਵੀ ਨਹਿਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦਸ ਕੇ ਦੁਬਾਰਾ ਮਾਮਲਾ ਵਸੂਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਦੂਜੇ ਸਾਲ ਪਾਣੀ ਨਾ ਲਗੇ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਪਾਸ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਾਮਲਾ ਨਹੀਂ ਵਸੂਲਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ।

ਦੂਜੀ ਗਲ, ਜਿਸ ਵਲ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ, ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸੇਮ ਬਹੁਤ ਵਧ ਗਈ ਹੈ । ਮੋਗਾ Sub-Division ਥੋੜਾ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਤਕਰੀਬਨ 20 ਲਖ ਰੁਪਏ ਸਾਲ ਦਾ revenue ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਦਿੰਦਾ ਹੈ ਪਰ ਗੌਰਮੈਂਟ ਇਸ ਦੀ ਤਰਕੀ ਲਈ ਉਥੇ ਇਕ ਪਾਈ ਵੀ ਖਰਚ ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੀ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਨਵੀਆ ਸੇਮ ਨਾਲੀਆਂ ਬਨਾਉਣ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਗੌਰਮੈਂਟ ਇਸ ਸਾਲ ਇਕ ਕਰੋੜ ਤੋਂ ਵਧ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਸਬੰਧ ਹੈ ਇਸ ਵਲ ਇਕ ਪੈਸਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੀ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਮੋਗੇ ਦੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ drains ਵਾਸਤੇ ਕੋਈ ਰਕਮ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ । ਮੋਗੇ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਬਾਕੀ ਕਈ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਨਾਲੋਂ ਚੰਗੀ ਹੈ ਪਰ ਅਜ ਹੜ੍ਹਾਂ ਤੇ ਸੇਮ ਦੇ ਕਾਰਨ ਖਰਾਬ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ ਪਰ ਇਸ ਦੇ ਉਤੇ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, Betterment Tax ਜੋ ਕਿ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਜ਼ਮੀਨ ਦੇ ਚੰਗੇ ਹੋਣ ਤੇ ਹੀ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ ਇਸ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਵੀ ਲਗਾਇਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਇਥੇ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਹੜ੍ਹਾਂ ਤੇ ਸੇਮ ਦੇ ਕਾਰਨ ਦਿਨੋਂ ਦਿਨ ਬੰਜਰ ਹੁੰਦੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ ਫਿਰ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ 46 ਹਜ਼ਾਰ ਦੇ ਕਰੀਬ Betterment Tax ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ।

ਇਸ ਤੋਂ ਅਗੇ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦਾ ਧਿਆਨ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਲੋੜ ਵਲ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ । ਬਿਜਲੀ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਤਕਰੀਬਨ ਸਭ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਦਿਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਪਰ ਮੋਗੇ ਦੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ ਬਿਜਲੀ ਅਜੇ ਤਾਈਂ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ ਗਈ । ਏਥੇ ਨਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਪਾਣੀ ਬੜਾ ਘਟ ਹੈ । ਪਾਣੀ ਦੀ ਲੋੜ Tube-wells ਨਾਲ ਪੂਰੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਪਰ ਇਹ ਤਾਂ ਹੀ ਚਲ ਸਕਦੇ ਹਨ ਜੇ ਏਥੇ ਬਿਜਲੀ ਦਿਤੀ ਜਾਵੇ । ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਲਾਉਣ ਦਾ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਜੇ ਪਾਣੀ ਦੀ ਦਿਕਤ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਵਾਸਤੇ Tube-well ਲਗ ਜਾਣ ਤਾਂ ਇਹ ਬਹੁਤ ਹੀ ਚੰਗਾਂ ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਜ਼ਿਮੀਦਾਰ ਨੂੰ ਵੀ ਕਾਫੀ ਹਦ ਤਕ ਫਾਇਦਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਹੁਣ ਤਕ ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਿਰਫ ਦਸ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਦਿਤੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਪਾਸ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜਦੋਂ ਵੀ ਬਿਜਲੀ ਬਾਰੇ ਕੋਈ ਮੰਗ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਖਿਆਲ ਰਖਿਆ ਜਾਵੇ । ਹਰੀਕੇ ਪੱਤਣ ਬਰਾਂਚ ਜਿਹੜੀ ਨਹਿਰ ਰਾਜਿਸਤਾਨ ਨੂੰ ਸੈਰਾਬ ਕਰਦੀ ਹੈ, ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਆਬੇਹਿਆਤ ਹੋਵੇਗੀ, ਪਰ ਇਹ ਮੋਗਾ ਅਤੇ ਜ਼ੀਰਾ ਦੀ ਤਹਿਸੀਲ ਲਈ ਮਲਕੁਲ ਮੌਤ ਸਾਬਤ ਹੋਵੇਗੀ । ਕਿਉਂਕਿ ਇਹ ਨਹਿਰ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਹਰੀਕੇ ਬਰਾਂਚ ਦੇ ਕਰੀਬ ਇਕ Channel ਬਣ ਜਾਵੇਗੀ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਸਾਡੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਤੋਂ 10 ਫੁਟ ਉਚੀ ਹੋਵੇਗੀ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪਾਣੀ ਆਪਣੀ ਸਤ੍ਹਾ ਹਮਵਾਰ ਰਖਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਜਿਥੋਂ ਦੀ ਇਹ ਨਹਿਰ ਲੰਘੇਗੀ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਦੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਸੇਮ ਆ ਜਾਵੇਗੀ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਦਰਖਾਸਤ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਨਹਿਰ ਚਾਲੂ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਅਸੀਂ ਸੇਮ ਤੋਂ ਬਚ ਸਕੀਏ।

11-00 A.M.

श्री इन्द्र सिंह (जींद, जनरल): माननीय अध्यक्ष महोदय, इस बारे में कोई दो राएं नहीं हैं कि Irrigation का महकमा एक Welfare Department है, Beneficiary Department है और यह एक जनहितैषी Department है । लेकिन अगर इसके ऊपर गौर फरमाया जाये तो मैं यह कहने पर मजबूर हो गया हूं कि अगर इसको Welfare Department की बजाये जन-विरोधी महकमा कहा जाये तो ठीक है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री इन्द्र सिंह]

सरकार की तरफ से यह बात कही जाती है कि बहुत सा रकबा आबपाशी के नीचे आ गया है। मैं कहता हूं कि यह किसी हद तक ठीक है कि थोड़ा बहुत फर्क आ गया हो, लेकिन मैं इस बात को नहीं मानता कि अगर यह कहा जाये कि बहुत ज़्यादा रकबा आबपाशी में आ गया है। यह एक बड़ा भारी मज़ाक है। यह एक मानी हुई बात है कि 3-4 मार्च, 1948 को नहरी रकबा 2,200,000 एकड़ से ऊपर था। आज भी जो रकबा आबपाशी के नीचे है वह भी इतना ही है। यह total रकबे का 23 per cent है। आज यह उम्मीद की जाती है कि 5-साला Plan अगर कामयाब हो गई तो 45–46 per cent के करीब ज़मीन ज़ेरे आबपाशी और आजायेगी। लेकिन मैं एक बात और अर्ज़ करनी चाहता हूं कि महज़ रकबा से किसी बात का अन्दाज़ा नहीं लगाया जा सकता। इसके साथ साथ हम ने देखना है कि Local Rate के इलावा इस ज़मीन पर दूसरे Tax भी बढ़ रहे हैं। 1947 में यूनाइटिड पंजाब का आबयाना 1,76,00,000 था। आज जब कि पंजाब का बहुत बड़ा हिस्सा पाकिस्तान में रह गया है यानी कुल 25 ज़िलों में से सिर्फ 11 ज़िले इधर आये हैं और इस के इलावा 4–5 ज़िलों के बराबर इलाका पैप्सू का शामिल हुआ है। तो आज 1957 के शुरू में 7,42,00,000 रुपये आबयाने के लिये जा रहे हैं। अगर मैं इसके इलावा betterment fees का अंदाजा बताऊं तो यह और भी भयानक अंदाज़ा लगाया जायेगा। यहां पानी की कीमत का सवाल नहीं है। पानी की कीमत के इलावा जितना नहर पर खर्च हुआ है अगर वह भी वसूल करना चाहें तो दिया जा सकता है। जहां तक जो खर्च आया है उसको देने का सवाल है। यह दिया जा सकता है। मगर यह जो वसूल होता है यह कहीं ज़्यादा है। ज़मीदार लोगों के टैक्स कम कर के इनको relief दिया जाना चाहिये। लेकिन आज राजस्थान पैप्सू और पंजाब को मिलाकर 1,26,00,00,000 रुपये के करीब Betterment Fee ली जा रही है। अगर मैं ग़लती नहीं करता तो इन आंकड़ों से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि Betterment Fee जो चार्ज की जा रही है in comparison to that land which comes under cultivation कहीं ज़्यादा है। लेकिन इतना पानी जो दिया जा रहा है जिस की वजह से इतने taxes बढ़े हैं आबयाना बढ़ा है इस की क्या हालत है, वह मैं अर्ज़ करनी चाहता हूं। 1950-51 में नहर अपर बारी दुआब के पानी का discharge 9,00,000 cusecs ft. था। यह 1952-53 में 9,88,000 हो गया। आज यह 93,88,000 है। जो ज़मीन irrigation में आती है उस के मुकाबला में पानी का discharge जो है वह कहीं ज्यादा बढ़ गया है। इस तरह से नहर जमनगरबी का पानी का निकास 1951-52 में यह 8,28,000 cusecs ft. था 1952-53 में यह 988,000 cusecs ft. था और आज यह 34,20,088 cusecs हो गया है। 1951-52 में जो ज़मीन under irrigation थी वह 14,11,827 एकड़ थी जिस का आबयाना 77,25,061

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

हुआ । इस तरह से मैं, जनाब, अर्ज़ करना चाहता हूं कि यह कहना कि comparatively हमारी position better हो गई है यह सदाकत से दूर है। अगर इसी तरीका को जो हम ने 10—12 साल से अख्तियार किया हुआ है इसी तरह से माली इमदाद दी जाती तो उतनी ही उस की पैदावार ज्यादा होती। आज जिस वजह से इतना नहर का पानी बढ़ा है उतना ही पानी का discharge ज्यादा हो गया है। अगर इस तरह की खुशफहमी में हम रहते हैं तो यह जो facts and figures हैं यह सारे ग़लत हो जाते हैं।

अब मैं तावान की पोज़ीशन के मुतल्लिक बतलाना चाहता हूं कि पंजाब के अन्दर 1951-52 में ग़ैर-कानूनी पानी लेने पर जो जुर्माना था वह था 3 लाख 34 हज़ार रुपये। और इसी ग़ैर-कानूनी पानी लगाने पर पैप्सू में जो जुर्माना हुआ था वह था 5 लाख 82 हज़ार 783 (5,82,783)। अगर इस जुर्माने की रकम की तह में जाया जाए तो पता चलेगा कि cultivator का इतना कसूर नहीं है। यही बात कुछ मैम्बर साहिबान ने भी कही है। यह कसूर ज्यादा तर अफसरों का है, क्योंकि वह ओवरसियर्स को तहकीकात के लिये भेज देते हैं। वह लोग गांव में जाते हैं और एक पार्टी से रिपोर्ट की तामील करा लेते हैं और फिर S.D.O. के पास भेज देते हैं। यह ग़ैर-कानूनी पानी लेने का काम हो सकता है, किसी हद तक हो भी, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर लिया जाता हो, यह बात ग़लत है। जितना magnitude तावान का दोनों states को मिलाकर है, अगर उस पर ग़ौर किया जाए तो पता चलेगा कि इसकी जिम्मेदारी महकमे पर है न कि इसके लिये cultivators जिम्मेदार हैं। यह जो अफसर इस तरीके से करते हैं, यह बड़े अफसोस की बात है कि फांसी देने वाला भी वही आदमी हो जो कानून बनाने वाला हो। मैं, जनाब, इस सिलसिले में आपकी मार्फत सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि आप कोई न कोई ऐसा 'ला' यहां पर लायें, और कोई ऐसा बिल पास करें ताकि किसानों को इस तावान की बीमारी से छुटकारा मिल सके।

एक और अर्ज़ करना चाहता हूं कि आज़ादी से पहिले नहरों पर जो रुपया खर्च हुआ वह 10 करोड़ 34 लाख था। सन् 1956-57 में यह 24 करोड़ 61 लाख था। इसका जो हम सूद देंगे, वह 41 लाख 36 हज़ार रुपया होगा। और जो 1956-57 में रुपया खर्च हुआ उसका 85 लाख 71 हज़ार रुपया सूद का बनता है। तो इतनी भारी रकम हम सूद के तौर पर देते हैं, यह समझने की बात है। अगर हमें इस पर इतना रुपया खर्च न करना पड़ता और हमारे ऊपर कोई कर्ज़ का पैसा न होता तो हम लोगों के ऊपर खुशहैसियती टैक्स लाइट कर सकते थे और फिर इतना गिला न होता।

एक फाइल मेरे पास है। मैं 25, 26 तारीख को सिर्फ 2 दिन के लिये उस इलाके में पहुंचा तो सिर्फ इन दो दिन के अन्दर नहर से मुताल्लिका कोई पचास के करीब अर्जियां आईं और उन अर्जियों पर पंचायतों के लोगों के दस्तखत हैं। इससे ज़ाहिर होता है कि इरीगेशन का महकमा कितना efficient है और कितना काम इस डिपार्टमेंट के अन्दर होता है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री इन्द्र सिंह]

मैंने वह शिकायत एक representation की शक्ल में वज़ीर साहिब को दी है, मुझे उनके ऊपर एतमाद है, वह इस पर गौर करें। एक खास केस है 1955 दिसम्बर का। एक S.E. साहिब ने धमतान Distributary की इजाज़त दी लेकिन जब 1957 में इलैक्शन हुआ तो इसके बाद पहिले का उस distributary के लिये बना हुआ estimate वापिस कर दिया गया और स्कीम ड्राप कर दी गई। इसी तरीके की बहुत सी चीज़ें हैं। अभी एक साथी ने वधान माइनर का जिक्र किया और यह इल्ज़ाम लगाया कि पैप्सू क ऐडमिनिस्ट्रेशन की कमज़ोरी से यह पूरा नहीं हो सका। ऐसी कई चीज़ें हैं।

एक और अर्ज़ करना चाहता हूं कि जहां बारानी इलाका है उन गांवों में पीने के लिये पानी तक नहीं है और वहां का ओवरसियर यह कहता है कि चूंकि आपने कांग्रेस को वोट नहीं दिये हैं इसलिये पानी नहीं दिया जाएगा।

एक मैम्बर : झूठ है, यह बिल्कुल झूठ है।

श्री इन्द्र सिंह : अगर इस डिपार्टमेंट की यही हालत रही तो शिकायतें रोज़ रोज़ बढ़ती जाएंगी। मैं तो इस डिपार्टमेंट को किसानों का enemy No. 1 समझता हूं और इसके बाद पुलिस का महकमा आता है जो किसानों के साथ बड़ी बेरहमी से पेश आता है; वह enemy No. 2 है। तो इस enemy No. 1 को कोई प्लैंड तरीके से अगर deal न किया गया तो कोई न कोई revolution उठ खड़ा होगा। और यह जो करप्शन rampant है उसको अगर कम न किया गया तो जैसा कि मैं ने अर्ज़ किया कि नीचे ही नीचे कोई ऐसा revolution आएगा जिस को संभालना गवर्नमेंट के लिये मुश्किल हो जाएगा। इस लिए गवर्नमेंट को चाहिये कि संजीदगी से इन बातों पर विचार करे और irrigation के बारे में जो शिकायतें हैं उनको जल्दी से जल्दी दूर करे।

जींद सब-डिवीजन के इलाके के बारे में मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जहां बारानी इलाका है, उसके लिये पानी मुहैय्या किया जाए। अगर इस पर विचार नहीं किया जाता तो, जनाब, मैं आपके ज़रिये सरकार के नोटिस में यह बात ला देना चाहता हूं कि लोगों को मजबूर होना पड़ेगा कि वह कोई दूसरा कदम उठाएं।

Sardar Bhupinder Singh Mann (Samana 'General') : I am thankful to you, Sir, for giving me time to speak. The Irrigation Department, the Demands in respect of which are under discussion in the House, is one of the most important, if not, the important Department of the Government. Almost half the total budget has been earmarked for this Department. And, Sir, its Civil List is the longest. These are the Departments, I mean, both the Irrigation and the Electricity, which are developing and the country cannot make progress without these two Departments. We find, Sir, that the need of power is increasing every day. Originally, we thought that by 1960-61, i.e. by the completion of the Bhakra Scheme, we would be self-sufficient in electricity. But now, Sir, as the demands are increasing, I find that even in 1960-61 when the

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Bhakra Project is estimated to be completed, we will be shorter still of power. At present, it will be astonishing, Sir, that our total consumption of electricity in the entire State is far less than in a single city of New York. Our present state of affairs as regards electricity is concerned, is that one has to wait for years and years for a single connection other than the housing electricity. It means, that the demand is much more than the actual supply is available. I, therefore, suggest to the Government through you, Sir, that it will be much better for the Government to take up many more power schemes in hand so that they will be able to meet this ever-increasing demand of electricity.

Sir, I draw your attention to this very large and big Department. It should have been famous for its accuracy and precision but instead it has turned into almost a 'jungle'.

As regards administrative side of this very important Department I may bring to the notice of the Minister-in-charge of this Department, through you, Sir, that it is an Engineering Department ; engineers bring about such situations, they rather engineer such situations that large-scale out-of-turn promotions and supersessions take place. Thus, the very structure of the Department which should have been based upon certain amount of integrity and accuracy is now full of irregularities, and, as I have already said, the Department has turned into a 'jungle'. The Minister now who is holding charge of this Department is known for his ability and administrative capabilities. I hope and trust that the new Minister will look into this chaos in the Department and see that nothing of this kind is allowed to happen. I am sure he will bring about order in this disordered Department. This is, Sir, one aspect of the *inter se* jugglery which is going on in this Department. The other aspect, Sir, is that there is a lot of chaos and confusion in the Department and the confidence has been shaken. The cases of this highly technical Department are handled by inexpert hands. I do not, Sir, fix the responsibility upon a single person, but previously there used to be no other person or say Secretary between the Chief Engineer and the Minister. The Chief Engineer himself used to be the Secretary of his Department. Now, Sir, there is another person between the Chief Engineer and the Minister as Secretary who is non-technical man and is drawn from the cadre of I.C.S./I.A.S. The result, therefore, is that a lot of confidence has been shaken and, further, Sir, this change , I feel, is not conducive to efficiency. The large lapses and surrenders of huge sums of money are the result of the little confidence which has been shaken. I, therefore, want that judicial enquiries or some other actions should be taken by technical experts. The cases should be referred to technical hands because they know about power and irrigation channels and in this way, Sir, the confidence in the people will be restored.

Sir, now I draw your attention to the irrigation channels that the Department has dug. By digging of these irrigation channels, my lands have been bifurcated and my village has been bifurcated.

'तुम्हीं ने दर्द दिया है
तुम्हीं दवा देना ।'

It is the Department, Sir, which has now by digging up channels without any plans for providing bridges,bifurcated my lands as also my village with the result that there is a colossal loss of time and money to the irrigator and to the poor villager, as he has to traverse long distances to go to his fields in the absence

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[Sardar Bhupinder Singh Mann]

of adequate number of bridges over the irrigation channels.I would, therefore, request the Government, through you, Sir, that let there be a survey of these new channels as well as the old channels and the requisite number of bridges may be provided to save the teeming millions from loss of time and money This will, Mr. Speaker, be a step in the right direction.

Now, Sir, I beg to draw your attention to the Water Drainage Schemes of the Government. I come from a place where there is still a semblance of old feudal landlords and feudal Rajas. There is a 'Shikargah' of the old Maharaja of Patiala and it is still there. Water used to be collected in this 'Shikargah' at the cost of the poor. In spite of the fact that there are drainage schemes of the Goverment and this water from the 'Shikargah' could be drained to the Ghaggar River at a very small cost and this acreage of land could fall to the use of the plough or say could be brought under cultivation but nothing has been done in this connection. A very fertile land can be brought under cultivation, if we have initiative and intention to drain away that 'Bhupinder Sagar' which is known after the name of the late Maharaja of Patiala.

Sir, I now come to the growing waterlogging menace in my constituency. Sir, this Department, although professing to drain away water and thereby bringing about waterlogged areas under cultivation, is creating artificial water-logging. For instance, the city of Patiala was saved by the erection of a 'Bund' around it but it ruined lakhs and lakhs of population living in the countryside. The 'Bund' saved the city of Patiala from waterlogging but the Rajpura Tehsil area had been inundated. It is, Sir, a shame and a mockery of the socialistic system of democracy that in order to save the city of Patiala thousands of acres of land have been ruined and rendered unfit for cultivation. I think Sir, that if a proper survey of this area is done, artificial water, logging will come to notice. This is not a natural calamity, Sir, but a man made calamity which should be remedied. In short, Sir, there are bridges to be built; and there are Jheels to be drained. We will be thankful for the new air and fresh air that might be brought about by the new Minister-in-charge of this Department who is known for his ability and administrative capacities Thank you, Sir.

श्री श्री कृष्ण शास्त्री (सफीदों) : माननीय स्पीकर साहिब, आज का जो यह विषय चल रहा है यह बहुत अच्छा है लेकिन इस में एक शोचनीय बात भी है। उस को अगर हम बढ़ाना चाहें तो किसी तरह बढ़ाया जा सकता है। लेकिन मैं criticism में विश्वास नहीं रखता क्योंकि जो चीज़ भाईबंदी से होती है वह लड़ाई से नहीं हो सकती। इस लिए जो मेरे भाई criticism करते हैं मैं उन की policy को पसंद नहीं करता। ऐसा करने से आपस में कशीदगी बढ़ती है। मैं तो यह समझता हूं कि हम को विचार करने की जरूरत है। इस लिए, स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा अपनी गवर्नमेंट से appeal करूंगा कि वह सोचें और विचार करे कि हमारे सूबे की हालत कैसे बिहतर हो सकती है क्योंकि यह सूबा काफी जर्जर हो चुका है। इस का उद्धार पानी से होगा। पानी से ही संसार का उद्‌घाटन होता है और इसका पालन भी पानी से ही होता है। कई लोग कहते हैं कि रिश्वत बहुत बढ़ गई है। यह ठीक है जब किसी चीज़ की मांग ज्यादा होती है तो उस के अंदर corruption आ जाती है। पुलिस के मुतल्लिक भी कई लोगों ने कहा है लेकिन वे अब इतने corrupt नहीं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

रहे। जब चोरियां ज़्यादा हुआ करती थीं उस वक्त पुलिस वाले रिश्वत लेते थे। अब क्योंकि चोरियां कम होती हैं इस लिए उन में रिश्वत नहीं रही। लेकिन, स्पीकर साहिब जो irrigation का महकमा है इस में corruption है। इसलिए मैं सम्बन्धित वज़ीर साहिब से और ज़िम्मेदार अफसरान से रहम की दरखास्त करता हूं। वह कृपा करके इस चीज़ की तरफ ध्यान दें। पानी के न मिलने से आपस में ताल्लुकात बिगड़ते हैं। मेरा ख्याल है कि रहम की दरखास्त से ज़्यादा और कोई इतना forceful लफ्ज़ नहीं है जो मैं इन से कहूं।

यह बात कहने के बाद अब मैं कुछ अपने इलाके के हालात हाऊस के सामने रखूंगा। यूं तो जो इस महकमे के Minister साहिब हैं वह पैप्सू के होने के नाते हमारे उस इलाके में काफी ज़्यादा जाते रहते हैं और वह काफी हमदर्दी रखते हैं वहां के लोगों से। पानी का जहां तक ताल्लुक है इस की आंधरी के खादर से ले कर रोहतक तक problem है। हमारे हां हांसी में एक चेतन नाम की नहर जाती है। इस में सारे पंजाब का पानी बह कर वहां पर इकट्ठा हो जाता है और आठ नौ मील के area में सैलाब लाता है। सैलाब की वजह से जितनी वहां पर बोई हुई फसल होती है वह सारी खत्म हो जाती है। यह पानी जो वहां पर तबाही लाता है उस के निकास के लिए कोई इंतज़ाम नहीं है। एक वहां पर नाईनाला नाम की syphon है लेकिन उस में से पानी नहीं गुज़र सकता। वह मैं ने मंत्री जी को भी दिखाई थी जब वह वहां पर तश-रीफ ले कर गए थे। वहां उस में दो drains मुराना और जोशी नाम की पड़ती हैं जो कि फसलों की तबाही का सबब बनती हैं। इस लिए मैं, स्पीकर साहिब, आप के द्वारा मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि हुक्म भेज कर उस की जल्दी से जल्दी खुदाई करवा दें। यह काम इस साल वर्षा के दिनों से पहले अगर न हुआ और सफीदों में वैसे ही सैलाब आया तो उस का सब से ज़्यादा कलंक मेरे माथे पर लगेगा क्योंकि मैं लोगों से वादा कर के आया हूं कि इस साल वर्षा होने से पहले पहले वहां से पानी के निकास का प्रबंध हो जायगा। इस लिए मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि वह यह काम करवा कर वहां के रहने वाले लोगों पर रहम करें और मुझे जो syphon की खुदाई न होने की सूरत में कलंक लगना है उस से बचाएं। तीन साल हुए वहां के लिए निमनाबाद से अंटा Fall तक एक inlet मंज़ूर हुआ था लेकिन उस का रेट कुछ कम था इस लिए आज तक उस की खुदाई नहीं हुई। मैं निवेदन करूंगा कि ऐसी जगह पर अगर सरकार का दस बीस हज़ार रुपया ज़्यादा भी खर्च आना हो तो rate बढ़ा कर वहां पर काम करना चाहिए। लेकिन इन कागज़ों का सफर अफसरों के बीच में ही रहता है। अगर Hindi-speaking area में किसी scheme में technical कमी होने की वजह से, रोहतक से, करनाल से, जींद से या सफीदों से कोई कागज़ दो बार चण्डीगढ़ आए तो उस को यहां 6 महीने का अर्सा लग जाता है। इस लिए मैं प्रार्थना करूंगा कि ऐसी technical कमियों को देखने के लिए Hindi-speaking area के लिए वहां पर एक special Engineer appoint कर दिया जाए ताकि मौका पर ही उस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री श्री कृष्ण शास्त्री]

की expert opinion ली जा सके । ऐसा करने से जो unnecessary delay होती है स्कीमों को execute करने में वह avoid हो सकती है ।

माननीय स्पीकर साहिब, मेरा हलका में जैसा कि मैं ने पहले बताया है पानी बहुत इकटठा हो जाता है। जब पैप्सू की state कायम थी उन दिनों मैं वहां के वज़ीर साहिब के पास personally जाता था तो वह order दे देते थे और 24 घंटों में हांसी ब्रांच को काट कर पानी निकाल दिया जाता था । लेकिन अब जब से merger हुआ और पंजाब को state बनी है किसी ने वहां से पानी निकालने की तरफ ध्यान नहीं दिया । वहां पर 9 महीने से पानी खड़ा है और लोगों की सारी फसल तबाह हो गई है। आप अंदाज़ा लगाएं कि जिस जगह पर इतनी ज़्यादा पैदावार हुआ करती थी, जहां का किसान फसल पैदा कर के इलाहाबाद तथा हिन्दुस्तान के कई और दूरदराज़ शहरों में भेजा करता था, वह आज भूखा मर रहा है । कितनी शर्म की बात है यह ? स्पीकर साहिब, आज अगर आप वहां पर जा कर देखें तो आप को मालूम होगा कि वहां ज़िमीदार लोग जवार की रोटी खा कर गुज़ारा कर रहे हैं।

(घंटी की आवाज़)

इस के इलावा एक और ज़रूरी बात है जो मैं निवेदन करना चाहता हूं । वह यह है कि वहां डोंचरा कलां और डोंचरा खुर्द के बीच में एक पुल लगता है जोकि टूटा हुआ है। उस पर से जब मवेशी गुज़रते हैं तो उन की टांगें बीच में फंस कर टूट जाती हैं। लोगों को बहुत तकलीफ है । इस लिए इस पुल की जल्दी मुरम्मत होनी चाहिए । इसी तरह एक नंदगढ़ नाम का गांव है जिस की 4 हज़ार बीघा के करीब नदी के पार ज़मीन है । लेकिन उस ज़मीन तक पहुंचने के लिये नदी के साथ तीन मील एक तरफ जाकर पुल से गुज़र कर तीन मील दूसरी तरफ से चल कर पीछे की तरफ आना पड़ता है । वह ज़मीन नदी से पार गांव के सामने है लेकिन बीच में पुल न होने की वजह से लोगों को छः मील का रास्ता जाना पड़ता है और छः मील आना पड़ता है । इस से लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है । इस लिए मैं request करूंगा कि गांव और उस की ज़मीन के बीच में जो नदी आती है उस पर पुल बनाया जाए ताकि लोगों को आने जाने में आसानी हो सके। Professor साहिब के वक्त में वहां के लिए पुली मंजूर हुई थी लेकिन वह अभी तक नहीं बनी। इस को जल्दी बनाया जाए। वह नहर शेरशाह सूरी के वक्त की निकली हुई है ।

इसी तरह सबाना के पास एक राजबाहे की scheme थी । उस को भी कृपा कर के जल्दी से जल्दी चालू किया जाए । (घंटी) ।

स्पीकर साहिब, मैं सिर्फ अपनी आखरी बात कहना चाहता हूं फिर उस के बाद बैठ जाऊंगा । वह यह है कि मेरे हलके में वहां बिजली का सामान और खम्बे वगैरा पड़े हुए हैं । उनको वहां पर लगा कर जल्दी बिजली supply करने का प्रबन्ध किया जाए।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : पहले तो आप अथा समयतमहीद बांधने में सरफ कर देते हैं लेकिन जब मैं bell करता हूं कि वक्त खत्म होने वाला है तो आप तकरीर शुरू करते हैं। अब आप बैठ जाएं।

(The hon. Members generally spend half of their time on the introduction of the subject but when I ring the bell to indicate that their time is over they start their speech. The hon. Member may now please resume his seat.)

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ (ਮੁਕਤਸਰ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਜਿਸ ਵਕਤ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਪਾਰਟੀਸ਼ਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਮੌਜੂਦਾ ਪੰਜਾਬ ਸਾਡੇ ਹਿਸੇ ਆਇਆ ਤਾਂ ਸਾਨੂੰ ਬਹੁਤ ਘਟ ਨਹਿਰਾਂ ਮਿਲੀਆਂ ਅਤੇ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਕੁਲ $2\frac{1}{2}$ ਨਹਿਰਾਂ ਇਸ ਪਾਸੇ ਆਈਆਂ। ਅਜ ਸਾਡੇ Irrigation Department ਦੀ ਮਿਹਰਬਾਨੀ ਦੇ ਨਾਲ ਸਾਰੇ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਨਹਿਰਾਂ ਦਾ ਜਾਲ ਵਿਛ ਗਿਆ ਹੈ। ਪਰ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਹੀ ਇਸ ਵਿਚ ਇਕ ਦੋ ਖਾਮੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਮੈਂ Irrigation ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਿਵਾਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਹਰੀਕੇ ਹੈਡ ਜਿਸ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਬਣਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚੋਂ ਸਰਹਿੰਦ feeder ਬਣਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਫਿਰ ਜਿਹੜੇ ਭਾਖੜਾ ਕੈਨਾਲਜ਼ ਦੇ channels ਬਣ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਪਹਿਲਾਂ survey ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਫਿਰ ਨਹਿਰਾਂ ਬਣੀਆਂ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨਹਿਰਾਂ ਹੇਠ ਆ ਗਈ ਹੈ ਕੋਈ compensation ਅਜੇ ਤਕ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਹੋਣਾ ਇਹ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਦੋਂ final survey ਹੋ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਮਹਿਕਮੇ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਵੇ ਕਿ ਫਲਾਂ ਫਲਾਂ ਆਦਮੀ ਦੀ ਜ਼ਮੀਨ ਵਿਚੋਂ ਜ਼ਮੀਨ ਨਿਕਲ ਰਹੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਪੁਟਣ ਦਾ ਕੰਮ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਪਹਿਲਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ compensation ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਜਾਂ ਫਿਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਮੁਰੱਬਾਬੰਦੀ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡ ਦੀ ਸਾਂਝੀ ਲਈ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਸਾਰੇ ਪਿੰਡ ਨੂੰ ਇਕੱਠੀ compensation ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਹੁਣ ਇਹ ਹਾਲ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਪਾਸੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਮੁਆਵਜ਼ਾ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ revenue record ਵਿਚ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਮਾਲਕ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਖੜ੍ਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਮਾਮਲਾ ਪੈ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਗੱਲ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ।

ਜਿਥੇ ਪਹਿਲਾਂ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਗਿਆ ਅਤੇ ਬਾਰਾਨੀ ਇਲਾਕੇ ਸਨ ਉਥੇ ਹੁਣ ਨਹਿਰਾਂ ਚਲੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ betterment levy ਵੀ ਲਗਾਈ ਗਈ ਹੈ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹਿਰਾਂ ਕਰਕੇ ਸਰਸਬਜ਼ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਦੀ ਕੀਮਤ ਵਧ ਗਈ ਹੈ। ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਨੇ ਇਸ ਵਿਚ ਖੁਦ ਕੁਛ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਪੈਸਾ ਖਰਚ ਕਰਕੇ ਉਥੇ ਨਹਿਰਾਂ ਪਹੁੰਚਾਈਆਂ ਤਾਂ ਫਿਰ ਉਸ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਕੀਮਤ ਵਧੀ, ਲੇਕਿਨ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਲਈ ਇਕ ਮੁਸ਼ਕਲ ਇਹ ਪੈਦਾ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਉਹ 200 ਜਾਂ 180 ਜਾਂ 135 ਰੁਪਏ, ਜੋ betterment levy ਦੇ ਲਗਦੇ ਹਨ, ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਲਗਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਵਿਚ ਦੋ ਗਲਾਂ ਹਨ। ਇਕ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿ ਕਈ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਐਸੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਪਹਿਲ ਪਾਣੀ ਲਗਣ ਦੇ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੀਮਤ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਖਿਆਲ ਵਿਚ ਤਾਂ ਬੇਸ਼ਕ ਵਧ ਗਈ ਹੋਵੇ ਪਰ ਉਸ ਦੀ yield ਨਹੀਂ ਵਧਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਕ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ levy ਘਟ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ; ਦੂਜੇ ਉਹ easy instalments ਵਿਚ ਲਈ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ]

ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਦੇਣ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਬੋਝ ਮਹਿਸੂਸ ਨ ਹੋਵੇ । ਫਿਰ ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਜੇਕਰ ਮੇਰੇ ਕੋਲ 30 ਏਕੜ ਦਾ area ਹੈ ਤਾਂ betterment levy ਸਾਰੇ area ਤੇ ਲਗ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਪਾਣੀ ਤਾਂ ਆਹਿਸਤਾ ਆਹਿਸਤਾ 5 ਜਾਂ 10 ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਨੂੰ ਹੀ ਮਿਲਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਆਮਦਨੀ ਵੀ ਉਸ 5 ਜਾਂ 10 ਏਕੜ ਦੀ ਹੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ Betterment Levy 30 ਏਕੜ ਤੇ ਹੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਲਈ ਮੇਰੀ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ ਇਹ levy ਉਨੀ ਜ਼ਮੀਨ ਤੇ ਹੀ ਲਗੇ ਜਿਸ ਨੂੰ ਪਾਣੀ ਮਿਲਦਾ ਹੈ । ਫਿਰ ਜਿਉਂ ਜਿਉਂ ਬਾਕੀ ਨੂੰ ਵੀ ਪਾਣੀ ਮਿਲਦਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਹ ਲਾਗੂ ਹੁੰਦੀ ਜਾਵੇ ।

ਸਰਹਿੰਦ ਫੀਡਰ ਜੋ ਜੈਸਲਮੇਰ ਕੋਲੋਂ ਹਰੀਕੇ ਹੈਡ ਤੋਂ ਨਿਕਲ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਸਾਡੀ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਏਕੜ ਜ਼ਮੀਨ ਆਵੇਗੀ । ਉਸ ਦਾ ਜੋ ਫਾਇਦਾ ਹੈ ਉਹ ਪੰਜਾਬ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਰਾਜਸਥਾਨ ਨੂੰ ਹੋਣਾ ਹੈ । ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੇਰੀ ਇਹ ਤਜਵੀਜ਼ ਹੈ ਕਿ ਰਾਜਸਥਾਨ ਤੋਂ cash compensation ਨਾ ਲਈ ਜਾਵੇ ਬਲਕਿ ਜ਼ਮੀਨ ਦੀ ਬਜਾਏ ਜ਼ਮੀਨ ਹੀ ਲਈ ਜਾਵੇ । ਜ਼ਮੀਨ ਵੀ 3 ਜਾਂ 4 ਗੁਣਾ ਵਧ ਲਈ ਜਾਵੇ ਕਿਉਂਕਿ ਸਾਡੀ ਜ਼ਮੀਨ ਪੈਦਾਵਾਰ ਲਈ ਜ਼ਰਖੇਜ਼ ਹੈ ਪਰ ਉਧਰੋਂ ਬੰਜਰ ਮਿਲੇਗੀ ।

ਸਾਡੇ ਇਕ waterlogging ਦੀ ਬੜੀ serious problem ਹੈ ਅਤੇ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਵੀ ਇਸ ਉਤੇ seriously ਹੀ ਗੌਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਕਾਫੀ ਰਕਮ ਇਸ ਦੇ ਲਈ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ । ਲੇਕਿਨ ਮੇਰਾ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਕੰਮ ਵੀ ਤੇਜ਼ੀ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਮਹਿਜ਼ ਰਕਮ ਦੇ allocate ਕਰਨ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਕੰਮ ਖਤਮ ਨਹੀਂ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਕਈ ਇਲਾਕੇ ਜਿਹੜੇ ਦਰਿਆ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਹਨ ਉਥੇ ਜਿਹੜਾ ਪਾਣੀ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ drain ਬਣਾ ਕੇ ਦਰਿਆ ਵਿਚ ਸੁਟਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਫਿਰ ਜਦੋਂ ਗਰਮੀਆਂ ਵਿਚ floods ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਦਰਿਆ ਦਾ ਪਾਣੀ ਇਨ੍ਹਾਂ drains ਰਾਹੀਂ ਵਾਪਸ ਆਉਣਾ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ control gates ਬਣਾ ਦੇਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ ਤਾਕਿ ਦਰਿਆ ਦਾ ਪਾਣੀ ਵਾਪਸ ਨਾ ਆਵੇ । ਬਾਦ ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਲੋੜ ਪਵੇ ਤਾਂ ਇਹ gates ਖੋਲ੍ਹ ਦਿਤੇ ਜਾਣ । ਕਈ ਇਲਾਕੇ ਐਸੇ ਹਨ ਜਿਥੇ waterlogging ਨਹਿਰਾਂ ਦੇ ਗੁਜ਼ਰਨ ਕਰਕੇ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਉਥੇ tube wells ਲਗਾਏ ਜਾਣ ਜਾਂ ਫਿਰ ਨਹਿਰਾਂ ਪੱਕੀਆਂ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ । ਜੋ ਨਹਿਰਾਂ ਉਤੇ bridges ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਉਹ ਬਹੁਤ ਦੂਰ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਪਿਛਲੇ ਜੋ ਰੂਲਜ਼ ਸਨ ਕਿ ਇਤਨੇ ਇਤਨੇ ਫਾਸਲੇ ਤੇ ਪੁਲ ਬਨਣ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ revise ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਹੋਰ ਪੁਲ ਬਣਾਏ ਜਾਣ । ਐਸਾ ਨ ਹੋਣ ਕਰਕੇ ਅਜ ਬੜੀ ਤਕਲੀਫ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਕਈ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਅੱਧੀ ਜ਼ਮੀਨ ਇਕ ਪਾਸੇ ਹੈ ਅਤੇ ਅੱਧੀ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਕਿਸੇ ਦੀ ਤਾਂ ਸਾਰੇ ਦੀ ਸਾਰੀ ਜ਼ਮੀਨ ਦੂਜੀ ਤਰਫ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਔਰਤਾਂ ਨੂੰ ਰੋਟੀ ਲੈ ਜਾਣ ਲਈ ਤਕਲੀਫ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਲੰਬਾ ਸਫ਼ਰ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ।

ਕੁਝ ਨਹਿਰੀ ਇਲਾਕੇ ਐਸੇ ਹਨ ਜਿਥੇ ਇਸ ਵਕਤ ਓਲਿਆਂ ਨਾਲ ਫਸਲ ਤਬਾਹ ਹੋ ਗਈ ਹੈ । ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ 4 ਜਾਂ 5 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਇਥੇ ਬਤੌਰ ਤਕਾਵੀ ਦੇਣ ਲਈ ਰਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਪਰ ਉਹ ਕਾਫੀ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਹਿਕਮਾ ਨਹਿਰ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਬਹੁਤ ਮਦਦ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ Temporary shoots ਦੇਕੇ ਚਾਲੂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਐਸੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਬੀਜ ਸਕਣ ਜੋ ਜਲਦੀ ਪਕ ਸਕਨ ਤਾਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਡੰਗਰਾਂ ਨੂੰ ਪਠੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਖਾਣ ਨੂੰ ਦਾਣੇ ਹੋ ਜਾਣ ਅਤੇ ਉਹ ਅਪਣੇ ਪੈਰਾਂ ਤੇ ਖੜ੍ਹੇ ਹੋ ਜਾਣ ।

ਇਕ ਗੱਲ ਮੈਂ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮਹਿਕਮਾ ਬਿਜਲੀ ਦੇ ਬਾਰੇ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ । ਇਹ ਜੋ Local Electric-supply Companies ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹਿਲਾਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਵਲੋਂ current ਮਿਲ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਫਿਰ ਅਗੇ ਕਈ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ supply ਕਰਦੇ ਹਨ । ਮਹਿਕਮਾ ਖੁਦ ਨਹੀਂ ਸਪਲਾਈ ਕਰਦਾ ਬਲਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਕਰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਕਈ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੇਰੀ ਸਮਝ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਆਈ ਕਿ ਜਦੋਂ ਗੌਰਮੈਂਟ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਕਹਿੰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਕੋਈ intermediary ਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਫਿਰ ਮਹਿਕਮੇ ਨੇ ਇਹ ਮਿਡਲ ਮੈਨ ਕਿਉਂ ਰਖੇ ਹੋਏ ਹਨ । ਉਹ ਖੁਦ ਸਿਧਾ ਹੀ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਵੰਡ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਕਰਦਾ । ਪਹਿਲਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਿੰਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਫਿਰ ਅਗੇ ਇਹ ਵੰਡਦੇ ਹਨ । ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਕਰਕੇ ਬਹੁਤ ਤਕਲੀਫ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ । ਸਾਡੇ ਮੁਕਤਸਰ ਵਿਚ ਇਕ Local electric supply company ਹੈ ਜਿਸ ਦਾ ਮਾਲਿਕ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਤੰਗ ਕਰਦਾ ਹੈ । ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ Irrigation and Power Minister ਕੋਲ, ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਸੈਕਟਰੀ ਸਾਹਿਬ ਅਤੇ Chief Engineer ਸਾਹਿਬ ਕੋਲ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਲੈਕੇ ਇਕ deputation ਵੀ ਆਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਬਹੁਤ ਇਸ ਬਾਰੇ ਵਾਵੇਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਜੇਕਰ complaints ਦੀ file ਵੇਖੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਕਾਫੀ ਮੋਟੀ ਹੋਵੇਗੀ ਅਤੇ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਪਈਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ । ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਮਹਿਕਮਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ ਕੀ action ਲੈ ਰਿਹਾ ਹੈ ਪਰ ਮੇਰੀ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ ਗੌਰਮੈਂਟ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰੀਆਂ companies ਨੂੰ ਅਪਣੇ ਹਥ ਵਿਚ ਲੈ ਲਵੇ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਿਜਲੀ ਸਪਲਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਾਕੀ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ।

खान अब्दुल गफ्फार खां (अम्बाला शहर): जनाबेवाला, आज दो ऐसे महकमाजात का बजट या ग्रांटें यहां पेश हैं जिनका ताल्लुक हमारी बहबूदी और खुशहाली के साथ बहुत ज़्यादा है इस लिए यह महकमाजात बहुत ही अहम दर्जा रखते हैं । लेकिन इसके साथ ही साथ जो सलूक उन इलाकों के साथ हो रहा है जिन इलाकों की आवाज़ कुछ बुलन्द नहीं या जहां के आनरेबल मैम्बर्ज़ कुछ ज़्यादा vocal नहीं वह ब्यान किए जाने के काबिल नहीं हैं । इसलिए, स्पीकर साहिब, कि आप का दिल इनको सुनकर रंजीदा न हो मैं इस का तज़करा मुख्तसर ही करूंगा । अभी मुक्तसर के एक आनरेबल मैम्बर साहिब ने फरमाया था कि पंजाब में नहरों का जाल बिछा दिया गया है । मैं यह तो नहीं जानता कि जाल फैला दिया गया है या क्या, एक बात अलबत्ता मैं जानता हूं कि जाल (अलिफ़ से नहीं) जाल (ऐन से) फैला दिया गया है । यह कहते हैं कि जाल फैला दिया गया है । मेरी गुज़ारिश यह है कि आप कहीं जाकर देखें साइफन बन्द पड़े हैं और पानी का गुज़रना मुहाल ही नहीं बल्कि नामुमकिन के करीब हो रहा है । मैं आप को अपने ज़िला अम्बाला की बाबत अर्ज़ करूं कि जो इलाका पटियाला का सिवाना

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[खान अब्दुल गफ्फार खां]

आंच से मिलता है उस का मुलाहज़ा हो। यह तमाम का तमाम इलाका बरसात में तबाहो-बरबाद हो जाता है। जितने साइफन (syphons) लगाए गए हैं सब के सब गलत और ख़राब तरीके से लगाए गए हैं। मैं वहां के इंजीनियर साहिबान पर हैरान हूं। इस में कोई शक नहीं कि इंजीनियर बड़े काबिल हैं लेकिन अगर उनकी काबलियत का मुज़ाहरा यही हो सकता है तो मेरी समझ में नहीं आता कि इस से अलहदा और क्या मुज़ाहरा हो सकता है। जनाबेवाला, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि अम्बाला के ज़िला को बिल्कुल ignore किया गया है। यह इलाका ऐसा है जहां से तीन नहरें निकलती हैं--सरहिन्द कैनाल, वैस्ट जमुना कैनाल और निर्वाना कैनाल। इसके इलावा भाखड़ा और सतलुज की तमाम की तमाम नहरें इस ग़रीब ज़िला से गुज़रती हैं। लेकिन इस ज़िला की बेबसी देखिए। इस को इतना बेबस बना दिया गया है कि इसे पानी की एक बून्द तक नहीं दी जाती। अम्बाला ज़िला का हैडक्वार्टर पानी से प्यासा मरा जा रहा है। वज़ीर साहिब और चीफ इंजीनियर साहिब मालूम नहीं क्यों इस ज़िला पर मेहरबान नहीं होते। मालूम नहीं कौन सा मन्तर पढ़ें जिस से यह इन्द्र देवता इस ज़िला पर मेहरबान हो सकें। जनाब स्पीकर साहिब, अगर आप कोई तजवीज़ फरमा सकें, कोई remedy बतला सकें, कोई हिदायत दे सकें तो मैं मश्कूर हूंगा।

जनाबेवाला, दूसरी चीज़ मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि नहरें बनाई गई हैं। सरकार लोगों से मालगुज़ारी लेती है लेकिन बावजूद इस बात के मुतल्लिका लोगों को मुआविज़ा नहीं दिया जाता, उन की दरखास्तें जाती हैं, गुज़ारिशात जाती हैं तमाम वज़ीरों के पास, डिप्टी कमिश्नर के पास। मालगुज़ारी उन से वसूल की जाती है लेकिन उस ज़मीन का मुआवज़ा नहीं दिया जाता। स्पीकर साहिब, यह सलूक है जो इन ज़मींदारों के साथ--इन ग़रीबों के साथ किया जा रहा है और वह भी ज़मींदारों की हकूमत से, ज़मींदारों के चाहने वालों की हकूमत से और उस हकूमत से जो 80 फी सदी लोगों की वजह से कायम है, उन के साथ यह सौतीली मां जैसा सलूक किया जा रहा है। ज़रा ग़ौर फरमायें कि यह कहां तक हकबजानब हो सकता है।

जनाबेवाला, आप बख़ूबी जानते हैं कि अम्बाला में पानी की कितनी किल्लत है। लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिलता। आए दिन पानी पर झगड़े होते हैं, लेकिन मालूम नहीं यह इन्द्र देवता कहां हैं जो इस ज़िला के लोगों की तकलीफात की तरफ तवज्जुह नहीं दे रहे। (घंटी की आवाज़) जनाब, मैं बहुत जल्दी खत्म कर दूंगा।

जनाबेवाला, अब मैं चन्द अल्फाज़ बिजली के मुतल्लिक अर्ज़ कर देना चाहता हूं। यह बिजली का महकमा भी उतना ही ज़रूरी है जितना कि नहरों का महकमा है, मगर इस में भी इसी तरह से ज़िला अम्बाला को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है कि कोई ठिकाना नहीं। इसके करीब करीब के इलाके को बिजली मुहैया की गई है। करनाल के इलाके को बिजली दी गई है लेकिन अम्बाला के ज़िला को बिजली नहीं दी जा रही। अम्बाला के साथ यह सलूक किया जा रहा है। मैं एक और बात सारे पंजाब के लिए अर्ज़ करना चाहता हूं। वह यह कि काटेज इंडस्ट्री, यह इंडस्ट्री, वह इंडस्ट्री सब के लिए बिजली मुहैया की जाती है और

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

वह भी बहुत रियायत के साथ लेकिन मैं नहीं समझता कि ज़रायत को क्यों इंडस्ट्री नहीं समझा जाता। ज़रायत खुद ऐसी इंडस्ट्री है जिस पर पचासी फी सदी बाशिन्दों का गुज़ारा हो रहा है। लेकिन इसके साथ बिल्कुल अलग सलूक किया जाता है। छोटी छोटी इंडस्ट्री के लिए रियायती निर्ख मुकर्रर हैं लेकिन हमारे इंद्र देवता या बिजली कड़काने वाले ज़रायत को क्या रियायत दे रहे हैं यह उनसे पूछें। चाहिए तो यह था कि ज़रायत के लिए कोई खास रियायत होती लेकिन उल्टे मिनीमम कंज़म्पशन गारंटी मुकर्रर कर दी है। स्पीकर साहिब, ज़रायत एक ऐसी अहम इंडस्ट्री है कि इसके बिना गुज़ारा नहीं और आज अगर यह इंडस्ट्री बन्द हो जाए तो तमाम का तमाम मुल्क भूखा मर जाए लेकिन फिर भी इस में कोई रियायत नहीं दी जाती। नतीजा यह है कि जो ट्यूबवैल ज़मींदारों ने लगाए हैं वे उनके लिए एक मुसीबत बन गए हैं। वे उनके दरवाज़े पर सफेद हाथी बन्ध गए हैं क्योंकि उन पर बिजली का इतना खर्च होता है कि उनके लिए अदा करना मुश्किल हो गया है।

एक छोटी सी बात और अर्ज़ कर के मैं बैठ जाऊंगा। वह यह है कि इलाका तो बढ़ गया है लेकिन पानी नहीं बढ़ा। मिसाल के तौर पर अगर पहले चार एकड़ को पानी दिया जाता है, अगर वही पानी छः एकड़ को दिया जाए तो उसकी कीमत भी बढ़ा दी जाती है। मैं अर्ज़ करता हूं कि आप बेशक मीटर लगा दें ताकि वह जितना पानी खर्च करते हैं उतना ही आबयाना उनको देना पड़े। ज़मीदारों की आज यह हालत है कि आबयाना, बैटरमेंट फीस, तरह तरह के बोझ उन पर डाल दिए गए हैं जोकि उनकी कमर तोड़ देने वाले हैं। (घंटी की आवाज़)। जनाब, एक मिनट और। मैं सिर्फ एक बात और अर्ज़ करना चाहता हूं कि अम्बाला में बिजली के कनैक्शन नहीं मिल रहे। इसलिए नहीं मिल रहे कि वहां बिजली कम्पनी को भाखड़ा वाले कहते हैं कि लोड नहीं है और भाखड़ा वाले लोड नहीं देते हैं। लोग चिल्लाते हैं, चीखते हैं, लेकिन वहां से जवाब मिलता है 'नहीं'। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर साहिब को भी लिख कर दिया कि वहां के इंचार्ज ने उन्हें कह दिया है कि लोड नहीं है। मैं इन अल्फाज़ के साथ दरखास्त करूंगा कि इन्द्र देवता इन ग़रीब लोगों की तरफ नज़रेअनायत फरमाएं।

श्री जगदीश चन्द (पेहोवा) : स्पीकर साहिब, आज इस डिमाण्ड पर बहस हो रही है। मैं इस के मुतल्लिक जितनी तारीफ करूं उतनी ही थोड़ी है। हमारे Engineers ने जितनी सूबे की पैदावार को नहरों द्वारा बढ़ाने की कोशिश की है उस के लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। परन्तु इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जहां उन्होंने श्लाघा-योग्य काम किया है उस में जल्दबाज़ी की वजह से कुछ खामियां भी रह गई हैं। मैं इस पर ज़्यादा न बोलता हुआ आप की विसातत से सरकार की तवज्जुह एक प्वायंट की तरफ दिलाना चाहता हूं और वह यह है कि भाखड़ा की नहरें कुछ flooded areas से भी निकाली गई हैं। इन flooded areas में जहां से यह नहरें निकाली जा रही हैं उन से कुछ फायदा भी हुआ है लेकिन नुकसान ज़्यादा हुआ है। इस के मुतल्लिक अगर figures collect की जाएं तो पता चलेगा कि नुकसान बदर्जहा ज़्यादा हुआ है। मेरा इशारा Nirwana Branch (पेहोवा डिवीज़न) की तरफ है। Nirwana Branch पर सेहकती साईफ़न से मंभा syphon तक जो

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री जगदीश चन्द]

बीच का रकबा है वह सारा flooded area था। अब Nirwana Branch के निकलने से इस area में नुक्सान हुआ है क्योंकि Nirwana Branch को बचाने के लिये नदी टांगरी व मारकंडा में बांध बना कर पानी को रोकने की कोशिश की गई है। इस Nirwana Branch पर सरकार का करोड़ों रुपया खर्च हो गया है। महकमे को इस की तरफ अपना खास तवज्जुह देनी चाहिये क्योंकि flood आ जाने से सैकड़ों मकान गिर जाते हैं और जमींदारों का चारा तबाह हो जाता है। उस area में जहां कि सरकार ने टांगरी बांध बनाया है--जिस की तरफ मेरे दोस्त खां साहिब ने इशारा किया है--उस के टूट जाने के कारण नीचे की तरफ के तमाम गांव तबाह हो जाते हैं और हाड़ी और सावनी की फसलें तबाह हो जाती हैं। इस के बाद सरकार लोगों को relief देने के लिये न तो तकावी देती है और न ही इन floods को रोकने की तरफ ध्यान देती है। जब प्रोफैसर शेर सिंह मिनिस्टर थे तो मैंने उन को यह सारा नज़ारा दिखाया था कि यह जो syphon बना हुआ है वह इतना कम चौड़ा है कि पानी को पूरी तरह निकाल ही नहीं सकता। Nirwana Branch की हिफाज़त के लिए टांगरी बांध के बनने की वजह से पानी रुक गया और गावों में पहुंच गया जिस की वजह से मकान और फसलें तबाह हो गईं। इस सिलसिले में एक Engineers की meeting पटियाला में बुलाई गई जिस में अम्बाला के कमिश्नर और चीफ इंजीनियर, जो अब retire हो गये हैं, शामिल थे। उन्होंने फैसला किया कि टांगरी बांध को मुकम्मल कर दिया जाये। अगर यह बांध जल्दी मुकम्मल न हुआ तो आने वाली बरसात में फिर floods की वजह से तबाही और बरबादी होगी। उन्होंने यह भी फैसला किया कि टांगरी drain को चौड़ा कर दिया जाये। जब यह drain चौड़ी करने लगे तो कुछ लोगों ने एतराज़ उठाया और कहा कि वे drain नहीं खोदने देंगे। मालूम हुआ कि इस में Deputy Commissioner, Ambala का भी हाथ है। वह नहीं चाहते कि टांगरी बांध वहां से बंद कर दिया जाये और उन्होंने अपनी prestige का सवाल बना लिया हुआ है। इन हालात में गवर्नमेंट को चाहिए कि वह flooded area की तरफ पूरा पूरा ध्यान दे। दो साल से जो लोग तबाह हो रहे हैं उन्हें आने वाली बरसात के खतरे से तो कम से कम बचा लिया जाये। अभी तक न तो टांगरी का बांध ही मुकम्मल हुआ है और न ही drain की खुदाई जारी की गई है। अगली बरसात में फिर तबाही होगी और इस की ज़िम्मेदारी गवर्नमेंट के कंधों पर होगी। Nirwana Branch से ठस्का माईनर, छपरा माईनर निकाले गये हैं। इन की टेल नैसी गांव के पूर्व में खत्म होती है। इस नैसी गांव से पछवा (west) में गूहला बांध को बचाने के लिये मारकंडा का बांध बनाया गया है। दोनों पानी इकट्ठे हो कर नैसी गांव को डबो देते हैं। पिछले साल flood से इस गांव के लोगों को कश्तियों से बचाया गया। अगर कश्तियां न पहुंचतीं तो एक भी आदमी न बचता। मारकंडा दरिया पर जलबेड़ा के मुकाम से जब तक दोनों किनारों पर बंध लगा कर पानी कंट्रोल नहीं होता तब तक न तो वहां के रहने वालों का जीवन खतरे से बरी हो सकता है और न ही इस area में नहरें कामयाब हो सकती हैं। इस के लिए लोगों ने कई

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री जगत नारायण चोपड़ा (जालन्धर नगर, दक्षिण-पश्चिम) : स्पीकर साहिब, हमारे वज़ीरे तालीम और Deputy Minister तालीम आजकल functions पर बहुत सी तकरीरें कर रहे हैं । इन तकरीरों में हमारे वज़ीर तालीम ने कहा और उस से पहले हमारे मुख्य मंत्री ने और फिनांस मिनिस्टर ने भी अपनी तकरीरों में कहा था कि Matric तक तालीम free होगी । इस के बाद हमारे Education Minister ने यह कहा कि Middle तक education free और compulsory होगी । हमारे वज़ीरे तालीम होशियारपुर में एक उस्तादों की conference में गए वहां उन्होंने teachers को यह कहा कि उन्हें बतौर missionaries क काम करना चाहिए । उन्होंने यह भी कहा कि वह mercenary spirit को अपने दिल में जगह न दें । इस के साथ ही जहां तक उस्तादों की तन्खाहों का ताल्लुक है या जो College Lecturers के grades हैं उन्होंने फरमाया कि उन की तरफ़ मेरा पूरा ध्यान है और मैं कोशिश करूंगा कि उन के grades को revise करके उन को मुनासिब grades मिल सकें । स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करता हूं कि तकरीरों द्वारा बहुत कुछ कहा गया है और हमेशा ऐसा होता है । लेकिन जो सुलझी हुई गवर्नमेंट होती है उसका यह तरीका होता है कि वह पहले आदादोशुमार इकट्ठे करती है —पहले अंदाज़ा लगाती है कि कितना खर्च होना है और उस के बाद अपने policy decision का एलान करती है । मगर इस गवर्नमेंट ने उस के बिल्कुल उलट किया है । पिछले आठ नौ महीनों से यह कहा जा रहा है कि Matric तक तालीम मुफ्त दी जाएगी । मगर उस की implementation पर खर्च कितना उठेगा उस का हिसाब नहीं लगाया गया । वज़ीर खज़ाना ने अपनी बजट तकरीर में कहा था कि free education के लिए 50 लाख रुपया रखा गया है लेकिन उस में यह नहीं बताया गया कि किस तरह तालीम मुफ़्त दी जायेगी ।

मैं, जनाब, आपकी विसातत से वज़ीरे तालीम की खिदमत में यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि पहले आप हिसाब लगाएं कि मैट्रिक तक तालीम मुफ्त करने से कितना खर्च आएगा । पंजाब में कोई 10, 11 हज़ार प्राइमरी स्कूल हैं और इन में तकरीबन तीन चार हज़ार पैप्सू के प्राइमरी स्कूल भी शामिल हुए हैं । फिर आप देखें कि पंजाब में तकरीबन 16 हज़ार गांव हैं और पैप्सू के अगर पांच छः हज़ार नहीं तो चार हज़ार गांव और मिले हैं । इस तरह यह 20 हज़ार के करीब गांव बन जाते हैं । अगर आप फ्री ऐजुकेशन करें गे तो आप को हर गांव में एक स्कूल ज़रूर खोलना पड़ेगा । इस तरह अगर आप 20 हज़ार गांव में एक प्राइमरी स्कूल फ़ी गांव का हिसाब लगाएं जिन में कम से कम दो उस्ताद फ़ी स्कूल दें

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जिनकी तनख्वाह dearness allowance वगैरा डाल कर 100 रुपए फ़ी उस्ताद हो तो एक महीने में 40 लाख रुपया केवल उस्तादों की तनख्वाहों पर ही खर्च आता है। एक साल के लिए आप इसे अगर 12 से ज़रब दें तो यह रकम 4 करोड़ 80 लाख रुपया बनती है। तो आप देखें कि सिर्फ़ पहली जमात से लेकर चौथी जमात तक के लिए अगर एक गांव में एक स्कूल खोलें और बच्चों की तादाद औस्तन 100 या 150 हो तो यह 5 करोड़ रुपया सिर्फ primary classes पर ही खर्च आता है। अब आप पांचवीं जमात से आठवीं जमात तक के स्कूलों का हिसाब लगा कर देख लें। इस वक्त जितने लड़के इन जमातों में पढ़ते हैं उनकी तादाद कोई 4 लाख 60 हज़ार के करीब है। अगर आप उनको एक टीचर भी 100 तुलबा के हिसाब से दें और एक टीचर को 150 रुपया तनख्वाह दें तो इस हिसाब से बीच में कुछ contingency वगैरा डाल कर तकरीबन 2 करोड़ 50 लाख रुपया खर्च आता है। इसके बाद अगर नवीं और दसवीं जमात के students की तादाद एक लाख 40 हज़ार हो तो इन की तालीम पर एक करोड़ रुपया खर्च आता है। आप इस तरह देखेंगे कि यह सारा टोटल मिल कर 9 या 10 करोड़ रुपए के करीब हो जाता है। अब आप इस demand को देखें जो आपके सामने पेश की गई है। सारे कालेजों और दूसरे स्कूलों को मिला कर यह demand कोई 8 करोड़ रुपए के करीब है। अब आप अंदाज़ा लगा लें कि यह कहां तक फ्री ऐजुकेशन की जा रही है। तो मैं अर्ज़ करूंगा कि यह जो इस किस्म का stunt है यह election के दिनों में तो चल सकता है मगर आज जब कि elections खत्म हो चुके हैं यह बात कुछ ज़्यादा वज़न नहीं रखती है। Elections के दौरान में लोगों से वोट लेने के लिए यह stunt खड़ा करना कि हम मैट्रिक तक तालीम मुफ्त कर रहे हैं समझ में आ सकता है मगर अब तो यह बात जिस का सिर पैर न हो नहीं करनी चाहिए। अब तो इनको reality में आना चाहिए। वज़ीर साहिबान को वह बात कहनी चाहिए जिसे वह पूरा कर सकें और उस चीज़ को ठीक ढंग से पब्लिक को मुहैय्या कर सकें। वह मुहैय्या भी इस ढंग से की जाए जिस से पब्लिक यह भी महसूस न करे कि हम पर भारी टैक्सों का बोझा लाद दिया गया है। पिछले दिनों अखबारात में यह निकला था कि इन का education cess लगाने का ख्याल है। इस बार तो वह नहीं लगी। मुमकिन है कि अगली बार लगे। तो, स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करता हूं कि अगर एक रुपया एक आदमी पर लगे तो एक करोड़ 60 लाख की पंजाब की आबादी से सिर्फ एक करोड़ 60 लाख रुपया मिल सकता है बशर्ते कि यह एक रुपया हर बच्चे, बूढ़े, जवान पर लगे। इस तरह आप देखेंगे कि अगर एक फैमिली पर औस्तन पांच या दस रुपए लग जाएं तो लोगों को कितना महसूस होगा। रुपया भी ज़रूरत को देखते हुए कोई ज़्यादा हासिल नहीं होगा और यह जो 10 करोड़ का खर्च है पूरा नहीं होगा। यह खर्च तो मौजूदा हिसाब से है। मगर जब लोगों को पता लगा कि मैट्रिक तक तालीम मुफ्त हो गई है और आठवीं तक compulsory तौर पर पढ़ना है तो आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि यह खर्च और कितना

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री जगत नारायण चोपड़ा]

बढ़ेगा । मैं यह नहीं कहता कि तालीम मुफ्त नहीं होनी चाहिए । यह होनी चाहिए मगर आपको उतने ही पांव पसारने चाहिएं जितनी लम्बी आपकी चादर हो । होना तो यह चाहिए कि आप स्कूल खोलें और फिर लोगों में उत्साह पैदा करें कि वह इनको चलाने में मदद दें । स्पीकर साहिब, यह जो demand नम्बर 15 बजट के सफ़ा 207 पर है उसको अगर आप ग़ौर से देखें तो आपको मालूम होगा कि Government Secondary Schools पर 1 करोड़ 95 लाख 33 हज़ार 590 रुपए खर्च किए जाएंगे । Local Bodies के Secondary स्कूलों पर 1,21,38,970 रुपए खर्च किए जाएंगे और फिर इसके बीच में 53 लाख रुपया वह है जो Private Secondary स्कूलों को बतौर ग्रांट दिया जाना है । अगर इसको भी निकाल दें तो सरकारी Secondary स्कूलों पर तकरीबन 3 करोड़ रुपया खर्च होना है । इस वक्त जो प्राइवेट स्कूल हैं उनकी तादाद अगर गवर्नमेंट स्कूलों से दुगनी नहीं तो ड्योढ़ी ज़रूर होगी । अगर आप बराबर भी मान लें तो इस हिसाब से 3 करोड़ रुपए को करीब प्राइवेट तौर पर funds इकट्ठे करके स्कूल चलाए जा रहे हैं । अगर गवर्नमेंट ने प्राइवेट स्कूलों को बन्द कर दिया या merge करने की कोशिश की तो न प्राइवेट तौर पर इनको इतना रुपया आएगा, न लोगों में दान देने की श्रद्धा रहेगी और न ही सरकार इतने funds खुद दे सकेगी । इसका नतीजा यह होगा कि तालीम suffer करेगी । इसलिए मैं वज़ीर साहिब से कहना चाहता हूं कि जिस ढंग से यह सिलसिला चल रहा है, लोग आगे आ रहे हैं और buildings तक बना कर स्कूलों के लिए दे रहे हैं उसको बन्द न करें । मैं ने देखा है कि लोगों ने चंदा इकट्ठा करके एक एक लाख रुपए की buildings बना कर हाई स्कूलों के लिए दी हैं । बहुत सी जगह Societies स्कूल बना कर दे रही हैं और दान मांग मांग कर स्कूल चला रही हैं । आप इस उत्साह को खत्म न करें । इसलिए आप election stunt को अब खत्म करें और असली शक्ल में आएं ताकि तालीमी नुक्सान न हो । लोगों ने अखबारों में पढ़ा कि गवर्नमेंट स्कूलों में फीस नहीं लगेगी तो लोगों में बड़ी बातें हुईं । मुझे पता है कि हमारे जालंधर में Government Girls स्कूल में दाखला होना था तो पहली जमात में दाखिल होने के लिए सैंकड़ों बच्चियां आईं मगर लेनी सिर्फ पच्चास थीं । मैं ने देखा है कि उसके लिए बड़ी बड़ी सिफारिश की गईं और वज़ीरों तक के रुक्के लाए गए । अगर यही सिलसिला फीस माफ होने का रहा तो मैं नहीं समझ सकता कि लोग कैसे तालीम हासिल कर सकेंगे । आप ऐसा करें कि अब जो स्कूल खुले हुए हैं गांव में भी उनको और आगे बढ़ाएं और रुपए से उनकी मदद करें । अगर आपने यह तरीका इख्तियार किया, जैसा आपका विचार है, तो ऐजुकेशन का सारा सिलसिला दरहम बरहम हो जाएगा ।

एक बात मैं अब और वज़ीर साहिब के नोटिस में लाना चाहता हूं । पिछले दिनों अखबारात में महकमा तालीम की तरफ़ से Higher secondary education रायज किए जाने का काफ़ी चर्चा हुआ है । यह कह रहे हैं कि स्कूल का

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

कोर्स 11 साल का होगा और कालेज का तीन साल का । आगे यह होता है कि एक लड़का दसवीं करने के बाद कालेज में 1st Year क्लास में दाखिल हो जाता है और चार साल के बाद या कुल 14 साल के बाद graduate बन जाता है। अब यह Higher Secondary Scheme चालू करने लगे हैं । 11 साल तो मैट्रिक तक उसके स्कूल में लगेंगे और फिर वह जहां पहले 14 साल में graduate बनता था अब 15 साल लगेंगे और उसके माता पिता को. . . .

श्री शेर सिंह : 14 साल ही लगेंगे ।

श्री जगत नारायण चोपड़ा : नहीं साहिब, आप मेरी बात भी सुनें । University तीन साल नहीं मानती है । उन्होंने फैसला किया है कि स्कूल के बाद B.A. तक चार साल ही लगेंगे । वज़ीर साहिब को भी पता होगा कि यह उनका फ़ैसला है । यह जो University और Education Department की टक्कर है वज़ीर साहिब को उसे भी ध्यान में रखना चाहिए । यह लड़के और उनके माता पिता पर एक साल का और बोझ पड़ेगा । यह नामुनासिब है । इसके साथ स्कूलों को जो रुपया दिया है ताकि वह 11 साल का कोर्स कर सकें वह तो buildings के लिए ही दिया है । अगर वह रुपया buildings पर ही खर्च करें तो प्राइवेट स्कूल, जिनकी तादाद बहुत ज्यादा है, इतनी हिम्मत नहीं रखते कि वह पूरा staff भी रख सकें जितना कि रखना चाहिए । इसलिए यह चीज़ जो मैं ने आपके सामने रखी है मुझे यकीन है कि वज़ीर साहिब इस पर ज़रूर गौर करेंगे ।

मैं वज़ीरे तालीम साहिब के आगे एक सुझाव और भी रखना चाहता हूं । मुझे इस बात का अच्छी तरह इल्म है कि जो गवर्नमेंट कालेज हैं या गवर्नमेंट स्कूल हैं उनमें best तुलबा लिए जाते हैं । खास तौर पर जो गवर्नमेंट कालेज हैं उनमें 1st class तुलबा लिए जाते हैं और फिर जो staff प्रोफैसर वगैरह रखे जाते हैं वह भी 1st class डिग्री वाले ही रखे जाते हैं । मगर हालत देखें कि क्या है ? यहां चंडीगढ़ गवर्नमेंट कालेज में 28 लड़के Medical Faculty के इम्तहान में शरीक हुए मगर उनमें से सिर्फ एक ही लड़का पास हुआ । आप गौर फरमाएं कि लड़के वह दाखिल हुए हों जिन्हों ने मैट्रिक में 1st division ली हो, प्रोफैसर वह हों जो 1st class हों और नतीजा यह हो जो मैं ने बताया है । हर जगह यही हाल है । मैं ने पिछले पांच छः साल में देखा है—मैं अब की बात नहीं करता मैं अपने वक्त की भी बात करता हूं कि यह बात होती रही है। मैंने D.P.I. साहिब से भी कहा था कि इस तरफ ज़रूर देखना चाहिए क्योंकि हम गवर्नमेंट कालेजों पर इतना खर्च करते हैं और जो प्रोफैसर हम रखते हैं वह 1st class रखते हैं लेकिन प्राइवेट कालेजों. . . . . . (घंटी की आवाज़)

अध्यक्ष महोदय : वक्त देख लें, मेरी तरफ न देखें । (The hon. Member may please see the time and not look at me.)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री जगत नारायण चोपड़ा : मैं ने कुछ important बातें कहनी हैं ।

अध्यक्ष महोदय : शायद दूसरे मेम्बर साहिबान ने उन से भी important, बातें कहनी हों । (Perhaps other Members may have to say still more important things.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि आज हमारे गवर्नमेंट कालेजों की पढ़ाई बहुत ज़्यादा deteriorate हो चुकी है । इस के लिए वज़ीर साहिबान को देखना चाहिए कि काबिल से काबिल स्टाफ मुहैया किया जावे ।

इस के साथ ही वज़ीर साहिब की ख़िदमत में मैं एक अर्ज़ यह करना चाहता हूं कि अख़बारों में इस बात की बड़ी चर्चा है कि किताबों की नैश्नेलाइज़ेशन ख़त्म होने वाली है । मैं चाहूंगा कि वज़ीर साहिब इस के मुतअल्लिक वाज़ह बयान दें कि आठवीं जमायत तक की नैश्नलाइज़ेशन आफ बुक्स रहेगी या नहीं रहेगी । मैं समझता हूं कि अगर वज़ीर साहिब यश कमाना चाहते हैं तो वह नैश्नलाइज़्ड किताबों की कीमतें कम करें । मुझे मालूम है कि किताबों की नैश्नेलाइज़ेशन से हर साल दस लाख रुपया बचता है । मैं ने बहुत कोशिश की यह दस लाख रुपया किताबों की कीमतों में से कम कर दिया जाय लेकिन मैं इस में सफल नहीं हो सका । अगर किताबों की कीमतें कम की जायें तो वज़ीर साहिब फौरन यश ले सकते हैं और अगर यह दस लाख रुपया का जो profit होता है इस को जाने दिया जाय तो जो किताब इस वक्त एक रुपया की बिकती है वह लोगों को तीन आने में मिलेगी ।

इस के अलावा मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि रोहतक में लड़कियों का कोई कालेज नहीं । पटियाला में भी लड़कियों का एक ही कालेज है । वहां पर लड़कियों का कम से कम एक कालेज और खोलना चाहिए और हिन्दी ज़ोन में रोहतक में लड़कियों का एक कालेज और बोर्डिंग हाऊस खोलना चाहिए । (घंटी की आवाज़)।

स्पीकर साहिब, मैं सिर्फ एक बात और अर्ज़ करना चाहता हूं वह यह कि महकमा तालीम में औरतों के स्टाफ़ के साथ बहुत discrimination की जाती है । इनस्पेक्टरों में तो बहुत से गज़टिड आदमी हैं लेकिन औरतों में एक के सिवाये कोई भी गज़टिड अफसर नहीं । यह discrimination दूर होनी चाहिए । (घंटी की आवाज़)

अब, स्पीकर साहिब, दो मिनट हैल्थ के लिए.............

अध्यक्ष महोदय : हर बार आप 'दो मिनट और' कह देते हैं । बराये मेहरबानी सब को जमा करके एक ही बार बता दें कि आप कितना वक्त और लेंगे ? (Every time the hon. Member asks for two more minutes. He may kindly add up all these minutes and state once for all how much more time he would require ?)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : बहुत बेहतर जनाब, मैं खत्म करता हूं ।

Original with; Punjab Vidhan Sabha Digitized by; Panjab Digital Library

मौलवी अब्दुल ग़नी डार (नूह) : स्पीकर साहिब, मैं ऐजुकेशन के बारे में.....

अध्यक्ष महोदय : मैं आप से एक बात और अर्ज़ कर दूं कि अब डिबेट के लिए एक घंटा और कम हो गया है क्योंकि दोनों मिनिस्टर साहिबान सवा घंटा के करीब टाइम ले रहे हैं। (Let me tell the hon. Member one thing more and that is that the time for debate has been further curtailed by one hour because both the Ministers are going to take about an hour and a quarter for reply.) (*Interruptions*)

(*Voices* : Half an hour will do for them.)

मौलवी अब्दुल ग़नी डार : स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि जितना रुपया एजुकेशन और हैल्थ के लिये मांगा गया है हाऊस बड़ी खुशी से उसे कबूल करेगा लेकिन मैं एक बात की तरफ यहां आप के द्वारा पंजाब सरकार और अपने हाऊस के मुअज़िज़ मैम्बरान की तवज्जुह मबज़ूल कराना चाहता हूं। तारीख़ में एक ज़माना हुआ है जिसे मुहम्मद तुग़लक का ज़माना कहते हैं। इस बादशाह ने बहुत सी ऐसी स्कीमें बनाई जो कभी पायाए तकमील तक न पहुंची और नतीजा यह हुआ कि देहली के लाखों भाई बहन तबाहो बर्बाद हुए। यह बात हमारे लिए खुशी का बायस है कि पचास लाख रुपया पंजाब सरकार बच्चों की मुफ्त तालीम के लिये देना चाहती है और इसकी चर्चा हमारे मिनिस्टर साहिब बड़े ज़ोर से करते हैं। लेकिन मेरी राय यह है, स्पीकर साहिब, कि यह मुहम्मद तुग़लक से कोई कम बात नहीं कि जब हमारे देश में, हमारे सूबा में unemployment की चर्चा हो रही है तो बजाय इसके कि यह रकम लोगों को कोई टैक्नीकल स्कीम मुहैया करने पर खर्च की जाय, इंजीनियरिंग, इनडस्ट्री, मैडीकल और बैसिक ऐजुकेशन पर खर्च की जाय, जिस से बेरोज़गारी दूर हो यह रुपया ऐसे काम में लगाया जा रहा है कि जिस से यह मसला हल होने वाला नहीं। मैं जानता हूं कि मिठाई अच्छी चीज़ है लेकिन ज़्यादा मिठाई खा लेने से भी आदमी मर जाता है। इस लिये वक्त की ज़रूरत है कि आम तालीम के साथ-साथ टैक्नीकल तालीम देते रहें ताकि उतनी ही खपत भी बढ़ाई जाय। इस के लिये ज़रूरी है कि तालीम का तरीका बदला जाय यानी ऐसी तालीम दी जाये जिस से लोगों में बेरोज़गारी न पैदा हो। इस तरह से पचास लाख की बजाय चाहे आप दो करोड़ कर दें लेकिन यह सब हवाई बातें रह जाती हैं। इन से यह मसला हल होने वाला नहीं। लाला जगत नारायण जी एजुकेशन और हैल्थ की बातें करते हैं। लाला जी की हैल्थ अच्छी है और चौधरी सूरज मल जी की हैल्थ भी अच्छी है लेकिन हैल्थ के बारे में वह कुछ नहीं जानते (हंसी)। स्पीकर साहिब, यह कहा गया कि फर्स्ट क्लास लड़के मेडीकल में दाखिल कराये गये, प्रोफैसर भी फर्स्ट क्लास हैं लेकिन सिवाये एक के सब लड़के फेल हो गये। हो सकता है कि पर्चे ही ऐसे बनाये गये हों जिस के नतीजा के तौर पर वह फेल हो गये हों।

स्पीकर साहिब, हर साल मैं अर्ज़ करता हूं कि उर्दू को काफी हद तक ignore किया जा रहा है और मैं सरकार के इस दावा को बड़े ज़ोर से तरदीद करता हूं कि 'जहां जो मांगते हैं होता है'। हाऊस में बार बार कहा गया 'यह दावा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[मौलवी अबदुल ग़नी डार]
ग़लत है कि मेवात के इलाका में बहुत बड़ी तादाद मुसलमानों की है और वहां वे उर्दू का इन्तज़ाम चाहते हैं लेकिन ऐसा नहीं किया गया । मैं खुश हूं कि हिन्दी और पंजाबी खूब पढ़ाई जाय क्योंकि हिन्दी के बिना हमारी गति नहीं । यहां हमारे हैल्थ मिनिस्टर चौधरी सूरज मल जी कहते हैं कि आयुर्वेदिक और यूनानी तरीकाए हिकमत को फ़रोग देना चाहिए । लेकिन वह तो सारे का सारा उर्दू ज़बान में है और उर्दू को सारे पंजाब से खत्म करके फिर यह कैसे रायज किया जा सकता है ? मैं समझता हूं कि जेल, पुलिस और रेविन्यू के सब रिकार्ड को एक दो साल में पंजाबी और देवनागरी में बदलना मुश्किल ही नहीं बल्कि ना-मुमकिन है । इतनी जल्दी अच्छे पटवारी नहीं बन सकते जो इन ज़बानों में काम कर सकें । नतीजा यह होगा कि inefficiency बढ़ेगी । इस लिए वज़ीरे तालीम, हैल्थ मिनिस्टर और चीफ मिनिस्टर को इस बात का ख्याल रखना चाहिये कि उर्दू ज़बान खत्म न की जाय ।

चौधरी साधु राम (नारायणगढ़, जनरल) : स्पीकर साहिब, मैं इस थोड़े से वक्त में अपने हलके के लोगों की मुश्किलात के सिलसिले में ज़िक्र करूंगा जो उन्हें education और health के बारे में पेश आती हैं । सब से पहली बात जो education के बारे में है—मैं समझता हूं कि मेरे हलके में ही नहीं बल्कि सारे पंजाब में है—वह यह है कि पहले चौथी जमायत तक primary शुमार होती थी लेकिन आज पांचवी से शुमार की जाती है। जहां primary schools पांचवीं जमायत तक हैं वहां तो लड़कों से फ़ीस नहीं ली जाती लेकिन जहां पांचवी जमाअत middle schools या high schools में है वहां लड़कों से फ़ीस ली जाती है । इन हालात में मैं समझता हूं कि बच्चों के वालदैन के साथ ज़्यादती है और इस का फ़ौरी तौर पर इनसदाद किया जाना चाहिए । पांचवीं जमायत चाहे middle school में हो या primary school में वहां लड़कों की फ़ीस माफ़ कर देनी चाहिये ।

दूसरी चीज़, स्पीकर साहिब, जो खास तौर पर मेरे हलके से ताल्लुक रखती है वह यह है कि हमारे हां Unionist Ministry के वक्त से agriculturists को आधी फीस की माफ़ी है लेकिन वह रियायत भी इस तरह से वापस ले ली जाती है कि हर साल दरखास्तें देनी पड़ती हैं; फर्द ज़मीन लेने पड़ते हैं जिस की फीस पांच रुपये पटवारी को देनी पड़ती है ; दरखास्त पर stamp लगाना पड़ता है और एक रुपया तहसीलदार को दरखास्त को recommend कराने के लिये देना पड़ता है । इस का मतलब यह हुआ कि जितनी फीस देनी पड़ती है उसी कदर पैसे खर्च हो जाते हैं और इस के अलावा botheration अलहदा बर्दाश्त करनी पड़ती है । इसीलिए बेहतर होगा कि स्कूलों के हैडमास्टरों को इजाज़त दे दी जाए कि जो काम लड़कों के वालदैन को तहसीलों में जा कर कराना पड़ता है वह खुद कर लिया करें । इस से लोगों की botheration खत्म हो जायेगी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

और वह अपना काम आसानी से headmasters से करवा लिया करेंगे ।

इस के अलावा हमारी आम तौर पर यह शिकायत रहती है कि allocation of funds के बारे में हमारी सरकार की कोई पालिसी नहीं । जो इलाके less developed हैं उन्हें ज़्यादा funds दिये जाने चाहियें मगर होता यह है कि जहां ज़्यादा ज़रूरत नहीं होती वहां ज़्यादा funds दिये जाते हैं और जहां ज़्यादा funds की ज़रूरत होती है वहां थोड़ी रकम दी जाती है । हमारी सरकार इस तरह से socialistic pattern of society तो कायम नहीं कर सकती। मेरे पास इतना time नहीं वरना मेरी ख्वाहिश थी कि मैं इस सिलसिले में आदादो-शुमार पेश करता । हमारी गवर्नमेंट ने किसी तरह से 89,000 रुपये की एक स्कीम जारी करनी थी जिस के मुताबिक primary schools को middle standard तक और middle schools को high schools में convert करना है । इस बारे में मैं अर्ज़ करूंगा कि एक इलाके के बारे में नीचे से recommendation आती है, एक साहिब आते हैं और सैक्रेटेरियट में आ कर मिल जाते हैं । इन के मिलने के बाद उस इलाके के लिए letter जारी कर देते हैं जहां कालेज भी है और हाई स्कूल भी यानी हर किस्म की facilities हैं । मैं ने इस बारे में Education Minister और Deputy Minister से भी अर्ज़ की है और उम्मीद करता हूं कि वह इस किस्म की practice को खत्म करेंगे ।

जहां तक health का ताल्लुक है, पानी एक ऐसी ज़रूरत है कि यह इनसान के लिये पहली ज़रूरतों में से एक है । यहां सालहासाल से इस बात के लिए बजट में एलान होता है लेकिन जहां तक अमल का ताल्लुक है सारी रकम Sanitary Board के पास वैसी की वैसी ही पड़ी रहती है और कहीं खर्च नहीं होती ।

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮ ਦਿਆਲ ਸਿੰਘ : On a point of information, Sir. ਮੈਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ education ਤੇ health ਤੇ ਮਾਨਯੋਗ ਮੈਂਬਰ ਇਕੱਠੇ ਬੋਲ ਸਕਦੇ ਹਨ ?

अध्यक्ष महोदय : मैं ने शुरू में ही आप सब की राय ली थी और कहा था कि माननीय मैम्बरों को चाहिये कि वे इन demands पर अपने views किसी तरह mix न होने दें । (In the very beginning I had sought the opinion of the hon. Members and had asked them to see that, while speaking on the Demands, their views are not mixed up.)

चौधरी साधु राम : मैं आप की विसातत से अर्ज़ कर रहा था कि इस स्टेट में जो कंढी का इलाका है और खास कर ज़िला अम्बाला में नारायणगढ़ और Patiala में Pinjore और नालागढ़ इन में पानी की बहुत दिक्कत है । यहां गर्मियों के मौसम में तीन-चार मील के फासले से पानी लाना पड़ता है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : पहले आप health की demand पर बोल लें फिर education पर । इस तरह से मिनिस्टर साहिबान के लिए जवाब देना आसान हो जायेगा और record भी ठीक रहेगा । (The hon. Member should first speak on the Demand for Health and then on Education. This will facilitate giving of replies to the debate by the hon. Ministers and also the maintenance of record properly.)

चौधरी साधु राम : मैं education की बात खत्म करके अब health के मुतअल्लिक ज़िक्र कर रहा हूं । तो मैं इस बारे में ज़िक्र कर रहा था कि आज तक इन पांच छे: सालों में इस की तरफ़ कोई तवज्जुह नहीं दी गई । Sanitary Board की तरफ से जो थोड़ी बहुत रकम मंज़ूर हुई थी, उस सिलसिले में अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया । जहां तक इस बजट का ताल्लुक है इस में भी 25,97,400 रुपये का provision किया गया है । मैं ने बजट को पढ़ कर देखा है । इस में सिवाए होशियारपुर के इलाके के और किसी का ज़िक्र नहीं। आदादो-शुमार से यह बात ज़ाहिर हो गई है कि बहुत सा रुपया शहरों में ख़र्च हो जाता है या उन इलाकों में सरफ़ किया जाता है जहां पानी की कोई किल्लत नहीं। लेकिन इस प्रांत में कई इलाके ऐसे हैं जो अपने तौर पर इस तकलीफ को हल नहीं कर सकते । इसलिये मैं आप की विसातत से गवर्नमेंट से अर्ज़ करूंगा कि ऐसे इलाकों की तरफ़ ध्यान दिया जाए जहां आसानी से पीने का पानी दस्तयाब नहीं हो सकता और ज़्यादा से ज़्यादा रुपया ख़र्च करके पानी की किल्लत को दूर किया जाए ।

इस के अलावा, स्पीकर साहिब, मैं आप की विसातत से एक और चीज़ की तरफ़ गवर्नमेंट का ध्यान दिलाना चाहता हूं । बार बार हमें यह शिकायत भी रहती है कि किसी चीज़ के लिये allocation of funds हो भी जाता है तो बाद में उसे वापस लेने की कोशिश की जाती है । नारायणगढ़ में Primary Health Unit कायम किया गया । इस का बाकायदा बजट में ज़िक्र किया गया । लेकिन, स्पीकर साहिब, आप हैरान होंगे कि इस वक्त एक चिट्ठी वहां पहुंची है जिस के ज़रिए सारी स्कीम वापस ले ली गई है । ऐसी स्कीमें पंजाब में चार जगहों पर शुरू कर दी गई हैं लेकिन नारायणगढ़ के बारे में Civil Surgeon, Ambala के पास एक चिट्ठी आई है जिस में गवर्नमेंट ने पूछा है कि वहां Health Unit की ज़रूरत है या नहीं ? मैं ज़ोरदार अल्फाज़ में Ministry से दरख्वास्त करूंगा कि Health Unit जो पहले से मंज़ूरशुदा है उसे जल्द जारी कर दिया जाये । इस के साथ-साथ मैं आप के ज़रिये थोड़ा सा ज़िक्र corruption के सिलसिले में करूंगा । रामपुर रानी गांव में डाक्टर ने किसी को सार्टिफिकेट दिया । लोगों को इस बारे में शिकायत हुई और Civil Surgeon से दुबारा मुआयना कराया । Civil Surgeon ने उस डाक्टर के खिलाफ़ अपनी राय दी लेकिन इस के बावजूद डेढ़ दो साल से वही डाक्टर वहां पर मौजूद है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

स्पीकर साहिब, एक चीज़ और है जिस की तरफ़ मैं मिनिस्टर साहिब का ध्यान दिलाना चाहता हूं। पटियाला राजेन्द्रा हस्पताल के एक डाक्टर के खिलाफ 16 serious किस्म की allegations लगाई गई हैं। उन allegations के बारे में Anti-Corruption Department की तरफ़ से enquiry भी हो चुकी है और उन के बारे में फाइल आजकल सैक्रेटेरियट में पड़ी है। इस केस की तरफ़ मैं मिनिस्टर साहिब का ध्यान दिलाना चाहता हूं। मेरे पास समय नहीं, इस लिये मैं यह serious allegations नहीं पढ़ सकता। वरना अगर इजाज़त हो तो मैं पढ़ने के लिए भी तैयार हूं। मगर इजाज़त मिलती नज़र नहीं आती। इसलिये मैं इशारा ही करता हूं। ऐसे cases जो गवर्नमेंट की नज़र में आते हैं और जिन के बारे में enquiry भी हो चुकी हो उन के बारे में गवर्नमेंट को action लेना चाहिए ताकि लोगों में जो dissatisfaction पैदा होती जा रही है वह दूर हो जाए।

इस के इलावा सिर्फ एक चीज़ और कह कर मैं बैठ जाऊंगा। जहां तक नारायणगढ़ का ताल्लुक है इस में, खास तौर पर पिंजौर के इलाके में, गवर्नमेंट ने एक water supply scheme पिछले दो साल से अपने हाथ में ली थी। मैं नहीं जानता कि अब उस को क्यों रोक दिया गया है। वहां के लोगों की तरफ़ से बार बार representations आती हैं। मैं तवक्को करता हूं कि उस काम को जारी रखा जाएगा ताकि लोगों की तकलीफ़ को दूर किया जा सके।

चौधरी धर्म सिंह राठी (संभालका) : स्पीकर साहिब, इस कांग्रेस हकूमत को आए हुए दस साल हो गए हैं। लेकिन इस दस साल में education के system में कोई तबदीली नहीं आई है। हमारे स्कूल जहां पढ़ाने की संस्थाएं हैं वहां वे बेकार पैदा करने वाली जगहें बन गई हैं। जो लड़का मैट्रिक पास करता है वह घर के काम से नफ़रत करने लगता है। वह कहता है मुझे नौकरी दिला दो; क्लर्क बना दो। वह और कोई काम नहीं कर सकता। इसलिए आज हमारी सब से बड़ी ज़रूरत यह है कि हम अपना education का system बदलें। आज जिस तालीम पर हम लाखों रुपया लगा रहे हैं उस का कोई फ़ायदा नहीं है। इस सिस्टम को बदलने की ज़रूरत है जो बेकारी पैदा करता है। हम इस किस्म का सिस्टम चाहते हैं जिस में जो आदमी पढ़ लिख जाए वह नौकरी के लिये भागा न फिरे और कुछ काम कर सके।

Treasury Benches की तरफ़ से कहा जाता है कि 50 लाख रुपए से Matric तक free education दी जाएगी। अब लाला जगत नारायण जी कहते हैं कि free education कैसे हो सकती है; असल में यह तो elections के लिये एक slogan था। अभी यह slogan कुछ देर और चलेगा क्योंकि कांगड़े में elections अभी होने हैं। इस तरह के स्टण्ट खत्म होने चाहिएं और हमें यह सोचना चाहिये कि पंजाब का भला कैसे हो सकता है। यह कह देने से कि 50 लाख रुपए से free education मैट्रिक तक हो जाएगी।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

यह बात नहीं हो सकती । मैं ने डायरैक्टर साहिब से पूछा है. मिनिस्टर साहिब से पूछा है, डिप्टी मिनिस्टर साहिब से पूछा है कि यह free education की स्कीम क्या है । वे कहते हैं कि हम को तो पता नहीं । सिवाए चीफ़ मिनिस्टर साहिब के दिमाग के और किसी को पता नहीं कि यह स्कीम क्या है । Free matriculation education के बारे में Government के पास कोई स्कीम नहीं है ।

एक तरफ़ तो यह free education करने लगे हैं । दूसरी तरफ़ डिस्ट्रिक्ट बोर्डों के स्कूलों में पांचवीं जमायत की फीस 7½ आने से बढ़ा कर तीन रुपये कर दी गई है । पहले अगर दसवीं जमायत तक का स्कूल शुरू करना होता था तो स्कूल के लिये 10 हज़ार रुपये लिये जाते थे और पांच कमरों वाली बिल्डिंग बनवाई जाती थी । अब कहते हैं कि सात कमरे बनाओ और 15 हज़ार रुपये जमा कराओ । यह है free education का काम जो अब हो रहा है ।

इस के अलावा एक और अजीब चीज़ इस डिपार्टमेंट में देखी गई है । मेरे जिला में D. I. ने हुक्म जारी किया है कि हर लड़का गांधी टोपी पहन कर आए । इस देश में और पंजाब में जितनी बेईमानियां और बदउनवानियां होती हैं वे गांधी टोपी के नीचे होती हैं । मैं यह कहूंगा कि कम से कम स्कूलों में यह बुरी चीज न introduce की जाए । गांधी टोपी का सम्बन्ध गांधी जी से है जो एक महान् व्यक्ति और हमारे देश के पिता थे । उन के नाम पर कम से कम Education Department में तो black mail नहीं होनी चाहिये ।

इस के अलावा मैं आप का ध्यान एक और बात की तरफ़ दिलाना चाहता हूं । यूनिवर्सिटी यह कहती है कि मैट्रिकुलेशन के अंदर अंग्रेज़ी एक ज़रूरी मज़मून होगा । लेकिन श्री विद्यालंकार जी का महकमा कहता है कि आठवीं तक अंग्रेज़ी एक optional subject होगा । दसवीं जमायत में तो इंगलिश का अच्छा standard होगा और नीचे वह नहीं होगा । इस तरह लड़के दसवीं में इंगलिश के साथ कैसे cope with कर सकेंगे ? एक लड़का मिसाल के तौर पर आठवीं में अंग्रेज़ी नहीं पढ़ता । वह नौवीं में इसे किस तरह पढ़ सकेगा ? इस तरह के हुकम कांग्रेस राज में ही हो सकते हैं । मुझे एक मिसाल याद आ गई । एक जिमीदार किसी कांग्रेसी जैसे आदमी के हां ठहरा । उसके साथ एक घोड़ी थी । रात को घोड़ी ने बच्चा दिया । जब वह ज़िमींदार सवेरे घोड़ी और बच्चे को ले जाने लगा तो ज़िमींदार ने कहा कि बच्चा मेरा है ।

अध्यक्ष महोदय : अगर बाद में आप की इस घोड़ी और इस के बच्चे के बारे में कोई कुछ कहेगा तो फिर आप हमारी protection चाहेंगे । यह चीज़ें रिकार्ड में आ जाएंगी । इस लिये आप इन को avoid करें । (If somebody else refers to this story of the mare and its colt afterwards, the hon. Member will then seek the protection of the Chair. These things will come on record. He should, therefore, avoid them.)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

चौधरी धर्म सिंह राठी : एसी कोई बात नहीं । मैं आधे मिनट में खत्म करता हूं । तो जब सवेरे मेहमान उस घोड़ी के बच्चे को ले जाने लगा तो मेज़-बान कहने लगा कि यह बच्चा तो मेरे बैल ने दिया है ।

अध्यक्ष महोदय : क्या आप Education Department पर बोल रहे हैं ? (Is the hon. Member speaking on the Education Department ?)

चौधरी धर्म सिंह राठी : एक सैकंड में खत्म करता हूं । उस झगड़े को खत्म करने के लिये मामला गांव की पंचायत के पास गया । पंचों ने फैसला किया कि यह तो बैल वाले का बच्चा है । इस लिये वह बैल वाले को ही मिल गया । लेकिन जिस को वह घोड़ी का बच्चा मिला वह रोने लग पड़ा । जब उस से पूछा गया कि तुम रोते क्यों हो तो उस ने जवाब दिया कि यह पंच मर गए तो इस किस्म के फैसले कौन करेगा । मैं तो यह कहता हूं कि अगर यह वज़ीर साहिब न रहे तो इस किस्म के हुकम कौन जारी करेगा ? (हंसी)

इसके अलावा मैं ने यह सारा बजट देखा है । इस में कहीं हरियाने के बारे में कोई प्रबन्ध नहीं किया गया । (आवाज़ें) ।

Mr. Speaker : No interruptions, please.

चौधरी धर्म सिंह राठी : जब हम डायरैक्टर साहिब के पास जाते हैं और हरियाने के बारे में कुछ कहते हैं तो वह कुछ नहीं करते । हरियाने के साथ डाय-रैक्टर साहिब का रवैय्या खसूसन नफ़रत आमेज़ है जो किसी तरह से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता । मैं इस बात की तरफ़ वज़ीरे तालीम की तवज्जुह दिलाना चाहता हूं । Corruption इस महकमें में ऊपर से होती है ।

अध्यक्ष महोदय : अगर आपको डायरैक्टर पर कोई गुस्सा है तो आप हाउस के बाहर मिनिस्टर साहिब से कह सकते हैं । (If the hon. Member is somehow displeased with the Director, he can talk to the hon. Minister about it outside the House.)

Minister for Consolidation and Health : On a point of order, Sir. There was an old tradition that a member of the public service who cannot defend himself in this House should not be referred to like that here. I think the House should keep that old tradition and should not bring in an officer who cannot defend himself here.

चौधरी धर्म सिंह राठी : यह तो बजट है । यह तो, जनाब बजट है ।

अध्यक्ष महोदय : बात सुनिए । जब किसी individual का नाम लिया जाये और उस के खिलाफ़ कोई खास ऐसे allegations और charges लगाए जायें जिसे वह House में defend ना कर सके तो आम तौर पर ऐसा avoid किया जाना चाहिये । लेकिन यह General Administration की बात करते हैं । अगर वह Education Department पर बोलते हुए किसी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[अध्यक्ष महोदय]

अफ़सर की बात करते हैं, तो इसमें कोई ऐसी बात नहीं। इस से भी serious matters आये हैं। मुझे नहीं पता आप किस वक्त की बात करते हैं।

(Addressing the hon. Minister). (Please listen. When reference is made to an individual and certain specific allegations or charges are levelled against him, then generally such things should be avoided. But the hon. Minister is talking about General Administration. If he criticises an officer while discussing the Education Department, then there is nothing wrong with it. I think matters even more serious than this, have been mentioned in this House. Anyway, I am not aware, in what context the hon. Minister has made this reference.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं स्पीकर साहिब का शुक्रगुज़ार हूं।

अध्यक्ष महोदय : आप शुक्रगुज़ारी में और कुछ न कहें। (For this gratitude, the hon. Member may avoid any reference to this matter.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : नहीं, जनाब। स्पीकर साहिब, मैं बतलाना चाहता हूं कि पंजाब के Government colleges में जो lecturers मुकर्रर होते हैं, आम तौर पर उनकी qualification M.A. Second Division है; लेकिन Director साहिब ने खुद अपनी लड़की को, जोकि Third Division B.A. पास है, Training College की Professor लगाया हुआ है। इस के अलावा एक और है, जो उन के हां पढ़ाया करते हैं, तकली वाले, उसका नाम......

अध्यक्ष महोदय : ये सारी बातें ज़रूर House में ही लानी हैं ? (Must all these things be stated in the House ?)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं यह कहना चाहता हूं कि इस Education के महकमा में मौजूदा Director साहिब ने जितनी irregularities की हैं, उतनी पंजाब के किसी और महकमा में नहीं हुई हैं। जब Head of the Department की यह हालत है तो नीचे के officers से क्या उम्मीद कर सकते हैं?

अध्यक्ष महोदय : आप एक खास allegation level कर रहे हैं, जिसकी ज़िम्मेवारी भी आपको लेनी होगी। (The hon. Member is making a specific allegation for which he will have to accept responsibility.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : I take full responsibility. मैं इसकी पूरी ज़िम्मेदारी लने के लिये तैयार हूं। इस के अलावा जो सोहन लाल तकली वाला है.....

अध्यक्ष महोदय : नाम न लें (The hon. Member should not mention the names.)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

चौधरी धर्म सिंह राठी : उस को teacher लगाया गया, Junior Basic पास ।

अध्यक्ष महोदय : आप का वक्त खत्म हो चुका है। (The hon. Member's time is over.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : अभी खत्म तो नहीं हुआ। अभी चार मिनट बाकी हैं। दो तीन मिनट और लूंगा। यह इस तरह खत्म हो गया, क्योंकि वे interruptions करते रहे ।

अध्यक्ष महोदय : आप का काफ़ी टाइम तो घोड़ी ने ले लिया (हंसी)। (The most of hon. Member's time has been taken by the mare.) (*Laughter*)

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, घोड़ी पर तो एक मिनट लगा है। T.A. के मुतअल्लक मेरी शिकायत है । जनाब, कई दफा वह T.A. इस तरह claim करते हैं कि station पर staff car में जाते हैं और दिखलाते हैं कि by road car में सफ़र किया। मैं Minister साहिब से कहना चाहता हूं कि इसके बारे तहकीकात होनी चाहिये।

इसके अलावा शिमला में Government का एक attached Rest-house है Government High School के साथ । उसके अंदर उनकी family कई २ महीनों तक ठहरी रहती है और वह भी वहां ठहरे रहते हैं । न वह water charges देते हैं, न वह बिजली वगैरह का खर्च देते हैं ।

अध्यक्ष महोदय : यह ऐसी बातें होती हैं कि बजाये House में लाने के आप Minister-in-charge से किसी तरह departmental तौर पर कह दें, या generalise कर दें । ऐसे तो आप एक एक बात में पड़ गए । (Such things should be brought to the notice of the Minister-in-charge departmentally instead of bringing them in the House, or the hon. Member should generalise them. But he has started mentioning each and every case.)

(आवाज़ : अगर यह इल्ज़ामात सही हैं तो बहुत serious हैं)

चौधरी धर्म सिंह राठी : Treasury Benches वाले कहते हैं कि अगर यह इल्ज़ामात सही हैं तो बहुत serious हैं । मैंने इस House के अंदर जो इल्ज़ामात लगाए हैं यह बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ लगाये हैं जिन्हें मैं Minister साहिब के पास साबित करने के लिये तैयार हूं । जिस तरह Treasury Benches वाले चाहते हैं कि वे interruptions करके मुझे cow down करें वे मुझे दबा नहीं सकते । मैं दबने वाला नहीं हूं । मैं जो कुछ कह रहा हूं पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कह रहा हूं। इसके अलावा और भी इस किस्म की बातें हैं जो मैं Minister साहिब के notice में ला दूंगा । और यह बातें बता दूंगा ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

शिक्षा तथा श्रम मंत्री : क्या मेरे दोस्त जो charges यहां लगा रहे हैं, इस House के बाहर लगाने के लिये तैयार हैं ?

चौधरी धर्म सिंह राठी : Certainly. अगर आप चाहें तो देख लें। 9 तारीख को सम्भालका में एक conference कर रहा हूं। उस में यह सब charges लगाऊंगा ।

Mr. Speaker : He has assumed full responsibility for that. He is levelling allegations against a certain Head of the Department. The fact that he is sitting in this House does not give him any protection. That is why I have asked him whether he assumes responsibility for that and he has replied in the affirmative.

चौधरी धर्म सिंह राठी : क्योंकि जनाब भी खत्म करने को कहते हैं इसलिये, स्पीकर साहिब, मैं आखिर में एक मिनट ही लूंगा । स्पीकर साहिब, यहां पर जो दोस्त उधर बैठे हैं कई दफा मज़े से Unionist वज़ारत का नाम लेते हैं । मैं बताता हूं कि इस बजट में किसानों की भलाई के लिये नाम तक नहीं। जिस वकत Unionist वज़ारत थी उस वकत Peasants Welfare Fund था और उसमें से किसानों के लड़कों की education के लिये वज़ीफे दिये जाया करते थे । मैं Minister साहिब से कहता हूं कि जहां और कई वज़ीफे दिये जाते हैं वहां पर किसानों के लड़कों के लिये, जो ग़रीब हैं, पढ़ नहीं सकते, खास तौर पर कोई fund बनाना चाहिए और उनके लिये वज़ीफों का इन्तज़ाम करना चाहिये ताकि किसानों के लड़के भी बराबर की education हासिल कर सकें और बराबर के हक हासिल कर सकें (घंटी की आवाज़) । अभी मैं ने बोलना तो बहुत कुछ था ।

(*At this stage Sardar Atma Singh rose to speak.*)

अध्यक्ष महोदय : उनके questions ले लिये गये थे, कुछ तो मिलना चाहिए (The hon. Member had to go without asking questions. Now he must get some compensation for this.)

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ (ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ): ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਸ ਗੱਲ ਤੇ ਮੁਬਾਰਕਬਾਦ ਦਿਆਂਗਾ ਕਿ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚੋਂ ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲੀ State ਪੰਜਾਬ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਅੱਜ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਫ਼ਖਰ ਹਾਸਿਲ ਹੈ ਕਿ ਉਸ ਨੇ ਵਿਧਾਨ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਦਸਵੀਂ ਜਮਾਤ ਤੱਕ ਮੁਫ਼ਤ ਵਿਦਿਆ ਦੇਣ ਲਈ ਕਦਮ ਉਠਾਇਆ ਹੈ। (*Cheers*)

ਰਾਠੀ ਸਾਹਿਬ ਸਿਰਫ਼ oppose ਕਰਨਾ ਜਾਣਦੇ ਹਨ। Opposition ਦੀ ਖਾਤਰ opposition ਨਹੀਂ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ । ਜਿਥੇ ਸਰਕਾਰ ਕੋਈ ਅੱਛਾ ਕਦਮ ਉਠਾਉਂਦੀ ਹੈ ਉਥੇ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤਾਰੀਫ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ, ਨਾ ਕਿ ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਾਉਣ ਦੀ ਖ਼ਾਤਰ ਇਸ House ਵਿਚ ਏਸ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਖ਼ਿਲਾਫ਼ ਬੋਲਣਾ ਹੈ । ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਅਛੇ ਕੰਮ ਕੀਤੇ ਨੇ, ਜੇ ਸਰਕਾਰ ਇਸ State ਵਿਚੋਂ ਅਨਪੜ੍ਹਤਾ ਦੂਰ ਕਰਨ ਲਈ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਕੇ ਅਗੇ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਦੀ ਸ਼ਲਾਘਾ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਉਸਤਾਦਾਂ ਦੀ ਗਿਣਤੀ ਘੱਟ ਹੈ । ਅਸੀਂ ਲਾਜ਼ਮੀ ਤਾਲੀਮ ਲਈ ਕਦਮ ਉਠਾਇਆ ਹੈ। ਬਚਿਆਂ ਦੀ ਗਿਣਤੀ ਵਧ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾਂ ਕਿ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਦੇ ਕੇ ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਉਸਤਾਦਾਂ ਦੀ ਕਮੀ ਪੂਰੀ ਕੀਤੀ ਜਾਏ । ਜੋ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਸਾਮਾਨ ਦਾ ਘਾਟਾ ਹੈ ਉਹ ਵੀ ਪੂਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ।

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਪੈਪਸੂ ਔਰ ਪੰਜਾਬ ਇਕਠੇ ਹੋਏ । ਮੈਂ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਵਿਚ ਔਰ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲ ਮਹਿਸੂਸ ਨਹੀਂ ਹੋਣ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਕਿ ਫਲਾਂ ਆਦਮੀ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚੋਂ ਆਇਆ ਹੈ, ਫਲਾਂ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚੋਂ ਆਇਆ ਹੈ । ਜੋ seniority ਲਿਸਟਾਂ ਮੁਕੰਮਲ ਹੋਈਆਂ ਹਨ, ਜੋ integration ਹੋਈ ਉਸ integration ਵਿਚ ਸਾਬਕਾ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਨਾਲ ਇਨਸਾਫ਼ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ । ਜਿਥੇ ਬਾਕੀ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਵਿਚ seniority ਮੁਕਰੱਰ ਕਰਨ ਲਗਿਆਂ cadre to cadre seniority ਮੁਕਰੱਰ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਉਥੇ ਇਸ Education Department ਵਿਚ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਰੱਖੀ ਗਈ ।

ਇਸ ਦੇ ਇਲਾਵਾ ਜਿਹੜੇ class I ਦੇ ਅਫ਼ਸਰ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਗਰੁਪਿੰਗ ਫਾਰਮੂਲੇ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਵਿਸਾਤਤ ਨਾਲ ਇਹ

3-00 p.m.

ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਅਤੇ ਕਾਲਜਾਂ ਦੇ ਟੀਚਰਾਂ ਅਤੇ headmasters ਨਾਲ ਜਿਹੜੀ ਬੇਇਨਸਾਫ਼ੀ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਅਜਿਹੇ ਕੇਸ ਹਨ ਕਿ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਕਈਆਂ ਨੂੰ 1948 ਵਿਚ class II ਵਿਚ promote ਜਾਂ ਭਰਤੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ । ਅਜ seniority list publish ਹੋਈ ਤੇ ਪਤਾ ਲਗਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਆਦਮੀ 1950 ਵਿਚ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ class II ਵਿਚ promote ਕੀਤੇ ਗਏ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 1948 ਵਿਚ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ class II ਵਿਚ promote ਹੋਏ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਨਾਲੋਂ senior ਕਰਾਰ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਹੋਈ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਜਲਦੀ ਦੂਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਜਦ ਤਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਅਸੰਤੋਸ਼ ਰਹੇਗਾ ਉਹ ਠੀਕ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਣਗੇ ।

ਅਗੇ ਮੈਂ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਬੜੀ ਫ਼ਰਾਖਦਿਲੀ ਨਾਲ ਕੰਮ ਲਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕੁਰੂਕਸ਼ੇਤਰ ਦੇ ਮੁਕਾਮ ਉਪਰ ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਦੀ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਕਾਇਮ ਕਰਨ ਲਈ 10 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੀ grant ਦਿੱਤੀ ਹੈ । ਇਹ ਬਹੁਤ ਚੰਗੀ ਗੱਲ ਹੈ । ਸੰਸਕ੍ਰਿਤ ਵਿਚ ਵਾਧਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਹਿੰਦੀ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਰਾਸ਼ਟਰਭਾਸ਼ਾ ਹੈ, ਉਸ ਦੇ ਪਰਚਾਰ ਲਈ ਅਤੇ ਸੇਵਾ ਲਈ ਭਾਰਤ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਕ ਅੱਡ ਮਹਿਕਮਾ ਕਾਇਮ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਭਾਰਤ ਸਰਕਾਰ ਉਸ ਦੇ ਉਪਰ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ । ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Regional Formula ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਸ਼ਰਤ ਰਖੀ ਗਈ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਪੰਜਾਬੀ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਇਕ ਅੱਡ ਮਹਿਕਮਾ ਖੋਲ੍ਹਿਆ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਉਹ ਫਾਰਮੂਲਾ ਅਜੇ ਲਾਗੂ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਇਸ ਨੂੰ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਲਾਗੂ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਦੇ ਵਾਧੇ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਇਕਰਾਰ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਹਿੰਦੀ ਵੱਧ ਫੂਲ ਰਹੀ ਹੈ । ਪਰ ਪੰਜਾਬੀ ਪੰਜਾਬੀ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री राम प्यारा]

कोई provision नहीं की हुई जिस के ज़रिये ऐसे shining students को तालीम देने का बन्दोबस्त हो सके । ऐसे shinings students को, जिन का टेस्ट science में, art में या engineering मे होता है, अगर सही guidance मिले और उन के taste के मुताबिक शिक्षा उन को मिले तो वह बहुत अच्छे आलम, engineers और artists बन सकते हैं । लेकिन सरकार ने कोई ऐसा शोबा नहीं रखा जिस से उन की energy और लियाकत का जायज़ तौर पर फायदा उठाया जा सके । इस के अलावा बहुत से shining students ऐसे होत हैं जोकि 600, 650 से भी ऊपर नम्बर ले कर पास होते हैं। लेकिन उन की माली हालत इतनी अच्छी नहीं होती कि वह अपने आप को अगली जमातों में ले जा सकें । मैं समझता हूं कि अगर उन के लिये तालीम का महकमा कुछ रुपया वकफ़ करे, चाहे कर्ज़े के तौर पर, तो वे लड़के ऊंची शिक्षा ले सकते हैं । जो लड़के लायक हैं और पढ़ना afford नहीं कर सकते, अगर उन को पढ़ने की सहूलतें दी जाएं तो वह लड़के पढ़ कर देश को काफी लाभ पहुंचा सकते हैं । इस तरफ खास ध्यान देने की ज़रूरत है । इस के बाद मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो लड़के तालीम हासिल कर के फ़ारग़ हो जाते हैं और उन को कोई रोज़गार नहीं मिलता तो वह फ़जूल की बातों को discuss करते रहते हैं। उन के लिये कोई रोज़गार ज़रूर ढूंढना चाहिये । कहते हैं 'An idle brain is devil's workshop'. उन का ध्यान खराब कामों की तरफ जाता है । इस लिए महकमा Education के लिये यह बहुत ज़रूरी है कि वह इस किस्म के साधन मुहैया करे कि जो लोग बेरोज़गार हैं—बालिग़ हों या ना-बालिग़—उन को ऐसी training दी जा सके कि वह अपनी रोज़ी कमा सकें । महकमा तालीम के लिये ऐसी provision करना निहायत ही ज़रूरी है । इस के अलावा हर साल हमारे बहुत से students मुख्तलिफ़ किस्म की तालीम हासिल करने के लिए foreign countries में जाते हैं । बहुत कम ऐसे students होते हैं जो हिन्दुस्तान में रहते हुए foreign languages को जानते हैं । मैं समझता हूं कि night school जारी करके अच्छे अच्छे और brilliant students के लिए इन्तज़ामात मुहैया होने चाहिएं कि जर्मनी, फ्रांस और रूस वगैरह की जो ज़बानें हैं वह उन को पढ़ाई जाएं ताकि वह बाहर के मुल्कों में जाने से पहले उनकी ज़बानों को समझने में अच्छी तरह से माहिर हो सकें। मेरी इत्तलाह के मुताबिक, चाहे Engineering हो और चाहे Science, इस किस्म की चीज़ों का literature Russian ज़बान में काफी सस्ता मिलता है बनिस्बत दूसरे मुल्कों की ज़बानों के । इसलिए दूसरे मुल्कों और खासकर रूस की ज़बान पढ़ाने का यहां इन्तज़ाम किया जाए तो मेरा ख्याल है कि यहां बैठे हुए भी बहुत से ऐसे intelligent लड़के जो माली हालत अच्छी न होने की वजह से उन मुल्को में नहीं जा सकते, यहीं पर उनके literature की मदद से बहुत कुछ सीख सकते हैं ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Free education के मुताल्लिक गवर्नमेंट का एलान हुआ है । मैं समझता हूं कि free education का अगर कोई वाहिद मकसद है तो वह यह है कि जो लोग इस काबिल नहीं हैं कि वह पढ़ाई का खर्च बर्दाश्त कर सकें, उन के लिए facilities मुहैया की जाएं । अगर आज स्कूलों में बच्चों के statistics लिए जाएं तो मालूम होगा कि बहुत भारी तादाद उन बच्चों की होगी जिन के वालदैन अपने बच्चों को पढ़ाना काफी हद तक afford नहीं कर सकते । बहुत थोड़ी तादाद ऐसे बच्चों की होगी जिन के वालदैन afford कर सकते हों । आज चौथी जमात तक education free होने के बावजूद देहातों में हज़ारों नहीं लाखों बच्चे पढ़ाई से महरूम रह जाते हैं । ज्यूं ही बच्चा छः साल का होता है कि उस की duty लस्सी और रोटी पहुंचाने पर लगा दी जाती है । दस साल का हुआ तो वह 'पाली' लग जाता है और पन्द्रह साल की उम्र होने पर 'हाली' लग जाता है । तो इस तरह मैं समझता हूं कि मुफ्त तालीम का फायदा उन्हीं लोगों को पहुंचेगा जोकि अच्छी तरह से afford कर सकते हैं । बहर हाल चूंकि यह अब गवर्नमेंट की declared policy है इसलिए मैं यह सुझाव पेश करता हूं कि जिन की आमदन 150 रुपये तक है सिर्फ़ उन्हीं के बच्चों के लिए तालीम मुफ्त दी जानी चाहिए और जिन की आमदन 150 रुपये से ज्यादा है उन के बच्चों को फिलहाल मुफ्त तालीम देने की जरूरत नहीं । स्पीकर साहिब, आप जानते हैं कि अंग्रेज़ों के वक्त में जिन लोगों की आमदन बहुत ज़्यादा थी उन के बच्चों से double fee ली जाती थी । वह अंग्रेज़ हुकूमत सरमायादारों की हुकूमत थी । जब वह भी अमीर आदमियों के बच्चों के लिए free education की रियायत नहीं दे सके तो मैं समझता हूं कि हम कैसे दे सकेंगे ? इसलिए मेरा ख्याल है कि इस concession को एक खास limit तक महदूद करके काफी रुपया बचाया जा सकता है और किसी दूसरी development की स्कीम पर लगाया जा सकता है । लिहाज़ा यह हद 150 रुपये माहवार की आमदनी तक होनी चाहिए—जिन बच्चों के वालदैन की आमदन 150 रुपए तक हो उन्हें ही free education की concession मिलनी चाहिए, इसके ऊपर वालों को नहीं मिलनी चाहिए ।

अब मैं कुछ अर्ज़ डाक्टरों के बारे में करना चाहता हूं । हमारे देश में यह एक रिवाज सा पड़ गया है कि अगर कोई ज़रा सा भी बीमार पड़ता है तो फौरन डाक्टर उसके इलाज के लिए बुलाया जाता है । मैं समझता हूं कि हमारे देश को और खास कर पंजाब को इस बात की lead लेनी चाहिए कि डाक्टरों के स्कूल भी जरूरी तौर पर खोले जाएं ताकि ऐसा इन्तज़ाम हो कि दूसरे मुल्कों की तरह बजाय इसके कि बीमार पड़ने पर डाक्टरी इमदाद हासिल की जाए, हर मुहल्ले में एक एक डाक्टर मौजूद हो जो हर घर में जाकर सफाई और खुराक के इन्तज़ाम को देखा करे ताकि कोई बीमार ही न हो और अगर हो भी जाए तो फौरन उसका इलाज हो सके और बीमारी को बढ़ने से रोका जाए । यही रुपया जो दवाइयों और दीगर चीज़ों पर खर्च होता है; अगर इससे और कालेज खोले जाएं और उन में से लोग

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री राम प्यारा]
डाक्टरी पास कर के आएं तो मैं समझता हूं कि अगर पहले ही preventive measures लिए जाएंगे तो बीमारी ही न होगी और इस तरह से जो energy और रुपया इलाज पर waste जाता है उसे बचाया जा सकेगा । (घंटी)

स्पीकर साहिब, बैठने से पहले एक अर्ज़ और करना चाहता हूं। आज जो हमारे सूबा के अन्दर हस्पताल चल रहे हैं उनमें देखने में यह आया है कि अगर कोई ग़रीब आदमी वहां इलाज के लिए जाता है तो उसे वहां दवाई ही नहीं मिलती । इसके बरअक्स अगर कोई अमीर आदमी जाए तो उसके लिये टीके भी आ जाते हैं और दवाइयां भी मिल जाती हैं । ग़रीब आदमी का यह हाल है कि चाहे वह खुद बीमार हो या उसका बच्चा, डाक्टर लोग उसे सिर्फ़ नुस्खा लिख देते हैं और कहते हैं कि दवाई बाज़ार से खरीद लाओ । हां, अगर कोई मेरे जैसा फक्कड़ आदमी उसे यह सलाह दे दे कि चाहे मेरा बच्चा मर ही क्यों न जाए, मैं तो हस्पताल में ही पड़ा रहूंगा तो फिर उसके लिए टीके भी निकल आते हैं और दवाई भी । खैर, ज़्यादा न कहता हुआ इतनी ही अर्ज़ करूंगा कि जो दवाइयां वगैरह हस्पतालों में जाती हैं वह गरीबों के लिए इस्तेमाल होनी चाहिएं ।

डाक्टर बलदेव प्रकाश (अमृतसर नगर, पूर्व) : अध्यक्ष महोदय, आज Education और Health की grants के ऊपर बहस हो रही है । Education के बारे में अपने सूबे के अन्दर जो सब से बड़ी समस्या चल रही है वह यह है कि स्कूलों में बच्चों को शिक्षा किस माध्यम से दी जाए । शिक्षा का माध्यम क्या हो, इसको लेकर सारे प्रदेश के अन्दर आज बहुत चर्चा है, agitation चल रही है और इस नुक्ते को लेकर काफी बात चीत चलती हुई दिखाई देती है । पंजाब में language का जो मसला है, वह बाकी सूबों की भाषा की समस्याओं से थोड़ा सा भिन्न है । मैं आप के द्वारा हाउस से अपील करना चाहता हूं कि हम इस मसले पर गम्भीरता से विचार करें और इसका कोई न कोई सन्तोषजनक हल निकालने की कोशिश करें जिससे पंजाब का वातावरण, इस प्रदेश का वायुमण्डल जो उग्र होता जा रहा है वह उग्र न हो और शान्तिपूर्वक हम सब मिलकर इसे आगे ले जा सकें । जैसे कि दूसरे सूबों के अन्दर भाषा का प्रश्न है— बंगाल में, दक्षिण में या महाराष्ट्र में, वहां पर जो बोलने की भाषा है जिसे कि बोली या dialect कहते हैं इस में और लिखने में वही भाषा जो बोलने में प्रयुक्त की जाती है; उसके script में...........

अध्यक्ष महोदय : किसी तरह इसे relevant भी बना लें । (The hon. Member may please somehow make it relevant.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : मैं इस चीज़ को लेकर medium of instruction की ओर आ रहा हूं ।

ਸਰਦਾਰ ਰਾਮਦਿਆਲ ਸਿੰਘ : On a point of order, Sir. ਮੈਂ ਇਹ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Education ਦੀ Demand ਨਾਲ ਜੋ ਇਹ ਕਹਿ ਰਹੇ

Original with; Punjab Vidhan Sabha Digitized by; Panjab Digital Library

ਹਨ ਕਿ ਕਿਸ ਭਾਸ਼ਾ ਵਿਚ ਜਾਂ ਕਿਸ medium ਵਿਚ ਸ਼ਿਕਸ਼ਾ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ, ਇਸ ਦਾ ਕੀ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ? ਕੀ ਇਹ relevant ਹਨ ?

अध्यक्ष महोदय : हां, relevant हैं। (Yes, he is relevant.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : तो मैं बता रहा था कि उन सूबों के अन्दर जो dialect आम बोलचाल की बोली है उसी लिपि के अन्दर व्यक्त की जाती है जोकि वहां के हिसाब-किताब, कारोबार वगैरह में प्रयुक्त होती है। लेकिन पंजाब के अन्दर इस सम्बन्ध में कुछ फ़र्क है। पंजाब के अन्दर पंजाबी बोली बोलने वाले जो लोग हैं उन में से बहुत से ऐसे हैं जो कि पंजाबी को as a dialect तो इस्तेमाल करते हैं लेकिन जो इस की लिपि है—गुरमुखी—इसे अपने कारोबार के अन्दर, हिसाब-किताब के अन्दर या धर्मग्रन्थों के अन्दर इस्तेमाल नहीं करते। हमें इस मसले का कोई न कोई हल ढूंढना है। अगर इस लिपि को—गुरमुखी लिपि को—उन लोगों के ऊपर ठोंसा जाता है जोकि सूबे में एक बहुत भारी majority में हैं जिन्होंने कभी भी इस लिपि का प्रयोग अपने कारोबार में, अपने हिसाब-किताब में, अपने घरों में और अपने धर्मग्रन्थों में नहीं किया तो यह उस वर्ग पर बहुत भारी अन्याय होगा, बे-इन्साफी होगी। इसलिए, यह आवश्यक है कि इस स्थिति पर, इस समस्या पर गम्भीरता से सोच विचार किया जाए। मैं तो यह कहना चाहता हूं कि जैसे कि और भी बहुत से लोगों ने सुझाव दिया है, जो medium of instruction है, यानी शिक्षा का माध्यम, उसके लिए यह स्वतन्त्रता होनी चाहिए कि माता-पिता जिस भाषा में चाहें—इन दोनों में से किसी भी भाषा के अन्दर अपने बच्चों को शिक्षित करवा सकें।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਤੁਹਾਡੀ ਮਾਤ੍ਰੀ ਭਾਸ਼ਾ ਕਿਹੜੀ ਹੈ ?

डाक्टर बलदेव प्रकाश : मैं अर्ज़ करता हूं कि आप भाषा को बोली के साथ confuse कर रहे हैं। पंजाब के अन्दर अधिकांश यानी majority में जो लोग बसते हैं उनकी भाषा गुरमुखी नहीं।

अध्यक्ष महोदय : Education की Demand बहुत बड़ी demand है लेकिन आप medium of instruction और लिपि के merits और de-merits में ही पड़ गए। यह एक बड़ी controversial सी बात है जिस का बड़ा political असर है और जिसका फैसला States Reorganisation Bill में भी हो गया हुआ है। मुझे तो इसका कोई फ़र्क नहीं पड़ता लेकिन अच्छा हो अगर मैम्बर साहिब इससे परहेज़ करें क्योंकि मुमकिन है कि इससे कोई और पेचीदगी पैदा हो जाए। (The Demand relating to Education is a wide demand but the hon. Member has confined himself simply to the medium of instruction and the merits and de-merits of the script. This is a very controversial matter and has got great political significance. It has already been decided in the States Reorganisation Bill too.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[अध्यक्ष महोदय]
It makes little difference to me but it would be better if the hon. Member avoids making any reference to it, for it is possible that it may lead to some other complication.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : मैं समझता हूं कि इस वक्त तो अपने सूबे के अन्दर यह सब से बड़ा सवाल है...........

अध्यक्ष महोदय : फिर भी इसे यहीं छोड़ दीजिए। अगर आप इसे जरूर लेना चाहते हैं तो मुझे कोई एतराज़ नहीं। लेकिन आप एक बहुत समझदार आदमी हैं। (Even then the hon. Member may leave it here. But if he is determined to take it up, then I have no objection. Anyway, the hon. Member is a very wise man.)

डाक्टर बलदेव प्रकाश : यह मसला अगर ठीक तरह से हल न हो सका तो मैं समझता हूं कि इस सूबा में एजुकेशन के लिहाज़ से बड़ी अड़चनें आने वाली हैं। इस मसले का केवल हल यही हो सकता है कि बच्चों की शिक्षा का माध्यम क्या हो इस के बारे में सोचने की स्वतंत्रता उन के माता-पिता को होनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मैं आप के द्वारा मंत्रिमंडल तथा हाउस को यह कहना चाहता हूं कि हम लोगों को इस बारे में शीघ्र ही कोई फैसला कर लेना चाहिये क्योंकि यह जो मामला है, इस से इस बात की संभावना हो सकती है कि इस के साथ भावनाएं जोड़ कर जैसा कि कुछ भाइयों ने इस को अपनी prestige का विषय बना लिया है, उसी तरह बाकी के लोग भी यानी सूबा का एक-एक व्यक्ति ऐसा ही करने लगे और जब यह मसला सरकार के विरुद्ध एक गम्भीर विषय बन कर खड़ा हो जाये तब इस का हल निकले। इस से अच्छा तो यही हो सकता है कि यहां जो शिक्षा का माध्यम हो, जो medium of instruction हो वह क्या हो इस के बारे में शीघ्र कोई हल निकाल लिया जाये।

इस के अलावा मैं यह कहना चाहता हूं कि जैसा कि अभी यहां कई भाइयों की ओर से बताया गया है कि जो शिक्षा आज यहां दी जा रही है वह आज से दस साल पहले यानी देश के आज़ाद होने से पहले भी दी जा रही थी। देश के स्वतंत्र होने से पहले हमारा यह ख्याल था कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् हमारा जो education system है, हमारी जो शिक्षा-पद्धति है इस के अन्दर कोई फर्क आयेगा। अंग्रेज़ों के वक्त सब यही कहा करते थे कि यह शिक्षा जो दे रहे हैं, जो अंग्रेज़ हमारे नौजवानों को, हमारे देश के लड़कों और लड़कियों को पढ़ाते हैं उस से इन में कोई सुधार पैदा नहीं होता। यह system तो उन में club life पैदा कर रहा है और जो University Education है वह club life ही सिखाती है, इस के सिवा और कुछ नहीं। सब का यही ख्याल था कि देश के स्वतंत्र होने के पश्चात् इस शिक्षा-पद्धति में विशेष सुधार लाया जायेगा। लेकिन स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् इस दस साल के अर्से में कोई तबदीली नहीं आई। मैं समझता हूं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

को दूर करने का रहा है । कांग्रेस गवर्नमेंट का रवैया यही रहा है कि अगर किसी अफसर ने ऐसा किया है तो उसे सही ढंग से ठीक किया जाए और सही रास्ते पर लाया जाए । पिछले आठ दस साल से हम इन बातों को हल करते रहे हैं । अगर हम समझें कि वह भी हमारे साथी हैं और तजावीज़ से या persuation से उनको सुधारना है तो फिर नतीजा ठीक होगा । लेकिन अगर हम इन को बहस का मज़मून बना कर बग़ैर पहले तहकीकात करने के उन पर इस तरह के इल्ज़ामात लगाने शुरू कर दें तो यह रवैया ग़लत होगा । मेरे कहने का भाव यह है कि सरकार पर इस प्रकार के लांछन लगाना एक ग़लत बात है । स्पीकर साहिब, अगर हम इस प्रकार के वाक्यात को ले कर हाउस में लगातार इस तरह की बातें करते रहे तो यह हाउस एक मज़ाक बन जायेगा और जिस मकसद के लिए यह हाउस बनाया गया है वह मकसद खत्म हो जायेगा । मैं समझता हूं कि उन अफसरान के मुतअल्लिक नुक्ताचीनी करना जो हाउस में अपने आप को defend नहीं कर सकते एक ग़लत और नाजायज़ बात है । उन्होंने एक लड़की के मुतअल्लिक नुक्ताचीनी की कि उस को क्यों लगाया गया । मैं यह कहना चाहता हूं कि पंजाब में इस मज़मून की बी. ए. की डिग्री है, एम. ए. की डिग्री नहीं । और मैं अर्ज़ करूं कि जितनी लड़कियों ने apply किया उन्हें पब्लिक सर्विस कमिशन के सामने पेश किया गया और पब्लिक सर्विस कमिशन ने तमाम candidates में उसे पहले दर्जे पर रखा । इस के इलावा मैं यह अर्ज़ करूं कि जब पब्लिक सर्विस कमिशन ने फैसला दिया तो डायरेक्टर साहिब वहां मौजूद नहीं थे और उसे appoint करने की ज़िम्मेदारी मिनिस्टर पर है । मिनिस्टर ने अपनी पूरी ज़िम्मेदारी से यह काम किया । इस लिए यह जो इल्ज़ाम लगाया गया है यह बिलकुल ग़लत बात है । इस के इलावा प्रोफैसर सोहन लाल की appointment का ज़िक्र किया गया । इस के मुताल्लिक मैं अर्ज़ कर दूं कि प्रोफैसरों की appointments इस तरह होती हैं कि पब्लिक सर्विस कमिशन नामों की सिफ़ारिश करता है । अब प्रोफैसर सोहन लाल का नाम पब्लिक सर्विस कमिशन ने recommend किया और मिनिस्टर ने उस की appointment की । मैं समझता हूं कि ऐसी बातों के मुतअल्लिक हम लोगों को पूरी ज़िम्मेदारी के साथ कहना चाहिए । बग़ैर तहकीकात किए इस तरह की बातें कहना, मैं समझता हूं, ग़ैर-ज़िम्मेदाराना बात है ।

मुफ्त तालीम के बारे में बहुत चर्चा हुई और कई प्रकार की बातें कही गईं । मुझे इस बात की बहुत हैरानी हुई कि हाउस में जो नुक्ताचीनी इस मौज़ू पर हुई उस से कुछ ऐसा मालूम पड़ता था कि कुछ भाई यह पसन्द नहीं करते कि मुफ्त तालीम की बात की जाए और कई भाइयों ने इस प्रकार से नुक्ताचीनी की जैसे गवर्नमेंट ने मुफ्त तालीम का एलान करके बहुत भारी गुनाह किया हो । कुछ भाइयों ने कहा कि यह इलेक्शन स्टंट है । मैं उन की सेवा में निवेदन करना चाहता हूं कि अगर यह इलेक्शन स्टंट होता तो इलेक्शन के बाद हम यह बात न कहते, हम इसे अपने बजट के अन्दर न लाते । मैं अपने भाइयों को बता देना चाहता हूं कि

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[शिक्षा तथा श्रम मंत्री]

ऐसी चीज़ों का इलेक्शनों पर ज़्यादा असर नहीं पड़ा करता। अगर वह यह समझें कि इस तरह की चीज़ों से इलेक्शन्ज़ जीते जा सकते हैं तो मैं समझता हूं कि उन का अन्दाज़ा ग़लत है।

ये चीज़ें ऐसी हैं, जैसे कि मेरे एक साथी प्रोफैसर शेर सिंह ने बताया, जोकि हमारी प्लैनिंग के अन्दर लाज़मी हैं। हम ने वायदा कर रखा था कि 1961 तक हम 14 साल तक के बच्चों को मुफ्त तालीम देंगे। मद्रास ने इस मामले में पहल की। इस के बाद बम्बई ने भी शुरू की। मध्य भारत में भी इस स्कीम पर अमल हो रहा है तो पंजाब को पीछे नहीं रहना चाहिए। मैं समझता हूं कि मेरे भाइयों को इस बात पर खुश होना चाहिए था कि पंजाब सरकार एक अच्छा कदम उठा रही है लेकिन बजाय इस के कि वे कोई मश्विरा देते वे इस तरीके से तनज़न बातें करते हैं।

मेरे दोस्त, हमारे भूतपूर्व शिक्षा मन्त्री लाला जगत नारायण ने बहुत लम्बा चौड़ा हिसाब करोड़ों तक फैला दिया। उन्होंने इतने बड़े figures इकट्ठे करके डरा दिया। हो सकता है उन के figures सही हों लेकिन मैं समझता हूं उन के figures दो-चार साल पुराने होंगे। जो figures उन्होंने वर्क आऊट किए हैं मैं समझता हूं ठीक नहीं हैं। मेरा ख्याल है लाला जी इस बात पर खुश होंगे कि उनको जो निराशा हुई थी उसमें कोई ऐसी बात नहीं थी। दर असल पोजीशन यह है कि हम ने यह कभी नहीं कहा कि हम यकदम दसवीं तक मुफ्त तालीम कर देंगे। यह तो एक three-phased programme होगा और एक क्रमबद्ध तरीके से दरजा ब दरजा इस पर अमल होगा। यह दरजे कैसे बनेंगे इस के मुताल्लिक मैं अर्ज़ करूं कि मेरी तबीयत कुछ ऐसी है कि मैं पक्का कदम रख कर चलना चाहता हूं, मैं कोई ऐसा एलान नहीं करना चाहता जिस पर पूरा न उतर सकूं। स्टंट वाली या कोई झूटे वायदे वाली बात नहीं किया करता। मैं ने पहले phased programme के figures work out कर लिए हैं और उस के मुताल्लिक मैं एलान कर भी सकता था लेकिन मैं समझता हूं कि slow and steady wins the race और मैं बहुत cautious हो कर चल रहा हूं। इस लिए मैं ने फिनांस मिनिस्टर साहिब को जो कि figures में माहिर हैं, ये figures check करने के लिए दिए हैं। मैं अपने साथियों को बता देना चाहता हूं कि हम बहुत धीरे धीरे चलना चाहते हैं। हम figures को चैक कर रहे हैं, उस के बाद हम कह सकेंगे कि कौन सा पहला दर्जा है, कौन सा दूसरा और कौन सा तीसरा। इस लिए मैं यह अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि यह बात नहीं है कि यह मुख्य मन्त्री ने स्टंट के रूप में कोई एलान कर दिया हो। मैं पूरे ज़ोर के साथ यह बात कहता हूं कि हम इस बारे में बहुत serious हैं। लाला जी खुद अखबार नवीस हैं, वह जानते हैं कि किस प्रकार कुछ ग़ैर-ज़िम्मेदार अखबार इस तरह से सुरखियां जमा कर सच्ची झूटी खबरें उड़ा देते हैं और उन का नुक्ताचीनी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

का तरीका ऐसा होता है कि न सिर का पता चलता है न पैर का। ऐसे ग़ैर-ज़िम्मेदार अख़बारों का काम कोई न कोई शोशा छेड़े रखना होता है। लाला जी ने फरमाया कि हम nationalization of books बन्द कर रहे हैं। पता नहीं उन्हें ख़ाब आया कि हम ऐसा कर रहे हैं। मालूम नहीं किस आधार पर उन्हें यह ख़्याल आया कि nationalization of books ख़त्म हो रही है। मैं लाला जी की दाद देता हूं कि उन्होंने nationalization की स्कीम चलाई। सब प्रकार की बदनामी भी सही और सब ग़ुस्सा भी सहन किया। इस के लिए मैं उन की तारीफ़ करता हूं लेकिन हर चीज़ को शुरू करने के बाद उस की विरासत में कुछ ऐसी complications रह जाती हैं जिन को हल करने की कोशिश करनी पड़ती है, उस में कुछ पेचीदगियां रह जाती हैं। बाकी यह कहना कि nationalization of books की स्कीम को ख़त्म कर रहे है बिल्कुल ग़लत है।

कुछ बातें यहां पर कही गईं। अगर मैं हर एक बात का जवाब यहां देने लगूं तो मेरे पास इतना वक्त नहीं और न ही मैं समझता हूं कि हर एक बात का जवाब देना ज़रूरी है। कुछ बातें जो ज़रूरी हैं उन का ज़िक्र करता हूं। लाला जी ने ज़िक्र किया रोहतक और पटियाला के कालेजों के बारे में। हम रोहतक में कालेज के लिये building बना रहे हैं और पटियाले में पहले से ही कालेज चल रहा है। मौलवी अब्दुल ग़नी डार ने free education का ज़िक्र करते हुए मुहम्मद तुग़लक बादशाह की मिसाल दी। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मुहम्मद तुग़लक का ज़माना ख़त्म हो चुका है। आज-कल यह ज़माना नहीं कि मुहम्मद तुग़लक का ज़िक्र किया जाये। यह हाउस न किसी को मुहम्मद तुग़लक बनने देता है और न कोई मुहम्मद तुग़लक बनने की जुर्रत कर सकता है। पता नहीं कि वह बात कैसे कर देते हैं। Free education को इस नज़रिये से देखना और कहना कि इस की बजाय technical education दी जाती तो अच्छा होता; उन्हें शायद यह मालूम नहीं कि technical education कई जगह मसलन फौज में दी जा रही है और इस को बढ़ाने के लिये काफी कोशिश हो रही है। यह कोई बड़ी बात नहीं कि किसी को carpenter का काम सिखा दिया या लोहार का काम सिखा दिया। Modern technical education तब तक नहीं दी जा सकती जब तक कम से कम आठवीं या दसवीं जमात तक तालीम न दी जाये। Technicians तैयार करने के लिये दसवीं से कम पास वाले लड़के नहीं लिये जाते। देहात में technical education नहीं दी जा सकती जब तक free education न दी जाए। अगर हम वहां free education न दें तो लड़के technical education से महरूम रह जाएंगे। जो लोग बड़े २ शहरों में रहते हैं उन्हें technical education देने के लिए वहां बाकायदा इंतज़ाम है। दूसरे सूबों में कई जगह और Military Centres में technical education दी जाती है। मैं ने वहां जा कर देखा तो मालूम हुआ कि training हासिल करने

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[शिक्षा तथा श्रम मंत्री]

वाले लोगों में से 50 फीसदी पंजाबी थे और 50 फीसदी बाकी तमाम सूबों के । अगर हम देखें कि technical education के लिये कौन-कौन सी class के लोग आये हैं, कितने देहात से आये हैं, कितने ज़िलों से आए हैं तो हमें मालूम होगा कि सिवाय चंद ज़िलों के जो education के लिहाज़ से forward हैं बाकी के technical तालीम हासिल करने के लिये जा नहीं सकते । हमें इसलिए बुनियादी तालीम, प्राइमरी शिक्षा के लिए काफी सहूलतें देनी होंगी । हमारी education चल ही नहीं सकती जब तक हम बुनियादी शिक्षा जो हम आठवीं या दसवीं जमात तक देते हैं न दें । यह education देंगे तो technical education भी दे सकते हैं । इस के बग़ैर technical education दी ही नहीं जा सकती । यह कहा गया है कि हमारी तालीम का pattern खराब है । मैं इस बात को तसलीम करता हूं । इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता कि अंग्रेज़ी तालीम का जो सिलसिला था वह क्लर्क पैदा करने के लिये था । हम इस के खिलाफ हमेशा Congress Benches से आवाज़ बुलंद करते रहे । हम ने इस को बदला और बदलने की कोशिश की । हम basic तालीम का तरीका चलाना चाहते हैं लेकिन इस के लिये समय चाहिये । Basic teachers की training के लिये समय चाहिए । राजपुरा में जा कर देखें कि लड़कों को कैसे training मिलती है । दूसरी जगहों पर जहां basic training के centres हैं अगर मेम्बर साहिबान जाएं तो वे देखेंगे कि दिन-ब-दिन development का तरीका अख्तियार किया जा रहा है और उस से हमें inspiration मिलेगी । पुराने और बोसीदा तरीके को बदलने में काफ़ी दिक्कतें पेश आती हैं । इन दिक्कतों को हम हल कर रहे हैं।

इस के इलावा, स्पीकर साहिब, मौलवी अब्दुल गनी ने उर्दू ज़बान का सवाल उठाया । मैं उन्हें बता दूं कि जहां कहीं भी उर्दू पढ़ाने की मांग हुई हम ने उर्दू की तालीम का इंतज़ाम किया । लेकिन जहां पर मांग नहीं वहां अगर बंदोबस्त करें तो फिर आप शिकायत करेंगे कि गवर्नमेंट का पैसा ज़ाया किया जा रहा है । हम उर्दू को तालीम दे रहे हैं, उर्दू भाषा की काफी तरक्की हुई है, उर्दू भाषा आगे बढ़ी है । हमारे सूबे में पंजाबी है । मिसाल के तौर पर वह उर्दू के मुकाबले में पिछड़ी रह गई है क्योंकि उसे सरकार की मदद न मिली । हमारे प्रांत में हिन्दी भी उर्दू की निस्बत पिछड़ी रह गई । हम ने इन पिछड़ी हुई भाषाओं को आगे लाना है । जो भाषा पहले ही developed है उस पर मेहनत कम होगी और जो भाषाएं आगे बढ़ी हुई नहीं उन पर मेहनत ज़्यादा होगी । अगर हम ने इन ज़बानों को क़ौमी यानी national बनाना है तो हमें तेज़ी से चलना पड़ेगा और ज़्यादा तवज्जुह देनी पड़ेगी ।

भाषा का सवाल एक दोस्त ने उठाया । मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता। आप का मशिवरा, स्पीकर साहिब, सही था कि अगर बहस में पड़ जाएं तो बहस लम्बी हो जाती है । मैं समझता हूं कि इस बात पर सब सहमत हैं कि हमारा प्रांत

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

द्विभाषी प्रान्त है । यहां पर हिन्दी और पंजाबी दोनों जबानें बोली जाती हैं । यह अच्छी बात है कि हर शहरी दोनों ज़बानें जाने । इस तरह से यहां हिन्दी और पंजाबी का झगड़ा खत्म हो जायेगा, पंजाब की integration, पंजाब की एकता मज़बूत हो सकेगी । इस मकसद को सामने रखने हुए हमें हर शहरी को दो ज़बानें पढ़ानी चाहियें ताकि वह एक अच्छा शहरी बन सके । कुछ subjects compulsory पढ़ाए जाते हैं यानी Algebra, Geometry, History वगैरह । जिस लड़के को History नहीं आती उसे मुकम्मल student नहीं समझा जाता । इन तमाम मज़मूनों को ज़बरदस्ती पढ़ाया जाता है । शिक्षा शास्त्रियों की conferences में जो language के सवाल पर बहस होती है तो तमाम प्रांतों के सम्बन्ध में यह नीति अपनाने का फैसला किया जाता है कि हर प्रांत के लोगों को एक भाषा नहीं, अपने देश की भाषा यानी दो-तीन भाषाएं सीखनी चाहियें । मद्रास के लोग कहते हैं कि उन्हें हिन्दी ज़बरदस्ती पढ़नी पड़ती है । हमें उन की भाषा पढ़नी चाहिये और उन्हें हमारी भाषा पढ़नी चाहिये । इस भावना से तमाम चीज़ को देखें तो भाषा का सवाल बेहतर तरीके से हल हो सकेगा ।

फिर, स्पीकर साहिब, बालिग़ों की शिक्षा के बारे में कहा गया है । यह ठीक बात है । मेरे पास इतना समय नहीं कि मैं इस सिलसिले में तफसील से बयान करूं कि हम education की तरक्की के लिये क्या-क्या करते हैं । एक भाई ने कहा कि एक अध्यापक के स्कूल हैं यानी यहां Single-teacher Schools हैं । 1953-54 में single-teacher schools का system शुरू हुआ था । अब हम ने वहां दो दो teachers भेजने हैं । पिछले साल 800 के करीब teachers दे कर single-teacher schools को double teacher schools बनाया । 900 teachers हम इस साल दे रहे हैं ताकि यह single-teacher schools double-teacher schools हो जायें । इस के अलावा स्कूलों को upgrade करने के बारे में कहा गया । पिछले साल 190 primary schools को upgrade किया गया । इस साल हमारा इरादा है कि जितने भी Government Girls Middle Schools हैं उन्हें High Schools बनाया जाये । (*cheers*) ।

मुफ्त शिक्षा के बारे में यह कहा गया कि हमारा इरादा प्राइवेट स्कूलों को बंद करने का है । मैं आप को यकीन दिलाना चाहता हूं कि प्राइवेट स्कूलों ने प्राइवेट सहायता से शिक्षा के फैलाने में जो कुछ काम किया है, और वह काफ़ी है, हमारे दिल में उस के लिये बड़ा आदर है । हमें उस सहायता से महरूम नहीं होना चाहिये जो यह institutions देती हैं । यह ग़लत है कि हम इन प्राइवेट स्कूलों को खत्म करना चाहते हैं । हम तो चाहते हैं कि हम इन प्राइवेट स्कूलों के तजरबे से फायदा उठाएं अपने शिक्षा का काम करने वालों के तजरबे से फायदा उठाएं और उन से मिल कर आगे के लिए स्कीम बनाएं । यह ठीक है कि कुछ प्राइवेट स्कूलों में कुछ ऐसी प्रवृतियां बन गई हैं कि education को कमाई का एक साधन समझा जाता

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[शिक्षा तथा श्रम मंत्री]

हैं । यह हम ठीक नहीं समझते । कुछ स्कूलों में आठ नौ घण्टे पढ़ाते हैं, फिर अलग ट्यूशन्ज़ लेकर दो घण्टे पढ़ाते हैं । जो स्कूल आठ-दस घण्टों में तालीम नहीं दे सका वह सही मायनों में पढ़ाई नहीं करा सका । जहां पर private institutions को commercialise किया जाता है, पहले कम पढ़ा कर बाद में ट्यूशन्ज़ रखी जाती हैं, इस तरीके को हम रोकना चाहते हैं । ऐसी चीज़ें जो स्कूलों में चलती हैं जिन से विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुकावट पड़ती है हम इन को रोकना चाहते हैं । लेकिन अगर एक खराबी को हम रोकना चाहते हैं तो इस का यह मतलब नहीं कि हम किन्हीं institutions को बंद करना चाहते हैं ।

स्पीकर साहिब, मैं ने, जो मुख्य मुख्य बातें कही गई हैं, उन का जवाब देने की कोशिश की है । कुछ दोस्तों को मायूसी हुई होगी कि मैं उन को मुफ्त शिक्षा के बारे में ज्यादा तफ़सील नहीं बता सका । हम ने इस सम्बन्ध में फ़िनांस के महकमे से आदादोशुमार मांगे हैं । जिस वक्त वह data हमारे पास आ गया हम इस पोज़ीशन में होंगे कि हम हाउस के सामने और प्रेस के सामने यह स्कीम रख सकें कि किस तरह से हमारा phased programme चलेगा ।

लाला जगत नारायण जी ने कहा था कि हमारे यहां पर कुछ इलाका ऐसा है जहां पर अभी स्कूल बहुत कम हैं और इसलिए मुफ्त शिक्षा की बजाय और स्कूल खोलने चाहिएं । हम अगर मुफ्त तालीम करेंगे तो लाज़मी तौर पर स्कूल ज्यादा होंगे । यह दोनों बातें आपस में विरोधी नहीं हैं । मैं मानता हूं कि अभी तक जिस तरह से स्कूल खोले गए हैं वह haphazard तरीके से खोले गए हैं । जहां पहले ही हैं वहां और खोले जाते हैं और जहां नहीं हैं वहां नहीं खोले जाते हैं । अब हम इस चीज़ को चैक करना चाहते हैं । हम scientific तरीके से सारे सूबे को सर्वे करना चाहते हैं यह देखने के लिये कि कहां स्कूल हैं और कहां नहीं हैं; कहां ज़रूरत ज्यादा है कहां कम है । जो backward इलाके हैं उन की तरफ़ हम पहले तवज्जुह देना चाहते हैं । वैसे तो सारे मुल्क की हालत हम बेहतर बनाना चाहते हैं । लेकिन फिर भी जो इलाके advanced हैं, जिन की हालत मुकाबलतन अच्छी है वहां पर नए स्कूल खोलने और पुराने upgrade करने की रफ़्तार लाज़मी तौर पर धीमी होगी । कुछ लोगों का यह विचार है कि जहां पर पहले हैं वहां पर उन को ideal स्कूल बना देना चाहिये; गोया कि मिट्टी के मकानों को महल बना दें । हम इस विचारधारा को नहीं मानते । सारे देश की तरक्की एक साथ होगी । यह नहीं होगा कि झौंपड़ियां पीछे रह जाएं और महल आगे निकल जाएं । हम उन इलाकों को आगे बढ़ाना चाहते हैं जो पिछड़े हुए हैं। इस से पहले कि महलों की परवरिश हो हम झौंपड़ियों को आगे लाना चाहते हैं । इसलिये हमारी ज्यादा तवज्जुह पिछड़े हुए इलाकों की तरफ़ होगी । यह देखने के लिये कि कौन सा इलाका advanced है, कौन सा पिछड़ा हुआ है, हम सारे सूबे

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

की सर्वे करवा रहे हैं ताकि हमें पता लगे कहां ज़्यादा कोशिश करनी है कहां कम। अगर हम उन इलाकों को जो पिछड़े हुए हैं पीछे ही छोड़ देंगे तो हमारा काम मुश्किल होगा और देश की तरक्की में रुकावट पड़ेगी।

इसके अलावा, स्पीकर साहिब, मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं और मैं उन भाइयों का भी मशकूर हूं जिन्होंने अच्छी या बुरी नुक्ताचीनी की है। मैं ने उन की तसल्ली करने की कोशिश की है और मुझे यकीन है कि जो तसल्ली करने का दृष्टिकोण रखते होंगे उन की तसल्ली हुई होगी। फिर भी अगर किसी भाई के खिलाफ़ कोई बात कही गई हो तो मैं उसकी मुआफ़ी चाहता हूं।

(Demand No. 15)

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs 10.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 10.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

Thatthe demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 8,10,50,600 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 37—Education.

The motion was carried.

DEMAND NO. 16

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 100.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Rs. 50.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re 1.

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by one Naya Paisa.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That the demand be reduced by Re. 1.

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 3,04,80,600 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 38—Medical—39—Public Health.

The motion was carried. (*Cheers*)

LAND REVENUE

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs 2,02,07,800 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 7—Land Revenue.

The motion was carried.

STATE EXCISE DUTIES

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 76,00,800 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 8—State Excise Duties.

The motion was carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

STAMPS

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 3,28,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 9—Stamps.

The motion was carried.

FOREST

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 80,23,600 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 10—Forest.

The motion was carried

REGISTRATION

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs 1,61,600 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 11—Registration.

The motion was carried.

TAXES ON VEHICLES AND OTHER TAXES AND DUTIES

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 39,14,300 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 12—Taxes on Vehicles—13—Other Taxes and Duties

The motion was carried.

ADMINISTRATION OF JUSTICE

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 54,82,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 27—Administration of Justice.

The motion was carried.

JAILS AND CONVICT SETTLEMENTS

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 61,78,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 28—Jails and Convict Settlements.

The motion was carried.

POLICE

Mr. Speaker: Question is—

That a sum not exceeding Rs, 4,45,87,800 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 29—Police.

The motion was carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

AGRICULTURE

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 1,46,20,300 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 40—Agriculture.

The motion was carried.

VETERINARY

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 62,07,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 41—Veterinary.

The motion was carried.

CO-OPERATION

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 65,70,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 42—Co-operation.

The motion was carried.

CIVIL WORKS

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 2,83,48,520 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 50—Civil Works.

The motion was carried.

BUILDINGS AND ROADS ESTABLISHMENT

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 93,21,530 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head-Buildings and Roads Establishment.

The motion was carried.

CAPITAL ACCOUNT OF CIVIL WORKS OUTSIDE THE REVENUE ACCOUNT

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 5,77,72,500 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58 in respect of charges under head 81—Capital Account of Civil Works Out side the Revenue Account.

The motion was carried.

FAMINE

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs, 3,75,800 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 54—Famine.

The motion was carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

TERRITORIAL AND POLITICAL PENSIONS, PRIVY PURSES, SUPERANNUATION ALLOWANCES, ETC.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 1,24,64,740 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 54-A—Territorial and Political Pensions—54-B—Privy Purses and Allowances to Indian Rulers—55—Superannuation Allowances and Pensions.

The motion was carried.

COMMUTATION OF PENSIONS, ETC.

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs 7,18,470 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 55-A—Commutation of Pensions financed from ordinary Revenues—83—Payments of Commuted Value of Pensions—Capital Expenditure.

The motion was carried.

STATIONERY AND PRINTING

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 62,28,800 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 56—Stationery and Printing.

The motion was carried.

MISCELLANEOUS

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 4,54,84,300 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 57—Miscellaneous.

The motion was carried.

COMMUNITY DEVELOPMENT PROJECTS, NATIONAL EXTENSION SERVICE AND LOCAL DEVELOPMENT WORKS

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 1,55,95,870 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 63-B—Community Development Projects, National Extension Service and Local Development Works.

The motion was carried.

PRE-PARTITION PAYMENTS

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 10,00,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 64—Pre-partition Payments.

The motion was carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

CAPITAL OUTLAY ON SCHEMES OF AGRICULTURAL IMPROVEMENT AND RESEARCH

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 14,14,900 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 71—Capital Outlay on Schemes of Agricultural Improvement and Research.

The motion was carried.

EXPENDITURE ON NEW CAPITAL OF PUNJAB AT CHANDIGARH

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 3,31,92,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58 in respect of charges under head 79—Expenditure on New Capital of Punjab at Chandigarh.

The motion was carried.

CAPITAL ACCOUNT OF OTHER STATE WORKS OUTSIDE THE REVENUE ACCOUNT

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 35,28,100 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 82—Capital Account of other State Works outside the Revenue Account.

The motion was carried

CAPITAL OUTLAY ON RAIL-ROAD CO-ORDINATION SCHEME OUTSIDE THE REVENUE ACCOUNT

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 11,23,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 82-A—Capital Outlay on Rail-Road Co-ordination Scheme outside the Revenue Account.

The motion was carried.

CAPITAL OUTLAY ON PROVINCIAL SCHEMES OF STATE TRADING

Mr. Speaker : Question is—

That a sum not exceeding Rs. 3,16,88,400 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head 85-A—Capital Outlay on Provincial Schemes of State Trading.

The motion was carried

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ADVANCES NOT BEARING INTEREST—ADVANCES REPAYABLE, LOANS AND ADVANCES BEARING INTEREST—LOANS TO LOCAL FUNDS ETC., AND LOANS TO GOVERNMENT SERVANTS

Mr. Speaker: Question is—

That a sum not exceeding Rs 6,91,26,700 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1957-58, in respect of charges under head "Advances not bearing interest—Advances Repayable, Loans and Advances Bearing Interest—Loans to Local Funds etc., and Loans to Government Servants".

The motion was carried.

अध्यक्ष महोदय : मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि Rules का जो तर्जुमा हिन्दी और पंजाबी में करवाया गया है आप साहिबान उस को अच्छी तरह से देख आया करें। और अंग्रेज़ी के लफ़ज़ों के बराबर के लफ़ज़ बोलने की कोशिश किया करें। मुझे भी अभी इस में अबूर नहीं हासिल हुआ, हो जाए तो अच्छा है क्योंकि आखिर हम ने इस तरफ आना है।

(I would request the hon. Members to come to the House after thoroughly studying the Rules of Procedure which have been translated into Hindi and Punjabi and make an effort to use Hindi and Punjabi equivalents of the English words. I, too, have not yet been able to acquire mastery over them—it would be better, if I am able to do so—because ultimately we have to switch over to this side.)

(The Sabha then adjourned till 2.0 p.m. on Tuesday, the 28th May, 1957.)

3031 PVS—344—21-11-58 C.P., and S., Pb., Chandigarh.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Punjab Vidhan Sabha Debates

28th May, 1957

VOL. I—NO. 21

OFFICIAL REPORT

CONTENTS

Tuesday, the 28th May, 1957

CHANDIGARH

Printed by the Controller, Printing and Stationery, Punjab
1958

Price Rs 4.30 n.P.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ERRATA

PUNJAB VIDHAN SABHA DEBATE, Vol. I, No. 21,
DATED THE 28TH MAY, 1957.

Read	*For*	*On page*	*Line*
Published	Publi hed	(21) 2	17
Presented	Pre ented	(21) 2	18
to	t	(21) 2	19
those	th se	(21) 2	21
Privileges	Pri ileges	(21) 2	8th from below
Approp:iation	Appropria ion	(21) 3	4
की	को	(21) 28	9
wool	woo	(21} 30	14
वातावरण	वातावर्ण	(21) 37	23
हो रही हो	हा रहा हा	(21) 42	7
ਫੈਕਟਰੀਆਂ	ਫੈਕਟੀਆਂ	(21) 47	7
elephant	elephent	(21) 51	8th from below
delete the word 'pant'		(21) 69	1
the	thy	(21) 69	4th from below
they	the	(21) 69	Last line
the	th	(21) 69	35
Ayes	Apes	(21) 72	3rd from below

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

PUNJAB VIDHAN SABHA

Tuesday, 28*th* *May*, 1957.

The Vidhan Sabha met in the Assembly Hall, Sector 10, *Chandigarh Capital, at 2.00 p.m. of the Clock. Mr. Speaker* (*Sardar Gurdial Singh Dhillon*) *in the Chair.*

QUESTION HOUR (DISPENSED WITH)

एक माननीय मेम्बर : जनाब, आज Question Hour को dispense with किया जाये ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜਨਾਬ, Question Hour ਹੋਏ ਕਈ ਦਿਨ ਹੋ ਗਏ ਹਨ । 23, 24, 27 ਮਈ ਅਤੇ ਅਜ ਦੇ questions pending ਪਏ ਹੋਏ ਹਨ । ਇਹ ਜ਼ਰੂਰ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਸਰਦਾਰ ਪੰਨਾ ਸਿੰਘ ਗੁਲਸ਼ਨ : ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ।

अध्यक्ष महोदय : क्या आज Question Hour नहीं होना चाहिए ? (Should there be no Question Hour today ?)

आवाजें : नहीं होना चाहिए ।

अध्यक्ष महोदय : सरदार आत्मा सिंह जी ! आपके हक में तो कोई नहीं बोल रहा है । (हंसी) [(Addressing Sardar Atma Singh) Nobody is supporting the hon. Member on this point.] (*Laughter.*)

Mr. Speaker: Question Hour is dispensed with today.

OBSERVATION BY THE SPEAKER REG. APOLOGY TENDERED BY THE EDITOR AND PROPRIETOR OF THE DAILY "PRABHAT" FOR PUBLISHING SOME ARTICLES CRITICISING THE RULINGS OF THE CHAIR

अध्यक्ष महोदय : मेम्बर साहिबान, आपको मालूम ही होगा कि 'प्रभात' अखबार में कुछ मज़मून लिखे गए थे जिन पर इस हाउस में एतराज़ किया गया था। वह मामला Privileges Committee के सुपुर्द किया गया था जिस की report हाउस में पिछले दिनों पेश हो चुकी है । उस अखबार के एडीटर और प्रोप्रायटर साहिब मुझे कल मेरे दफ्तर में मिले थे और उन्होंने इन मज़मूनों के छापे जाने पर बहुत अफ-सोस का इज़हार किया । उन्होंने यह भी कहा कि Speaker पर reflection cast करने की उनकी नीयत नहीं थी और यह आर्टीकल ग़लती से छप गए

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[अध्यक्ष महोदय]

हैं। आज उन्होंने इस बारे में regret अपने अखबार में भी शाया किया है। वह इस तरह है—

"स्पीकर, पञ्जाब असेम्बली के रूलिंग के मुतअल्लिक 'प्रभात' में शाया शुदा आर्टीकलों पर इज़हारे अफसोस

मवरखा 4, 9 और 10 मई 1957 को 'रोज़ाना प्रभात' में स्पीकर साहिब के रूलिंग के सिलसिला में जो आर्टीकल शाया हुए हैं उन पर Privileges Committee को एतराज़ है और उन्होंने उनको हाउस की हत्तक के मुतरादिफ करार दिया है। हमें इस बात पर अफसोस है कि ऐसे आर्टीकल लिखे गए जो नहीं लिखे जाने चाहिएं थे। हमारा स्पीकर साहिब की रूलिंग पर कोई नुक्ताचीनी करने का हरगिज़ कोई मक्सद नहीं था और जो बातें काबिले-एतराज़ लिखी गई हैं उन पर हम इज़हारे अफसोस करते हैं।"

इसके मद्देनज़र मेरा ख्याल है कि इस मामले को आपकी मर्ज़ी से drop कर दिया जाए। इस सिलसिले में Privileges Committee का जो मुद्दा था वह भी पूरा हो जाता है। जब उन्होंने इतने साफ और वाज़ेह अलफाज़ में इज़हारे-अफसोस किया है तो हमें इसको कबूल ही कर लेना चाहिए। मेरी तो इस से तसल्ली है।

(Hon. Members, you are aware that certain articles were written and published in the 'Daily Prabhat' and an objection was taken to them in this House. That matter was referred to the Privileges Committee which presented its report to this House, a few days back. Yesterday, the Editor and Proprietor of the aforesaid Newspaper met me in my Chamber and expressed his regret on the publication of these articles. He also stated that it was not his intention to cast any reflection on the Speaker and that the articles had been published inadvertantly. Today he has also expressed his regret in the columns of that Newspaper and that is like this :

"EXPRESSION OF REGRET IN CONNECTION WITH THE PUBLICATION OF CERTAIN ARTICLES IN THE 'PRABHAT' REGARDING THE RULING OF THE SPEAKER OF THE PUNJAB ASSEMBLY

The Privileges Committee has taken an objection to the publication of those articles in the 'Daily Prabhat' published on 4th, 9th and 10th May, 1957, which were in connection with the Ruling of the Speaker and they (Privileges Committee) have considered them a reflection on the dignity of the House. We regret that such articles have been written as it was not desirable to publish them. We had never any intention to criticise the Ruling of the Speaker and we express our regret on all such things as have been considered objectionable."

In view of this I think that this matter may, with the pleasure of the House, be dropped. I feel that in this way the purpose of the Privileges Committee is also served. Since he has expressed his regret in very unequivocal and unambiguous words, I think, we must accept it. I, for one, am satisfied with it.)

आवाज़ें : ठीक है जी।

ADJOURNMENT MOTION

(At this stage an hon. Member, Shri Mangal Sein, who had given notice of an adjournment motion, rose to move it.)

Original with; Punjab Vidhan Sabha Digitized by; Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : आप वक्त पर थे भी नहीं और इस के अलावा आज यह motion discuss भी नहीं हो सकती है क्योंकि Appropriation Bill discuss हो रहा है ।
(The hon. Member was not present at the proper time and besides, this motion cannot be discussed today because Appropriation Bill is being discussed.)

PAPERS LAID ON THE TABLE

Minister for Finance (Shri Mohan Lal) : Sir, I beg to lay on the Table :—

(1) the Finance Accounts of the Government of Pepsu for the year 1954-55 and Audit Report, 1955 ;

(2) the Appropriation Accounts of the Government of the Punjab for the year 1954-55 and Audit Report, 1956 ;

(3) the Finance Accounts of the Government of the Punjab for the year 1948-49 and Audit Report, 1949 ; and

(4) the Finance Accounts of the Government of the Punjab for the year 1949-50 and Audit Report, 1950.

THE PUNJAB APPROPRIATION (No. 2) BILL, 1957

Minister for Finance (Shri Mohan Lal) : Sir, I beg to introduce the Punjab Appropriation (No. 2) Bill.

Minister for Finance : Sir, I beg to move—

That the Punjab Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

Sardar Bhupinder Singh Mann : On a point of order, Sir. I want that the consideration of the Appropriation Bill.....

अध्यक्ष महोदय : मैं आपका point of order समझ गया हूं । Appropriation Bill के सिलसिले में यह चीज apply नहीं होती है ।
(I have followed the point of order of the hon. Member. This objection does not hold good in connection with the Appropriation Bill.)

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, if you very kindly allow me to place my point of view before you, perhaps, I may be able to convince you.....

अध्यक्ष महोदय : लेकिन इसके बारे में पहले भी हाउस में ऐसी बातें आ चुकी हैं और...
(But in this connection such like objections have already been raised in this House and.....)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, very often our rules are honoured more in their breach than in their observance and it is because of that that I have to rise again and again. I will feel enlightened if you very kindly tell me how the Appropriation Bill........

अध्यक्ष महोदय : आप ही बताइए, आप भी Finance Minister रहे थे कि क्या आप किया करते थे या नहीं ? अगर आप नहीं किया करते थे तो मैं देख लूंगा। (The hon. Member himself has been a Finance Minister. Let him tell me whether or not he used to do this thing ? If not, then I will look into the matter.)

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, I have not only been a Finance Minister of a State but also a Member of the Parliament and nowhere such a short notice was given. The proposal was there when the Budget was introduced...........

अध्यक्ष महोदय : मैं debates में देख लूंगा कि कभी आपने भी ऐसा किया है या नहीं। (I will consult the debates and see whether or not the hon. Member ever did this.)

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, let me raise my point of order . . .

Mr. Speaker : I have followed it.

Sardar Bhupinder Singh Mann : It is my duty to point it out to you and it is your privilege to depart.

Mr. Speaker : But the objection ought to have been taken at the time of the introduction of this Bill. When the Bill has already been introduced, no such point of order can be raised. . . .

Sardar Bhupinder Singh Mann: No, Sir, I am not objecting to its introduction, I am objecting to the motion which says that it should be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : But the Bill has already been introduced and I have also allowed the consideration motion to be moved. Now you need not reflect on it.

Sardar Bhupinder Singh Mann : I am not objecting to the introduction of the Appropriation Bill. I am objecting to the motion moved by the Finance Minister that this Bill be taken into consideration at once. Now this 14 clear days' notice is to be dispensed with. I want to know the rule under which this 14 clear days' notice has been dispensed with.

Mr. Speaker : I have already allowed this motion.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Then I beg to ask you to let me know the rule under which this 14 clear days' notice has been dispensed with.

अध्यक्ष महोदय : आप रूल 130 को देखें . . . . . (The hon. Member may please refer to Rule 130. . . .)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Sardar Bhupinder Singh Mann: Sir, Rule 225 deals with the Appropriation Bill.

Mr. Speaker : Please see the rule regarding motions.

Sardar Bhupinder Singh Mann : When there is a specific rule about the introduction of the Appropriation Bill, we have to follow it. The number of that specific rule is 225.

Mr. Speaker : Rule 130 reads like this—

> "When a Bill is introduced or on some subsequent occasion the Member-in-charge may make one of the following motions.
>
> x x x x x x x
>
> x x x x x x x
>
> Provided that no such motion as is referred to in clause (c) shall be made with reference to a Bill making provision for any of the matters specified in sub-clauses (a) to (f) of clause (1) of Article 199 of the Constitution :
>
> Provided further that no such motion shall be made until after copies of the Bill have been made available...."

This is the practice which is followed at the Centre. When the Demands are discussed and passed, an Appropriation Bill containing those demands is introduced on the next day. This is done because of the shortage of time.

This is the practice we have been following for the last so many years. So far as the objection that the hon. Member was good enough to raise in connection with the rule regarding the motions for leave to introduce Bills is concerned, I realised that that was too stiff and, therefore, amended it. Perhaps, he has already got the amendment. This was notified on the 23rd May, 1957. It reads like this —

> "At the end of Rule 123, the following shall be added—
> "Provided that the Speaker may, for sufficient reasons, allow the motion for leave to introduce a Bill to be made at shorter notice ."

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, you have stated that this amendment is of a recent origin.......

Mr. Speaker : The day the hon. Member brought this fact to my notice, I realised that there was a lacuna and that has been removed by this amendment.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, that has aggravated my trouble still further. Instead of giving any respect for the rules, you have made a departure in these rules. Sir, you have stated that 14 clear days' notice.....

Mr. Speaker : There cannot be a hard and fast rule.......

Sardar Bhupinder Singh Mann : Allow me to say a word. I will not take much time.

Mr. Speaker : I say that there is no need to raise such a point of order when I have already allowed this motion.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, you have stated that for sufficient reasons they may be allowed to introduce a Bill.......

Mr. Speaker : There are sufficient reasons.

Sardar Bhupinder Singh Mann : Sir, I would like to know when the Budget had been introduced 15 days before......

Mr. Speaker : I am not ready to explain " the sufficient reasons ". As Speaker, I am satisfied that the reasons are sufficient.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Appropriation (No. 2) Bill be taken into consideration at once.

पंडित श्री राम शर्मा (सोनीपत) : स्पीकर साहिब, पंजाब का बजट पास हो चुका और आज Appropriation Bill की शकल में फिर यह चीज़ हाउस के सामने है कि इसे एक ख़ास कायदा और ज़ाब्ता की रू से पास किया जाये । जहां तक पंजाब के बजट और एडमिनिस्ट्रेशन का ताल्लुक है, यह काफी दिनों से इस संसद् में ज़ेरे बहस रहा है । अब इस पर एक सरसरी निगाह डालना और यह देखना ज़रूरी है कि जो बजट पास हो चुका है और जिस का यह Appropriation Bill हाउस के सामने है तो वह पालिसी के लिहाज़ से, एडमिनिस्ट्रेशन के लिहाज़ से और लोगों के अन्दर जो असर है इस बात को सामने रखते हुए हम गवर्नमेंट को क्या कह सकते हैं और हमें क्या कहना चाहिए ताकि उसकी रौशनी में गवर्नमेंट अपने हालात को, अपने इन्तज़ाम और अपने काम को ज़्यादा बेहतर तरीके से सम्भाले । स्पीकर साहिब, मुझे बीस साल से पंजाब असेम्बली में बैठने का तजरुबा है और इत्तफाक है । यह पहला मौका है कि बजट और एडमिनिस्ट्रेशन की बहस पर इस हाउस में बिला लिहाज़ पार्टी या पोज़ीशन काफी से ज़्यादा नुक्ताचीनी हुई है । अगर पिछले तमाम रिकार्ड्ज़ को देखा जाए तो पता चलेगा कि हर लिहाज़ से जो बहस इस ईवान के अन्दर हुई है और जितनी तरफ से बजट पर नुक्ताचीनी की गई है पहले शायद ही कभी ऐसा हुआ हो और मेरा ख्याल है कि कभी ऐसा नहीं हुआ । इसकी वजह क्या है ? इस गवर्नमेंट को यह बात देखनी चाहिए कि जब हाउस में इस बात पर इतनी शिद्दत से नुक्ताचीनी हो तो इस नुक्ताचीनी को कैसे कम किया जा सकता है और खामोश किया जा सकता है । एडमिनिस्ट्रेशन को देखने के लिए चन्द एक बातें जो कि जम्हूरी और बुनियादी चीज़ें हैं हमारे सामने आती हैं । पंजाब में इस गवर्नमेंट में एक चीज़ उभरती हुई आ रही है । वह यह है कि गवर्नमेंट के काम में न सिर्फ असूल की बिना पर एक पार्टी की ज़िम्मेदारी है बल्कि इस पार्टी के अन्दर भी एक ग्रुप इस ज़िम्मेदारी को समेट रहा है और ग्रुप के अन्दर बहुत कुछ चीज़ें हैं जो एक शख्सियत के चारों तरफ इकट्ठी हो रही हैं। (*Cheers*) रशिया में भी जहां ताकत concentrated थी वहां की लीडरशिप का नक्शा बदल रहा है लेकिन पंजाब के अन्दर मैं देख रहा हूं कि power को concentrate करने की और एक जगह पर इकट्ठा करने की कोशिश हो रही है । यह ताकत एक जगह पर इस तरह भरी हुई है कि जिस ने एडमिनिस्ट्रेशन के तमाम इन्तज़ाम को इस तरह से दबा लिया है कि हमें डर लग रहा है कि हमारे सूबे में सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसायटी, डैमोक्रेसी और पार्लियामेंट्री तरीके की जो हकूमत है यह कहां तक कामयाबी के साथ चल सकेगी और फैल

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

सकेगी। हम ने मुल्क में अख्तियारात की डीसेन्ट्रेलाइज़ेशन करनी है लेकिन पंजाब के अन्दर यह बात हम बहुत कम देख रहे हैं। मैं समझता हूं कि अगर पंजाब की हुकूमत को खुश-असलूबी से चलाना है तो हमें हुकूमत चलाने की real शक्ति को लोगों तक पहुंचाना होगा, उसे डीसेन्ट्रेलाइज़ करना होगा और लोगों के सही नुमाइंदों को उस के अन्दर हिस्सेदार बनाना होगा। मैं यह देख रहा हूं कि दिन-बदिन कुछ ऐसी सूरत पैदा हो रही है और पार्टी के अन्दर इस बात का फिक्र है कि मुल्क के अन्दर, सूबा के अन्दर सारी ताकत एक जगह पर concentrate होती जा रही है। मैं समझता हूं कि पंजाब को, इस हाऊस को इस बुनियादी असूल का पूरा ध्यान रखना होगा वरना यह चीज़ ऐसी है जो टाइम की स्पिरिट के खिलाफ है और जहां तक मैं देखता हूं आम लोगों में disparity, inequality और नाबराबरी काफी है और अगर यह महज़ फिर्का और मज़हब की बिना पर हो तो यह बुरी बात है। लेकिन मुझे कहने में झिझक होती है क्योंकि बाज़-औकात अच्छा नहीं मालूम होता कि कहीं यह बार-बार कहने से ही न बढ़ जाए। लेकिन यह नाबराबरी पंजाब के अन्दर पहले से मौजूद थी। पिछले दिनों इस ने एक और शक्ल अख्तियार की और रिजनल फ़ार्मूला की शकल में यह चीज़ सामने आई कि बिला लिहाज़ मज़हबो मिल्लत व फिर्का जो इलाके तरक्की के लिहाज़ से पीछे रह गए हैं उनको उभारा जाये और दूसरों के बराबर लाया जाये। इस चीज़ को गवर्नमेंट ही नहीं बल्कि आईन ने भी तस्लीम किया। लेकिन मुझे निहायत अफ़सोस के साथ इस हाऊस के अन्दर कहना पड़ता है कि रिजनल फ़ार्मूला पास हो गया लेकिन उसकी स्पिरिट में कोई कार्रवाई होती नज़र नहीं आती। मैं ने सवालात के वक्त वज़ारत से पूछा था कि हो सकता है गवर्नमेंट आफ इंडिया और बड़े से बड़े कामों में उलझे रहने के कारण इस तरफ तवज्जुह न दे सकी हो लेकिन हमारी गवर्न-मेंट ने, इस मिनिस्ट्री ने सेंट्रल गवर्नमेंट को किस दर्जा तक आगाह किया ? कहां तक उन्हें सुझाया कि पंजाब में रिजनल फ़ार्मूला को आईनी शक्ल अख्तियार कराई जाये। मैं समझता हूं कि गवर्नमेंट इस बात में फेल हुई है और इस ने सेंट्रल गवर्नमेंट और प्रेज़ीडेंट साहिब को अपनी ज़रूरियात का एहसास नहीं कराया; अगर इन्होंने कराया होता तो ये सवालात के वक्त जवाब देते कि हम ने यह कोशिश की। यह पंजाब गवर्नमेंट की ज़्यादा ज़िम्मेदारी है और इस मामला में सेंट्रल गवर्नमेंट के मुकाबला में उनका काम और उनकी ज़िम्मेदारी ज़्यादा है लेकिन फिर भी यह चीज़ें उन के सामने आनी चाहिएं। बजट गुज़र गया, पास भी हो गया और अब Appropriation Bill भी ज़ेरे ग़ौर है, यह भी पास हो जायेगा, इस का खर्च भी शुरू हो जायेगा लेकिन मैं समझता हूं कि रिजनल फ़ार्मूला के पास होने के दिन से आज के दिन तक रत्ती भर भी फर्क नहीं पड़ा। बल्कि गवर्नमेंट के अमल से मालूम होता है कि क्या गवर्नमेंट की authority या power में, क्या Services में, क्या progressive development के कामों के लिये रकमें देने में, इस चीज़ का साया या असर तक भी मौजूद नहीं। यह पंजाब के लिये नई चीज़ हुई है कि जो इलाकावार नाबराबरी थी उसे एक बराबर सतह पर लाया गया है। जहां तक उस इलाके का ताल्लुक है जिसे Hindi Region या हरियाना प्रांत कहते हैं, वहां के अवाम को एहसास है बल्कि शिकायत है कि उन की उम्मीदें जो इस काम से बढ़ी थीं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[पंडित श्री राम शर्मा]

वह टूटती जा रही हैं और परेशानी की शक्ल अख्तियार करती जा रही हैं। 42½ फीसदी आबादी का महसूस करना कोई मामूली बात नहीं। आज के हालात में लोगों के नुमाइंदों या लोगों की आवाज़ बहरे कानों पर डाले जाने से कोई हुकूमत नहीं चल सकती। इस लिये इस मौके पर मैं गवर्नमेंट को याद दिलाना चाहता हूं कि गवर्नमेंट ने उस ज़िम्मेदारी को जल्द से जल्द उस formula की spirit में rules वगैरह बना कर पूरा नहीं किया। गवर्नमेंट को काम करने से कोई नहीं रोकता। इसे Regional Formula पर अमल करना चाहिये था। अगर उन की कोशिश के बावजूद कोई power उसे रोकती है तो आईनी spirit में यह समझा जाना चाहिये कि वह चीज़ आयद हो चुकी है। लेकिन गवर्नमेंट को जो काम करना चाहिये था वह नहीं किया। यह बड़ी भारी बात है जो पालिसी से ताल्लुक रखती है। पब्लिक खतरा महसूस कर रही है। Democracy में जहां यह कहा जाता है कि हम power को decentralize कर रहे हैं, इस power को फैला रहे हैं, वहां power of governance यानी गवर्नमेंट के ज़रिये खिदमत करने की power इकट्ठी होती होती चंद हाथों में मरकूज़ हो गई है। ऐसे हालात पैदा हो गये हैं कि मिनिस्टरों में कोई initiative नहीं रहा, Services के अंदर कोई initiative नहीं रहा, Heads of Departments में initiative नहीं रहा (*Cheers*)। मैं Mughal Empire की history पढ़ रहा था तो मुझे औरंगज़ेब के ज़माने के अलफ़ाज़ याद आये कि किस तरह से clerks मिनिस्टर बन गये और आखिरकार यूंही वह ज़माना आगे चला तो सारे का सारा मामला खत्म हो गया। जब मैं ने यह अलफ़ाज़ पढ़े तो बिल्कुल पंजाब का सारा नकशा मेरी आंखों के सामने आ गया (*Cheers*)। पंजाब में यही सूरते हालात पैदा होती जा रही है। ऐसे लोगों के अंदर हर तरह का initiative हर तरह की ज़िम्मेदारी और एहसास..... (घंटी की आवाज़) स्पीकर साहिब, मेरा इरादा बड़े अदब के साथ आप से लड़ने का है। जहां तक rules और कायदे का ताल्लुक है, आप चाहें तो सब कुछ कर सकते हैं लेकिन होना यह चाहिये कि अगर किसी अहम मसले पर बहस हो रही हो तो तकरीर पर पाबन्दी नहीं होनी चाहिये, ताकि बाहर के लोग समझें कि इस हाउस में कुछ हो रहा है। इसलिये मैं बड़े अदब के साथ गुज़ारिश करूंगा कि दस मिनट के rule पर इतनी सख्ती से कारवंद.....

अध्यक्ष महोदय : मेरी बात सुनिये। अगर आप पिछले बैंचों पर बैठे हुए मेम्बर साहिबान से फैसला कर लें तो मुझे बिल्कुल कोई एतराज़ न होगा चाहे आप सारा वक्त ले लें। अगर आप बोलते जायेंगे तो यही मेम्बर एतराज़ उठायेंगे कि पंडित जी को तो आध घंटा time दिया गया है और उन्हें दस मिनट दिये गये हैं। [The hon. Member may please listen to me. If he can settle with the Members sitting on the back benches, I would have no objection to his speaking even for the whole time. If he goes on speaking, these very members would raise an objection that whereas half an hour has been allowed to Pandit Ji, only ten minutes have been given to each of them.)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब, गुज़ारिश यह है कि सारे साल में बेशक मुझे एक दफ़ा बोलने की इजाज़त दीजिए लेकिन जब आप इजाज़त देते हैं तो मुझे कम से कम कुछ कह लेने दीजिए ताकि कोई कह सके कि उस ने कुछ सुना है । (*Cheers*) । अगर हाउस इस mood में है कि मेरी तकरीर को सुने तो मुझे बोलने के लिए मुनासिब वक्त दिया जाये । अगर हाउस को पसंद न हो तो मैं voluntarily दरखास्त करूंगा कि मैं कतई बोलने के लिये तैयार नहीं । आप हाउस की sense ले लें । अगर हाउस चाहता है कि मैं आध घंटा तक तकरीर कर लूं तो मैं अपनी बात को जारी रखूंगा लेकिन अगर हाउस का mood नहीं तो मैं शुक्रिया अदा कर के बैठता हूं । (*Voices* : आप जरूर बोलिए) ।

अध्यक्ष महोदय : मैं समझता हूं कि इस मामले पर हाउस की राय लेनी कोई अच्छी practice नहीं । आप बेशक दो घंटे बोल लें मैं आप को बंद नहीं करूंगा । (I think it is not a good practice to ascertain the opinion of the House on such matters. The hon. Member may speak for two hours, I will not stop him.)

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब, मैं ऐसा नहीं करूंगा । जैसे आप फरमायेंगे...

अध्यक्ष महोदय : आप बोलते जाएं मैं बंद नहीं करूंगा । (He may continue speaking, I will not stop him.)

पंडित श्री राम शर्मा : आप की मेहरबानी है, मैं ने कुछ और कह कर खुद बैठ जाना है ।

ਸਰਦਾਰ ਕਰਤਾਰ ਸਿੰਘ ਦੀਵਾਨਾ : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਆਪ ਨੂੰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਮੇਂ ਲਈ ਬੋਲਣ ਦੀ ਇਜਾਜ਼ਤ ਨਹੀਂ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ।

अध्यक्ष महोदय : Order please, आप बोलिये पंडित जी । (Order please, let Pandit Ji please continue his speech.)

पंडित श्री राम शर्मा : लोगों की नाराज़गी में बोलना मुश्किल है । तो, स्पीकर साहिब, मैं गुज़ारिश कर रहा था कि पंजाब के अंदर आज जो सब से ज़्यादा खतरे की चीज़ नज़र आ रही है और जिस का लोगों पर असर है वह यह है कि $1\frac{1}{2}$ करोड़ की आबादी में 40/42 फीसदी वह लोग हैं जिन को आईनी तौर पर भी development के लिये या Administration में कुछ backward मान लिया गया है और उन्हें ऊपर उठाने का रास्ता भी निकाल लिया गया है । जहां तक इन लोगों का ताल्लुक है मैं कह सकता हूं कि इन में इस बात की परेशानी है, नाराज़गी है, नाउम्मीदी है कि अगर हालात इस तरह से चलते रहे, तो उन का क्या बनेगा । जहां तक Punjabi Region का ताल्लुक है, वहां भी देखते हैं कि बहुत सारे भाइयों को अपनी तरह की शिकायतें पैदा हो रही हैं । मैं उन की ठीक तरह से नुमाइंदगी करता हूं । Punjabi Region के लोगों को शिकायतें हैं; मुझे उन के साथ हमदर्दी है । यह कहना कि जालंधर डिवीज़न के लोग डाकू हैं, मैं कहूंगा कि असल में डाकुओं या बेडाकुओं की

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[पंडित श्री राम शर्मा]

बात नहीं है। हम लोगों को शिकायत यह रही है कि हम दूसरे भाइयों के मुकाबले में पिछड़े हुए हैं। मैं इस बात को clear करना चाहता हूं कि हमें न हिन्दुओं से और न ही पंजाबी Region के सिख भाइयों से कोई शिकायत है। हमें तो शिकायत है उन भाइयों से जिन के हाथ में हुकूमत की ताकत है—चाहे वे हिंदू हों या सिख, चाहे इस पार्टी के या उस पार्टी के। जिस आदमी के हाथ में हुकूमत की ताकत है, उस से शिकायत हो सकती है। किसी community से या किसी इलाके से शिकायत नहीं। जहां तक सिख भाइयों का ताल्लुक है, जहां तक बहुत बड़े लीडर मास्टर तारा सिंह का ताल्लुक है, उन की भी अपनी किस्म की शिकायतें हैं। उन की एक ज़बरदस्त और ज़ोरदार शिकायत है और मुझे भी उन के साथ इत्तफ़ाक है कि हमारी हुकूमत में corruption बहुत ज़्यादा है। Corruption बहुत बुरी तरह से फैली हुई है। Top से bottom तक काम इतना बिगड़ा हुआ है कि कहीं कदम रखने के लिये और सांस लेने के लिये गुंजाइश नहीं हो सकती है। मुझे भी कांग्रेस का, पब्लिक life का काफ़ी लम्बा तजरुबा है। मैं जानता हूं कि लोगों में इस corruption की वजह से कितनी परेशानी है। उन की नंबर एक परेशानी यह है कि टैक्स बहुत बढ़ रहे हैं। हमारी गवर्नमेंट, गवर्नमेंट आफ़ इंडिया से वादा किये हुए है कि 23 करोड़ रुपये के टैक्स पंजाब के लोगों पर लगाए जाएंगे। मैं नहीं जानता कि इस बारे में हाऊस को कभी confidence में लिया गया हो। इस चीज़ से लोगों में बहुत परेशानी है। अभी तो एक दो करोड़ रुपये के टैक्स बढ़ाए गए हैं। अगर सारा वादा पूरा हो गया तो मैं नहीं जानता कि किस तरह से हुकूमत चलेगी।

दूसरे कुछ लोग यह महसूस करते हैं कि यह जो अरबों रुपये का खर्च किया जा रहा है, इस में से हुकूमत चलाने वाले अपने ऊपर कितना खर्च करते हैं। अगर इस सारे खर्च में देहात सुधार की allotment न हो तो लोग वैसे ही घबरा जाएंगे। जिन लोगों की paying capacity अपनी आख़री हद तक पहुंच चुकी है वे लाज़मी तौर पर यह देखना चाहते हैं कि जो लोग हुकूमत चलाने वाले हैं वे अपनी ज़रूरतों पर, अपने कामों पर कितना खर्च करते हैं। जब पंजाब के लोग उस खर्च को देखते हैं, जिस का बोझ उन पर पड़ने वाला है और फिर उस रकम को देखते हैं जो मिनिस्टर्ज़, डिप्टी मिनिस्टर्ज़, बड़े बड़े अफ़सरों, मैं तो इस में असैम्बली के मैम्बर्ज़ के allowances को भी शामिल करता हूं, पर खर्च की जानी है, तो उन को ख्याल आता है कि कहां ज़मीन और कहां आसमां! मिनिस्टर्ज़ की salary कम करने से बजट का घाटा पूरा नहीं होगा, यह मैं मानता हूं। लेकिन इस से लोगों पर एक psychological effect होता है। महात्मा गांधी अगर कपड़े पहनते तो कोई फ़र्क नहीं पड़ता था। लेकिन उन्होंने लंगोटी पहन कर लोगों में एक जादू का असर पैदा कर दिया; उन में एक नई रूह फूंक दी। लोगों ने हमें यहां भेजा है। वे हमारे खर्चों को देखते हैं, हमारी कोठियों को देखते हैं, हमारी मोटरों को देखते हैं। उनकी आंखें बंद नहीं हैं। हमारे जवाहर लाल जी नेहरू दिन में 18 घण्टे काम करते हैं। सुबह उठते हैं और काम शुरू कर देते हैं। उन से लोगों को inspiration मिलता है। लेकिन हमारे मिनिस्टर्ज़ में बड़ी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

भारी तादाद उन की है जिन के पास असली काम करने के लिये 1½ या 2 घण्टे से कम टाइम होता है। मेरे एक दोस्त वज़ीर साहिब ने कहा कि नासेह हमें उस राह पर चलने के लिये कहते हैं जिस पर वह खुद नहीं चले। मेरे वक्त में मिनिस्टर्ज़ 1½ हज़ार रुपये माहवार लेते थे और अगर मैं कोई राज़ अफ़शा नहीं कर रहा तो इन तनखाहों में जो कमी की गई उस का mover मैं था। मैं जानता हूं कि इस थोड़े बहुत खर्च को कम करने से यह जो अरबों का कर्ज़ा हम पर है वह नहीं मिट जाएगा। लेकिन ऐसा करने से लोगों में एक अच्छा जज़बा पैदा हो जाएगा। मैं कहता हूं कि मिनिस्टर्ज़ को अपने खर्चों को कम करके लोगों के सामने एक standard रखना चाहिये जिस से लोगों को कोई गिला न रहे।

दूसरी बात corruption की है। यह तो मानना पड़ेगा कि हमारे यहां corruption और red-tapism का कोई हिसाब नहीं है। इस की मौजूदगी में सिफारिशों की इतनी अहमियत हो गई है कि average आदमी यह कहता है कि पटवारी से लेकर मुख्य मंत्री तक सिफारिश के बग़ैर कोई काम नहीं होता। मैं नहीं कहता कि यह किस हद तक ठीक है। किसी हद तक यह ठीक है। लोगों को इस बात का यकीन होना चाहिये कि अगर हमारी बात ठीक है और हम ज़ाबते और कानून के मुताबिक कोई मांग करते हैं तो वह बिला किसी लिहाज़ के पूरी होनी चाहिये।

इस के अलावा बावजूद इस बात के कि हम इस बात की कोशिश करते हैं और लैक्चर भी देते हैं कि फिरकादारी का इंतज़ामिया मामलों में दख़ल नहीं होना चाहिये, यह बात अफसोस से कहनी पड़ती है कि फिरकादारी हमारे अंदर घर किये हुए है। हम देखते हैं कि हर सिख मिनिस्टर का सैक्रेटरी और चपड़ासी सिख है और हर हिन्दू मिनिस्टर के साथ काम करने वाले मुलाज़िम भी हिन्दू हैं। वहां पर मैं ने देखा है कि सिख मिनिस्टर्ज़ के पास मिलने वाले भी सिख ही आते हैं और हिन्दू मिनिस्टर्ज़ के इर्द-गिर्द हिन्दू फिरते हैं। होना यह चाहिये कि सिख मिनिस्टर्ज़ के साथ सैक्रेटरी हिन्दू हों और हिन्दू मिनिस्टर्ज़ के साथ सिख सैक्रेटरी हों। हमें यह बात लोगों को ज़हिननशीं करानी चाहिए कि फिरकादारी से काम नहीं चलेगा। इस वक्त जो कोई काम नहीं करता उसके पास ले दे कर एक ही सहारा होता है। वह कहता है कि मेरे साथ इस लिए ज़्यादती की जाती है कि मैं सिख हूं या अगर हिंदू हो तो इस लिए कि वह हिन्दू है। तमाम corruption को ढांकने के लिए services में फिरकादारी की आड़ ली जाती है। हमारी administration इस तरह की होनी चाहिए कि इस से लोगों के अन्दर एक जोश और अच्छी भावना पैदा हो। देहात सुधार, Development, Community Project, यह तमाम चीज़ें बड़े ज़ोर से चल रही हैं। ठीक है; इन पर करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, बहुत से लोग नौकरियों पर आ गए हैं। मगर इन सब चीज़ों से लोगों में कोई inspiration पैदा नहीं हुआ। वे अगर काम करते हैं तो डर के मारे करते हैं। उन में यह स्पिरिट नहीं आई कि यह काम हमारा है और इस में हमारी बेहतरी है। काम कराने वालों में सेवा की भावना नहीं है। वे सर्विस के तरीके से काम करते हैं।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[पंडित श्री राम शर्मा]

हमारी services में discontentment है। यह बात बहुत खतरनाक है। मैं आम तौर पर services के साथ मिलने का आदी नहीं हूं। लेकिन मुझे इस बात की काफ़ी जांच है कि ऊपर से नीचे तक एक ऐसी तरह की नाराज़गी, बेबसी, बेकसी की हालत नज़र आई है जो कम से कम आज से पहले नहीं दिखाई देती थी। इस का नतीजा क्या होगा, यह गवर्नमैंट के देखने की बात है। यह basic policy की चीज़ है। जिस तरीके से आज services में काम चल रहा है उस से काम कैसे चलेगा। गवर्नमैंट को इस बात का यकीन होना चाहिए कि यह एक आतशफ़शां पहाड़ पर बैठी है। इसे complacent नहीं होना चाहिए। लोगों में पहले ही टैक्सों की वजह से, corruption और red-tapism की वजह से dis-satisfaction है। पिछली elections में आपने देखा कि बावजूद बड़े बड़े लीडरों के दौरों के और बड़े बड़े दावों के कई जगहों पर लोगों ने वह कर दिखाया जो आप नहीं चाहते थे। एक वक्त था जब टर्की में गवर्नमैंट की opposition न थी। इस के बावजूद जब election हुई तो गवर्नमैंट हार गई। जब लोगों में नाराज़गी बढ़ जाती है तो ऐसी चीज़ हो जाती है। महात्मा गांधी को अंग्रेज़ों ने कहा कि अगर हम चले गए तो हिन्दुस्तान में बदअमनी फैल जाएगी। गांधी जी ने कहा कि हम वह बरदाश्त कर लेंगे। लोगों में जब ऐसे हालात पैदा हो जाते हैं तो वे सब कुछ बरदाश्त करने के लिए तैयार हो जाते हैं। हम ऐसी जगह बैठे हुए हैं कि अगर दुनिया के हालात के अंदर, मुल्क के हालात के अंदर कोई खराबी या हिलजुल आये तो सब से पहले हम लोग होंगे जिनके सीने आगे होंगे। हमारी ज़िम्मेदारी ज़्यादा है। आपस में छोटी-मोटी बातों में न जा कर हमने इस सूबे को आगे ले जाना है। यहां यह बात न हो जो आजकल हो रही है। कोई महकमा ऐसा नहीं है, कोई पटवारी ऐसा नहीं है, कोई गिरदावर ऐसा नहीं है जो ठीक तरह से काम करता हो। मेरे पास questions के तौर पर बेशुमार बातें आती रहती हैं। लेकिन इस थोड़े से वक्त में उन चीज़ों के कहने का कोई फायदा नहीं। हमारी पंजाब State जहां कि ऐसे हालात मौजूद हैं, जब तक हमारी Government, हमारा House, तमाम Members, Opposition और Government Party और Ministry भी मिलकर पूरा ज़ोर नहीं लगायेंगे, एक दूसरे को नहीं समझेंगे, पंजाब को एक सही रास्ते पर लाने के लिए चौकस हो कर नहीं चलेंगे, यह कामयाबी नहीं आने की। पंजाब के अंदर हालात ऐसे नहीं हैं कि हम इतमीनान से बैठ जाएं। इस House ने भी देख लिया है। जितनी नुक्ताचीनी Administration पर इस House में हुई है, मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि मैंने पहले कभी नहीं सुनी थी। और इस बात से House को समझ लेना चाहिये कि ....

अध्यक्ष महोदय : आपके पास वक्त की कमी है और बोलने की ज़्यादती है। मैं तादाद की ज़्यादती नहीं कह रहा, वैसे ज़्यादती है। तो हमारे Rules of Procedure का जो Rule 225 है उसके नीचे sub-clause 3 में लिखा है:—

"The Speaker may, if he thinks fit, prescribe a time-limit for speeches at all or any of the stages for which a day or days have been allotted under the preceding sub-rule."

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

यह Appropriation Bill के नीचे है । और उसके बाद यह भी आता है ।

"The debate on the Appropriation Bill shall be restricted to matters of public importance or administrative policy implied in the grants covered by the Bill which have not already been raised while the relevant demands for grants were under consideration."

तो मैंने पिछले House में भी बहुत दफा कहा है । अब नया House है, इस लिये कहना जरूरी समझता हूं । उसके आगे नं० 5 है :—

"The Speaker may, in order to avoid repetition of debate, require members desiring to take part in discussion on an Appropriation Bill to give advance intimation of the specific points they intend to raise and he may withhold permission for raising such of the points as in his opinion appear to be repetitious of the matter discussed on a demand for grant or as may not be of sufficient public importance."

तो इसमें काफी पाबंदी है Appropriation Bill पर discussion के लिये । अगर आप इजाजत दें तो मैं अपने इस हक का इस्तेमाल करता हुआ time limit मुकर्रर कर दूं । 5 मिनट कर दें ?

(The time at the disposal of the hon. Members is short while a lot is to be said on this Bill. I do not mean that the number of members who have yet to speak is large but that they have to say much on it. In sub-clause 3 of Rule 225 of the Rules of Procedure it is laid down.—

"The Speaker may, if he thinks fit, prescribe a time-limit for speeches at all or any of the stages for which a day or days have been allotted under the preceding sub-rule".

It comes under the Appropriation Bill and after this it is also laid down—

"The debate on the Appropriation Bill shall be restricted to matters of public importance or administrative policy implied in the grants covered by the Bill which have not already been raised while the relevant demands for grants were under consideration ."

I referred to it many a time in the previous Assembly. Since this is a newly-constituted House, I consider it necessary to mention it here also. Then sub-clause (5) lays down—

"The Speaker may, in order to avoid repetition of debate, require members desiring to take part in discussion on an Appropriation Bill to give advance intimation of the specific points they intend to raise and he may withhold permission for raising such of the points as in his opinion appear to be repetitious of the matter discussed on a demand for grant or as may not be of sufficient public importance."

So sufficient restriction on discussion on the Appropriation Bill has been provided. If it be the sense of the House, I may fix a time-limit in exercise of my powers. May I fix five minutes?)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਸਰਦਾਰ ਹਰਚੰਦ ਸਿੰਘ : ਸਾਨੂੰ ਤਾਂ ਫੇਰ ਵੀ ਵਕਤ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦਾ ; ਚਾਹੇ 5 ਮਿੰਟ ਕਰ ਦਿਓ, ਚਾਹੇ 2 ਮਿੰਟ ਕਰ ਦਿਓ ।

अध्यक्ष महोदय : कितना वक्त मुकर्रर करें ? 5 to 10 minutes ? और आपकी ही मर्ज़ी से पंडित जी बोले थे for 45 minutes और अब उससे half time 22 minutes opposition को दूंगा । चूंकि वह 45 मिनट बोले, आपको उस से आधा वक्त मिलेगा । आप के 4 आदमी बोलेंगे । फिर उन को इजाज़त दूंगा ।

(What time-limit should be fixed ? Should it be from 5 to 10 minutes ? Pandit Ji spoke for 45 minutes with their consent. Now half of that time, i.e. 22 minutes, will be given to the Opposition. Since he spoke for 45 minutes, the Opposition will be given half of that time. Now from this side four Members will speak and then the Members from the opposite Benches will be allowed to speak.)

पंडित श्री राम शर्मा : स्पीकर साहिब, मैं आधा घंटा बोला हूं ।

श्री इन्द्र सिंह (जींद, जनरल) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आज इस House के सामने Appropriation Bill आया है और मैं इस बिल की मुखालिफत करने के लिये खड़ा हूं क्योंकि इस Bill के पास हो जाने के बाद जितने Budget Estimates House के सामने आये हैं उन के ऊपर कानूनी मोहर लग जाएगी । मैं इस Bill की मुखालिफत सब से पहले तो इस लिये करता हूं कि इस Bill में कुछ ऐसे अफसरों की तनखाहें और कुछ ऐसे महकमों के इखराजात मंज़ूर फरमाए हैं जिन से सूबे की भलाई नहीं होगी; सूबे की बरबादी होगी ।

स्पीकर साहिब, कोई तीन-चार रोज़ की बात है, पटियाला के अंदर एक बड़ी भारी conference हुई । और वह conference cultural अदारे के ज़ेरे एहतमाम हुई और उस conference का उद्‌घाटन Governor साहिब ने किया । इसकी सदारत मर्कज़ी सरकार के एक वज़ीर ने की । उसमें जो प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हुए वे अधिकतर ऐसे लोग थे जो स्कूलों में अध्यापक थे या कालेजों के प्रोफैसर थे या जो भाषाई महकमा है उसके अफसरान या मुलाज़मीन थे । उसमें जो तकरीरें हुई, अर्थात् जो conference हुकूमत के ज़ेरेप्रस्ती मुनक्कद हुई थी, उस में दो अकाली नेताओं ने स्यासी और फिरकादाराना नौईयत की तकरीरें कीं । तो उसके नतायज क्या हुए ? उसके नतायज यह हुए कि एक जमात की, हिन्दी-रक्षा-समिति की नुक्ताचीनी की गई । उसके नेताओं को बुरा भला कहा गया और एक तबका को उकसाया गया—हिन्दी agitation के खिलाफ चौकन्ना रहने को कहा गया । तो इसके नतायज क्या हुए ? यह ज़ाहिर है । यह कदम सूबे के अमन में खलल

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

डालने के लिए उठाया गया। सूबे का अमन और सूबे की शांति हम ने कायम रखने हैं और कायम रखने के लिये इस हुकूमत का, तमाम मैम्बरान Assembly का फर्ज़ अव्वलीन है। उसको भंग करने के लिए इस तरह की तकरीरें हुईं। हिन्दी रक्षा समिति के मुतालबात के बारे में मुझे कोई एतराज़ नहीं और न मैं इस बहस में पड़ना चाहता हूं कि समिति की मांगें दुरुस्त हैं या नहीं। मेरा यह मतलब नहीं कि समिति की मांगों पर नुक्ताचीनी न की जावे। मेरा यह भी मतलब नहीं कि मैं पंजाबी language की तरक्की नहीं चाहता। मैं चाहता हूं कि पंजाबी anguage की तरक्की Punjabi Region में हो और मुनासिब तरीके से, अच्छे तरीके से हो। और उस की तरक्की के लिए मुनासिब रक़म खर्च की जावे लेकिन एक ऐसी conference जिसको culture से वाबस्ता करते हैं, जिसका उद्घाटन Head of the State ने किया हो, अगर उसको political arena के तौर पर इस्तेमाल किया जाए तो नतायज क्या होंगे, इस से Punjabi language की उन्नति नहीं होगी। उन तमाम अफसरान का नज़रिया जिन्होंने कान्फ्रेंस में भाग लिया एक तरह से communal हो जाएगा। और यह जो communalism का ज़हर हर department में पहुंचेगा, हर अदारे में पहुंचेगा, इसके नतायज निहायत खतरनाक होंगे। तो अगर इस किस्म की मुनक्कदा कान्फ्रेंस ....(*interruption*) ।

ਸਰਦਾਰ ਆਤਮਾ ਸਿੰਘ : On a point of order, Sir. Communalist ਕਹੇ ਜਾ ਰਹੇ ਨੇ। ਪੰਜਾਬੀ conference ਤੇ ਵਿਕ ਮੰਤ੍ਰੀ ਨੇ preside ਕੀਤਾ ਹੈ। ਜਦੋਂ ਹਿੰਦੀ ਕਾਨਫਰੇਂਸ ਤੇ preside ਕਰਦੇ ਨੇ ?

Mr. Speaker: It is no point of order.

श्री इन्द्र सिंह : तो, जनाब, मैं अर्ज़ कर रहा था और मुझे यकीन भी है इस बात का कि अगर Governor साहिब को इस बात का पता होता कि उस conference के पीछे इस किस्म की साज़िश की जा रही है तो वह बिल्कुल हिस्सा न लेते। मुझे इस बात का एतराज़ नहीं कि वह अकाली नेता किसी संस्था की, किसी तहरीक की नुक्ताचीनी करें। लेकिन वे party के platform से करें, public के platform से करें। वे ऐसे अदारे से न करें जो खालिस तौर पर एक cultural अदारा हो। मैं इस बिल का विरोध इस लिए भी करता हूं कि यह मन्त्रिमण्डल democratic और broad based नहीं है। मैं यह बात इस तरह से भी कहता हूं और, जनाब, आपने भी यह बात देखी होगी पिछले कई दिनों से इस किस्म के बयानात आ रहे हैं और जिस सूबे के मन्त्रिमण्डल में इंतशार हो और फिरकादाराना नौईयत की बिना पर उसका जन्म हुआ हो और उन में से कुछ वज़ीरों ने या एक ने कहा हो कि मैं अस्तीफा दे दूंगा और दूसरे उस अदारे में जा कर एक तबका को होशियार और चौकन्ना रहने को कहें उन को फिरकादाराना बिना पर उभारें, जब कि वह

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री इन्द्र सिंह]

एक ऐसा अदारा है, तो हमारे सूबे को फायदा नहीं हो सकता। बल्कि सूबा की administration communalise होगी। Law and order बेहतर नहीं होगा। शान्ति भंग होगी इसलिए कि Ministry divided हो। तो इसलिए यह बड़ा भारी सवाल सारे प्रान्त के सामने है।

दूसरी बात जिस की बिना पर मैं इस का विरोध करना चाहता हूं वह यह है कि आजकल प्रान्त में जो general law and order है हमें उस पर एतमाद नहीं है, भरोसा नहीं है, और जनता को यकीन नहीं है कि यह सरकार जो फिरकादाराना लाईनों पर बनी हुई है और जिस का ज़न्म इस ढंग से हुआ है वह सरकार लोगों का एतमाद हासिल कर सके और General Administration को, Law and Order को कुछ ऊंचा कर सके। वैसे तो इस हाऊस के अन्दर बहुत संगीन इलज़ामात लगाए गए, लेकिन एक इलज़ाम इस हाऊस के अन्दर आया और वह इलज़ाम यह था कि किस तरीके से चण्डीगढ़ में एक घरेलू कर्मचारी की ज़िन्दगी से खेला गया। उस के बारे में गवर्नमेंट ने कल Press Note निकाला। उस Press Note के द्वारा यह बताया गया कि enquiry की गई...............

अध्यक्ष महोदय : क्या यह बात subjudice तो नहीं है ? (Isn't this matter subjudice ?)

श्री इन्द्र सिंह : उसमें बताया गया है कि यह मामला बिल्कुल ख़त्म हो चुका है।

अध्यक्ष महोदय : इस मामले की enquiry हो रही है। (An enquiry is being held into this matter.)

श्री इन्द्र सिंह : Enquiry होने का सवाल पैदा नहीं होता क्योंकि the matter has been dropped. जो कुछ Press Note में आया है उस से ज़ाहिर होता है कि enquiry complete हो चुकी है।

Mr. Speaker: Even if it is complete the matter has to go to the Court.

(To the Finance Minister) पण्डित जी, यह मामला subjudice तो नहीं है ? (Pandit ji, is not this matter subjudice?)

वित्त मंत्री : जहां तक मुझे पता है यह मामला subjudice है।

अध्यक्ष महोदय : यह मामला subjudice है। आप इसे refer न करें। (This matter is subjudice. The hon. Member should not refer to it.)

श्री इन्द्र सिंह : बहुत अच्छा, जनाब। तीसरी बात जिस की बिना पर मैं इस बिल का विरोध करता हूं वह है हमारी सरकार की Education की पालिसी और वह पालिसी यह है कि Minister साहिब ने इस हाऊस के अन्दर बड़ी ज़िम्मेदारी के साथ इस बात का एलान किया है कि तालीम को compulsory किया जाएगा up to Matric, और Middle Class तक उस को compulsory और free

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

किया जाएगा। मैं यह बात कहता हूं कि गवर्नर के भाषण में और शायद मैं ग़लत नहीं हूं तो जो वित्त मन्त्री की बजट स्पीच थी उस के अन्दर भी यह बात वाज़ेह की गई थी कि 6 से 11 साल की उम्र के जितने बच्चे हैं उन की 49 प्रतिशत तादाद Primary Schools में तालीम पा रही है और बाकी 51 प्रतिशत का सवाल रह जाता है। मैं कहता हूं कि इन को यह political stunt छोड़ देना चाहिए। मुफ्त तालीम देने की जो बात है यह सरकार इस को अगले elections तक बतौर political stunt इस्तेमाल करना चाहती है। मुफ्त तालीम देने की बात तो छोड़िये, मैं कहता हूं कि हर उस बच्चे को जोकि 6 साल से 11 साल तक की उम्र का है, education की सहूलियत पहुंचाई जाए तो उस के लिए बड़े भारी खर्च की ज़रूरत होगी। और अगर आने वाले 10 सालों के लिए गवर्नमैंट इस बात का बन्दोबस्त कर दे तो यह बड़ी भारी achievement होगी। Free education का सवाल तो दूर रहा केवल primary तालीम को अगर universal किया जाए तो जहां single-teacher school हैं वहां 2 teachers करने होंगे, shifts 2 की बजाय तीन तीन करनी होंगी। फिर इमारतों का सवाल है, अभी तक कई स्कूलों की इमारतें ठीक नहीं हैं और furniture भी नहीं है। बच्चे घर से बैठने के लिए तप्पड़ और बोरियां लाते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे तालिबइल्म हैं जोकि ग़रीब होने की वजह से किताबें नहीं खरीद सकते। उन के लिए किताबें मुहैया करनी होंगी। अगर यह सब सहूलतें उन को दी जाएं तो इस पर तकरीबन दस करोड़ रुपया खर्च होगा लेकिन गवर्नमैंट इसे visualise नहीं कर रही बल्कि एक ridiculous तरीके से इस स्कीम को पेश कर रही है। मैं गुज़ारिश करता हूं कि इस मामले को seriously सोचना चाहिये और बड़ी समझदारी से इस बात को लेना चाहिये। मुबहम ढंग से बात नहीं कहनी चाहिये। इस बात को stunt के तौर पर नहीं लेना चाहिए।

चौथी बात जिस की बिना पर मैं इस बिल का विरोध करता हूं वह यह है कि हमारा सूबा essentially agricultural सूबा रहा है। और यह महज़ ज़रई सूबा होने से ही तरक्की नहीं कर सकता जब तक कि यहां पर पैदा होने वाले raw material की utility पूरी तरह से न हो और heavy industry और large scale industry को वसीह पैमाने पर नहीं चालू किया जाता। अगर इन को चालू किया जाए तो नतीजा यह होगा कि बेरोज़गारी कम होगी, standard of living बढ़ेगा और इस के साथ जो cultural amenities हैं वह हमें मिलेंगी।

इस के साथ साथ, जनाब, मैं एक और अर्ज़ करना चाहता हूं। (घण्टी की आवाज़) जनाब, जहां आप ने औरों को पौना घण्टा दिया है वहां मुझे दो मिनट और दे दीजिए। मैं जल्दी ही खत्म कर दूंगा।

जनाब, पांचवीं बात जिस की बिना पर मैं इस बिल का विरोध करता हूं वह यह है कि यह जो गवर्नमैंट की taxation की पालिसी है यह ठीक नहीं। यह कहना कि यह taxes उन लोगों को देने पड़ेंगे जोकि देने के काबिल हैं, ग़लत है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री इन्द्र सिंह]

इन का बोझ ग़रीबों पर पड़ता है। 98 लाख रुपये का टैक्स तो लगा दिया है, बाकी डेढ़ पौने दो करोड़ का रहता है। मैं कहता हूं कि यह जो गवर्नमेंट की पालिसी है कि कभी थोड़े taxes लगा दिये, बाकी के न लगाए, कुछ की implementation की, बाकी की implementation न की, कुछ को लगा दिया, बाकी को फिर के लिये रहने दिया, ठीक नहीं है। यह सब कुछ मौका देख कर करते हैं। पहले पिछले साल Land Revenue Surcharge और Agricultural Income-tax लगा दिया फिर उस की implementation बन्द कर दी। यह सब कुछ इन elections में landlords की favour win करने के लिये किया गया था। यह सब कुछ petty political अगराज़ के लिये किया जाता है जोकि इन्हें नहीं करना चाहिए।

अब मैं कुछ बातें Regional Formula के मुतअल्लिक कहना चाहता हूं। यह जो Appropriation Bill है, हमारे लिये misappropriation Bill है। हमें इस से कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारे हरियाने के ऊपर क्या खर्च होगा—इस के बारे में तस्वीर साफ नहीं है। कुछ खास रकम हरियाने के लिये रख दी जाती तो अच्छा होता। इसी लिये मैं इस को misappropriation Bill कहता हूं। कांग्रेस पार्टी की तरफ से भी कुछ आदमियों ने इस की मुखालिफत की है। उन की नुक्ताचीनी की रोशनी में मैं Treasury Benches वालों के patriotic sentiments को appeal करता हूं कि क्योंकि यह ग़रीबों के मुफाद का बजट नहीं है, घाटे का बजट है, इस से ग़रीबों पर और मज़लूमों पर टैक्सों का बोझ डाला जा रहा है। यह reckless Gambler's Budget है, Liquidator's Budget है इस लिये मैं इस बिल की मुखालिफत करता हूं। और सारा हाऊस इस Bill को reject करेगा ऐसी मेरी प्रार्थना है।

वित्त मंत्री: On a point of order, Sir. पण्डित श्री राम जी शर्मा को टाईम देने के सम्बन्ध में मैं अर्ज़ करता हूं कि Treasury Benches की तरफ से यह नहीं कहा गया था कि उन को इतना वक्त दिया जाए, बल्कि Opposition की तरफ से यह बात एलानिया कही गई थी। (*Interruptions*) (*Repeated interruptions*).

Mr. Speaker : Order please.

वित्त मंत्री : Opposition की तरफ से आवाज़ें आई थीं कि हमारा टाईम पण्डित जी को दे दिया जाए, Treasury Benches की तरफ से आवाज़ें नहीं आई थीं। दरहकीकत यह ख़ाहिश Opposition वालों की थी कि पण्डित जी बोलें। उन की तरफ से साफ कहा गया था। Treasury Benches की तरफ से नहीं कहा गया था।

अध्यक्ष महोदय : उन्होंने कहा था कि हमारा वक्त पण्डित जी को दे दो। उस की ताईद आप की तरफ से हुई थी। (They had suggested that their time

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

may be given to Pandit Ji, and the Treasury Benches also supported this idea.)

वित्त मन्त्री: Opposition ने ताईद की थी, हम ने नहीं की थी।

श्री बलराम दास टंडन (अमृतसर शहर, पश्चिम) : माननीय अध्यक्ष जी, जो इस साल का बजट इस हाऊस के समक्ष रखा गया है और जो नए नए टैक्स हमारे वित्त मन्त्री साहिब ने लगाने की योजना यहां पर हाऊस के सामने रखी है, इस के साथ ही हिन्दुस्तान की सरकार ने जो भी नए नए टैक्सिज़ उन लोगों पर लगाए हैं जोकि वह टैक्स देने के काबिल नहीं हैं ....

Minister for Finance : No reference should be made to the taxes that have been levied by the Government of India. The hon. Member is not within his rights to discuss those taxes in this House.

अध्यक्ष महोदय : आप अपना बजट discuss करें। (The hon. Member should discuss the Budget of this State.)

श्री बलराम दास टंडन : मेरे कहने का मतलब यह है कि जिस तरह आम टैक्सों की भरमार पड़ रही है, हम देख रहे हैं कि इन का बोझ पंजाब की आम जनता पर पड़ेगा इसलिए हम ने यह भी तो देखना है कि.............

अध्यक्ष महोदय : आप इसी बिल तक महदूद रहें। (The hon. Member may please confine his speech to the Bill under consideration.)

श्री बलराम दास टंडन : मैं बता रहा था कि सब तरफ़ से टैक्सों की भरमार होती

3. 00 p.m.

जा रही है और पंजाब के अन्दर जनता को पीड़ित करने वाले टैक्स लगाए जा रहे हैं—वह भी विशेष कर उन Finance Minister साहिब की तरफ़ से जिन की पिछली speeches के रिकार्ड को अगर देखा जाए जब कि वह इस गद्दी पर नहीं बैठे थे, तो वह ऐसा कहते दीख पड़ते हैं कि जहां तक टैक्सों का ताल्लुक है, लोग point of saturation तक पहुंच चुके हैं। वही Finance Minister आज अगर नए नए टैक्स लगाएं, और इस हद तक tax लगाते चले जाएं कि जिन को impose करने का उन का हक भी न हो, जिसके लिए Constitution भी उन्हें अधिकार न देती हो—जैसे एक सूबे से दूसरे सूबे में जाने वाली चीज़ें है, national highways हैं—उन पर भी टैक्स लगाने के लिए बेताब हों तो स्वाभाविक तौर पर जनता में हैरानी उत्पन्न होती है कि क्या यह वही व्यक्ति हैं जो मिनिस्टर बनने से पहिले यह कहा करते थे कि लोगों की tax-paying capacity अब point of saturation तक पहुंच गई है? कहां हैं वह मिनिस्टर...........

वित्त मंत्री : क्या मैम्बर साहिब बता सकते हैं कि वह कौन सी speech है ?

श्री बलराम दास टंडन : आप अगर चाहेंगे तो बता दूंगा ।

वित्त मंत्री : मैं अभी जानना चाहता हूं ।

श्री बलराम दास टंडन : बजट पर उस स्पीच की बाबत मैं आप को बता दूंगा ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : कौन से बजट की आप बात कर रहे हैं। (Which budget is the hon. Member referring to ?)

श्री बलराम दास टंडन : मैं उन बजटों की बात कर रहा हूं जब यह Finance Minister नहीं थे।

अध्यक्ष महोदय : फिर भी उस वक्त कौन सा बजट under discussion था जिस की आप reference दे रहे हैं। (Even then which budget was under discussion to which the hon. Member is referring?)

वित्त मंत्री : मैं यह जानना चाहता हूं कि वह कौन सी स्पीच है ?

श्री बलराम दास टंडन : मैं बता दूंगा। I will tell you.

Minister for Finance : It is incorrect.

अध्यक्ष महोदय : मैं मैम्बर साहिब को बताना चाहूंगा कि अगर वह किसी चीज़ को अपनी स्पीच के अन्दर refer करते हैं और उसे अगर challenge किया जाता है तो ज़रूरी है कि वह इस को साबत करें। इसलिए आप को दिखाना होगा कि वह स्पीच कौन सी है? [I would like to tell the hon. Member that if during the course of his speech he refers to another speech and that speech is challenged, then it becomes necessary to substantiate his point. He will, therefore, have to produce that speech.]

श्री बलराम दास टंडन : इस वक्त तो मेरे पास नहीं; फिर किसी वक्त दिखा दूंगा।

वित्त मंत्री : That is entirely incorrect. यह बिल्कुल ग़लत है।

अध्यक्ष महोदय : तो अगर कोई चीज़, जो बे-बुनियाद हो और उसे challenge भी किया जा रहा हो तो मैं चाहूंगा कि आप.......... [If there is anything which is baseless and is being challenged, then I would like the hon. Member that....]

श्री बलराम दास टंडन : इस वक्त तो मेरे पास नहीं लेकिन मैं दिखा सकता हूं।

अगली बात जो मैं House और Finance Minister साहिब की नज़रों के सामने रखना चाहता हूं वह यह है कि Opposition के बैंचों की तरफ़ से तो इन नए टैक्सों की भरमार के खिलाफ़ आवाज़ उठाई ही गई, लेकिन उस तरफ़ जो Treasury Benches पर सदस्य बैठे हुए हैं उन में से भी हर व्यक्ति ने इन का कठोर विरोध किया है। इन बातों के बावजूद भी अगर Finance Minister साहिब इस बिल के ज़रिये लोगों पर, पंजाब की पहिले से ही टैक्सों तले कुचली जा रही आम जनता पर, नए टैक्सों की भरमार करने पर तुले हुए हैं, उन पर दबाव डालकर भी इन को लागू करने की कोशिश करते हैं तो यह समझ लेना चाहिए कि इस से बड़ा democracy का और कोई मज़ाक नहीं हो सकता। कहने के लिए तो democracy ठीक है और जहां तक इसकी definition है वह भी खूब है लेकिन आजकल के

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

हालात में ' Government by the people' में 'by' का अर्थ not 'by' but 'buy' लिया जाता है। इसी तरह 'Government for the people' में it is not 'for' but 'far'. And similarly in the term 'Government of the people' में लफ़्ज़ 'of' को they do not take in the sense of 'of' but 'off'. तो आप अन्दाज़ा लगाएं कि आज यहां पर democracy किन अर्थों में चल रही है। आज हाऊस के अन्दर सभी सदस्यों ने एक आवाज़ से इन taxes की मुखालिफत की है। एक भी सदस्य ऐसा नहीं जिसने यह विचार प्रकट किया हो कि ये टैक्स ठीक हैं, या जायज़ हैं। लेकिन बावजूद इसके अगर Finance Minister साहिब उसी बात पर खड़े रह कर किसी न किसी तरीके से अपनी इन taxation की proposals को impose करना चाहते हों तो मैं समझता हूं कि इस से बड़ा मज़ाक democracy के साथ और कोई नहीं हो सकता।

दूसरी बात General Administration की है। जेनरल एडमिनिस्ट्रेशन जो आज पंजाब के अन्दर चल रही है अगर उसको एक निगाह से देखा जाए तो ऐसा मालूम होता है कि इस तरह की अजीब हालत आज से पहले पंजाब में देखने को नहीं मिली थी कि जहां पर चीफ़ मिनिस्टर या जो दूसरे मिनिस्टर हैं उन के कहने के मुताबिक अगर कोई अफसर काम नहीं करता तो उसे telegraphically तबदील कर दिया गया हो। ऐसी एक नहीं कई मिसालें हैं। जो कुछ सुनने में आता है और लोगों की ज़बान पर जो जो बातें चढ़ी हुई हैं, वह तो यहां तक जाती हैं कि जो पंजाब के बड़े २ अफसरान हैं और जो उन के इशारों पर नाचने को तैयार नहीं, उन्हें इतना तंग किया जा रहा है कि वह पंजाब में रहने की बजाय Centre में चले जाना ज़्यादा पसन्द करते हैं। आज General Administration के अन्दर इस तरह की हालत को देखकर हैरानी होती है कि यह सरकार किस ओर जा रही है। जिस पर हकूमत की किश्ती के नाखुदा खुश हों, वे अगर ऐसी कोई बात करें तो जायज़ बन जाती है लेकिन जिन सरकारी अफसरों पर हकूमत के अलमबरदार, नेता या उच्च व्यक्ति नाराज़ हो जाएं तो देखकर हैरानी होती है कि उन्हें with a single stroke of pen suspend कर दिया जाता है। ऐसे cases मौजूद हैं कि जहां लोगों को retirement से एक दिन पहले suspend कर दिया गया। कितनी अजीब बात है! आज पंजाब की administration निहायत बिगाड़ दी गई है, एक टूटी हुई गाड़ी की तरह यह चल रही है और अगर यही हालत बनी रही तो इस के बहुत अजीब नतीजे देखने में आएंगे। यह वही बात होगी—जैसे एक क्लर्क था। वह हर रोज़ late आता था। एक दिन मालिक ने पूछा कि तुम रोज़ late क्यों आते हो? वक्त पर क्यों नहीं आते? इस के जवाब में जब उसने घड़ी निकालकर दिखा दी और कहा कि मैं तो ठीक वक्त पर आता हूं तो मालिक ने कहा कि either you will have to change your watch or I will have to change you. इसी तरीके से अगर पंजाब के हालात ऐसे ही चलते रहे तो जनता को मजबूर होकर एक दिन कहना पड़ेगा General

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री बलराम दास टंडन]

Administration के मुतअल्लिक कि either the mentality of the ministers should be changed or the people will have to change it themselves. इन हालात के अन्दर ....

अध्यक्ष महोदय : Discussion जो है वह Appropriation Bill पर हो रही है । अकसर देखा गया है कि आप rules of debate को follow नहीं करते । जो demands पहले discuss हो चुकी हों उन पर बहस दोबारा नहीं शुरू की जाती । लोक सभा में भी यही practice चली आ रही है कि जिन demands पर पहले बहस नहीं हुई हो उन को ही Appropriation Bill की discussion के दौरान take up किया जाता है। मैं समझता हूं कि अगर आप फिर General Administration या उन दूसरी बातों को ले लेंगे जो पहले ही काफी विस्तार के साथ discuss हो चुकी हैं तो दूसरी demands भी untouched जाती रहेंगी और आप को भी कोई फ़ायदा नहीं होगा । अगर आप चाहें तो मैं Parliament की proceedings में से इस बात के लिए extracts quote कर सकता हूं ।

(Today, the Appropriation Bill is under discussion. Generally it has been observed that the hon. Members do not follow the rules of procedure. The demands already discussed are not brought under discussion again. Even in the Lok Sabha this very practice is in vogue that only those demands, which have not been discussed previously, are taken up during the discussion on the Appropriation Bill. I feel that if the hon. Member again initiates a debate on the General Administration or other subjects, already discussed at great length, then the other demands will remain untouched and he will also not stand to gain anything. For this purpose, if he wants I can quote extracts from the proceedings of the Parliament.)

श्री बलराम दास टंडन : नहीं जनाब, अगर आप का हुक्म नहीं तो मुझे इसमें आगे जाने की क्या ज़रूरत है ? बहरहाल मैं दूसरे मामलात को लेता हूं ।

इसके अलावा Finance Minister साहिब ने अपनी speech के दौरान फरमाया था कि administration पर खर्च को कम करने के लिए वह कमेटी बनाएंगे । इस सम्बन्ध में मैं ऐसा अनुभव करता हूं कि आज हालात ऐसे हैं जिन्हें देखकर कभी भी यह अनुमान नहीं लगाया जा सकता कि गवर्नमैंट खर्च को कम करने जा रही है। हालात इसके बिल्कुल उलट हैं । आज जो हुकूमत के मालिक हैं उन के दिलों के अन्दर केवल यही विचार ज़ोर मार रहे हैं कि किसी भी तरीके से अपने आदमियों को, अपने 'जी हजूरियों' को और अपने आस-पास के जो लोग हैं, जो उनकी हां में हां मिलाते हैं, उन्हें services में लिया जाए । Services are created for particular persons and not that the people are wanted for services. आज हालत यह है कि किसी post के लिए लोग नहीं चाहिए बल्कि हो यह रहा है कि सरकार किन आदमियों को post मुहैया करना चाहती है और उसी के मुताबिक, उन की

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जरूरतों के मुताबिक जो कानून बने हुए हैं उन को mould किया जाता है ताकि सारा कार्य अपनी इच्छा से करवाया जा सके। मैं एक मिसाल Finance Minister साहिब के notice में लाना चाहता हूं ताकि आप सोचें, विचार करें कि वास्तव में क्या हो रहा है, किस तरीके से इस administration पर खर्च बढ़ाया जा रहा है। अमृतसर में एक Sub-Registrar काम करते थे। वह 245 रुपये मासिक पाते थे। वह B.Sc., LL.B. हैं और पांच सात साल का तजरुबा भी है। लेकिन एक ही stroke of pen से उन्हें हटा दिया गया है। और जब Chief Minister साहिब से दरखास्त करते हैं तो कहा जाता है कि यह एक political post है। (घंटी)।

अध्यक्ष महोदय : आप ने तो पहले ही काफी वक्त ले लिया है। [The hon. Member has already taken sufficient time.]

श्री बलराम दास टंडन : पंडित जी को तो इतना समय दिया गया.......

वित्त मंत्री : आप की मर्जी से दिया गया था।

श्री बलराम दास टण्डन : यह बात नहीं। आप खुद जानना चाहते थे कि आप की administration में क्या क्या खामियां हैं। इसलिए आप की जितनी तारीफ़ की जाए थोड़ी है।

तो मैं बता रहा था कि 245 रुपये माहवार एक आदमी लेता है जिसे कोई T. A. वगैरह भी नहीं मिलता। वह whole-time काम करता है। वह B.Sc., LL.B. है लेकिन उसको हटा दिया गया है। और उस की जगह चार आदमी लगाए गए हैं जिन में से एक ने, सुना गया है, लुधियाना में 16,000 की जगह भी ले ली है। उन में से हर एक को 416 रुपये माहवार पर रखा गया है। और उन की qualifications क्या हैं? एक मैट्रिक पास है, दूसरा मैट्रिक फेल और दो चौथी पास हैं। तो मेरे कहने का मतलब यह है कि जिस को हटाया गया था उस के मुकाबला में यह क्या qualifications हैं। इस तरह से 20,000 रुपया सिर्फ अमृतसर के अन्दर ज्यादा खर्च करना पड़ा। इसी तरह बाकी सूबा के हालात को देखा जाये तो यही मालूम होता है कि दरअसल हुकूमत यह चाहती है कि खर्च कम न हो और इस तरह से खर्च बढ़ा कर posts निकाल कर जो इन के जी हजूरिये होते हैं या जो इन की हां में हां मिलाने वाले होते हैं और जो इन के yes men होते हैं उन्हें इन posts पर लगा कर रोटी मुहैया की जाए। इस तरह से, अध्यक्ष महोदय, यह हुकूमत चल रही है। इस लिए इस तरह से बने हुए बजट के इस Appropriation Bill का, जो इस वक्त हाऊस के सामने रखा गया है, कड़ा विरोध करना चाहिये ताकि इस सारे कार्य को जिस तरह से यह सरकार चला रही है, समाप्त किया जा सके।

ਸਰਦਾਰ ਦਰਬਾਰਾ ਸਿੰਘ (ਨੂਰਮਹਿਲ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਬਜਟ ਪਾਸ ਹੋਣ ਦੇ ਬਾਅਦ ਅਜ ਇਸ ਦੇ Appropriation Bill ਤੇ ਅਸੀਂ ਵਿਚਾਰ ਕਰ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਤੇ ਵਿਚਾਰ ਕਰਨ ਵੇਲੇ ਕਈ ਸੱਜਣਾਂ ਨੇ ਇਸ ਦੀ ਇਸ ਢੰਗ ਨਾਲ ਵਿਰੋਧਤਾ ਕੀਤੀ ਹੈ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਦਰਬਾਰਾ ਸਿੰਘ]
ਅਤੇ ਇਹ ਸਾਬਤ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਸਾਰੇ ਦਾ ਸਾਰਾ ਬਜਟ ਨਾਕਾਬਲੇ ਬਰਦਾਸ਼ਤ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਏ ਗਏ ਹਨ ਉਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹਨ। ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਫਾਈਨੈਂਸ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਜਿਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਇਸ ਬਜਟ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਹ ਵੀ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪਹਿਲੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣ ਦਾ saturation point ਆ ਚੁਕਿਆ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਹੋਰ tax ਨਹੀਂ ਲਗਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਵਿਚ ਗਲਤ ਬਿਆਨੀ ਕੀਤੀ ਹੈ।

ਦੂਜੀ ਗੱਲ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ saturation point ਆ ਗਿਆ ਹੈ—ਜੇਕਰ ਇਹ ਗੱਲ ਮੰਨ ਵੀ ਲਈ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤੇ discussion ਦੇ ਵਿਚ ਇਹ ਤਾਂ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਗਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਪਰ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਸਣ ਦੀ ਕੋਸ਼ਸ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਕਿ ਕਿਹੜੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਏ ਜਾ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਬਗੈਰ ਟੈਕਸਾਂ ਦੇ ਕੋਈ ਸਰਕਾਰ ਚਲਦੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਮੈਨੂੰ ਕਿਸੇ ਮੁਲਕ ਦਾ ਜਾਂ ਥਾਂ ਦਾ ਹਵਾਲਾ ਦੇ ਕੇ ਦਸ ਦੇਣ। ਟੈਕਸ ਹਰ ਥਾਂ ਤੇ, ਹਰ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਅਤੇ ਹਰ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤਰਫ਼ੋਂ ਲਗਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਕਈ ਮੁਲਕਾਂ ਵਿਚ ਪੈਦਾਵਾਰ ਦਾ 25 ਫੀਸਦੀ ਹਿੱਸਾ ਲੈ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ 100 ਰੁਪਏ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਹੋਵੇ ਤਾਂ 25 ਰੁਪਏ ਟੈਕਸ ਦੀ ਸ਼ਕਲ ਵਿਚ ਲੈ ਲਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕੀ ਇਹ ਖੁਸ਼ੀ ਨਾਲ ਦਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਹ ਸਮਝਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ interest ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ। ਇਹ ਗੱਲ ਦੂਜੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਲਤਾੜੇ ਹੋਏ ਹਨ ਅਤੇ ਜਿਹੜੇ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਲਗਾਏ ਜਾਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਅਤੇ ਕੇਵਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਹੀ ਇਹ ਲਗਾਏ ਜਾਣ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਇਹ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਇਸੇ ਹੀ ਅਸੂਲ ਤੇ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿਉਂ ਜੋ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੇ socialistic pattern of society ਕਾਇਮ ਕਰਨ ਦਾ ਨਿਸ਼ਚਾ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਇਹ ਟੈਕਸ ਇਸ ਚੀਜ਼ ਨੂੰ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖ ਕੇ ਲਗਾਏ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ।

ਫੇਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, agriculture ਅਤੇ industries ਬਾਰੇ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੈਂ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਤਨੀ ਦੇਰ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ agriculture ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰਦੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਤਕ ਉਥੇ industry ਵੀ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੀ। ਜਿੱਥੋਂ ਤਕ agriculture ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਇਥੇ raw material ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਵਧ ਗਈ ਹੈ ਜਿਸ ਕਰਕੇ industry ਵਿਚ ਵੀ ਵਾਧਾ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਇਥੇ Opposition ਦੇ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਇਥੇ agriculture ਨੇ ਕੋਈ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਅਤੇ ਇਸ ਕਰਕੇ ਅਨਾਜ ਸਾਨੂੰ ਬਾਹਰੋਂ ਮੰਗਵਾਉਣਾ ਪਿਆ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ ਕਿਉਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਇਸ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਆਦਾਦੋ ਸ਼ੁਮਾਰ ਨਹੀਂ ਸਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਠੀਕ position ਦਾ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਅਸਲ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ position ਹੈ ਉਸ ਤੇ ਇਹ ਸੂਬਾ ਨਾਜ਼ ਕਰ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਪੰਜਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ agriculture ਨੇ ਬੜੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਥੇ ਅਨਾਜ ਦੀ ਪੈਦਾਵਾਰ ਇਤਨੀ ਵਧ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਜਿੱਥੇ ਇਹ ਅਨਾਜ ਵਿਚ ਤ੍ਰੋੜੇ ਦਾ ਸੂਬਾ ਗਿਣਿਆ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਉਥੇ ਇਹ ਹੁਣ ਨਾ ਸਿਰਫ ਆਪਣੀ ਜ਼ਰੂਰਤ ਹੀ ਪੂਰੀ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ ਬਲਕਿ ਇਹ ਦੂਜੇ ਸੂਬਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਅਨਾਜ ਭੇਜ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਥੇ ਪੈਦਾਵਾਰ ਬੜੀ ਵਧੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਦੀ ਪਰਸ਼ੰਸਾ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਫੇਰ ਜਿਥੇ ਇਸ ਸੂਬੇ ਨੇ ਅਨਾਜ ਵਿਚ ਵਾਧਾ ਕੀਤਾ ਹੈ ਉਥੇ ਇਸ ਦੀ industry ਨੇ ਵੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਚਲਾ ਰਹੀ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਸੈਂਟਰ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਚਲਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸੈਂਟਰ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਨੰਗਲ ਵਿਚ ਇਕ ਖਾਦ ਦੀ ਬੜੀ ਫੈਕਟਰੀ ਲਗਾ ਰਹੀ ਹੈ ਜਾਂ ਉਹ ਦੂਜਿਆਂ ਸੂਬਿਆਂ ਵਿਚ industry ਨੂੰ ਵਧਾ ਰਹੀ ਹੈ। ਉਸ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਤਰੱਕੀ ਹੀ ਕਰਨੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਨੇ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨੀ ਹੈ। ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਤੇਜ਼ੀ ਨਾਲ ਬਿਜਲੀ ਕਸਬਿਆਂ ਅਤੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਲੈ ਜਾਣ ਜਿਸ ਨਾਲ ਵਧੇਰੇ industry ਚਲ ਸਕੇ, agriculture ਦੀ produce ਦੀ ਵਧੇਰੇ ਖਪਤ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ industrial production ਵਿਚ ਵੀ ਵਾਧਾ ਹੋ ਸਕੇ ਜਿਸ ਨਾਲ inflation ਰੁਕ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਮਤਲਬ ਲਈ ਸਰਕਾਰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ co-operative ਢੰਗ ਨਾਲ ਛੋਟੀਆਂ ਛੋਟੀਆਂ ਸਨਅਤਾਂ ਕਾਇਮ ਕਰਨ ਤੇ ਪੈਸਾ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਖਾਦੀ ਬੋਰਡ ਇਸ ਕੰਮ ਲਈ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਸੂਤ ਦੇ ਕੱਤਣ ਵਾਲਿਆਂ ਕਾਤੀਆਂ ਨੂੰ ਅਤੇ ਕਪੜੇ ਦੇ ਬੁਣਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ subsidies ਦੇ ਕੇ ਖਾਦੀ ਦੀ production ਵਧਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ unemployed ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ employment ਦੇ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਇਸ ਮਤਲਬ ਲਈ subsidies Centre ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਅਤੇ ਇਸ ਸੂਬੇ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਦੋਨਾਂ ਵਲੋਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ employment ਦੇਣ ਤੇ ਖਰਚ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਐਡਰੈਸ ਤੇ motion of thanks ਤੇ ਬੋਲਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਦਸਿਆ ਸੀ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ unbalanced economy ਨਹੀਂ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਕਿ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਨੁਕਸਾਨ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੋਵੇ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ generalization ਕਰਨੀ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਦੀ unbalanced economy ਹੈ, ਇਥੇ corruption ਬਹੁਤ ਹੈ ਅਤੇ ਸੂਬੇ ਦੀ administration ਫੇਲ ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ, ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਤਾਂ ਬਹੁਤ ਆਸਾਨ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਪਰ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਕਹਿਣ ਵਾਲੇ ਮੈਂਬਰ ਇਹ ਨਹੀਂ ਸੋਚਦੇ ਕਿ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ inefficient ਹੋਣ ਕਰ ਕੇ ਮਨਿਸਟਰੀ ਵਿਚੋਂ ਬਾਹਰ ਜਾਣਾ ਪਿਆ ਸੀ ਤਾਂ ਕੀ ਉਸ ਵੇਲੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਠੀਕ ਸਨ। ਜਿਹੜਾ ਆਦਮੀ ਆਪਣੇ ਤਜਰਬੇ ਵਿਚ ਫੇਲ ਹੋ ਚੁਕਾ ਹੋਵੇ ਉਸ ਲਈ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰਨੀਆਂ ਠੀਕ ਨਹੀਂ। ਐਵੇਂ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਦੇ ਜਾਣਾ ਅਤੇ ਉਸ ਚੀਜ਼ ਦੀ ਦਰੁਸਤੀ ਲਈ ਕੋਈ ਰਾਹ ਨਾ ਦਸਣਾ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਕ ਮੁਸੱਵਰ ਦੀ ਬਣੀ ਹੋਈ ਤਸਵੀਰ ਨੂੰ ਦੇਖ ਕੇ ਕਹਿ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ਕਿ ਇਹ ਖਰਾਬ ਹੈ ਪਰ ਇਹ ਨਾ ਦਸਿਆ ਜਾਵੇ ਕਿ ਇਸ ਵਿਚ ਕੀ ਖਰਾਬੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੂਰ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਕਹੀ ਜਾਣਾ ਕਿ corruption ਬੜੀ ਵਧ ਗਈ ਹੈ ਪਰ ਉਸ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਨ ਦਾ ਕੋਈ ਰਾਹ ਨਾ ਦਸਣਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਇਥੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ administration ਨੂੰ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਦਰਬਾਰਾ ਸਿੰਘ]

ਇਸ ਢੰਗ ਨਾਲ mould ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਕਈ ਅਫਸਰਾਂ ਦੇ ਨਾਓਂ ਲੈ ਲੈ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਦੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਦਾ ਨਾਓਂ ਲੈ ਲੈ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ demoralize ਕਰਨ ਦੇ ਸਿਵਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹੋਰ ਕੋਈ ਮਤਲਬ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ vilification ਅਤੇ harassment ਦਾ ਕਰਨਾ ਵੀ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ corruption ਹੈ । ਉਹ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਫ਼ਸਰਾਂ ਨੂੰ harass ਕਰ ਕੇ demoralize ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਤੇ ਦਬਾ ਪਾਇਆ ਜਾਵੇ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਸਭ ਤੋਂ ਭੈੜੀ ਕਿਸਮ ਦੀ corruption ਹੈ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਦੇ ਜਾਣਾ ਤੇ ਕੋਈ ਲੋਕ ਭਲਾਈ ਦਾ ਕੰਮ ਨਾ ਕਰਨਾ ਠੀਕ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ । ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਆਨਰੇਬਲ ਮੈਂਬਰਾਂ ਕੋਲੋਂ ਪੁਛਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਥੇ ਜਿਹੜਾ community projects ਦਾ ਜਾਲ ਵਿਛਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉੱਚਾ ਚੁਕਿਆ ਜਾਣਾ ਹੈ ਕੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਆਪਣੇ ਹਲਕਿਆਂ ਵਿਚ ਜਿਥੇ ਜਿਥੇ community project ਸਕੀਮਾਂ ਅਤੇ National Extension ਸਕੀਮਾਂ ਚਾਲੂ ਹਨ, ਕੋਈ ਉਪਰਾਲਾ ਕੀਤਾ ਹੈ, ਕੋਈ ਮਦਦ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਦਿੱਤੀ ਹੈ ? ਇਨ੍ਹਾਂ community projects ਦਾ ਮਤਲਬ ਤਾਂ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਸਾਰੀ community ਮਿਲ ਕੇ ਕੰਮ ਕਰੇ, ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਉੱਤੇ ਚੁਕਣ ਲਈ enthuse ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਲੋਕੀ ਆਪਣੀ ਇੱਛਿਆ ਨਾਲ ਮਿਲ ਕੇ ਆਪਣੀ ਹਰ ਜ਼ਰੂਰਤ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕਰਨ । ਕੀ ਇਹ ਸੱਜਨ ਆਪਣੇ ਆਪਣੇ ਹਲਕਿਆਂ ਵਿਚ community projects ਅਤੇ National Extension Blocks ਵਿਚ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ help ਕਰਦੇ ਹਨ ਜਾਂ ਆਪ ਚੁਪ ਕਰਕੇ ਬੈਠੇ ਹਨ ? ਇਹ ਆਪਣੇ ਹਲਕਿਆਂ ਵਿਚ community projects ਅਤੇ national extension schemes ਵਿਚ ਹੋ ਰਹੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਕਤਈ ਕੋਈ ਮਦਦ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੇ ਅਤੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਕੰਮ ਕਰਨ ਲਈ enthuse ਨਹੀਂ ਕਰ ਰਹੇ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਧੇਰੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ।

ਫੇਰ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਕਈ ਭਰਾਵਾਂ ਨੇ language ਦੇ ਮਸਲੇ ਬਾਰੇ ਕਿਹਾ ਹੈ ਅਤੇ ਪਟਿਆਲੇ ਵਿਚ ਹੋਈ ਪੰਜਾਬੀ conference ਦਾ ਵੀ ਜ਼ਿਕਰ ਕੀਤਾ ਹੈ । ਮੈਨੂੰ ਬੜਾ ਅਫ਼ਸੋਸ ਹੈ ਕਿ ਬੜੀ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਨਾਲ ਇਥੇ ਐਸਾ ਵਾਯੂਮੰਡਲ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚ ਸਾਰੇ ਮਿਲ ਕੇ ਕੰਮ ਕਰ ਸਕਣ । ਭਾਵੇਂ ਟੀਚਰ ਹੋਵੇ ਯਾਂ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਸੰਸਥਾ ਦਾ ਮੋਢੀ, ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਭੀ ਹੱਕ ਨਹੀਂ ਕਿ ਸੂਬੇ ਦੇ ਅਮਨ ਤੇ ਸਟ ਮਾਰੇ ਤੇ ਐਸੀਆਂ ਗੱਲਾਂ ਕਰੇ ਜਿਸ ਨਾਲ sister community ਨੂੰ ਦੁਖ ਪਹੁੰਚੇ ਤੇ ਦੂਸਰੀ ਬਾਰੇ ਬੇਪਰਤੀਤੀ ਪੈਦਾ ਹੋਵੇ । ਸਾਡੇ ਚੀਫ਼ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਅਤੇ ਦੂਜੇ ਲੀਡਰ ਇਸ ਮਸਲੇ ਨੂੰ ਕਨਾਰੇ ਲਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਜੋ ਇਸ border State ਵਿਚ ਬੜਾ peaceful atmosphere ਹੋਵੇ ਅਤੇ ਲੋਕੀ ਆਪੋ ਵਿਚ ਮਿਲ ਕੇ ਕੰਮ ਕਰ ਸਕਣ । ਇਸ ਸਮੇਂ ਕੋਈ ਵੀ provocative ਗਲ ਭਾਵੇਂ ਕਿਸੇ ਵਲੋਂ ਹੋਵੇ, ਨਾਵਾਜਿਬ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਦਾ ਕੋਈ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ਹੈ। (ਤਾੜੀਆਂ) ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ inopportune ਗਲ ਬੁਰੀ ਹੈ। ਸਾਡਾ border ਦਾ ਸੂਬਾ ਹੈ ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਰ provocative speeches, ਭਾਵੇਂ ਸੰਮਤੀ ਵਲੋਂ ਹੋਣ ਜਾਂ ਕਿਸੇ ਹੋਰ on ਵਲੋਂ ਹੋਣ, ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਉਹ section ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਨੂੰ ਅਤੇ stagnate ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਗ਼ਲਤ ਗੱਲ ਹੈ ਅਤੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ੀ ਹਵਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨ ਦਾ ਵਿਰੋਧ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ; ਇਕ ਅਜਿਹਾ ਵਾਯੂਮੰਡਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਜਿਸ ਵਿਚ ਉਸ ਹਵਾ ਤੇ ਆਸਾਨੀ ਨਾਲ control ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕੇ ਜੋ ਮੂਬੇ ਵਿਚ ਪੈਦਾ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਅਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਸੂਬੇ ਦੀ development, ਆਪਣੇ ਪਣੇ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਇਕੱਠਾ ਕਰ ਸਕੀਏ ਵਰਨਾ ਸਾਡੀਆਂ development ਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਧਰੀਆਂ ਦੀਆਂ ਧਰੀਆਂ ਰਹਿ ਜਾਣਗੀਆਂ। ਜੇਕਰ ਅਸੀਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ, ifferent sections ਨੂੰ, ਇਕ ਜਗਾਹ ਇਕੱਠੇ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਤਾਂ ਬਜਟ ਭਾਵੇਂ ਿਨਾ ਹੀ ਚੰਗਾ ਕਿਉਂ ਨਾ ਹੋਵੇ, taxes ਭਾਵੇਂ ਛੱਡ ਵੀ ਕਿਉਂ ਨਾ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣ, ਅਸੀਂ ਕਸੇ ਚੰਗੇ ਕੰਮ ਵਿਚ ਕਾਮਯਾਬ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਾਂਗੇ।

श्री जगत नारायण चोपड़ा : On a point of order, Sir. स्पीकर साहिब, यह एक बड़ा अहम मामला है। अभी इस House में हमारे एक वज़ीर साहिब ने यहां कहा कि चण्डीगढ़ का जो वाक्या हुआ है, जिस में एक नौजवान की मौत हुई.......

अध्यक्ष महोदय : मेरे पास सब चीज़ आई है और मैं enquiry कर रहा हूं। (I have received the details and am making an enquiry.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : Press Note में बताया गया है........ (*interruption*) इन्होंने wrong information दी है।

अध्यक्ष महोदय : मेरे पास यह चौधरी इन्द्र सिंह जी की तरफ से आया है और मैं enquiry कर रहा हूं। (I have received this information from Chaudhri Inder Singh and am making an enquiry.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : आप ज़रा सुन लें..........

अध्यक्ष महोदय : क्या सुन लूं ? मेरे पास मुकम्मल चीज़ आई है और मैं आप को यकीन दिलाता हूं कि मैं enquiry कर रहा हूं। (What should I listen to? I have got the detailed information about this case and I assure you that I am making an enquiry into it.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : दूसरा सवाल है कि अगर कोई Minister गलत information दे तो उस को क्या सज़ा मिलनी चाहिए ?

अध्यक्ष महोदय : मैं इन्क्वायरी कर रहा हूं, गलत information का सवाल नहीं है। (I am making an enquiry; there is no question of wrong information.)

श्री रोशन लाल (नारायणगढ़, रिज़र्वड) : Mr. Speaker, आज जो Appropriation Bill पर बहस चल रही है मैं उस की ताईद के लिए खड़ा हुआ हूं। जहां तक किसी सूबा की तरक्की का दारोमदार है वह चार चीज़ों पर मुनहस्सर है ; सूबे की production, administration, अन्दरूनी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री रोशन लाल]

co-operation और वहां की technique पर। चुनांचि आज जब कि हमारी Second Five-Year Plan का डेढ़ साल का अरसा गुज़र चुका है और 3½ साल बाकी रह गए हैं और जिसमें हम ने ज़्यादा पैदावार और unemployment को दूर करने के targets पेश किए हैं, तो हमारे सामने सवाल पैदा होता है कि आया हम ने ऐसे ज़राए तलाश किए जिन से हमारी पैदावार में इज़ाफा हो या जिन से हम इस इलाके की बढ़ती हुई बेरोज़गारी को दूर कर सकें। चूंकि यह सवाल पैदा होता है इस लिए यह एक ज़रूरी अमर है कि हम उन ज़रायों को तलाश करें जो हमारे सूबे में हैं और जिन को इस्तेमाल में ला कर हम अपने सूबे के deficit बजट को पूरा कर सकें, यहां की unemployment को दूर कर सकें और अपने सूबे की माली हालत को बेहतर बना सकें। मुझे इस सिलसिले में बताने का पहले कोई मौका नहीं मिला मगर हमारे सूबे में ऐसे बहुत सारे ज़राए मौजूद हैं। कई hon. Members ने बड़ी industry, medium industry और cottage industries का ज़िक्र किया लेकिन अगर ऐसे ज़रायों की तलाश की जाती तो बहुत मुमकिन था कि हमारा खसारे का बजट न होता। आज जो planning की और दूसरी schemes बनती हैं वह महज़ table planning और table schemes हैं। हम ने ज़राए तलाश नहीं किए कि हमारे पास कौन २ से ऐसे ज़राए हैं जिन से हम खसारा दूर कर सकें। इस सिलसिले में मैं नारायणगढ़, नालागढ़ और कण्डाघाट के पहाड़ी इलाकों का ज़िक्र करना मुनासिब समझता हूं। अगर इन इलाकों में पाई जाने वाली मादनीयात का हम Geological Department of Government of India से survey कराते तो आज बजट का खसारा यहां बहस का मौज़ू न बनता। जिस वक्त States Reorganization Bill पर बहस चल रही थी तो कुछ hon. Members ने कहा कि कण्डाघाट को पंजाब के साथ शामिल नहीं करना चाहिए, उसे अलग कर दिया जाए। चुनांचि हमें अपने एक बहुत बड़े leader, जो पंजाब के Chief Minister हैं, से मिलने का इत्तिफाक हुआ और सलाह मशवरा करने पर उन्होंने कहा कि आप पंजाब से मिलिए हम आप का साथ देंगे। मगर पिछले साल जो पैप्सू गवर्नमैंट का बजट था उस में इस पसमांदा इलाके के लिए कोई provision न रखा गया और जब हम ने पंजाब का बजट उठा कर देखा तो भी इन पसमांदा इलाकों—नारायणगढ़, नालागढ़ और कण्डाघाट sub-division में medical, education या दूसरे development के कामों के लिए कोई provision न पाया। अगर इस इलाके की मादनीयात या raw material को देखें तो आप को पता चलेगा कि यह कितना कीमती इलाका है। स्पाटू के नज़दीक, East India Company ने चांदी की कानें दरियाफत की थीं जहां कि कानें और भट्टियां वगैरह अब भी मौजूद हैं। मगर चूंकि science ने उस वक्त इतनी तरक्की नहीं की थी, उस कम्पनी के पास अच्छे औज़ार नहीं थे जिस से वह कामयाब हो जाती, मगर फिर भी चांदी वहां से निकाली

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

गई । अगर आज उस इलाके का survey किया जाए तो चांदी वहां से निकाली जा सकती है । फिर China clay भी पाई जाती है । इस से जगह २ pottery industries का काम चल सकता है । मगर अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज तक इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया । इस लिए इन इलाकों का survey किया जाए और देखा जाए कि कौन २ सी मादनीयात वहां से State के फायदे के लिए निकाली जा सकती हैं ताकि unemployment दूर हो । तीन चार साल हुए Government of India ने कुछ experts वहां भेजे जिन्होंने climate के लिहाज़ से बहुत से इलाके तजवीज़ किए जहां रेशम के कीड़े पालने की industry अच्छी तरह से चल सकती थी । चुनांचि mulberry plants लगाने के लिए जगहें खरीदी गई, कुछ plantation भी की गई मगर पता नहीं किस वक्त और किस कारण से वह industry वहां से उठा ली गई और इस की कोई वजह नहीं दी गई । अगर mulberry bushes इस इलाके में लगाए जाएं, या लोगों को लगाने के लिए दिए जाएं तो 30 ऐसी bushes से एक मन रेशम पैदा हो जाएगा । अगर इस तरफ तवज्जुह दी जाती तो बेकारी दूर होती और industry में भी इज़ाफा होता लेकिन इस तरफ तवज्जुह नहीं दी गई । ऐसी चीज़ें वहां पर मौजूद हैं जिन से industry कायम की जा सकती है और बेकारी दूर हो सकती है ।

अब आप fruit orchards को लें । हिमाचल, कण्डाघाट, नालागढ़ से वहां मलहका जितना भी पहाड़ी इलाका है वहां पर बड़े बड़े fruit orchards मौजूद हैं । इन में से तकरीबन 80 लाख रुपया सालाना के fruit export किए जाते हैं । हिमाचल के साथ ही चायल और कण्डाघाट की पहाड़ियां हैं, वहां की आबो-हवा मुआफिक़ है । यहां पर महाराजा साहिब पटियाला ने डोची डैम बनाने की स्कीम तैयार की थी और उन का ख्याल था कि अगर यह स्कीम implement की जाए तो जो लोग Switzerland का नाम लेते हैं वह उसे भूल जाएं । वह इस इलाके को ही Switzerland मान लेते । लोग काश्मीर को भूल जाते । इस इलाके में every sort of fruits such as, peaches, plums and other fruits होते हैं । अगर इस इलाके में छोटे २ डैम बना दिये जाएं, तो यह इलाका ज़रखेज़ होकर और अधिक fruits पैदा कर सकता है और लोग खुशहाल हो सकते हैं । यहां से लाखों नहीं करोड़ो रुपए का आलू और fruits बाहर भेजा जाता है । इसे तरक्की दी जाए ताकि fruit production में इज़ाफा हो । यह तभी हो सकता है अगर इस डैम को बनाया जाए और irrigation के सिलसिले में पूरी facilities दी जाएं ।

जहां तक आलू की production का ताल्लुक है मैं, स्पीकर साहिब, यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि $1\frac{1}{2}$ करोड़ रुपया का आलू और ginger बाहर जाता है । Ginger Pepsu के इलाके से बाहर जाता है और लाखों रुपया का व्यापार किया जाता है । अदरक इस इलाके में 14 या 15 रुपए मन के हिसाब से

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਪੂਰੇ ਕਰੇ । ਇਹ ਗੱਲ ਠੀਕ ਹੈ, ਜਾਇਜ਼ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਖ਼ਰਚ ਨੇ ਉਹ ਕਿਸੇ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਦੇ ਲਈ ਨਹੀਂ । ਮੁਲਕ ਦੀ ਤਾਮੀਰ ਔਰ ਕੌਮ ਦੀ ਭਲਾਈ ਦੇ ਲਈ ਖਰਚ ਹੋਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਨੇ । ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿਸੇ ਫਜ਼ੂਲ ਖਰਚੀ ਲਈ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ । ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਰਾਜ ਭਵਨ, Secretariat ਔਰ ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ cooling plant ਜੋ Secretariat ਵਿੱਚ ਲੱਗਣਾ ਹੈ ਅਤੇ Assembly Hall, ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨਹੀਂ । ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਉਸ ਵੇਲੇ ਹੁੰਦੀਆਂ ਨੇ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਕਿਸੇ ਵੀ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀਆਂ 6 ਇਨਸਾਨੀ ਜ਼ਰੂਰੀ ਲੋੜਾਂ ਨੇ ਪਹਿਲਾਂ ਉਹ ਪੂਰੀਆਂ ਹੋ ਜਾਣ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਰੋਟੀ, ਕਪੜਾ, ਰਹਿਣ ਲਈ ਥਾਂ, ਬੀਮਾਰੀ ਸਮੇਂ ਮੁਫਤ ਇਲਾਜ, ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਤਾਲੀਮ ਅਤੇ ਬੁਢਾਪੇ ਵੇਲੇ ਸੁਖ, ਇਹ ਚੀਜ਼ਾਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਨੇ। ਲੇਕਿਨ ਏਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨੂੰ ਪਹਿਲ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਜਿਹੜੀਆਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹਿਲ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਗਈ museum ਵਗੈਰਾ ਨੂੰ ਪਹਿਲ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਜਿਹੜੀਆਂ ਸਾਡੀਆਂ ਜ਼ਰੂਰੀ ਚੀਜ਼ਾਂ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹਿਲ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ ਗਈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਖੀਰ ਦਾ ਨੰਬਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚੋਂ ਰੁਪਿਆ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਇਹ ਰੁਪਿਆ ਬਚਾਉਣ ਦੀ ਸਾਡੇ Finance Minister ਔਰ ਸਾਡੀ Ministry ਨੇ ਖੇਚਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ, ਹਾਲਾਂਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਵਿਚੋਂ ਬਹੁਤ ਆਸਾਨੀ ਦੇ ਨਾਲ ਰੁਪਿਆ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਰਾਜੇ ਮਹਾਰਾਜਿਆਂ ਦੇ ਟੱਬਰਾਂ ਨੂੰ ਜਿਹੜਾ 8,82,600 ਰੁਪਿਆ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਹ ਬੰਦ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ, ਬੜੀ ਆਸਾਨੀ ਦੇ ਨਾਲ ਔਰ ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਮੁਲਕ ਦੀ ਤਾਮੀਰ ਹੋ ਸਕਦੀ ਸੀ ਔਰ ਮੁਲਕ ਦੀ ਭਲਾਈ ਦੇ ਕੰਮਾਂ ਵਿਚ ਏਸ ਨੂੰ ਲਗਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਜਿਹੜੀਆਂ ਪੁਰਾਣੀਆਂ ਮੁਆਫ਼ੀਆਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਨੇ, ਪੈਨਸ਼ਨਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾ ਰਹੀਆਂ ਨੇ, ਇਹ 18,000 ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਸ ਰੁਪਏ ਨੂੰ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ ਔਰ ਤਾਮੀਰ ਦੇ ਕੰਮਾਂ ਤੇ ਵਰਤਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਗੀਰਾਂ ਹਨ, ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿਸੇ ਸਮੇਂ ਵਿਚ ਦੇਸ਼ ਵਿਰੁਧ ਗੱਦਾਰੀ ਕਰਨ ਤੇ ਮਿਲੀਆਂ ਸਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ 27 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਬਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ । ਲੇਕਿਨ ਏਸ ਪਹਿਲੂ ਵਲ Finance Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ । ਗਰੀਬਾਂ ਦੇ ਉਤੇ ਟੈਕਸਾਂ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਖ਼ੂਨ ਨਚੋੜਨ ਲਈ ਸਭ ਕੁਝ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਜਦੋਂ ਦਾ Upper House ਬਣਿਆ ਹੈ ਉਸ ਦਿਨ ਤੋਂ ਉਸਦੀ ਮੁਖਾਲਫਿਤ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਈ ਹੋਈ ਹੈ । ਲੇਕਿਨ ਅਜੇ ਤਕ ਸਾਡੀ ਹਕੂਮਤ ਇਸ ਨੂੰ ਖ਼ਤਮ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੀ । Upper House ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਸਿਰ white elephant ਮੜ੍ਹਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਉਸਦੇ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਏ ਬਚਾਏ ਜਾ ਸਕਦੇ ਸਨ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਔਰ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਲਈ ਬਚਾਏ ਜਾ ਸਕਦੇ ਸਨ ।

ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਸਨਅਤਾਂ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਸਨਅਤਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਵੀ ਕੋਈ ਖਾਸ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ । Small scale Industry ਯਾ ਕੋਈ ਦਰਮਿਆਨੇ ਦਰਜੇ ਦੀ ਜੋ ਸਨਅਤ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਵਲ ਜ਼ਰੂਰ ਧਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਹੈ । ਇਸ ਵਿਚ ਵੀ ਮਾਲੀ ਇਮਦਾਦ ਕਰਨੀ ਹੈ । ਹੋਰ ਇਸ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕੁਝ ਨਹੀਂ । ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਵੱਡੀ industry ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਉਸ ਉਪਰ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ । ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਅਖਬਾਰੀ ਕਾਗਜ਼ ਦਾ ਬਹੁਤ ਖਰਚ ਹੈ । ਹਕੂਮਤ ਨੂੰ ਕਈ ਦਫ਼ਾ ਇਹ ਤਜਵੀਜ਼ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਵੀਰਬਲ district ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਪੰਡਤ ਰਾਮ ਕਿਸ਼ਨ ਭੜੋਲੀਆਂ]

ਵਿਚ ਇਕ ਕਾਰਖਾਨਾ ਖੋਲ੍ਹਿਆ ਜਾਏ । ਉਸ ਉਤੇ 1 ਕਰੋੜ 81 ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਹੋਏਗਾ । ਉਸ ਦੇ ਅੰਦਰ ਸੂਬੇ ਦੀ ਕਾਗਜ਼ ਦੀ ਲੋੜ ਪੂਰੀ ਕਰਕੇ 18 ਫੀ ਸਦੀ ਬੱਚਤ ਵੀ ਨਿਕਲੇਗੀ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੀਮਾਂ ਵਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ । ਸਨਅਤ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਲਈ ਕਾਰਖਾਨੇ ਲਾਉਣ ਵੱਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ । ਸੀਮਿੰਟ factory ਦੇ ਲਈ ਇਹ ਗੱਲ ਕਹੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰੇਂਗੇ, ਲਗਾਏਂਗੇ । ਇਸ ਪਰ ਗੌਰ ਕਰੇਂਗੇ ਔਰ ਸੋਚੇਂਗੇ । ਇਕ ਇਹੋ ਜਿਹੀ ਗੱਲ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਕੋਈ ਮਿਆਦ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ । ਗੌਰ ਕਰੇਂਗੇ, ਸੋਚੇਂਗੇ, ਲਗਾਏਂਗੇ ; ਇਹ ਅਜਿਹੇ ਲਫ਼ਜ਼ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਕੋਈ ਮਿਆਦ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ । ਸਾਲ ਮਗਰੋਂ, 2 ਸਾਲ ਮਗਰੋਂ, 10 ਸਾਲ ਮਗਰੋਂ, ਇਸ ਦੀ ਕੋਈ definition ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਹਰ ਜਗ੍ਹਾ ਸੀਮਿੰਟ ਵਗੈਰਾ ਦੀ ਦਿੱਕਤ ਹੈ । ਕੋਈ definite ਤਜਵੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਆਈ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਆਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਸੀ । ਅਜੇ ਤਕ ਇਸ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਸਨਅਤੀ ਸੂਬਾ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜ਼ਰਈ ਸੂਬਾ ਰਹੇਗਾ । ਜ਼ਰਈ ਸੂਬੇ ਦੇ ਮਾਅਨੇ ਇਹ ਨੇ ਕਿ ਸਨਅਤੀ ਦੌਰ ਵਿਚ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ ਪਛੜਿਆ ਹੋਇਆ—backward ਰਹੇਗਾ, ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇਗਾ । ਜਿਹੜੇ ਤਰੱਕੀ ਪਸੰਦ ਮੁਲਕ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਨਿਸ਼ਾਨੀ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਥੇ education ਲਈ, ਲੋਕਾਂ ਦੇ welfare ਆਦਿ ਤੇ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਉਹ ਆਪਣੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਅੱਛੀ ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਨੇ । ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜੇ ਖਰਚ ਨੇ ਇਹ ਉਸ ਵੇਲੇ ਹੀ ਹੋ ਸਕਦੇ ਨੇ ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਕੋਈ ਮੁਲਕ ਤਰੱਕੀ ਕਰੇਗਾ । ਪਰ ਸਾਡੀ ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਨਅਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਅਸੀਂ ਕੋਈ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇ ਔਰ ਇਹ ਸੂਬਾ ਇਕਤਸਾਦੀ ਤੌਰ ਤੇ ਬਿਲਕੁਲ ਦੀਵਾਲੀਆ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਜਿਸ ਸੂਬੇ ਦੇ ਉਤੇ 2 ਅਰਬ 17 ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਕਰਜ਼ਾ ਹੋਵੇ, ਜਿਸ ਸੂਬੇ ਨੇ ਇਸ ਸਾਲ ਵਿਚ ਪੌਣੇ ਤਿੰਨ ਕਰੋੜ ਰੁਪਏ ਘਾਟੇ ਦਾ ਬਜਟ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੋਵੇ, ਭਾਵੇਂ ਉਸ ਵਿਚੋਂ 98 ਲੱਖ ਰੁਪਏ ਦੇ ਟੈਕਸ ਲਾ ਕੇ ਘਾਟਾ ਪੂਰਾ ਕਰਨ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਜਿਸ ਸੂਬੇ ਦੀ ਰਾਜਧਾਨੀ ਦੇ ਉਤੇ ਹੋਰ ਦੋ ਤਿੰਨ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ 24 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਆਉਣਾ ਹੋਵੇ, ਜਿਸ ਦੇ ਉਤੇ ਕਰੋੜਾਂ ਰੁਪਏ ਸੂਦ ਦੇਣਾ ਪਏਗਾ, ਜਿਹੜਾ ਅਸੀਂ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੇ, ਜਿਸ ਸੂਬੇ ਦੀ ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੋਵੇ ਮੈਂ ਤਾਂ ਇਹ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਸਾਡੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ . . . . (ਘੰਟੀ ਦੀ ਆਵਾਜ਼)

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਸਾਡੇ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਆਮ ਤੌਰ ਤੇ ਇਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਆਦਮੀ ਸ਼ਰਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਬਦਮਸਤ ਹੋ ਜਾਏ, ਜੂਆ ਖੇਲ੍ਹਣ ਲੱਗ ਜਾਏ, ਉਸ ਨੂੰ ਕੋਈ ਚੀਜ਼ ਨਹੀਂ ਦਿਸਦੀ । ਉਹ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਜੋ ਕੁਛ ਮਿਲੇ ਦਾਅ ਉਤੇ ਲਾ ਦਿਆਂ । ਅੱਜ ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਹਾਲਤ ਏਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹੋ ਗਈ ਹੈ । ਜਗ੍ਹਾ ਜਗ੍ਹਾ ਤੇ ਅਸੀਂ ਕਰਜ਼ਾਈ ਹੋ ਗਏ ਹਾਂ । ਕੋਈ ਤਰੱਕੀ ਦੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇ, ਕੋਈ ਸਨਅਤੀ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕੇ । ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਦੀ ਹਾਲਤ ਭੈੜੀ ਹੈ । ਇਸ ਨੂੰ ਬਚਾਉਣ ਲਈ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਠੋਸ ਤਜਵੀਜ਼ਾਂ ਆਪਣੇ ਸੂਬੇ ਨੂੰ ਸਨਅਤੀ ਸੂਬਾ ਬਣਾਉਣ ਲਈ ਕਰੀਏ ਤਾਂਕਿ ਸਾਡਾ ਸੂਬਾ ਅਗੇ ਤਰੱਕੀ ਕਰ ਸਕੇ ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੀਤ ਸਿੰਘ 'ਮੀਤ' (ਬਾਘਾ ਪੁਰਾਣਾ, ਜਨਰਲ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, Appropriation Bill ਆਇਆ ਹੈ । ਪਹਿਲਾਂ ਬਜਟ ਆਇਆ ਉਸ ਤੇ ਇਸ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

House ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਲੇਕਿਨ ਇਸ ਵਿਚ ਇਹ ਜ਼ਿਕਰ ਨਹੀਂ ਆ ਸਕਿਆ ਕਿ Regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਕਾਇਮ ਕੀਤੀਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸੈਕਰੀਟੇਰੀਏਟ ਕਾਇਮ ਕਰਨੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਖਰਚ ਕਿਥੋਂ ਕੀਤਾ ਜਾਏਗਾ, ਉਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਕੋਈ provision ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ । ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਕਿਉਂ ਢਿਲ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ । ਲੋੜ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਫਿਜ਼ਾ ਨੂੰ ਪੁਰਅਮਨ ਕਰਨ ਲਈ, ਹਿੰਦੂ ਅਤੇ ਸਿਖ ਭਰਾਵਾਂ ਦਾ ਸਮਝੌਤਾ ਕਰਾਉਣ ਲਈ, ਪ੍ਰੇਮ ਅਤੇ ਪਿਆਰ ਅੰਦਰ ਜਿਹੜੀ ਫਿਜ਼ਾ ਪੈਦਾ ਕਰਨੀ ਹੈ, ਉਸ ਦੇ ਲਈ ਲੋੜ ਸੀ ਕਿ ਜੋ ਸਮਝੌਤਾ ਦੋ ਵੀਰਾਂ ਵਿਚ ਹੋਇਆ ਉਸ ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਕੀਤਾ ਜਾਏ ਔਰ Regional ਕਮੇਟੀਆਂ ਬਣਾਈਆਂ ਜਾਣ ।

ਇਸ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਢਿੱਲ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਦਿਵਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਜਿਹੜੇ agitations ਉਠ ਰਹੇ ਹਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਖਿਆਲ ਨਾ ਕਰਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਜਿਸ ਸਮਝੌਤੇ ਦੀ ਬਿਨਾ ਉਪਰ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਬਣੀ ਹੈ, ਉਸ ਨੂੰ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਲਾਗੂ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਅਗੇ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅੱਜ ਕਲ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਦੋ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹਲ languages ਦੇ ਬਾਰੇ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ, ਇਕ ਪੈਪਸੂ ਦਾ ਪੁਰਾਣਾ ਫਾਰਮੂਲਾ ਅਤੇ ਦੂਸਰਾ ਪੰਜਾਬ ਦਾ ਪੁਰਾਣਾ ਫਾਰਮੂਲਾ । ਪੈਪਸੂ ਦੇ ਫਾਰਮੂਲੇ ਦੇ ਅਨੁਸਾਰ ਵਾਲਦੈਨ ਨੂੰ ਝੂਠ ਬੋਲਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ਸੀ ਦਿੱਤਾ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਬੱਚੇ ਦੀ ਮਾਤਰੀ ਬੋਲੀ ਜੇ ਪੰਜਾਬੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਹਿੰਦੀ ਕਹਿ ਦੇਣ ਅਤੇ ਜੇਕਰ ਹਿੰਦੀ ਉਸ ਦੀ ਮਾਤਰੀ ਭਾਸ਼ਾ ਹੈ ਤਾਂ ਵਾਲਦੈਨ ਉਸ ਦੀ ਬੋਲੀ ਪੰਜਾਬੀ ਲਿਖਾ ਦੇਣ । ਬੱਚੇ ਦੀ ਆਪਣੀ ਬੋਲੀ ਤੋਂ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਕਿ ਉਸ ਦੀ ਮਾਤਰੀ ਭਾਸ਼ਾ ਕਿਹੜੀ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਨੂੰ ਕਿਸ ਭਾਸ਼ਾ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮ ਦਿੱਤੀ ਜਾਣੀ ਹੈ । ਉਹ ਬੜਾ ਸਹੀ ਤਰੀਕਾ ਸੀ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਉਹੋ ਫਾਰਮੂਲਾ ਲਾਗੂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

5 p. m.

ਨਾਲ ਹੀ ਮੈਂ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਐਥੇ ਜਿਹੜਾ ਸਦਭਾਵਨਾ ਮਿਸ਼ਨ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ Regional Formula ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਲਈ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਹ ਫਿਰਕਾਦਾਰੀ ਦਾ ਜ਼ਹਿਰ ਫੈਲਾਇਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਉਤੇ ਦੂਸਰੇ ਪਾਸੇ ਪੰਜਾਬੀ ਦਾ agitation ਵੀ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਣ ਵਾਲਾ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਚੀਜ਼ਾਂ ਨਾਲ ਪੰਜਾਬ ਦੀਆਂ ਭਾਸ਼ਾਵਾਂ ਦਾ ਹੱਲ ਨਹੀਂ ਹੋਣ ਲਗਾ । ਇਸ ਫਿਰਕਾਦਾਰੀ ਦੇ ਜ਼ਹਿਰ ਨੂੰ ਰੋਕਣ ਲਈ Regional Committees ਨੂੰ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਚਾਲੂ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਇਸ ਬਾਰੇ ਪਬਲਿਕ ਵਿਚ ਜਿਹੜਾ bias ਹੈ ਉਹ ਖਤਮ ਹੋ ਜਾਵੇ । ਮੇਰੇ ਇਕ ਵੀਰ ਨੇ ਇਹ ਕਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬੀ ਬੋਲੀ ਦੀ ਲਿਪੀ ਗੁਰਮੁਖੀ ਦੀ ਬਜਾਏ ਕੁਝ ਹੋਰ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਫੈਸਲਾ ਮੇਰੇ ਵੀਰ ਨੇ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਸਗੋਂ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਫੈਸਲਾ languages ਦੇ expert ਨੇ ਕਰਨਾ ਹੈ ਕਿ ਪੰਜਾਬੀ ਦੀ ਲਿਖਾਈ ਪੜ੍ਹਾਈ ਕਰਨ ਲਈ ਕਿਹੜੀ ਲਿਪੀ ਠੀਕ ਬੈਠਦੀ ਹੈ । ਇਹ ਫੈਸਲਾ ਤੇ ਹੋ ਚੁਕਿਆ ਹੈ । Linguistic Survey of India ਦੀ meeting ਹੋਈ ਤਾਂ Grierson ਨੇ ਵੀ ਅਤੇ ਉਸ ਦੇ ਬਾਅਦ ਰਵੀ ਸ਼ੰਕਰ ਸ਼ੁਕਲਾ ਨੇ ਵੀ All-India basis ਤੇ language policy frame ਕੀਤੀ ਅਤੇ ਪੰਜਾਬੀ ਬੋਲੀ ਲਈ ਗੁਰਮੁਖੀ ਲਿਪੀ ਨੂੰ ਹੀ ਠੀਕ ਸਮਝਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੀਤ ਸਿੰਘ 'ਮੀਤ']

ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਭਰਾਵਾਂ ਵਲੋਂ ਜਿਹੜਾ agitation ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ Regional Formula ਦੇ ਬੁਨਿਆਦੀ ਸਮਝੌਤੇ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਹੈ ਕਿ ਇਕ region ਵਿਚ ਹਰ ਡਿਸਟ੍ਰਿਕਟ ਵਿਚ ਦੋਵੇਂ ਜ਼ਬਾਨਾਂ ਹੋਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਮੁਸ਼ਕਲ ਦਾ ਹੱਲ Regional Formula ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਲਭਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਠੀਕ ਹੈ। ਇਹ agitation ਜਿਹੜਾ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਹ Regional Formula ਦੀ ਮੁਖਾਲਫਤ ਕਰਨ ਲਈ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਕ ਤਜਵੀਜ਼ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਣੀ ਹੈ। ਉਸ ਨਾਲ ਨਾ ਹਰਿਆਣੇ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਇਤਰਾਜ਼ ਰਹੇਗਾ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਹੋਰ ਪਛੜਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਰਹੇਗਾ। ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਆਉਣ ਵਾਲੇ ਪੰਜਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ Development ਉਪਰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ 3 ਕਰੋੜ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਉਸ ਵਿਚੋਂ ਕੇਵਲ 14 ਲਖ ਰੁਪਿਆ ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਲਈ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਹਰਿਆਣੇ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਅੱਡ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੈ ਅਤੇ ਦੂਸਰਿਆਂ ਨੂੰ ਅੱਡ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੈ। ਇਸ ਸਬੰਧ ਵਿਚ ਮੈਂ ਇਕ ਤਜਵੀਜ਼ ਅਗੇ ਵੀ ਦਿੱਤੀ ਸੀ ਕਿ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਸਕੂਲ, ਹਸਪਤਾਲ ਅਤੇ ਤਰੱਕੀ ਦੀਆਂ ਦੂਸਰੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਚਾਲੂ ਕਰਨ ਲਈ ਸਾਰੇ ਪ੍ਰਾਂਤ ਵਿਚ A. B. C. D. categories ਬਣਾ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਅਗੇ ਕਾਫੀ development ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ A. B. category ਵਿਚ ਰਖਿਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਜਿਥੇ ਅਜੇ development ਹੋਣੀ ਬਾਕੀ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ C. ਅਤੇ D. category ਵਿਚ ਰਖਿਆ ਜਾਵੇ। A. ਅਤੇ B. categories ਵਿਚ, ਜਿਥੇ ਪਹਿਲੇ development ਹੋਈ ਹੈ, ਉਥੇ ਨਵੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਬੰਦ ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ ਅਤੇ ਕੇਵਲ C. ਅਤੇ D. categories ਨੂੰ ਹੀ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਬਾਅਦ ਵਿਚ ਜਦੋਂ C. ਅਤੇ D. categories ਵਾਲੇ ਉਸ level ਉਪਰ ਪਹੁੰਚ ਜਾਣ ਤਾਂ ਫਿਰ A. ਅਤੇ B. categories ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ। ਇਸ ਪਰਕਾਰ ਸਾਰਿਆਂ ਜ਼ਿਲਿਆਂ ਨਾਲ ਇਨਸਾਫ ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਕਿਸੇ ਭਰਾ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਨਹੀਂ ਰਹੇਗਾ।

ਅਗਲੀ ਗਲ ਮੈਂ Irrigation ਦੇ ਬਾਰੇ ਕਰਨੀ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ 2, 3 ਡੈਮ ਜਿਹੜੇ ਬਣਾਏ ਗਏ ਸਨ ਉਹ ਫੇਲ ਹੋ ਚੁੱਕੇ ਹਨ। ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਇਕ ਅਜਿਹਾ Commission ਬਣਾਉਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ failure ਦੇ ਕਾਰਨਾਂ ਨੂੰ ਲੱਭੇ ਕਿ ਕਿਉਂ ਉਹ ਡੈਮ ਫੇਲ ਹੋ ਗਏ। ਨਾਲੇ ਜਿਹੜਾ ਖਰਚ ਅਗੇ ਨੂੰ ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਉਹ ਸੋਚ ਸਮਝ ਕੇ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

ਅਗੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਰੁਪਿਆ ਕਾਲਜਾਂ ਲਈ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਉਸ ਰੁਪਏ ਦੀ ਵੰਡ ਇਨਸਾਫ ਦੀ basis ਉਪਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਗਈ। ਸਾਡੇ D. P. I. ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਡੇਢ ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਪੰਜਾਬ ਦਿਆਂ ਕਾਲਜਾਂ ਲਈ ਰਖਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਉਸ ਵਿਚੋਂ ਕੇਵਲ ਇਕ ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਮੁਕਤਸਰ ਕਾਲਿਜ ਲਈ ਰਖਿਆ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਧਨਵਾਦ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਸਾਨੂੰ ਯਾਦ ਤਾਂ ਰਖਿਆ ਹੈ। ਸਾਰੀ ਉਮਰ ਦੀ ਨਸ਼ਾਨੀ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਹੈ। ਪਰ ਰੁਪਿਆ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਨਾਲ ਵੰਡਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ। ਹੋਸਟਲ ਵਿਚ ਸਿਰਫ 18 ਲੜਕਿਆਂ ਲਈ ਜਗ੍ਹਾ ਹੈ। ਉਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਉਤੇ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਗੁਰਦਾਸਪੁਰ ਦੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਵਜ਼ੀਰ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਹੋ ਗਏ ਨੇ ਅਤੇ ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਉਥੇ ਕਾਲਜ ਦੀ ਬਿਲਡਿੰਗ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਤਰੱਕੀ ਦੀਆਂ ਦੂਸਰੀਆਂ ਸਕੀਮਾਂ ਵੀ ਚਾਲੂ ਹਨ। ਮੁਕਤਸਰ ਵਾਲਾ ਕਾਲਿਜ 1953 ਦਾ ਬਣਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ, ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਡੇਢ ਲੱਖ ਰੁਪਿਆ ਵੀ ਦਿੱਤਾ ਸੀ ਪਰ ਉਥੇ ਅਜ ਤਕ building ਵੀ ਨਹੀਂ ਬਣੀ। ਇਸਦੇ ਇਲਾਵਾ ਜਿਹੜਾ staff ਉਥੇ ਪੜ੍ਹਾਉਣ ਵਾਸਤੇ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਹ ਜਾਂ ਤੇ ਛਿਆਂ ਮਹੀਨਿਆਂ ਨੂੰ retire ਹੋਣ ਵਾਲਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਜਾਂ ਬਿਲਕੁਲ ਨਵਾਂ training ਲੈਣ ਵਾਲਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ staff ਦੀ ਵੰਡ ਵੀ ਇਨਸਾਫ ਨਾਲ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਹੁਣ ਮੈਂ teachers ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਬਾਰੇ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਹੈ। ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਮਾਸਟਰ ਗੁਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਨੇ ਭੁਖ ਹੜਤਾਲ ਵੀ ਕੀਤੀ ਸੀ ਕਿ Local Bodies ਦੇ institutions ਦੇ ਉਸਤਾਦਾਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਵਧਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਮੇਰੀ ਅਰਜ਼ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਬਾਰੇ ਜਿਹੜਾ ਰੁਪਿਆ allot ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ ਉਹ ਜਲਦੀ ਤੋਂ ਜਲਦੀ ਖਰਚ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮਾਸਟਰਾਂ ਨੂੰ 23, 24 ਤਾਰੀਖ਼ ਨੂੰ ਤਨਖਾਹਾਂ ਮਿਲਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਸ ਸਾਰੀ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕੀਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਇਸ ਦੇ ਅਗੇ ਮੈਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਦੀ ਜਨਤਾ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਹਿੰਦੂ ਹੋਣ, ਭਾਵੇਂ ਸਿਖ ਹੋਣ ਅਤੇ ਭਾਵੇਂ ਉਹ ਹਰੀਜਨ ਹੋਣ, ਸ਼ਹਿਰੀ ਭਰਾਵਾਂ ਨਾਲ ਉਹ compete ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ—ਨਾ ਸਕੂਲਾਂ ਅਤੇ ਕਾਲਜਾਂ ਦੇ ਦਾਖਲਿਆਂ ਵਿਚ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਨੌਕਰੀਆਂ ਦੀ recruitment ਵਿਚ। ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਦੀ ਆਬਾਦੀ 13% ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ 20% ਹੱਕ ਦੇ ਦਿਉ। ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਮੁੰਡੇ ਸਿਰਫ Third Division ਵਿਚ ਹੀ ਪਾਸ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਉਹ ਸ਼ਹਿਰੀ ਮੁੰਡਿਆਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਜਿਹੜੇ ਕਿ First ਅਤੇ Second Division ਵਿਚ ਪਾਸ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਦਿਆਂ ਲੋਕਾਂ ਲਈ ਸਕੂਲਾਂ ਅਤੇ ਕਾਲਜਾਂ ਵਿਚ ਨਾਲੇ ਨੌਕਰੀਆਂ ਵਿਚ ਵੀ 80% seats reserve ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਆਪਣੀ ਸਪੀਚ ਖਤਮ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

ਸਰਦਾਰ ਹਰਗੁਰਨਾਦ ਸਿੰਘ (ਨਵਾਂ ਸ਼ਹਿਰ, ਜਨਰਲ) : ਪਰਧਾਨ ਜੀ, ਮੈਂ hon. Members ਦੀਆਂ ਤਕਰੀਰਾਂ ਸੁਣੀਆਂ ਹਨ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਸਜਣਾਂ ਨੇ ਇਸ Appropriation ਬਿਲ ਉਪਰ ਬਹੁਤ ਨੁਕਤਾ ਚੀਨੀ ਕੀਤੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿਚ ਇਕ ਕਹਾਵਤ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਦਾ ਬਨੀਆ ਮਿਤੱਰ ਹੋਵੇ ਉਸ ਨੂੰ ਦੁਸ਼ਮਣ ਦੀ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਰਹਿੰਦੀ। ਜੇਕਰ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਕੋਈ ਬਨੀਆ ਮੌਜੂਦ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਮਾਫ਼ ਕਰੇ ਕਿਉਂਕਿ ਜੋ ਮੈਂ ਇਹ ਕੇਵਲ ਇਕ ਕਹਾਵਤ ਹੀ ਦੱਸੀ ਹੈ। (*Interruptions*).

Mr. Speaker : Order, order.

ਸਰਦਾਰ ਹਰਗੁਰਨਾਦ ਸਿੰਘ : ਮੇਰਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਪੰਡਤ ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਸ਼ਰਮੇ ਵਰਗੇ ਦੋਸਤ ਮੌਜੂਦ ਹੋਣ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Opposition ਦੇ ਬੈਂਚਾਂ ਦੀ ਖਾਸ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਰਹਿੰਦੀ। (ਹਾਸਾ) ਗੌਰਮੈਂਟ ਜਨਤਾ ਦੇ ਭਲੇ ਲਈ ਕੰਮ ਕਰਦੀ ਹੈ। (*Interruptions*).

Mr. Speaker : No interruptions, please.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਸਰਦਾਰ ਹਰਗੁਰਨਾਦ ਸਿੰਘ : ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਕਾਫ਼ੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਕਾਫ਼ੀ ਵਾਧਾ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਨਟ ਵਾਲੀ ਗਲ ਹੈ। ਨਟ ਬਹੁਤ ਉੱਚਾ ਚੜ੍ਹ ਕੇ ਅਤੇ ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਖਤਰੇ ਵਿਚ ਪਾ ਕੇ ਬਾਜ਼ੀਆਂ ਲਗਾਉਂਦਾ ਹੈ ਪਰ ਉਸ ਦਾ ਸਾਥੀ ਜਿਹੜਾ ਹੇਠਾਂ ਖਲੋਤਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਇਕੋ ਰਟ ਲਾਈ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਨਹੀਂ ਮਨੰਦਾ ਹੋਰ ਉੱਚੀ ਬਾਜ਼ੀ ਲਾ। ਜਨਤਾ ਮੰਗ ਕਰਦੀ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਹੋਰ ਕੰਮ ਕਰੇ। ਠੀਕ ਹੈ ਜਨਤਾ ਦੀ ਮੰਗ ਬਿਲਕੁਲ ਜਾਇਜ਼ ਹੈ, ਪਰ ਜਿਹੜੀ ਨੁਕਤਾ ਚੀਨੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਉਹ ਕਿਸੇ ਤਾਮੀਰੀ ਨੁਕਤਾ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ। ਬਲਕਿ ਤਖਰੀਬੀ ਨੁਕਤਾ ਨਿਗਾਹ ਨਾਲ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਨੁਕਤਾ ਚੀਨ ਸਜਣਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਉਹ ਬੈਠ ਕੇ ਠੰਡੇ ਦਿਲ ਨਾਲ ਸੋਚਣਗੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਲਗੇਗਾ ਕਿ ਕੋਈ ਤਾਮੀਰੀ ਕੰਮ ਕਰਨਾ ਦੁਨੀਆਂ ਵਿਚ ਕਿੰਨਾ ਮੁਸ਼ਕਿਲ ਹੈ। ਜਿਸ ਰਫਤਾਰ ਨਾਲ ਅਸੀਂ ਅਸੈਂਬਲੀ ਵਿਚ ਬੈਠ ਕੇ ਰੁਪਿਆ ਪਾਸ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਾਂ ਉਸ ਤੋਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦੀ ਰਫ਼ਤਾਰ ਬਹੁਤ ਤੇਜ਼ ਹੈ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਕੁਝ ਕਮੀਆਂ ਹਨ। ਕੰਮ ਕਰਨ ਵਾਲਿਆਂ ਵਿਚ ਕੁਝ ਨਾ ਕੁਝ ਕਮੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ। ਉਹ ਕਮੀਆਂ ਇਸ ਕਰਕੇ ਨਹੀਂ ਹਨ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਨੀਅਤ ਵਿਚ ਫਰਕ ਹੈ, ਬਲਕਿ ਇਸ ਕਰਕੇ ਹਨ ਕਿ ਕੰਮ ਬਹੁਤ ਵੱਡਾ ਹੈ। ਵਡੇ ਕੰਮਾਂ ਵਿਚ ਕੋਈ ਨਾ ਕੋਈ ਕਮੀ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਕ ਚੀਜ਼ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਕਿਹਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਟੈਕਸ ਬਹੁਤ ਲਗਾਏ ਗਏ ਹਨ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਰੁਪਏ ਬਿਨਾ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਚਲਦਾ ਅਤੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣੇ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹਨ। ਪਰ ਸਾਡੇ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਟੈਕਸ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਲਗਾਏ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਨਹੀਂ ਲਗਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਸਨ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਲਗਾਉਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਸਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਨਹੀਂ ਲਗਾਏ। ਅਜ ਕਲ ਸਾਡੇ ਦੇਸ਼ ਦਾ ਵਾਯੂ ਮੰਡਲ ਅਜਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕ ਸਾਰੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੇ ਦਵਾਲੇ ਹਥ ਧੋ ਕੇ ਪਏ ਹੋਏ ਹਨ। ਜਿਹੜੇ ਬਿਲ ਮੁਜ਼ਾਰੇ ਸਬੰਧੀ ਬਣਦੇ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਭਲੇ ਲਈ ਨਹੀਂ ਬਣੇ ਬਲਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਤੇ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦੇ ਦੁਖ ਵਧੇ ਹਨ। ਨਤੀਜਾ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦੇ ਮਨ ਵਿਚ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਬੇ-ਇਤਮਾਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦੇ ਮਨ ਵਿਚ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਵਲੋਂ। ਜਿਹੜੇ ਕਾਨੂੰਨ ਇਸ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਪਾਸ ਹੋਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਨਾਂ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਦਾ ਭਲਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਦਾ। ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਡਰਦੇ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ, ਉਸ ਦੇ ਫਲ ਰੂਪ ਮੁਜ਼ਾਰਿਆ ਨੂੰ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਦੇ ਬਿਨਾ ਹੀ ਰਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ। ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੇ Municipal Tax ਵੀ ਵਸੂਲ ਕੀਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਬੜੇ ਗ਼ੈਰ ਵਾਜਬ ਹਨ ਕਿਉਂ ਜੋ ਜੋ ਲੋਕ ਟੈਕਸ ਦਿੰਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਫ਼ਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਪਹੁੰਚਦਾ, ਸਗੋਂ ਜਿਹੜੇ ਲੋਕ ਟੈਕਸ ਨਹੀਂ ਦਿੰਦੇ ਉਸ ਟੈਕਸ ਦਾ ਫ਼ਾਇਦਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਹੁੰਚਦਾ ਹੈ। ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਲਾਲਾ ਜਗਤ ਨਾਰਾਇਣ ਦੇ ਘਰ ਅਗੇ ਜੋ ਬਿਜਲੀ ਦੀ ਬੱਤੀ ਜਗਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦਾ ਖਰਚ ਪਿੰਡ ਦੇ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਨੂੰ ਦੇਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ।

ਜੋ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਵਿਚ ਸਫਾਈ ਕਰਨ ਲਈ ਬਾਲਮੀਕੀਆਂ ਨੂੰ ਤਨਖਾਹ ਦਿੱਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸੇ ਟੈਕਸ ਵਿਚੋਂ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਲੋਕ ਦੇਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਬੇਇਨਸਾਫੀ ਹੈ ਕਿ Municipalities ਵਲੋਂ ਬਾਹਰ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਉਤੇ tax ਲਗਾਏ ਹੋਏ ਹਨ। ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਸਿਰਫ ਇਕ ਹੀ ਕਾਰਪੋਰੇਸ਼ਨ ਹੈ—ਬੰਬਈ ਦੀ ਕਾਰਪੋਰੇਸ਼ਨ ਜਿਹੜੀ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਕਿ ਉਥੋਂ ਦੇ ਵਸਨੀਕਾਂ ਕੋਲੋਂ ਟੈਕਸ ਵਸੂਲਦੀ ਹੈ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਹੀ ਖਰਚਾ ਕਰਦੀ ਹੈ। ਪਰ ਜਿਹੜੀ ਬਾਕੀ ਦੀਆਂ municipalities ਹਨ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਅਤੇ ਸਾਰੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਵਿਚ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ 90 % ਰੁਪਿਆ ਬਾਹਰ ਦੇ ਲੋਕ ਦੇਂਦੇ ਹਨ ਤੇ ਸਿਰਫ਼ ਦਸ ਫ਼ੀਸਦੀ ਹੀ ਸ਼ਹਿਰੀ ਲੋਕ ਪਾਉਂਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਭਲੇ ਲਈ ਇਹ ਸਾਰਾ ਰੁਪਿਆ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਬੜੀ ਭਾਰੀ ਬੇਜ਼ਾਬਤਗੀ ਤੇ ਅਨਿਆਏ ਹੈ।

ਇਸ ਤੋਂ ਛਟ ਕੁਝ ਟੈਕਸਾਂ ਬਾਰੇ ਇਹ ਅਵਾਜ਼ ਉਠਾਈ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਟੈਕਸ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਕਲਾਸ ਉਤੇ ਲਗਾਏ ਗਏ ਹਨ। ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਕਲਾਸ ਉਤੇ ਬਹੁਤ ਭਾਰੀ ਟੈਕਸ ਲਗੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਮਾਮਲਾ ਜਿਹੜਾ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਉਤੇ ਲਗਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਉਹ ਸਰਕਾਰ ਬੰਦੋਬਸਤ ਕਰਨ ਵੇਲੇ ਹੀ ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਕਰ ਲੈਂਦੀ ਹੈ। ਪਰ ਹੁਣ ਇਹ ਮਾਮਲਾ ਹੀ ਨਹੀਂ, ਕਈ ਹੋਰ ਕਿਸਮ ਦੇ ਟੈਕਸ - ਸਰਚਾਰਜ ਬੇਟਰਮੈਂਟ ਫੀਸ, ਲੋਕਲ ਰੇਟ ਆਦਿ ਲਗਾਏ ਤੇ ਵਧਾਏ ਗਏ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਦੇਣੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ। ਹੁਣ ਵੀ ਜਿਹੜੇ ਟੈਕਸ ਲਗਾਏ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਬੜੀਆਂ ਖਰਾਬੀਆਂ ਹਨ। ਸੇਲਜ਼ ਟੈਕਸ ਜਿਹੜਾ ਲਗਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਇਸ ਦੀ ਸਾਰੀ ਆਮਦਨ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਘਰ ਨਹੀਂ ਪੁਜਦੀ—ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਹੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਗ਼ਬਨ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਹੁਣ ਜਿਹੜਾ ਨਵਾਂ ਬਿਲ ਲਿਆਂਦਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਸ ਵਿਚ ਇਸ ਦੀ ਵਸੂਲੀ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਜਣਾਂ ਦੇ ਹੱਥ ਵਿਚ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਹੜੇ ਅਗੇ ਹੀ sales tax ਪੂਰਾ ਨਹੀਂ ਦੇਂਦੇ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਉਤੇ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਵਿਚਾਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਫਾਈਨੈਂਸ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਇਹ ਵਿਚਾਰ ਪ੍ਰਗਟ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਜਿਹੜੀ ਫਸਲ ਮੰਡੀਆਂ ਵਿਚ ਲਿਆਉਂਦੇ ਹਨ, ਉਹ surplus ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਦਸਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ surplus ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਬਲਕਿ ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਜਿਹੜੀ ਫਸਲ ਮੰਡੀ ਵਿਚ ਲਿਆਉਂਦਾ ਹੈ, ਉਸ ਨਾਲ ਉਹ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦੀਆਂ ਬਾਕੀ ਜ਼ਰੂਰਤਾਂ ਨੂੰ ਖ਼ਰੀਦਦਾ ਹੈ। ਉਸੇ ਵਿਚੋਂ ਉਹ ਮਾਮਲਾ ਵੀ ਦੇਂਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀ ਫੀਸ ਵੀ। ਇਸ ਲਈ ਉਹ surplus ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ। [ਘੰਟੀ]

ਬਸ, ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਕ ਅਰਜ਼ ਵਿਦਿਆ ਦੇ ਮੁਤਅੱਲਕ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਬੈਠ ਜਾਵਾਂਗਾ। ਉਹ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਦੇ ਬਜਟ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਨੇ 6,00,000 ਰੁਪਿਆ private colleges ਨੂੰ ਗਰਾਂਟਾਂ ਦੇਣ ਲਈ ਰਖਿਆ ਸੀ। ਇਸ ਵਾਰੀ ਉਸ ਨੂੰ ਘਟਾ ਦਿੱਤਾ ਹੈ। ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਇਹ ਵੀ ਸ਼ਰਤ ਲਗਾਈ ਗਈ ਸੀ ਕਿ private ਕਾਲਜਾਂ ਦੇ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰਾਂ ਦੇ ਗਰੇਡ ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜਾਂ ਦੇ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰਾਂ ਬਰਾਬਰ ਯਾਨੀ 180—10—320/ 16—400 ਕਰ ਦਿੱਤੇ ਜਾਣ। ਪਰ ਹੁਣ ਜਿਹੜਾ ਇਸ ਗਰਾਂਟ ਦੀ ਰਕਮ ਵਿਚ cut ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ, ਉਸ ਨਾਲ ਇਹ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕੇਗਾ ਕਿ ਪ੍ਰਾਈਵੇਟ ਕਾਲਜ ਆਪਣੇ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰਾਂ ਦੇ grade ਸਰਕਾਰੀ ਕਾਲਜਾਂ ਦੇ ਪ੍ਰੋਫੈਸਰਾਂ ਦੇ level ਤੇ ਲਿਆ ਸਕਣ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵੀ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਆਪ ਜੀ ਦਾ ਸ਼ੁਕਰੀਆ ਅਦਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ Appropriation Bill ਦੀ ਹਿਮਾਇਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

कंवरानी जगदीश कौर (जैतो) : ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕਾ ਖ਼ਾਲਸਾ, ਸ੍ਰੀ ਵਾਹਿਗੁਰੂ ਜੀ ਕੀ ਫਤਹਿ।

"ਕਉਣ ਜਾਣੈ ਪੀਰ ਪਰਾਈ ਹਮਨਾਹੀ ਚਿੰਤ ਪਰਾਈ"

स्पीकर साहिब, जो पराई पीड़ को नहीं समझता, वह उन की चिन्ता क्या समझ सकता है ? मैं आप के सामने लोगों की कठिनाइयों और मजबूरियों का ज़िक्र करने वाली हूं। मेरे जैतो के इलाके में एक गांव चन्दभान है। बदकिस्मती से उस गांव में जो हरिजनों के घर थे वह floods affected area में पिछले साल आ गए थे, जिस की वजह से उन का बहुत ही नुकसान हुआ। बड़ी मुसीबत में थे वे लोग। लेकिन उन की मुसीबत का यहां अन्त न हुआ। उस के बाद जो 33 घर बाकी बचे थे— जो floods का शिकार न हो सके, वे आग में जल गए और बेचारी एक लड़की भी मर गई— उसकी मृत्यु होनी बड़ी दुखदायक बन गई। अब जो गवर्नमेंट के अफसरान हैं; उन के दिलों में भी पीड़ित लोगों के लिए कितनी हमदर्दी है, उसका भी वृत्तान्त सुनिए। वे लोग बेचारे मुसीबत के मारे, उन के पास पहुंचते हैं और विनय करते हैं कि हमारी मदद करो। लेकिन जवाब मिलता है कि जहां रहते हो वहीं बसे रहो यानी जो flood affected area है वहीं पड़े रहो। मतलब मेरे कहने का यह है कि पहले तो वहां floods आए लोग उसमें तबाह हुए। फिर भी उन्होंने हिम्मत न हारी। जो बचे सो बचे, जहां घर थे वे वहीं टिके रहे। फिर एक और कहर उन पर पड़ा। उनके मकानों में आग लग गई वे घर से बेघर हो गए। तो मैं पूछना चाहती हूं कि क्या आप की यह गवर्नमेंट यह चाहती है कि जो लोग बाकी बचे हैं वे वहां ही मर-खप जाएं ? कितना शानदार है इस गवर्नमेंट का काम और ग़रीबों के प्रति इसका रवैया !!

स्पीकर साहिब, Treasury Benches वाले आनरेबल मैम्बरान ने यह फरमाया है कि Opposition वाले तो सिर्फ नुक्ताचीनी ही करते हैं— कोई खास constructive बातें नहीं कहते। यह बात बिल्कुल ग़लत है। हम यहां पर लोगों के दुःखों को और जनता की तकलीफ़ों को आपके सामने रखते हैं। हम जनता की आवाज को, उन की सही आवाज़ को यहां प्रकट करते हैं और जब भी मौका मिलेगा जनता के दुःख आप को सुनाएंगे। आप की गवर्नमेंट कुछ करे या न करे—दुःख दूर तो करना उनको चाहिए क्योंकि जब हकूमत की बागडोर उन्होंने अपने हाथ में ले ली है तो उन का यह फर्ज़ हो जाता है कि जनता को सुखदायी बनाने के लिए उसकी आवाज़ को सुने और जो कष्ट या तकलीफ़ें उनकी हों उन्हें दूर करने की कोशिश करें। लेकिन अगर आप के रामराज का यही नमूना जारी रहा जोकि इस वक्त देखने में आ रहा है तो जैसा कि मैंने अपनी एक पहली speech में कहा था, जिस जनता ने बरतानिया सरकार के राज्य की जड़ों को यहां से हिला दिया उसे इस सरकार का तख़्त पलट देने में भी ज़रा देर नहीं लगेगी।

(Cheers from the Opposition)

मैं आप को बताना चाहती हूं कि इस सूबे में कैसा उपद्रव मचाया जा रहा है। आप की सरकार में एक मिनिस्टर साहिब हैं और इन Treasury Benches पर बैठे हुए मैम्बर, जिनका मैं नाम नहीं लेना चाहती क्योंकि मैं जानती हूं कि आप एतराज़ करेंगे...

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : हां, हां. नाम न लें तो अच्छा ही होगा । (Yes, it will be better if he is not referred to by name.)

कंवरानी जगदीश कौर : मैं कोटकपूरा के कलगीधर गुरुद्वारा में दर्शन करके आ रही थी तो मुझे पता लगा कि यहां के एक मिनिस्टर साहिब के भतीज जवाई जो कि नए नए ऐम. ऐल ए. सजे हैं; उन्होंने गरीबों की जान पर क्या उधम मचा रखा है........

अध्यक्ष महोदय : क्या उन का नाम भी इस Appropriation Bill में आता है ? (Does his name also find a place in this Appropriation Bill ?)

कंवरानी जगदीश कौर : मैं आप को यह बताना चाहती हूं कि ये लोग क्या करते हैं—कहते क्या हैं करते क्या हैं । एक बेचारा हरिजन व्यक्ति रोता हुआ मेरे पास आया कि मेरी औरत एक M.L.A. ने बेच दी है । उस को वापस लाने के लिए अगर आप मेरी मदद करें तो बहुत अच्छी बात है । मेरी औरत बेच दी लेकिन जब मैं अपनी औरत को मांगता हूं तो यह बात सुन कर मेरी कोई परवाह न करी । स्पीकर साहिब, आप ज़रा ध्यान दें कि स्त्री जाति पर किस प्रकार का अत्याचार किया जा रहा है और वह कांग्रेस के टिकट ले कर खास तौर पर इस केस में हरिजन पर जिन की वोटें लेकर ये इन कुर्सियों पर बैठे हुए हैं क्या सरकार सहायता करेगी ? एक और अत्याचार तो फरीदकोट में हुआ । इसके अलावा और भी कितनी मिसालें हैं जहां पर स्त्री जाति की इज्जत पर वार किए जाते हैं । उन का मैं आपके सामने ज़िक्र करती हूं, आपको सुनाती हूं...........

अध्यक्ष महोदय : आप ज़रा देर से आई हैं । मैंने अर्ज़ किया था कि Appropriation Bill पर किस हद तक बहस हो सकती है । (The hon. Lady Member has come a bit late. I had told the House about the scope of discussion on the Appropriation Bill.)

कंवरानी जगदीश कौर : मैं भी तो यही बताने वाली हूं कि आप की गवर्नमेंट की administration क्या है ? है भी या नहीं, समझ में नहीं आता । हमें बताया जाता है कि law and order बहुत अच्छा है । लेकिन बात बिल्कुल ऐसी नहीं । हम आप को बता देना चाहते हैं कि हम आप की गवर्नमेंट के 'झोली चुक' बनने को कभी भी तैयार नहीं हैं । (*Cheers from the Opposition Benches*) स्पीकर साहिब, जैसा कि फरीदकोट से कामयाब हुए आनरेबल मैम्बर साहिब ने बताया, फरीदकोट एक चमकता हुआ शहर है । पर मैं पूछती हूं किस ने चमकाया ? राजा हरिन्दर सिंह ने ? उस की चमक को यदि चमकाते रहें तो बड़ा शुक्रिया (हंसी) । आजकल की ही बात है वहां पर एक अत्याचार हुआ । आनरेबल मैम्बर साहिब ने उसका ज़िक्र तक नहीं किया । अभी २ मैं फरीदकोट गई तो मुझे पता लगा कि स्त्री जाति पर वहां कितना दुराचार किया जा रहा है । वहां पर इतना अत्याचार हुआ कि मेरी एक बहन को बड़ी बेरहमी के साथ पुलिस ने उसकी चोटी से पकड़ कर घसीटा, खुले मैदान पुलिस ने उसे जानवरों की तरह घसीटा । उसके मालिक की गैरहाज़री में उसे पकड़ कर ले गए । उसने

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[कंवरानी जगदीश कौर]

काफ़ी विरोध किया वह वहीं पर लेट गई लेकिन उस अबला की पुकार को किसी ने न सुना। ज़बरदस्ती पकड़ कर उसे धक्के मार कर रिकशा पर बैठाया गया। उसके हाथों में हथकड़ी लगाई गई हवालात में डाला गया। बड़ी मुश्किल से उसकी ज़मानत करवाई। क्या यही है आप का "रामराज" जिस में इस तरह स्त्री जाति का अपमान किया जाता है? चाहे उसका कोई कसूर भी क्यों न होता, लेकिन फिर भी उसके साथ ऐसा दुर्व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए था। शहर में सभी लोगों ने देखा कि किस बेरहमी के साथ वह थानेदार उसे बालों से पकड़ कर गालियां देते हुए घसीटे ले जा रहा था। अब वहां पर स्त्री जाति ने यह फैसला कर लिया है कि इस किस्म के अत्याचारों के खिलाफ हम एक ज़बरदस्त आवाज़ उठाएंगी, और जब तक सरकार इस अत्याचार को दूर नहीं करती, स्त्री जाति का अपमान करने वालों को सज़ा नहीं देती हम मरन-व्रत रखेंगी। मैं आपकी सरकार को यह चेतावनी देना चाहती हूं कि यदि यह स्त्री जाति के अधिकारों की रक्षा नहीं करती तो इसे इस बात के लिए तैयार हो जाना चाहिए कि इस का जनाज़ा निकलने ही वाला है।

अध्यक्ष महोदय : आप बड़ी खतरनाक बहस में पड़ गई हैं। (The hon. Lady Member has entered into a very dangerous discussion.)

कंवरानी जगदीश कौर : जब सरकार के कर्मचारी ही खतरनाक बातें करते हैं तो मुझे बताना पड़ता है। बहनों ने दुखी हो के मरनव्रत रखने का फैसला कर लिया है। यह situation इस वक्त फरीदकोट में बनी हुई है। मैं मे यह हालात सरकार के नोटिस में लाने के लिए यहां हाऊस के सामने रखे हैं ताकि उन को रोकने का प्रबन्ध किया जाये। उस थानेदार को सज़ा देनी चाहिये। अब ऐसे लोगों को क्यों नौकरी में रखा जाता है। क्या यहां देशभक्त नहीं हैं? जब यहां बड़े-बड़े अच्छे और पढ़े-लिखे ईमानदार और जिम्मेदार लोग मिलते हैं तो क्यों इस प्रकार के मनुष्यों को सरकार रखती है। जैसे agriculture के महकमे में यदि कोई कार्य ठीक नहीं जानता तो उसे वहां से बदलना चाहिए। इस प्रकार काम में मिट्टी डाल रहे हैं। ऐसा मालूम होता है कि वह उस काम के लिये suit नहीं करते। उन्हें किसी और महकमे में बदला जाये। बिला इस बात का ख्याल किये कि कोई आदमी सिख है या हिन्दू है, किसी आदमी को उसी महकमे में लगाना चाहिये जिस के लिए वह योग्य हो और जहां वह अच्छी तरह duty निभा सकता हो।

अध्यक्ष महोदय : आप का वक्त हो गया है। (The time of the hon. Lady Member is over.)

कंवरानी जगदीश कौर : थोड़ा सा वक्त और दे दीजिये। मैं थोड़ा सा और कह कर बैठ जाऊंगी।

हरीका नाओ एक गांव है। वहां एक हाई स्कूल लड़कियों के लिये खोलना चाहिए। वहां के लोगों ने स्कूल के लिये 12 हज़ार रुपये इकट्ठे किये हैं और कुछ ज़मीन भी उन्होंने दान दी

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

है। उन्होंने कुछ ज़मीन और 2½ या 3 हज़ार रुपया की आमदन स्कूल को दे रखी है। नौवीं और दसवीं को जमातें गांव वाले अपने आप किसी की मदद के बिना चला रहे हैं। आप से मैं पूछना चाहती हूं कि क्या आप की सरकार उन लोगों की मदद करने को तैयार है जो लोग अपनी मदद आप करें ? ऐसे लोगों के लिए English में कहा जाता है " God helps those who help themselves " क्या सरकार भी उन की मदद करेगी ? Will your Government help those who are willing to help themselves ? स्पीकर साहिब, इतना मैं कहते हुए आप का शुक्रिया अदा करती हूं जो आप ने मुझे बोलने के लिये समय दिया है।

श्री जगत नारायण चोपड़ा : On a point of order, Sir, स्पीकर साहिब, चौधरी इन्द्र सिंह ने जो आप को चिट्ठी लिख कर point उठाया था कि on the floor of the House मिनिस्टर साहिब ने झूठी बात कही है और जिस के बारे में आप ने वायदा किया है कि आप इस की enquiry कर रहे हैं; आपने इस के मुतअल्लिक अभी तक कुछ बताया नहीं।

अध्यक्ष महोदय : मेरे पास वह चीज़ आई थी। मैं ने उस पर कुछ queries करके गवर्नमैंट के पास भेजा है। जब जवाब आ जाएगा तो यहां बता दिया जायेगा। (I had received that note and I have sent the same to the Government with certain queries. When a reply is received, the House will be informed.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : मैं ने उसे देख लिया है। अगर आप कहें तो मैं बतला दूं।

अध्यक्ष महोदय : पर press-note तो वैसे ही पब्लिक के नोटिस में आ जाता है। (The press note automatically comes to the notice of the public.)

श्री जगत नारायण चोपड़ा : पर उस के यहां लाने की ज़रूरत है।

Mr. Speaker : I have seen that, Sir. Please be patient. I will give my ruling on it.

चौधरी इन्द्र सिंह : On a point of information, Sir. उस पर आप कब तक फैसला कर देंगे ?

अध्यक्ष महोदय : उस पर मैं ने कुछ queries की हैं। जब जवाब आ जाएगा तो आप को बतला दूंगा। (I have made certain queries on that, when a reply to them is received I shall inform the hon. Members.)

श्री निहाल सिंह (महेन्द्रगढ़) : जनाब स्पीकर साहिब, Appropriation बिल पर महेन्द्रगढ़ जिले के बारे में, जो एक पसमान्दा इलाका है, कुछ अर्ज़ करनी चाहता हूं। इस बजट के लिये कहा गया है कि यह सारे पंजाब की तरक्की के लिये है। इस में करीबन

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री निहाल सिंह]

31 करोड़ रुपया की रकम Capital expenditure पर खर्च की जा रही है। लेकिन इधर जो इलाके पिछड़े हुए हैं उन्हें अभी तक न तो backward areas ही करार दिया गया है और न ही उन को उतनी सहूलतें ही दी गई हैं जितनी कि दूसरे बैकवर्ड एरियाज़ को दी हुई हैं। मिसाल के तौर पर वहां पानी की बड़ी दिक्कत है। पानी की दिक्कत केवल आबपाशी के लिये ही महसूस नहीं की जाती बल्कि वहां के लोग पीने के पानी की भी बड़ी तकलीफ महसूस करते हैं। उन के लिये बजट में ऐसी किसी water स्कीम के लिये provision नहीं किया गया जैसा कि दूसरे पिछड़े हुए इलाकों के लिये किया गया है। वहां पर जो मुलाज़िम होते हैं उन्हें हर महीने 15 या बीस रुपये के करीब water charges pay करने पड़ते हैं। तो मैं गवर्नमेंट से अर्ज़ करूंगा कि वहां पर काम कर रहे सरकारी मुलाज़िमों को चाहे desert allowance का नाम दे कर चाहे water allowance का नाम देकर मदद दी जानी चाहिये। अगर काम इसी तरह से चलता गया तो हमें अच्छे administrators और अच्छे अफसर नहीं मिल सकेंगे।

एक बात और मैं उन अफसरों के बारे में कहना चाहता हूं और वह यह है कि जो D.C. या दूसरे अफसरान वहां काम कर रहे हैं, यह हमारी खुशकिस्मती की बात है कि वह बड़े अच्छे हैं। लेकिन अब सुनने में आ रहा है कि अच्छे अफसर जो वहां हैं उन की तबदीली होने वाली है। यह हमें मालूम नहीं हो सकता कि वह किस बिना पर होने वाली है हालांकि वहां उन लोगों को amenities of life मुहैया नहीं हैं। उन को इस बिना पर तबदील करने की बजाये, जो वहां पर missionary spirit से काम कर रहे हैं, उन्हें वह सहूलतें बहम पहुंचानी चाहियें ताकि उन्हें वहां रहने में दिक्कतें न हों।

अगली बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि यहां गवर्नमेंट की तरफ से कहा जाता है कि जो पसमान्दा ज़िले हैं उनकी इमदाद की जायेगी। लेकिन मैं महेन्द्रगढ़ ज़िले के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं कि वहां के जो sessions cases होते हैं, उन्हें बाहर जाना पड़ता है और जो canal division पहले दादरी में थी, अब उसे तोड़ कर रोहतक में लगा दिया गया है। B & R की ब्रांच को वहां से हटा कर उस की एक सड़क को गुड़गांव के नीचे कर दिया गया है और दूसरी को रोहतक के नीचे लगा दिया गया है। इसी तरह से और कई अफसरों को जो पहले महेन्द्रगढ़ में काम कर रहे थे उन्हें गुड़गांव बदल दिया गया है। इसलिये स्पीकर साहिब, इन बातों से गवर्नमेंट की नीयत साफ मालूम होती है, यानी जो गवर्नमेंट के यह काम हैं इन से यही नतीजा निकाला जा सकता है कि वह महेन्द्रगढ़ ज़िले को आहिस्ता आहिस्ता खत्म करने की कोशिश कर रही है। दूसरे लफ्ज़ों में यह कहा जा सकता है कि यह महेन्द्रगढ़ डिस्ट्रिक्ट की slow poisoning की जा रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि इस किस्म की चीज़ें क्यों की जा रही हैं जिन से महेन्द्रगढ़ की importance और भी कम हो ? मैं कहता हूं कि अगर उस ज़िले में कुछ कमी है तो बजाये इस के कि जो दफ्तर वहां पहले काम कर रहे

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

हैं उन्हें वहां से हटा कर दूसरे पास के जिलों को भेजा जाए, होना यह चाहिये कि उन आस-पास के जिलों के काम को महेंन्द्रगढ़ में ला कर इस को बरकरार रखा जाये ।

इसके अलावा मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि अब यह Appropriation Bill पास हो जायेगा। बजट पहले पास हो चुका है इस में कई स्कीमों के लिये जितना २ रुपया इस legislature से पास कराया गया हो, जिस २ मकसद के लिये जितना २ रुपया मंजूर कराया गया हो, उस को उसी पर पूरा खर्च किया जाये। लेकिन देखने में यह आता है कि अलग २ स्कीमों के लिये इस बजट में जितना रुपया रखा जाता है administrative department से उन की sanction मार्च के महीने में पहुंचती है और कहा जाता है कि Financial साल के खत्म होने से पहले यानी 31 मार्च से पहले यह सारा रुपया खर्च किया जाये। इस लिये आम तौर पर बजट में इस तरह रखा गया ज्यादा तर रुपया 15 मार्च से लेकर 31 मार्च तक के दिनों में खर्च होता है और जो रुपया खर्च नहीं होता उसे 31 मार्च को withdraw किया जाता है और उसे गलत तरीका से बैंक में जमा किया जाता है। इसी तरह से कई मिसालें agricultural loans की मिलती हैं। तीस लाख रुपया की जो रकम loans के लिये रखी गई थी वह उन को नहीं दी गई।

इसी तरह 31 मार्च को हमें बुलाते हैं कि Low Income Group Housing Scheme वाली sanction आने वाली है। मुझे दो साल का खुद तजरुबा है क्योंकि मैं ने वहां रह कर देखा है। 31 मार्च को तार आता है कि Treasury को authority रुपये देने की भेज दी गई है जिनका हक है यह रुपया उन्हें दिया जाये। लेकिन इतनी देर में Treasury के बन्द होने का वक्त हो जाता है। इस तरीके से उन को रुपये नहीं मिलते और जिस मकसद के लिए वह रुपया रखा गया होता है वह खत्म हो जाता है (घंटी) जनाब मैंने अभी बजट और पंडित जी के बारे में एक शेअर पढ़ना है। तो मैं अर्ज कर रहा था कि सारे पंजाब को ऊंचा ले जाने के लिए दिल खोल कर रुपया खर्च किया है पर महेन्द्रगढ़ के बारे में बजट में कुछ नहीं। वह शेअर इस तरह है :—

हमें खामोश करने का यह इक अच्छा आला है,
फकत हैं नाम के पंडित हकीकत में यह लाला हैं। (हंसी)

इस लिए मैं आखिर में पंडित जी से कहूंगा कि वह अपनी दरियादिली का सबूत देकर महेन्द्रगढ़ पर भी खर्च करें।

वित्त मंत्री (पंडित मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, सच कहूं तो आज जो Opposition के भाइयों की तरफ से चन्द speeches हुईं उन को सुन कर कोई खुशी नहीं हुई। मैं ने बजट speech में अर्ज किया था और आज उस को दुहराने की ज़रूरत महसूस नहीं करता। बजट की debate को खास ध्यान से सुनने की मैं इस लिए कोशिश करता हूं कि अपने कुछ भाइयों की नुक्ताचीनी को सुन कर कुछ ज्ञान हासिल करूं लेकिन आज की debate सुन कर मुझे अफसोस हुआ कि मेरे

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

Opposition के भाइयों ने न ही constructive debate करने के सिद्धान्त को सामने रखा और न ही इस नज़रिए को ध्यान में रखा। और ऐसा हो भी क्यों न जब हमारे एक 20 साल पुराने legislator जो काबिल भी हैं, ने ही इस तरह किया.........(विघ्न) तो दूसरों से क्या उम्मीद हो सकती थी। मुझे अपने बज़ुर्ग पंडित श्री राम शर्मा जी की speech सुन कर हैरानी तो नहीं हुई मगर दुःख ज़रूर हुआ—इसलिए कि मेरे दिल में उन के लिए कद्र है, इज्ज़त है। (*Interruptions by Ch. Balbir Singh*)

अध्यक्ष महोदय : आप को बैठे २ क्या होता रहता है ? (What happens to the hon. Member while sitting.)

वित्त मंत्री : मैं अर्ज़ कर रहा था कि मैं उन की दिल से इज्ज़त करता हूं और वह इज्ज़त के काबिल भी हैं। उन्होंने बड़ी कुरबानी की है, काबिल भी हैं और हिम्मत भी रखते हैं, जुर्रत भी है, सब कुछ है लेकिन इस पर भी अगर वह अपने knowledge और वक्त को इस ढंग से इस्तेमाल करें कि जिस से न तो किसी को फायदा हो और न ही उन को फायदा हो तो इस में बहुत अच्छाई नहीं है। मुझे यह जानकर हमेशा खुशी होती है कि उन्हें legislature का 20 साल का तजरुबा है, इस पर वह भी फख्र करते हैं और हम भी करते हैं वह भी जानते हैं और हम भी जानते हैं कि इन 20 सालों में से 10 साल तो agitation में लगे थे, आज़ादी से पहले और बाकी 10 साल में से कई साल से ज़्यादा अर्सा वह वज़ीर रहे। कुछ अर्सा ऐसा भी आया कि यह कांग्रेस से कुछ दूर हो गए और अब उन्हें फिर नज़दीक आना पड़ा यह सारी बातें हुईं, मुनासिब तो नहीं होतीं ऐसी बातें करनीं, आज इन को एक खास शख्सीयत नज़र आती है पंजाब में जिस के गिर्द इन्होंने घूमने की कोशिश की मगर बहुत नज़दीक न रह सके तो इस पर इन्हें मायूसी नहीं होनी चाहिए और दुःख भी नहीं होना चाहिए कि आज पंजाब में कोई ऐसी शख्सीयत है जो उन्हें खास तौर पर दिखाई देती है और जिस के गिर्द हुकूमत घूमती है। मैं अर्ज़ करूं कि ज़ाती बातों में जाने का मैं आदी नहीं हूं मगर उन्हें याद करा दूं कि पंजाब की यह बड़ा अर्सा बदकिस्मती रही है कि कोई भी शख्सीयत पंजाब में बनने नहीं दी, जब भी कोई ऐसी शख्सीयत आगे बढ़ी तो यहां ऐसा होता ही रहा है कि उस की टांग खींचने की कोशिश की गई और आज भी..........

Shri Balram Das Tandon : Are personal talks relevant ?

Minister for Finance : I am replying to the points that have been raised.

Shri Balram Das Tandon : But these are personal talks.

Minister for Finance : These are not personal talks at all. यह बातें यहां पर raise हुईं और इन का जवाब देना ज़रूरी है। (विघ्न) घर की बात नहीं है। जब शर्मा जी बोल रहे थे उस वक्त तो बहुत शौक से विरोधी दल के भाई सुनते थे और कहते थे कि हमारा भी time उन्हें दे दो। अब ज़रा हमारी बात भी सुनें, घबराने की बात नहीं है। तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि अगर आज पंजाब में ऐसी शख्सीयत

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

है जिस के गिर्द Administration या politics और बाकी सब चीज़ें भी घूमती हैं तो पंजाब को उस पर मान होना चाहिए। बाकी अगर किसी को अपने आप में frustration आ गई हो और वह नामुनासिब बातें करें तो यह भला मालूम नहीं होता। (तालियां) मैं क्या कहूं मगर जिन्होंने यह बात उठाई उन्हीं को याद दिलाना चाहता हूं कि अगर वह खुद चन्द महीने पहले की बात देखें तो उन्होंने कितना घूमने की कोशिश की थी उसी व्यक्ति के गिर्द जिस के खिलाफ आज वह बातें कर रहे हैं मगर बहुत नजदीक न रह सके या ऐसे हालात बन गए कि इन गद्दियों पर वह न बैठ सके। मगर इस का यह मतलब नहीं कि दो ही महीनों में वह शख्सीयत बदल गई। अगर उस पर तब पूरा भरोसा और एतबार था कोई वजह नहीं दिखाई देती सिवाए इस के कि वह चूंकि Ministry में नहीं आए इस लिए उनके लिए वह शख्सीयत ही बदल गई और हकारत के काबिल हो गई। आज पंजाब को मान होना चाहिए कि इसे इतनी देर के बाद ऐसी शख्सीयत मिली है। इस लिए अर्ज़ करूं कि ऐसी बातों का जगह जगह हवाला देना और खास तौर पर Appropriation Bill पर बहस के दौरान कोई बहुत मुनासिब नहीं दिखाई देता। फिर Regional Formula के मुतअल्लिक कहा गया, पहले भी कहा, आज फिर दुहराया गया है। मुझे हैरानी होती है कि इसे बार २ दोहराने की क्या ज़रूरत होती है जब कि हम अपनी policy साफ लफ्ज़ों में state कर चुके हैं। सरकार ने गवर्नर साहिब के भाषण में भी अपनी position वाज़ह कर दी थी कि Regional Formula एक established fact है और इसे चालू करना पंजाब गवर्नमेंट का काम है और यह गवर्नमेंट पूरे ज़ोर से चाहती है कि इस Formula को रायज किया जाए और कामयाब देखा जाए। (तालियां) लेकिन इस के अभी rules नहीं बन सके जो कि Central Government ने बनाने थे। Democracy में हर एक बात इस अमर की मोहताज होती है कि उसकी अच्छी तरह से जांच पड़ताल की जाए। यह कोई मामूली बात नहीं है Regional Committees के working की। और अगर rules बनाने में कुछ महीने लगें तो घबराहट होने की कोई वजह नहीं है। बार बार बरसते हैं पंडित जी और दूसरे भाई, उन्हें बड़ी खुशी होती है जब Administration की हो बात होती है। नुक्ताचीनी की जाती है तो सामने केवल Minister ही आ जाते हैं कि वह बहुत तनखाह हासिल करते हैं। सोचते होंगे कि हमने यह कहा, वह किया, वह मारा। खूब dictionary से ढूंढ २ कर लफ्ज़ सुनाए। इस चीज़ का नोटिस लेना कुछ ऐसा आवश्यक तो मालूम नहीं देता मगर Administration पर सारा criticism Minister's pay और emoluments की criticism पर ही रह जाता है। जैसा कि कहा जाता है और हकीकत भी है कि महंगाई है। कुछ भाइयों की तरफ से Administration पर कटाक्ष में इतने मुबालगा आमेज़ी से काम लिया जाता है कि मैं यकीन से कह सकता हूं, कि इस में रत्ती भर भी वज़न नहीं होता। इस चीज़ का मेरी ज़ात से भी ताल्लुक है, कहते हैं वज़ीरों को एक हज़ार रुपया तनखाह मिलती है। अब

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

में क्या तफसील दूं कि Ministers के भी अखराजात होते हैं। आज जब कि महंगाई की वजह से सब के अखराजात बढ़े हुए हैं तो इसी बात को लेकर criticism किए जाना कि वज़ीरों को एक हज़ार रुपया तनखाह मिलती है कोई बहुत बढ़िया बात नहीं सिवाए इस के कि कोशिश की जाए कि हम ने point ज़रूर score करना है वज़ीरों पर। और इसी तरह से मैं इस बात को repudiate करता हूं और पूरे ज़ोर से जितना ज़ोर कि मुझ में है तरदीद करता हूं कि आज के वज़ीर साहिबान में initiative नहीं है। मेरे माननीय मित्र और पुराने legislator पंडित जी ने कहा कि इन वज़ीरों में initiative की ज़रूरत है। इसके मुतअल्लिक मैं पंडित जी को बता देना चाहता हूं कि ऐसा initiative जो कभी उन में हुआ करता था जबकि वह मंत्रिमण्डल मे थे अगर वह ज़रा नज़दीक आ कर देखें तो उन्हें पता चलेगा कि वही initiative आज भी वज़ीर साहिबान में मौजूद हैं। अगर वह impartial हो कर देखें तो यह मालूम होगा कि जो इशारे उन्होंने अपनी तकरीर में किए हैं कि initiative नहीं हैं बिल्कुल गलत और बेबुनियाद है।

एक और बात की तरफ उन्होंने इशारा किया। वह यह है कि सूबे की administration में Administrators ज़्यादा interest नहीं लेते यह गलत और बेबुनियाद बात है। आज मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि हर एक Department के Head के दिल में अपने देश, कौम और पंजाब के लिए उतनी ही सद्भावना और प्यार है जितना किसी भी दूसरे पंजाबी भाई और बहन के दिल में हो सकती है। वज़ीरों में भी ऐसा ही जज़बा है, फिर आज अगर यह कहा जाए कि initiative नहीं है और काम में interest नहीं लिया जाता और सारी administration एक शख्स के गिर्द घूमती है तो यह गलत और बेबुनियाद बात है। मुझे तो ऐसी बात इस हाउस में सुन कर हैरानी हुई है।

आज मेरे एक मित्र 45 मिनट तक बोलते रहे तो उन्होंने शायद यह सोचा होगा कि अगर वह इस तरह की तकरीर करेंगे तो लोगों तक उन की कड़वी आवाज़ तो पहुंच जाएगी और बाहर जाएंगे तो मेरी स्पीच की तारीफ होगी कि कैसी तकरीर की कि हाऊस गूंज उठा। अगर तकरीरें करने का यही नज़रिया है कि बाहर के लिए प्रैस publicity हासिल की जाए और यही नुक्तानिगाह हो कि sensational news flash हों और धूम मचे कि कोई शख्स कैसी pungent speech देता है तो मैं समझता हूं कि ऐसी speech का मियार कितना ऊंचा हो सकता है। Appropriation Bill पर, जिसे कि आज पेश किया गया है, ऐसी तकरीरें कर देना न तो मौजूं है और न मुनासिब। अगर हम ने बोलने के ख्याल से ही तकरीरें करनी हैं तो इसका कोई फायदा न बोलने वाले को है और न सरकार को। कोई ठोस suggestion हो तब तो बहुत भली बात है मैं यह अर्ज़ करूं कि यह दुरुस्त नज़रिया नहीं है। मुझे हैरानी इस बात की भी है कि Appropriation Bill पर कुछ इस तरह की तकरीरें की जाएं और sentimental बातें कही जाएं यह कुछ ज़ेब नहीं देता।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

फिर taxes के बारे में भी उन्होंने कहा । मैं इसकी तफसील में नहीं जाना चाहता क्योंकि मेरे पास वक्त की कमी है । उन्होंने एक बात कही है कि इस बजट में 23 करोड़ रुपये के नए टैक्सों के provision रखे गए हैं और पांच-साला प्लान में जिस के लिए यह टैक्स लगाए जा रहे हैं लोगों को confidence में नहीं लिया गया । हैरानी होती है ऐसे सुलझे हुए और experienced legislator के मुंह से यह बातें सुन कर । अगर कोई नया मैम्बर इस तरह की बातें करता तो कुछ समझ में आ सकता था और उस हालत में इतनी हैरानी न होती । मैं इन्हें क्या बताऊं ? क्या इन्हें पता नहीं कि Five-Year Plan को किस तरह से पब्लिक के सामने लाया गया । Five-Year Plan को इस हाऊस में discuss किया गया और इस प्लान की सारी provisions public के सामने आई थीं । फिर आज यह कहा जाए कि प्लान में जो provisions हैं वह पब्लिक के सामने नहीं आए गलत बात है और लोगों को अन्धेरे में डालने की कोशिश की गई है ।

बार बार उन्होंने corruption की निसबत कहा । इसके बारे में किसी सफाई के पेश करने की ज़रूरत नहीं । मैं वक्त की तंगी की वजह से इसकी details में नहीं जा सकता । मैं सिर्फ इतना कह देना चाहता हूं कि एक बात बार बार दोहरा देने से अपने केस को कमज़ोर करना होता है । जैसा कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने फरमाया था और मेरा ज़ाती तजरुबा भी है कि अपने केस की कमज़ोरी इस बात से ज़ाहिर होती है कि एक ही argument को बार २ repeat किया जाए । जब Appropriation Bill सामने आया तो और कोई constructive बात तो पेश करने को न मिली सिर्फ एक ही बात बस corruption के बारे में कह दी । अगर General Administration की demand आई तो भी यही बात और गवर्नर साहिब का भाषण सामने आया तो भी यही बात कह दी कि administration में नुक्स है, administration निकम्मा है । गर्ज़ेकि हर मौके पर administration को ही ले लिया । कोई बात sentimental level पर कह दी जाए और उस में कोई constructive suggestion न हो तो स्पीच करने वाले का भाव बिल्कुल स्पष्ट दिखाई देता है । केवल यह फरमाया जाना कि यह नहीं है वह नहीं है यह लाभदायक नहीं हो सकता ।

इसके अलावा, स्पीकर साहिब, यह फरमाया गया कि आज Ministry जिस level पर है वह communal set up की basis पर बनाई गई है । मेरे एक और साथी ने भी इसको तरफ इशारा किया है । यह बातें सुन कर सख्त अफसोस होता है । फिर यह कहा गया कि सिख वज़ीरों के पास सिख और हिन्दू वज़ीरों के पास हिन्दू जाते हैं । इस के बारे में मैं इतना ही कह देना चाहता हूं कि शायद उन्हें वज़ीर साहिबान के पास जाने का कभी मौका नहीं मिला । अगर मौका मिलता तो वह ऐसी बात न करते । यह बात हक़ीक़त के बरख़िलाफ है और ग़लत है । मैं इस से ज़्यादा सख्त इलफाज़ इसके बारे में नहीं कहना चाहता । लेकिन मैं इतना कहना ज़रूरी समझता हूं कि इस तरह की बातें Ministry के बारे में करनी एक mischief है ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Shri Balram Das Tandon : Mr. Speaker, is the word "mischief" parliamentary ? (*Interruption*).

वित्त मंत्री : मैं पूरे जोर से यह कहना चाहता हूं कि कोई ऐसी बात न इस Ministry में कभी आई है और न कभी इस ढंग की बात इस Ministry में सोची जाएगी। (प्रशंसा) कोई ऐसी बात इस मंत्रिमण्डल में नहीं सोची जाती कि जिस में communal tinge हो। हमारा उद्देश्य देश की भलाई है। इस ढंग पर किसी तरह भी सोचना या भेद-भाव रखना इस Ministry का उद्देश्य नहीं। यह बिल्कुल गलत बात है। और कोई बात इन lines पर नहीं सोची जाती कि यह हिन्दू है और यह सिख।

स्पीकर साहिब, मुझे एक और बात की हैरानी है। वह यह कि एक भाई ने कहा कि Community Projects और Development Blocks के नाम पर रुपया जाया हो रहा है और इसके कुछ अच्छे results नहीं निकले। इसमें कोई self-help की बात नहीं देखी गई और यह सब ढोंग है। Community Projects, Development Blocks और Extension Service Blocks के बारे में यह बातें सुनकर हैरानी भी होती है और दुःख भी होता है। आज इन projects अथवा ब्लाकों पर पंजाब को ही नहीं सारे देश को मान है। Community Projects ही देश की जिन्दगी हैं और देश की development का जरिया हैं। देश में इन्हीं की वजह से नई जिन्दगी आ रही है और देश का कायाकल्प हो रहा है। इस पर यह कहना कि लोगों में self-help का जज़बा नहीं है मैं नहीं समझता कि किसी तरह भी ठीक हो सकता है। Community Projects के असरात आप देहातों मे जा कर देखें। मेरे पास वक्त नहीं, नहीं तो मैं आंकड़े देकर आप को बतला देता कि देहात के अन्दर कितनी तरक्की हुई है। सड़कें बनाने में, गलियां बनाने में, हस्पताल खोलने में सफाई में और नालियां बनाने के बारे में Community Projects कितने आगे बढ़ चुके हैं। जो आंकड़े हमारे पास हैं वह हौसलाअफजा हैं। इन सब बातों को सामने रखते हुए यह कह देना कि लोगों में यह रुपया जाया किया जा रहा है। सिवाए इसके कि अफसोस किया जाए इनकी गलत बयानी पर और क्या कहूं।

आखिर में यह बात कही गई कि हम में सद्भावना नहीं है और गवर्नमेंट एक आतशफिशां पहाड़ पर बैठी है।

(**एक माननीय सदस्य** : बिलकुल)

वित्त मंत्री : इस तरफ से बिल्कुल की भी आवाज़ आ रही है तो मैं यह अर्ज करूं कि यह बिल्कुल गलत बात है और निकम्मी बात है। आज अगर देखा जाए तो पता लगेगा कि हकूमत कहां बैठी है।

लाला जगत नारायण चोपड़ा : यह आप के घर की बात नहीं।

वित्त मंत्री : आज यह घर की बातें करते हैं इन्हें यह घर भूल गया है, अभी थोड़ी ही देर हुई कि यह इस घर से दूर गए हैं। मैं इन्हें बता दूं कि घर तो वही है occupant

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

pant का फर्क है। तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि आज पंजाब गवर्नमेंट पंजाब की कांग्रेस पार्टी की हकूमत इतने ही मज़बूत पहाड़ पर बैठी है जितनी कि किसी पहाड़ की मज़बूती हो सकती है और कोई हकूमत जितनी मज़बूती की ख़ाहिश कर सकती है कि वह किसी मज़बूत पहाड़ पर बैठे तो वैसी ही मज़बूती इस हकूमत में है। (*Interruptions*)

Mr. Speaker : Order, please.

वित्त मंत्री : मैं इन भाइयों को जो interrupt करते हैं चेतावनी देना चाहता हूं कि यह वही आतशफिशां पहाड़ हैं जिसकी मज़बूती को देख कर उन में से कुछ को इसकी शरण लेनी पड़ी। फिर मालूम नहीं कि इस हाऊस में ऐसी बात करने की ज़रूरत कैसे पड़ी ? क्या इसलिए कि किसी के Ministry के ख़वाब पूरे न हो सके ? क्या इसीलिए नज़र आता है यह आतिशफिशां ? यह हकूमत एक मज़बूत चट्टान पर खड़ी है जहां से कोई तूफान इसे हिला नहीं सकता। (प्रशंसा) जो ख़वाब यह लिये फिरते हैं वह पूरे नहीं होंगे। शायद यह उनके इल्म में नहीं है। इसलिए उनको यह समझ लेना चाहिए कि यह हकूमत बनी ही न रहेगी बल्कि बड़ी मज़बूती से बनी रहेगी। (तालियां)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं challenge करता हूं......

वित्त मंत्री : आप क्या challenge करेंगे ? "छज्ज तो बोले छाननी क्या बोले जिस में 1000 छेद"। मैं ज़्यादा बातों में नहीं जाना चाहता वरना छाननी में हज़ारों छेद होते हैं जिस के एक एक छेद को खोला भी जा सकता है। यह समझने की बात है। (आवाज़ें)

Mr. Speaker : Order, order.

वित्त मंत्री : आज free education के मुतल्लिक मेरे भाइयों ने कुछ तशवीश ज़ाहिर की है। मेरे भाइयों ने इस के मुतल्लिक बहुत कुछ कहा है। मगर मैं आज इस पर ज़्यादा कुछ नहीं कहूंगा क्योंकि मैं अपने विचार पहले ही दे चुका हूं.....

श्री धर्म सिंह राठी : आपने Appropriation Bill पर अभी तक कुछ भी नहीं कहा। क्या यही Minister साहिब की काबलियत है ?

अध्यक्ष महोदय : जैसा Opposition Benches की तरफ से बोला गया है, वैसा ही जवाब है। कई बातें इस हाऊस में हुई हैं जिन का Appropriation Bill से कोई ताल्लुक नहीं था और यह कहते ही गये हैं। जैसे आपने कहा है, उसका यह जवाब दे रहे हैं। खैर छज और छलनी के झगड़े को छोड़ कर अब आप आगे चलिए। (The reply has been given in the same strain in which remarks were made by the members occupying the Opposition Benches. Certain things have been said in this House, which had absolutely no connection with thy Appropriation Bill and still they continued to talk of them. Now what the have said is being replied to by the hon. Minister. (Addressing the hon Minister) He may please leave aside the story of the winnower and th sieve and proceed with his speech.)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

वित्त मंत्री : अगर Appropriation बिल के मुतअल्लिक बातें होतीं जैसा कि मुझे जवाब देने का मौका मिला है, मैं ज़रूर देता। मगर जो बातें कही गई उनका Appropriation Bill से बहुत कम ताल्लुक था। Taxation पर मैं फिर आता हूं, लेकिन मैं एक बात अर्ज़ कर देनी चाहता हूं कि एक भाई ने कुछ figures quote किए थे........

चौधरी इन्द्र सिंह : मैं अब भी कहता हूं। I still hold.

वित्त मंत्री : मैं ने तो invite किया था मैम्बर साहिब को कि वह मेरे पास किसी वक्त आयें और जो figures दरकार हैं वह हासिल करने की तकलीफ गवारा करें। मगर कोई भाई मेरे पास नहीं आया। आज यह उसको challenge करते हैं। सिवाये इसके कि यह सज्जन जज़बाती बातों में आकर यहां कुछ कहें, अगर यह वाक्यात में जाने की कोशिश करते तो आज इनको यहां यह कहने की ज़रूरत महसूस न होती। जो figures मैं ने दिए हैं वह बजट में हैं। अगर और किसी detail में जाना चाहें, जैसा कि Industry के मुतअल्लिक वह कोई figures चाहते हैं, वह मुझ से हर वक्त हासिल कर सकते हैं।

एक माननीय सदस्य : वह 1942 के figures हैं।

वित्त मंत्री : Taxes के मुतअल्लिक जवाब देने के लिए कुछ भाइयों ने कहा था। मुझे अफसोस है कि आज उन्हीं points को फिर दुहराने के लिये कहा जा रहा है। बजट discussion का जवाब देते वक्त मैं ने Taxation के बारे में मुफस्सल तौर पर ब्यान किया था, उनकी पूरी justification बताई थी और हर एक point को अलग अलग discuss करने की कोशिश की थी। मैं आज उन की वाकफियत के लिये और अर्ज़ कर दूं कि Taxes के मुतअल्लिक 30-31 तारीख को बिलों की शक्ल में यह सारे Taxes दुबारा आ रहे हैं जिन के बारे में मैं मुफस्सल जवाब दूंगा। इन 2-4 मिनटों में मैं Taxes की full justification कैसे दे सकता हूं ?

चौधरी धर्म सिंह राठी : उस वक्त हम भी जवाब देंगे।

वित्त मंत्री : जवाब आप क्या देंगे ? राठी की लाठी वाली बात होगी।

अध्यक्ष महोदय : राठी साहिब जब आप लाठी लेकर खड़े हो जाते हैं तो मुझे मुश्किल हो जाती है। (When the hon. Member, Shri Rathi, rises in fury he makes things difficult for me.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : स्पीकर साहिब, Minister साहिब शीशे के मकानों में रहते हैं, तभी लाठी से डरते हैं।

वित्त मंत्री : किसी और के पास शीशे का मकान होगा, हम तो वैसे ही मकानों में रहते हैं जैसे पहले थे। बहुत सारे points मेरे भाइयों ने उठाये हैं। वक्त की कमी की वजह से मैं उन्हें discuss नहीं कर सकता। मैं एक बात का और जवाब

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

दे दूं जो कि श्री राम किशन भड़ोलिया ने एक मिसाल दे कर कही थी कि जो आमदनी शराब से हुआ करती थी अब वह बंद हो गई है और इसकी बजाये State Government कर्ज़ा चढ़ा २ कर फजूल खर्च किए जा रही है। मुझे उनकी यह बात सुनकर बड़ी हैरानी हुई। जो मिसाल उन्होंने दी है, इस के जवाब में मेरे पास कुछ आंकड़े हैं। जो State Government का कर्ज़ा है उसकी detail Budget Memorandum में है। हमारा कोई भी ऐसा काम नहीं हो रहा जिस पर कर्ज़ा लेकर खर्च किया जा रहा हो। जो कुछ भी खर्च किया जा रहा है वह प्रान्त की National Development पर हो रहा है।

एक माननीय मेम्बर : चंडीगढ़ के मुतअल्लिक आपका क्या विचार है ?

वित्त मंत्री : चंडीगढ़ में क्यों capital बनाने की ज़रूरत महसूस हुई इस का निर्णय क्या आज ज़रूरी है ? यह Capital क्यों बना, आज 1947 के वाक्यात दुहराने की जरूरत नहीं, कि किन हालात में आपको Capital बनाना पड़ा। आज अगर आप इस को challenge करें तो इसकी कोई justification नहीं बनती।

एक माननीय मेम्बर : Museum की यहां क्या ज़रूरत थी ?

वित्त मंत्री : Museum भी एक ज़रूरी चीज़ है जिस में आपकी cultural यादगार preserve करनी बहुत ज़रूरी हैं। तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि बहुत से और points हैं, खास तौर पर Language के मुतअल्लिक, Taxes के मुतअल्लिक और Backward Classes के मुतअल्लिक। लेकिन मैं वक्त की तंगी की वजह से इन points को touch नहीं कर सकता।

तो जो यह हमारा Appropriation Bill है, वह हर एक पहलू को सोच समझकर इस स्टेट की तरक्की के लिये रखा गया है। अब मैं आपोज़ीशन वाले भाइयों से यह

6. 00 p.m.

दरखास्त करूंगा कि वे यह समझते हुए कि यह जो खर्चा है वह स्टेट की तरक्की के लिए है, वोट करने के वक्त यह ख्याल रखेंगे कि इस बिल को पास होना चाहिये। (*interruptions*)

अध्यक्ष महोदय : जब आप मैम्बर साहिबान तकरीर करते हैं और कोई interruption होती है तब आप बर्दाश्त नहीं करते, लेकिन जब आप की बातों का जवाब देने के लिये कोई स्पीच करता है, तो आर्डर ही नहीं रहता। अगर आप मेरी प्रोटैक्शन चाहते हैं तो हाऊस के आर्डर का ख्याल रखना चाहिये। अब guillotine apply होगी।

(When the hon. Members from the Opposition Benches deliver speeches and if any interruption from the Treasury Benches is made, they don't tolerate that. But when anybody speaks in reply to their speeches then the order in the House is disturbed. Therefore, if the hon. Members want my protection, they should always try to maintain order in the House. Now the guillotine will be applied.)

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Appropriation (No. 2) Bill, 1957, be taken into consideration at once.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[Mr. Speaker]

ਸੂਬੇਦਾਰ ਤੇਜਾ ਸਿੰਘ (ਮਲੋਟ 'ਰਿਜ਼ਰਵਡ') : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਸਾਰੇ ਹਾਊਸ ਦਾ ਅਤੇ ਖ਼ਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਸਾਹਿਬਾਨ ਦਾ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ Scheduled Castes ਦੀ ਸਹਾਇਤਾ ਲਈ ਰਾਏ ਦਿੱਤੀ ਹੈ, ਧੰਨਵਾਦ ਕਰਦਾ ਹਾਂ । ਇਸ ਬਿਲ ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ 'Backward Classes' means persons belonging to the Scheduled Castes . . . . "Backward classes" ਉਹ ਸਮਝੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਫਹਿਰਿਸਤ ਵਿਚ ਦਰਜ ਹਨ । ਜਦੋਂ ਤੱਕ ਕੋਈ ਕਲਾਸ ਫਹਿਰਿਸਤ ਵਿਚ ਸ਼ਾਮਲ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦੀ ਉਸ ਨੂੰ ਇਹ ਕਰਜ਼ੇ ਦੀ ਰਿਆਇਤ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਸਕਦੀ ।

ਜਦੋਂ ਤੋਂ ਮੁਲਕ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਦੋਂ ਤੋਂ ਮਹਾਤਮਾ ਗਾਂਧੀ ਜੀ ਦੀ ਕਿਰਪਾ ਹੋਈ ਹੈ ਉਸ ਵੇਲੇ ਤੋਂ ਪਹਿਲੀ ਵੇਰ ਅਜ scheduled castes ਲਈ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਹੋਈ ਹੈ । ਅੱਜ ਪਹਿਲਾ time ਹੈ, ਪਹਿਲਾ ਦਿਨ ਹੈ ਕਿ Scheduled castes ਦੀ ਸੁਣੀ ਗਈ ਹੈ । ਹਰ ਇਕ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਖੁਸ਼ੀ ਮਨਾਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਭਾਵੇਂ ਕੋਈ ਅੱਗੇ ਵਧਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਜਾਂ ਕੋਈ ਪਿੱਛੇ ਰਹੀਆਂ ਜਾਤੀਆਂ ਦਾ ਹੈ । ਪੰਜਾਬੀ ਵਿਚ ਇਕ ਕਹਾਵਤ ਹੈ 'ਮਾੜੀ ਧਾੜ....' ਅੱਗੇ ਤੁਸੀਂ ਸਮਝ ਲਓ । ਇਹ ਪੰਜਾਬੀ ਵਿਚ ਇਕ ਆਮ ਕਹਾਵਤ ਹੈ, ਇਸ ਨੂੰ ਸਭ ਪੰਜਾਬੀ ਜਾਣਦੇ ਹਨ । ਇਹ ਬਿਲ Scheduled castes ਵਾਲਿਆਂ ਲਈ ਹੈ । ਉਹ ਭੱਜੇ ਭਜੇ ਫਿਰਦੇ ਸੀ ਅਤੇ ਕਹਿੰਦੇ ਸੀ ਕਿ ਹੇ ਭਗਵਾਨ ਕਦੇ ਸਾਡਾ ਬਿਲ ਵੀ ਆਏਗਾ ਅੱਜ ਉਹ ਦਿਨ ਆ ਗਿਆ ਹੈ ; ਜਿਵੇਂ ਕੱਚੇ ਛੋਲੇ ਚੱਬੇ ਨੇ....

उपाध्यक्ष महोदय : Order please, क्या आप बिल पर बहस कर रहे हैं ? (Order please. Is the hon. Member discussing the Bill ?)

ਸੂਬੇਦਾਰ ਤੇਜਾ ਸਿੰਘ : ਮੈਂ ਤਜਵੀਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ ਬਿਲ ਪਾਸ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ।

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : मुझे इस बात का अफसोस है कि जो amendments इस वक्त पेश हुई हैं वह इस Bill के scope के बिल्कुल बाहर हैं और मैं उन को Government की तरफ से मंज़ूर नहीं कर सकता । जैसा कि मैंने अर्ज़ किया था इस Bill का scope बिल्कुल limited है और कोई amendment जो कि Bill के scope के बाहर जाती हो मानी नहीं जा सकती । आप इस Bill का Title ही देखें, इस के Objects and Reasons देखें । इस का Title है 'Punjab Backward classes (Grant of Loans) Bill' यह Bill Backward Classes के लिये है । इस लिये Backward areas को किसी ढंग से लाने की कोशिश

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

करना इस Bill के scope के बिल्कुल बाहर जाता है। मैं ने backward areas के मुतअल्लिक पहले अर्ज़ कर ही दिया था। जहां तक Backward classes का ताल्लुक है, मेरा ख्याल है कि कुछ भाइयों ने ध्यान नहीं दिया, इस लिये मैं इसकी definition दुबारा अर्ज़ कर देता हूं। Government को अख्तियार है कि और किसी class को भी जोकि ज़रूरी तसव्वर करे, Backward declare कर सकती है। इस Bill के purpose के लिये किसी class का नाम यहां पर लेना और खास तौर पर कहना कि land owners को Backward classes में शामिल कर लो और उन्हें ऐसा declare कर दो इसके scope के बाहर है मैं नहीं समझ सका कि यह बात seriously कही गई है या Backward classes के साथ मखौल किया गया है। कोई समझदार भाई ऐसी बात नहीं कह सकता कि land owners को इन classes में बतौर backward शामिल कर लिया जावे। बाकी सौ-सौ, दो-दो सौ एकड़ वाले मालिक loans ले सकते हैं। इस बिल के तहत दरखास्तें दे सकते हों ऐसी बात हम जिम्मेवारी से नहीं कर सकते। हमें ऐसे ज़रूरी बिल पर ज़िम्मेदारी से ही चर्चा करनी उचित है।

सभरवाल जी ने भी एक बात कही, जिससे मुझे काफी हैरानी हुई। इस Bill में तीन classes रखी गई हैं— law, medicine और engineering, जिन के लिये इन लोगों को loans देने हैं। वह इन को classes कहते हैं। हालांकि law, medicine और engineering professions हैं। जहां तक classes का तअल्लुक है जिनके लिये यह loans दिये जाने हैं "Backward classes" means persons belonging to the Scheduled castes and Scheduled Tribes as notified in the Scheduled castes and scheduled Tribes (Modification) order, 1956...... जो भी class इन classes में आती हो वह 'Backward class' तसव्वर होगी और वह भी जो Government समय समय पर declare करेगी। तो फिर यह बात कहना कि किसी और class को इसमें शामिल कर लो या land lords को इसमें शामिल कर लो, भला मालूम नहीं होता। मैं अर्ज़ करूंगा कि जो भी amendments उन्होंने पेश की हैं, उन में से कोई भी ऐसी नहीं, जो इस Bill के purpose में fit करती हो, इस लिए मैं उनकी मुखालिफत करता हूं।

श्री बलराम दास टंडन : On a Point of order Sir. Chief Minister साहिब यह resolution पास करा कर चले गये हैं कि यह House चलता रहे।

Mr. Deputy Speaker : This is no point of Order.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Deputy Speaker : This is no point of order.

Mr. Deputy Speaker : Question is—

At the end of part (a), *add* "including the persons residing in the under developed areas of Tehsil Kandaghat in Patiala District".

The motion was lost.

Mr. Deputy Speaker : Question is—

At the end of part (a), *add* "including the persons residing in backward areas of the Punjab and all landowners of the Punjab".

The motion was lost

Mr. Deputy Speaker : Question is—

At the end of clause 2(a), *add* "including Backward areas of Loharu Sub-Tehsil",

(*After ascertaining the votes of the Members present in the House by voices, the Deputy Speaker said, "I think Noes have it". This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Deputy Speaker, after calling upon those Members who challenged the dicision and supported the claim for a division, to rise in their places declared that the division was unnecessarily claimed.*)

The motion was declared lost.

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 3

Mr. Deputy Speaker : Question is :—

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 4

Sardar Umrao Singh (Nakodar 'G') : Sir, I beg to move—

In sub-clause (2), line 3, between "Classes" and "," *insert* "and possesses requisite qualifications in the professions of law, medicine, engineering or architecture".

ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ amendment **ਬਹੁਤ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ** Statement of Objects and Reasons **ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ ਇਹ** loan **ਚਾਰ ਕਿਸਮ ਦੇ ਸਜਣਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲੇਗਾ । ਉਥੇ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਕਿ :—**

"Any person belonging to the Backward classes may submit to the controlling authority an application in the prescribed form....,"

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਉਮਰਾਓ ਸਿੰਘ]

ਇਸ ਗੱਲ ਨਾਲ ਗਲਤ ਫਹਿਮੀ ਪੈਣ ਦਾ ਅੰਦੇਸ਼ਾ ਹੈ । ਹਰ ਇਕ ਸੱਜਣ ਦਰਖਾਸਤ ਲੈ ਕੇ ਚਲਿਆ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਇੰਤਜ਼ਾਰ ਕਰਦਾ ਰਹੇਗਾ ਕਿ loan ਮਿਲੇਗਾ ਕਿ ਨਹੀਂ ਮਿਲੇਗਾ, ਕਿਉਂਕਿ ਅਗੇ ਇਸ ਦੀ ਸਬ-ਕਲਾਜ਼ (2) ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੈ ਕਿ "Controlling authority, if satisfied . . . ." ਇਹ ambiguity ਦੂਰ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ clause ਵਿਚ ਇਹ amendment ਆਉਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਅਗੇ ਜਿਹੜੀ clause ਹੈ ਯਾਨੀ ਕਲਾਜ਼ 5 (1) ; ਉਸ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ. . . . ।

"When an application for a loan has been sanctioned, the applicant shall execute a bond in the prescribed form......"

ਅਰਥਾਤ ਉਹ ਬਾਂਡ ਭਰ ਕੇ ਦੇਵੇਗਾ ਕਿ ਜਿਸ purpose ਲਈ ਉਸ ਨੇ loan ਲਿਆ ਹੈ ਉਸ ਉਪਰ ਹੀ ਖਰਚ ਕਰੇਗਾ । ਜਦ ਤੱਕ ਉਸ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਕਿ ਕਿਸ purpose ਲਈ loan ਲੈਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਕੀ ਲਿਖ ਕੇ ਦੇਵੇਗਾ ? ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ ਚਾਰ purposes loan ਦੇਣ ਵਾਸਤੇ ਹਨ ਉਹ ਇਥੇ incorporate ਹੋਣੇ ਚਾਹੀਦੇ ਹਨ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਇਹ amendment move ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ purposes ਨੂੰ ਇਸ ਵਿਚ incorporate ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਇਹ ambiguity ਦੂਰ ਹੋ ਜਾਵੇ ।

Mr. Deputy Speaker : Motion moved—

In sub-clause (2), line 3, *between* "Classes" and "," *insert* "and possesses requisite qualifications in the professions of law, medicine, engineering or architecture".

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, आप के द्वारा मैं अपने भाई की तवज्जुह clause 14 की sub-clause (2)(iv) की तरफ दिलाना चाहता हूं जहां पर यह दर्ज किया गया है कि गवर्नमेंट Rules बनाएगी उन तमाम purposes के लिए जिन के लिये loan देना या sanction करना इस ऐक्ट में ज़रूरी या मुनासिब समझा जाएगा । मेरे भाई ने यह समझ लिया है कि चूंकि Statement of objects and reasons में कुछ professions का हवाला दिया गया है इसलिये शायद हमारे बिल का मकसद इन्हीं professions तक महदूद होगा । दरहकीकत यह बात नहीं है । जैसा मैं ने पहले अर्ज़ किया है गवर्नमेंट ने इस के बाद और purposes भी determine करने हैं कि फलां फलां purposes के लिये इस ऐक्ट के मातहत loan advance किया जा सकता है । अगर सरदार उमराओ सिंह की इस amendment को मान लिया जाए तो इस का मतलब यह होगा कि गवर्नमैण्ट के हाथ बिल्कुल बन्ध जाएंगे और सिवाए इन professions के किसी और के लिए loan advance किया ही नहीं जा सकेगा । दरहकीकत इस बिल का यह मकसद नहीं है । हम देखेंगे कि किस किस profession के लिये loan दिया जाना ज़रूरी है । इसलिये यह amendment हमारे object के बिल्कुल खिलाफ है और मैं उन से अर्ज़ करूंगा कि वह इसे वापस ले लें ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Deputy Speaker : Question is —

In sub-clause 2, line 3, *between* "Classes" and", *insert* "and possesses requisite qualifications in the professions of law, medicine, engineering or architecture."

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That Clause 4 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 5

Mr. Deputy Speaker : Now the House will consider clause 5.

Shri Inder Singh (Jind 'G') : Sir, I beg to move—

In sub-clause (2), line 2, *for* "one surety" *substitute* "personal bond".
In sub-clause (2), line 3, *delete* "as well as of the surety".
Delete the proviso to sub-clause (2).

स्पीकर साहिब, पहली amendment मैं ने इसलिए रखी है कि एक तरफ तो सरकार यह बात कहती है कि हम हरिजनों और दूसरी backward classes के फायदे के लिये यह loans देना चाहते हैं, लेकिन दूसरी तरफ उस के साथ ही ऐसी बंदिश लगा देते हैं Surety की यानी ज़ामन की जोकि किसी तरह से भी वे पूरी नहीं कर सकते। मैं यह बात बतौर वकील के कहता हूं कि जब तक Surety को पता है या वह देखता है कि किसी backward class के मैम्बर के पास ज़मीन या जायदाद है तब तक ही वह Surety बनता है। अगर किसी के पास ज़मीन या जायदाद न हो तो उन का ज़ामन कोई नहीं बनता। फिर दफा सात में लिखा हुआ है कि loan 20 half-yearly equated instalments में repay किया जाएगा। इस का मतलब यह होगा कि 10 साल के अरसे के लिए वह ज़ामन Inspector के तौर पर उस के ऊपर खाने के लिये बैठा रहेगा। अगर वाकई सरकार का उन लोगों को फायदा पहुंचाने का मकसद है तो उसे यह शर्त उड़ा देनी चाहिये। अगर उस ग़रीब के पास कोई जायदाद न होगी, तो Surety का अंगूठा लगवाने के लिये पैसा नहीं दे सकेगा और ज़ामन को satisfy नहीं कर सकेगा। इस के अलावा जब ज़ामन Controlling authority के पास जाएगा तो उस का सारा खर्च उस ग़रीब आदमी को बरदाश्त करना पड़ेगा। अगर उस को एक हज़ार या पांच सौ रुपया loan मिलना है तो उस में से दो सौ रुपया 10 साल में ज़ामन ही खा जाएगा। ऐसी सूरत में मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि अगर वाकई गवर्नमेंट की intention उनकी सहायता करने की है तो जो उस की प्रापर्टी है उस पर, उस के personal bond पर ही उस को loan मिल जाना चाहिये। यह Surety का झगड़ा बिल्कुल खत्म कर देना चाहिए। यह बड़ी माकूल बात है। अगर गवर्नमेंट महसूस करती है कि उन में economic backwardness है, हरिजन पिछड़े हुए हैं, उन की माली हालत बहुत कमज़ोर है और वह independently कोई कारोबार नहीं कर सकते तो उन को loan देने के लिये इन शरायत को न

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री इन्द्र सिंह]

रखे। ज़ामन की बड़ी भारी श्रौर कड़ी शर्त है। दस साल के लिये वह खाता रहेगा, उस पर हकूमत करता रहेगा श्रौर उस ग़रीब के लिये बड़ी भारी obligation होगी। उस permanent liability को वह discharge नहीं कर सकेगा। यह इस बिल में बहुत कमज़ोरी है, इस को दूर करना चाहिये। यह बहुत बड़ी बात नहीं है। वह 10 वर्ष में रुपये कमा कर कर्ज़ा उतार देगा, इस लिये गवर्नमैंट को उस की personal property तक ही इस Surety को महदूद रखना चाहिए। गवर्नमैंट वहां से कर्ज़ा realize कर सकती है। Surety की बात नहीं होनी चाहिए। मुझे श्राशा है कि वज़ीर साहिब, जिन्होंने यह बिल पेश किया है, इस तकलीफ को महसूस करेंगे श्रौर loan के साथ जो Surety का घुन लगा दिया गया है उस को दूर करने की कोशिश करेंगे श्रौर संजीदगी के साथ इस बात पर विचार करेंगे। दूसरे यह जो लिखा है "and the person and property of the applicant as well as of the Surety..........." मैं चाहता हूं कि personal bond पर ही कर्जे की repayment का सिलसिला रहना चाहिए; as well as Surety नहीं रहना चाहिए।

मेरी जो तीसरी amendment है "Provided that the controlling authority may in any case exempt the applicant from furnishing a Surety," इस के बारे में यह गुज़ारिश है कि इस proviso के द्वारा controlling authority को discretion दे दी गई है कि वह जिस को चाहे कर्ज़ा दे, जिस को न चाहे न दे। ऐसी सूरत में इस श्रख्तियार का misuse होने का खतरा है। मिसाल के तौर पर श्रगर चार applicants हैं श्रौर उन के बराबर के केस हैं तो controlling authority श्रपने किसी श्रादमी को या किसी ऐसे श्रादमी को जिस में गवर्नमैंट interested है—कोई खास श्रादमी है—उस को loan दे देगी श्रौर दूसरे को नहीं देगी। इस के ज़रिए controlling authority को बहुत वसीह श्रख्तियारात मिल जाएंगे। Controlling authority को इस किस्म की खतरनाक discretion देने से वह purpose जिस के लिए यह बिल लाया गया है फौत हो जाएगा; जिस को मर्ज़ी हो exempt कर दे, जिस को न मर्ज़ी हो न exempt करे—यह ठीक नहीं है। जब उसी purpose के लिये application देनी है श्रौर उसी manner में देनी है तो ऐसी discretion देना कि किसी को exempt कर दे कि Surety न दे, personal bond न दे—नाजायज़ बात है, बिल के मनशे से तजावज़ करने के बराबर है। इस से बड़ा भारी misuse होने का खतरा है। Favouritism होगी श्रौर corruption होगी, यह सारी बातें इस clause में भरी पड़ी हैं। इसलिए यह चीज़ personal bond तक ही महदूद रहनी चाहिए। हर एक के साथ fair treatment होना चाहिए। सब को एक ही level पर रखा जाना चाहिए। श्रगर exemption की proviso लगी रहने दी गई तो जो कानून का सब को बराबर का treatment देने का मनशा है वह

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

बात नहीं रहेगी। ऐसी सूरत में मैं यह गुजारिश करूंगा कि यह proviso उड़ा दी जानी चाहिये। अगर वाकई गवर्नमेंट इमानदार है और वह उन लोगों की सहायता करना चाहती है तो इस क्लाज़ की सब क्लाज़ (2) में यह जो "as well as Surety" के अलफाज़ हैं इन को उड़ा देना चाहिए। इस को ज्यों का त्यों रखने से बिल का असली मकसद बिल्कुल हासिल नहीं होगा।

Mr. Deputy Speaker : Motions moved—

In sub-clause (2), line 2, *for* "one surety" *substitute* "personal bond".

In sub-clause (2), line 3, *delete* "as well as of the surety".

Delete the proviso to sub-clause (2).

Mr. Deputy Speaker : Chaudhri Chambel Singh, your amendment has already been moved.

Chaudhri Chambel Singh : No, Sir.

Mr. Deputy Speaker : Your amendment is that the proviso to sub-clause (2) be deleted. It has already been moved by Chaudhri Inder Singh.

(*At this stage Mr. Speaker occupied the chair*)

Chaudhri Dharam Singh Rathi (Sambhalka) : Sir, I beg to move—

In sub-clause (2), line 2, *for* "one surety" *substitute* "personal bond".

In sub-clause (2), lines 2-3, *for* "and the person and property of the applicant" *substitute* "property of the neighbouring congressman".

अध्यक्ष महोदय : आप की दूसरी amendment तो आ नहीं सकती थी। (The second amendment of the hon. Member was out of order.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब; अब तो आ गई।

अध्यक्ष महोदय : किसी वक्त उन में से आप भी हो सकते हैं। (Some time he can also be one of them.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं तो तैयार हूं ज़मानत देने के लिए।

स्पीकर साहिब, यहां लिखा है कि backward classes के जो लोग loans के लिए apply करें वह ज़ामन भी साथ लाएं। मुझे तजरुबा है—रोज़ाना मैं देखता हूं कि जहां कहीं भी उन गरीब लोगों के साथ ज़ामन आता है, जितनी भी रकम उन्हें कर्ज़े की मिलती है सारी की सारी वही ले जाता है, वह खुद हज़म कर जाता है— applicant के पल्ले कुछ नहीं पड़ता। बहुत से हरिजनों को मकान बनाने के लिए कर्ज़ा मिला। लेकिन साथ ही गवर्नमेंट ने यह शर्त लगा दी कि ज़ामन साथ लाओ। 70, 80 फीसदी cases में, मैं जानता हूं, जहां कि जो ज़ामन साथ आए वही सारी रकम ले गए और बेचारे हरिजन देखते रह गए। इसलिए मैं चाहता हूं कि अगर सही तौर पर हरिजन भाइयों को फायदा पहुंचाना मकसूद है तो मेरी जो यह तरमीम है, इस को adopt कर लिया जाए और जो ज़मानत वाली बात है इस को उड़ा दिया जाए। वरना, स्पीकर साहिब, मैं मिनिस्टर इंचार्ज को बताना चाहता हूं कि इस से हरिजनों को बिल्कुल फायदा नहीं होगा बल्कि जो होशियार और समझदार कांग्रेस वाले मेरे साथ बैठे हैं, वही सारे रुपए को ले जाएंगे जब कि हरिजन बेचारे मुंह ताकते रह जाएंगे.....

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : अगर आप M.L.A. of the constituency कर दें तो अच्छा रहेगा। (It would be better if in its place the words 'an M.L.A. of the constituency' are substituted.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : अगर ये सारे पंजाब की जिम्मेदारी ले लें तो मैं अपने हलके वालों का ज़ामन बनने के लिए तैयार हूं। (*Interruptions*) तो स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि हरिजनों को जो आमदनी होती है, जो उन का माल होता है उस को ये कांग्रेस वाले खा जाते हैं। मैंने कई बार देखा है........

अध्यक्ष महोदय : आप कौन सी बातों में पड़ गए। (To what irrelevant things the hon. Member is digressing ?)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि कांग्रेस वालों का यह हाल है (*Interruptions*)।

अध्यक्ष महोदय : दर असल आप की amendment है ही out of order ज़रा heavy work होने की वजह से यह मेरी नज़र से slip कर गई है। (In fact, the amendment moved by the hon. Member is out of order. Due to heavy rush of work it escaped my notice.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : इसी लिए तो मैं वजह बयान कर रहा हूं कि उन्हीं को बनाया जाना चाहिए। उस की वजह यह है कि उस हरिजन का तमाम दूध, तमाम पैसा, तमाम माल, तमाम जायदाद वही कांग्रेसी ले जाते हैं जो उन के पड़ौस में रहते हैं। यह सब कुछ वह खा जाते हैं, वही पी जाते हैं और आखिर में वे बेचारे हरिजन मकरूज़ हो जाते हैं।

अध्यक्ष महोदय : It is not in good taste. जब वह आप को retort करेंगे तो आप flare up हो जाएंगे। (It it not in good taste. The hon. Member would get flared up when they retort to it.)

Sardar Bhupinder Singh Mann : Mr. Speaker, Sir, any amendment which is superficial....

Mr. Speaker : This is superficial.

Sardar Bhupinder Singh Mann : ....and not to the point, cannot be permitted to be moved.

Mr. Speaker : I am not going to permit it.

चौधरी धर्म सिंह राठी : हमारे मान साहिब को बहुत देर से ख्याल आया....... अब लकीर को पीट रहे हैं। खैर, स्पीकर साहिब, मैं ज़्यादा नहीं कहना चाहता, सिर्फ यही कहूंगा कि ये यह सारा रुपया जो हरिजनों से लिया जाना है, वह उन के पड़ोसी कांग्रेसियों से वसूल होना चाहिए।

Mr. Speaker : Motions moved—

In sub-clause (2), line 2, *for* "one surety", *substitute* "personal bond".

In sub-clause (2), lines 2-3, *for* "and the person and property of the applicant" *substitute* "property of the neighbouring congressman".

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : जहां तक इन amendments का ताल्लुक है मैं अर्ज़ करूं कि यह बिल loans देने के लिए है। यहां पर किसी grant या subsidy का सवाल नहीं। Loans का fundamental principle यह होता है कि जो कर्ज़ा दिया जाए वह वापस भी मिल सके ताकि उसी पैसे को common good के लिए दुबारा दूसरे कामों के लिए इस्तेमाल में लाया जा सके। जो fund create होगा, अगर वह आहिस्ता २ कम होता चला जाए–घटता जाए तो फिर इस चीज़ पर गौर करना पड़ेगा कि इस loans को स्कीम को जारी रखा जाए या न। जैसा कि सरदार उमराओ सिंह जी ने बताया शायद यह पहला मौका है जबकि एक ऐसा ऐक्ट पास किया जा रहा है जिस में बगैर किसी सूद के loans देने की स्कीम या तजवीज़ है। इतना ही नहीं। वह loans भी ऐसे हैं जो 20 instalments में वापस होंगे। इसी लिए हमने यह सोचा है कि जब इतनी easy instalments पर loans दिए जा रहे हैं तो ज़रूरी है कि उन की वापसी के लिए कोई surety हो ताकि कहीं ऐसा न हो कि एक loan की रकम वापस ही न मिल सके और इस वजह से जो fund है वह कम होता जाए और जैसा कि मैंने पहले अर्ज़ किया कि गवर्नमेंट को सोचना पड़े कि loans की स्कीम को जारी रखा जाए या न। इसलिए यह एक बड़ी मामूली सी restriction लगाई है कि कोई न कोई ज़ामन हो, और ज़ामन होना भी लाज़मी है। इसलिए जो 'personal bond' वाली तरमीम है वह, मैं समझता हूं, इस बिल के interest में नहीं है—स्कीम के interest को promote करने के लिए नहीं, क्योंकि ऐसे cases भी हो सकते हैं जहां personal bond पर loans वापस न हों।

बाकी जो बातें राठी जी ने कहीं वह इस ढंग से कही गई हैं कि जिन का जवाब न ही दिया जाए तो अच्छा है। एक मैम्बर साहिब का अपना तजरुबा हो सकता है। 60, 70 प्रतिशत अपने हलके के आदमियों के बारे उन्हें तजरुबा हो सकता है। मैं समझता हूं कि उन का यह तजरुबा अपने हलके या अपनी ज़ात तक ही महदूद है। इसलिए इस बात को छोड़ता हुआ मैं अर्ज़ करूंगा कि surety का provision ज़रूरी है—निहायत ज़रूरी है।

जहां तक proviso का ताल्लुक है, मैं चौधरी इन्द्र सिंह की बात में वज़न महसूस करता हूं। इसलिए अगर इस proviso को हटा देना मकसूद हो तो जैसा चौधरी चम्बेल सिंह जी ने भी amendment दी है, मुझे ज़ाती तौर पर इस के accept किए जाने पर कोई एतराज़ न होगा। लेकिन मैं आप से अर्ज़ करता हूं कि हम ने यह proviso क्यों रखा है। वह इसलिए रखा है ताकि अगर कोई ऐसा मुस्तहिक case हो जो surety न पेश कर सकता हो लेकिन otherwise काबिल हो तो उस के लिए यह condition waive कर दी जाए ज़ाहिर है कि यह provision खास खास cases में, deserving cases में सहूलियत देने के लिए रखा गया है। लेकिन अगर हाऊस यह समझता है कि यह proviso किसी तरह favouritism या nepotism के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है। तो मुझे कोई एतराज़ नहीं अगर इस को delete कर दिया जाए। यह हाऊस की इच्छा है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

In sub-clause (2), line 2—, *for* "one surety" *substitute* "personal bond",

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In sub-clause (2), line 3—, delete "as well as of the surety".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

delete the proviso to sub-clause (2).

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In sub-clause (2), line 2, *for* "one surety", *substitute* "personal bond".

The motion was lost.

Chaudhri Dharam Singh Rathi : Sir, I withdraw my second amendment.

Mr. Speaker : Question is—

In sub-clause (2), lines 2-3, *for* "and person and property of the applicant" *substitute* "property of the neighbouring congressman".

The motion was, by leave, withdrawn.

Mr. Speaker : Question is—

That clause 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 6

Mr. Speaker : Question is—

That clause 6 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 7

Mr. Speaker : Now the House will consider clause 7.

Shri Inder Singh (Jind 'G') : Sir, I beg to move—

In the proviso, line 4, *for* "two" *substitute* "five".

इस बिल में एक बात साफ ज़ाहिर है कि जो loan दिया जाना है उस की रकम बहुत थोड़ी होगी और यह 20 yearly instalments में वापस देना पड़ेगा । इस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

मतलब के लिये केवल दो लाख रुपये की रकम रखी गई है। ऐसी सूरत में यह loan थोड़े से आदमियों को ही मिल सकेगा और यह बहुत थोड़ा होगा। इसलिए सालाना जो रकम वापस की जायेगी यानी जो उस की return होगी मैं अर्ज़ करूं कि वह भी बहुत थोड़ी होगी। वैसे तो यह चीज़ इस बिल के objects and reasons में बहुत laudable है। इन में इन्हों ने कहा है

> "to establish themselves in the professions of law, medicine, engineering and architecture on account of lack of finance".

तो, जनाब, law, medicine, engineering और architecture ऐसे professions हैं जिन में कोई भी आदमी एक एक हज़ार रुपये की इतनी थोड़ी रकम से fully establish नहीं हो सकता। हां, दो-तीन साल सख्त मेहनत करने के बाद तो वह अपना गुज़ारा करने के काबिल हो सकता है। लेकिन इतनी मेहनत करने के बाद उस को इतनी ही आमदनी हो सकेगी जिस से वह मुश्किल से अपना गुज़ारा कर सकेगा। पहले दो साल तो वह अपने पास से ही खायेगा। अगर दो साल के बाद उसे loan repay करने के लिए कहा जाए तो मैं समझता हूं कि यह एक हाथ से कर्ज़ा देने और दूसरे हाथ से वापस ले लेने वाली बात होगी। इसलिये इस तरह से इस बिल का मकसद हल नहीं होगा। अगर यह बिल फ़िल वाक्या ही उन की मदद करने के लिये मकसूद है तो यहां दो साल की बजाये पांच साल कर दिये जायें ताकि वह मेहनत कर के अपने आप को establish कर सकें और इस कर्ज़े की रकम को वापस देने के काबिल हो जायें। इस मतलब के लिये उन्हें पांच साल का लम्बा अरसा दिया जाय ताकि वह यह रुपया invest कर के कमाने के काबिल हो जायें। एक दो साल के अरसे में तो वह कुछ भी नहीं कर सकेंगे। अगर एक आदमी Law में practice करने लगेगा तो एक साल में तो उस को मुअक्कल ही नहीं मिलेंगे। छः महीने तो उसके as apprentice काम करने में गुज़र जायेंगे। इसी तरह medicines में होगा। Medical line में दो साल में तो मुश्किल से उसे तजरुबा ही हासिल होगा और दो साल तक तो अपने पास से ही खर्च करता रहेगा। इसी तरह से architecture के पेशे में होगा। दो साल तक तो उसे भी training लेनी पड़ेगी और तजरुबा हासल करना पड़ेगा। चाहे कोई भी पेशा हो Lawyer का हो, डाक्टर का हो, engineer का हो या architecture का हो उस में fully settle होने के लिये दो साल का अरसा नाकाफी है। पांच साल मेहनत कर के पैसा कमाने के बाद ही वह कर्ज़ा repay करने के काबिल हो सकता है। इसलिये मैं उम्मीद करता हूं कि मिनिस्टर साहिब पिछली बार की तरह न करते हुए इस amendment को मान जायेंगे और इसे definitely मंज़ूर कर लेंगे। अगर वह यह थोड़ी सी रियायत उन्हें दे देंगे तो सरकारी खज़ाना खाली नहीं हो जायेगा। यह तो मामूली सी बात है। दो लाख रुपये की वसूली पांच साल में केवल 10 हज़ार रुपया सालाना बनती है। अगर यह पांच साल देर से हो जायेगी तो इस का सरकारी खज़ाने पर कोई खास असर नहीं पड़ने लगा। ऐसी सूरत में उन्हें काफ़ी सहूलतें मिलनी चाहियें। मैं यह कहूंगा कि अगर सरकार ईमानदारी से यह कहती है कि उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा सहूलतें दी जानी चाहियें तो इसे मेरी यह तरमीम मान लेनी चाहिये और अगर यह stunt के तौर पर ही कहती है तो दूसरी बात है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Motion moved—

In the proviso, line 4, *for* "two" *substitute* "five".

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, इस clause पर मेरी दो amendments हैं ।

अध्यक्ष महोदय : एक तो चौधरी इन्द्र सिंह ने move कर दी है, आप दूसरी move करें। (One amendment has already been moved by Chaudhri Inder Singh, therefore, the hon. Member may move the second one.)

Chaudhri Dharam Singh Rathi : Sir I beg to move—

In line 2, *for* "20" *substitute* "40".

In line 4, for "two" substitute "five."

स्पीकर साहिब, अगर मुद्दा यही है कि हरिजनों को फ़ायदा हो और उन को वसूली के बारे में तंग न किया जाए तो बढ़िया तरीका यही है कि जो कर्ज़ा 20 किश्तों में और 10 साल के अरसे में वसूल होना है उस की वसूली 40 किश्तों और 20 सालों में हो । इस तरह से वह लोग repayment को महसूस नहीं करेंगे ।

6-00 p. m.

दूसरी बात यह है कि वह लोग इस कर्ज़े को अच्छे तरीके से इस्तेमाल कर सकें और इस से फ़ायदा उठा सकें । इस के लिये यह ज़रूरी है कि जो 2 साल की मयाद रखी गई है जिस के बाद वसूली शुरू होनी है, यह थोड़ी है । यह 5 साल होनी चाहिए क्योंकि कर्ज़ा से दो साल में कुछ नहीं बनेगा । कर्ज़ा देने का मतलब तो यह है कि इस रुपए को लगाकर वह कुछ फ़ायदा उठा सकें । पर अगर repayment दो साल में शुरू हो जाए तो कोई चीज़ नहीं बनेगी, कोई मुनाफा नहीं होगा और अगर वह कमा नहीं सकेंगे तो देंगे कहां से ? हां, अगर ज़बरदस्ती as arrears of land revenue ही वसूली करनी है तो बात जुदी है । अगर नीयत उन को बसाने की है तो 5 साल का वक्फा ज़रूर दिया जाना चाहिए । इस दौरान में उन की कुछ आमदनी भी हो जाएगी तो आप को भी कुछ दे सकेंगे वरना सिवाए उन के मकान कुर्क कराने के, उन के बर्तन और चारपाई लेने के और कोई बात न होगी । अगर यही मुद्दा है तो यही ठीक है वरना 5 साल का अरसा दें । आप शायद इस amendment को न मानें क्योंकि यह Opposition की तरफ से आई हैं । मगर मैं कहूंगा कि आप बेशक और amendments न मानें मगर यह एक ऐसी amendment है जो बहुत ज़रूरी है और इन लोगों के फ़ायदे के लिए है जो गरीब हैं । इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि कम से कम Finance Minister साहिब पर इस बात का असर होगा और परमात्मा के लिए वह इस को मंजूर फरमायेंगे ।

Mr. Speaker : Motions moved—

In line 2, *for* "20" *substitute* "40"

In line 4, *for* "two" *substitute* "five".

ਸਰਦਾਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ (ਰਾਏਕੋਟ 'ਰਜ਼ਿਰਵਡ') : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਠੀਕ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਦੋ ਸਾਲਾਂ ਮਗਰੋਂ instalments ਦੀ repayment ਦੇ ਸ਼ੁਰੂ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਹੋਣ ਨਾਲ ਇਸ Bill ਦਾ ਕੋਈ ਫ਼ਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ ਅਤੇ ਕਰਜ਼ਾ ਲੈਣ ਵਾਲਾ ਇਹ ਮਹਿਸੂਸ ਕਰੇਗਾ ਕਿ ਉਸ ਨੂੰ ਬਹੁਤ ਛੇਤੀ ਹੀ ਦਬੋਚ ਲਿਆ ਜਾਵੇਗਾ। ਪਰ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ 5 ਸਾਲ ਦਾ ਅਰਸਾ ਵੀ ਕੁਝ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ। ਇਹ ਵਕਫ਼ਾ 4 ਸਾਲ ਦਾ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਯਾਨੀ 4 ਸਾਲਾਂ ਮਗਰੋਂ instalments ਦੀ repayment ਸ਼ੁਰੂ ਹੋ ਜਾਵੇ। ਇਹੀ ਗੱਲ ਮੈਂ ਕਹਿਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਸਾਂ।

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) :स्पीकर साहिब, वैसे तो मैं समझता हूं कि इस clause में जो provision है वह मुनासिब है कि दो हज़ार रुपया 20 साल में वापिस लिया जाए। मतलब इस का यह होगा कि कर्ज़ा देने के बाद, साल में दो दफा सौ सौ रुपया की instalment ली जाएगी। यह कोई नाजायज़ बात नहीं है। दो हज़ार रुपए किसी ऐसे आदमी को दिए जाएंगे जो काम करने वाला होगा, जो बाकायदा इसे काम में इस्तेमाल करेगा, जिस से return होगी। इसलिए यही मुनासिब था कि यह clause इसी तरह रहे। लेकिन इत्तिफाक की बात है कि राठी साहिब ने परमात्मा का नाम लिया है और उन के मुंह से पहली दफ़ा House ने सुना है... (आवाज़ें) इसलिए मैं समझता हूं कि यह दो साल की मयाद कुछ बढ़ा दी जाए। मगर 5 साल की मयाद ज़्यादा है इसलिए मैं अर्ज़ करता हूं कि अगर यह चार साल कर दी जाए तो ठीक है। (तालियां)।

अध्यक्ष महोदय : मगर ऐसी कोई amendment move नहीं की गई। (But no such amendment has been moved.)

वित्त मंत्री : मैं अभी लिख कर दे दूंगा।

चौधरी इन्द्र सिंह : एक साल परमात्मा के लिए दे दें।

Mr. Speaker : Order please.

(*At this stage Chaudhri Hari Ram stood up to say that he had given notice of such an amendment.*)

अध्यक्ष महोदय : (श्री हरी राम को) आप को या तो पहले amendment देनी नहीं चाहिए या फिर alert रहना चाहिए ताकि वक्त पर आप अपनी amendment move कर सकें। यह नहीं हो सकता कि जब मर्ज़ी हुई उठ कर चले गए और आप की amendment भी consider हो जाए। यह इतनी अहम amendment थी, कि उन्होंने इस का मकसद आप की ग़ैरहाज़री में accept भी कर लिया है। (*interruption*) (Addressing Shri Hari Ram) (Either he should not give notice of an amendment or should remain on the alert so that he may be able to move his amendment at the proper time. It is not possible that the hon. Member should leave the House at his sweet will and still his amendment be taken into consideration in his absence. This was so important an even in his amendment that the Government has accepted its purport absence.) (*interruption*)

अध्यक्ष महोदय : अब मियाद चार साल हो गई है, उन का परमात्मा एक साल कम रह गया (हंसी)। (The period has been accepted at four years. His God has fallen short by one year.) (*laughter*)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Minister for Finance : Sir, I beg to move—

That in line 4, *for* "two" *substitute* "four".

Mr. Speaker : Motion moved—

That in line 4, *for* "two" *substitute* "four".

Mr. Speaker : Question is—

In the proviso, line 4, *for* "two" *substitute* "five".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 2, *for* "20" *substitute* "40".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

In line 4, *for* "two", *substitute* "five".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That in line 4, *for* "two" *substitute* "four".

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That clause 7, as amended, stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 8

Mr. Speaker : Now the House will consider clause 8.

मैं आप को बता दूं कि clause को delete करने की amendment का कोई मकसद नहीं होता। आप इस को note out कर दें। It need not be moved. (Now the House will consider clause 8. I may tell the hon. Members that Amendment for the deletion of the clause does not serve any purpose. They may note it out. It need not be moved.)

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, इस clause के दो हिस्से हैं। एक तो है inspection of the premises या दूसरी चीज़ जो कर्ज़े के लिए कोई देगा और दूसरा हिस्सा है information furnish करने के मुतअल्लिक। जहां तक inspection का ताल्लुक है यह बुरी चीज़ है। जो Controller होगा वह गरीबों

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

के घर जा कर किसी वक्त भी उन के कामों में दखल अन्दाज़ी करेगा । इस तरह गरीबों के साथ ज़्यादती होगी । इस में ऐसी कोई बात नहीं है कि वह किस वक्त न जाए । हम ने देखा है कि जिस Act में ऐसी clause होती है अफसरान उस का नाजायज़ फ़ायदा उठाते हैं, नाजायज़ काम करते हैं और उन के घर नाजायज़ वक्त पर जाते हैं ताकि नाजायज़ बातें कर सकें, रुपया ऐंठ सकें । इस तरह यह corruption बढ़ाने वाली clause है, जनता को डराने की clause है जो पास नहीं होनी चाहिए ।

दूसरा हिस्सा information furnish करने के मुतअल्लिक है । इस बारे में मेरी एक amendment है ....

अध्यक्ष महोदय : आप यह amendment move न करें । आप वैसे इस क्लाज़ की मुखालिफत में बोल लें क्योंकि आप की amendment clause 8 को delete करने के बारे में है । इस का फैसला खुद ही हो जाएगा जब इस पर vote होगा । (The hon. Member need not move this amendment. He may oppose the clause as his amendment relates to the deletion of the clause 8. This issue will be automatically decided when the clause is put to vote.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब, मैं अपनी amendment को move नहीं करता । मैं इस सारी clause की मुखालिफत कर रहा हूं । सो मैं कह रहा था कि इस क्लाज़ के part (b) का सम्बन्ध information furnish करने के मुतअल्लिक है । मुझे पता नहीं कि हमारे फाइनैंस मिनिस्टर साहिब ने किस तरह से यह समझ लिया है कि हरिजन और Backwards Classes के लोग पढ़े-लिखे होते हैं और वह information लिख कर furnish कर देंगे । हरिजन तो पढ़े-लिखे होते नहीं, इसलिए जब information देंगे तो उन्हें वह किसी से लिखवानी पड़ेगी और उस के लिए उसे पैसे देने पड़ेंगे । इस से साफ ज़ाहिर होता है कि हमारे फाइनैंस मिनिस्टर साहिब हर एक चीज़ में गरीब हरिजनों को तंग कर रहे हैं । इन्हें यह भी देखना चाहिये कि क्या इस बिल मे कोई ऐसी provision है जिस से गरीब हरिजनों को असुविधा होती है या नहीं ।

वित मंत्री : हमारे फाज़िल दोस्त गलत समझे हैं ।

चौधरी धर्म सिंह राठी : हम ने, स्पीकर साहिब, देखा है कि जो factories में काम करते हैं वह एक जमात भी नहीं पढ़े होते और जो फाज़िल दोस्त पढ़े लिखे होते हैं वह फायदा उठाते हैं । फैक्ट्रीज़ में काम करने वाले तालीमी तौर पर तो अनपढ़ ही होते हैं परन्तु अपने काम में वह कई पढ़ लिखों से भी बढ़ कर हैं । हरिजनों में भी यही बात है, जिन के बारे में हमारे फाइनैंस मिनिस्टर साहिब यह बिल ला रहे हैं और उन्हें सहूलतें देना चाहते हैं कि उन में पढ़े लिखे बहुत कम होते हैं । इस loan को लेने के लिए अगर कोई दरखास्त भी लिखवाते हैं तो उन्हें पैसे देने पड़ते हैं । इसी तरह जब भी loan लेने जाते हैं तो उन्हें खर्च करना पड़ता है । इस का मतलब तो यह है कि दो हज़ार रुपया जो सरकार की तरफ से इस बिल के ज़रिए per case दिया जा रहा है वह रुपया तो लिखवाने पढ़ाने में ही चला जाएगा और हरिजनों को या backward classes को, जिनके लाभ के लिए यह बिल लाया जा रहा है, इस से कोई फायदा न होगा । इन अलफाज़ के साथ मैं इस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चौधरी धर्म सिंह राठी]

सारी क्लाज़ की मुखालिफत करता हूं और इस clause 8 में जो inspection की sub-clause (a) और information देने के बारे में sub-clause (b) है यह बिलकुल नहीं होनी चाहिएं। कम से कम हरिजन भाइयों पर तो फाइनेंस मिनिस्टर साहिब को रहम करना चाहिए। इस के लिए मैं एक यह suggestion भी देना चाहता हूं कि जब इस बिल के अधीन rules बनाए जाएं तो उन में यह प्रबन्ध कर दिया जाए कि information तहरीरी न देनी पड़े और इन्स्पैक्टर वहां जा कर अपने तौर पर information ले आया करें। इन अलफाज़ के साथ में इस क्लाज़ की मुखालिफत करता हूं। यह क्लाज़ पास नहीं होनी चाहिए। अगर यह पास भी कर दी जाए तो मैं दरखास्त करूंगा कि फाइनेंस मिनिस्टर साहिब assure कर दें कि वह इस के बारे में rules में provision कर देंगे कि information ज़बानी furnish करें।

वित्त मन्त्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, यह तो मैं अच्छी तरह समझता हूं कि दर हकीकत राठी साहिब ने जो कुछ कहा है वह उन के दिल की आवाज़ न थी। जहां तक उनकी इस क्लाज़ की मुखालिफत का सम्बन्ध है, मैं समझता हूं कि यह गैर-ज़रूरी है। उन्होंने क्लाज़ 8 की sub-clauses (a) and (b) को तो पढ़ा है परन्तु इस से पिछली lines को नहीं पढ़ा। वहां पर यह लिखा हुआ है—

"any borrower who makes default in the repayment of the loan or any instalments thereof shall be bound—"

तो इस definition के मुताबिक अगर कोई borrower loan की repayment में defaulter हो या instalment की अदायगी न करे तो उसके लिए यह ज़रूरी समझा गया कि इस तरह के provisions रखे जाएं। इस तरह जो दो-एक बातें ज़रूरी समझी गईं वह इस क्लाज़ में रखी गई हैं। अगर आप यह चाहते हैं कि defaulter के लिए भी कोई ऐसा provision न रखा जाए तो मेरा ख्याल है कि शायद ही कोई स्कीम चालू की जा सके। इस लिए अगर आप यह चाहते हैं कि कोई ऐसा provision इस बिल में न रखा जाए जोकि बाधा डाले तो मैं समझता हूं कि केवल criticism के ख्याल से इस तरह की suggestions देनी मुनासिब नहीं और न ही लोगों की भलाई के ख्याल से ऐसी suggestions हो सकती हैं। इन से न तो किसी स्कीम पर अमल दरामद हो सकता है और न लोगों को फायदा। इस लिए यह suggestion काबिले कबूल नहीं है।

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 8 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 9

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, क्लाज़ 9 वह है जिस से खतरा है कि इस के द्वारा दी जा रही powers का misuse होगा। इस के बारे में मेरी amendment यह है कि क्लाज़ 9 को delete कर दिया जाए। क्लाज़ 9 के अन्दर साफ़ तौर पर लिखा हुआ है कि controlling authority inspection करे और अगर उसे requisite

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

information न मिले और वह satisfied हो कि जो कर्ज़ दिया गया था वह सही काम पर और सही शर्तों पर नहीं apply किया गया तो controlling authority फौरन ही लिख दे कि फलां आदमी ने कर्ज़े की तमाम शर्तों को पूरा नहीं किया, इसलिए इसको दिए गए कर्ज़े की फौरन वसूली होनी चाहिए। इस चीज़ से मुझे डर है कि आप इस बिल के द्वारा executive authority को इतनी wide powers दे रहे हैं जिन्हें वह misuse करेंगे। अगर यह तमाम powers जो clause 9 में दर्ज हैं executive के हाथ में सौंप दी गईं तो मैं फाइनैंस मिनिस्टर से अर्ज़ करूंगा कि जिस मकसद के लिए यह कानून बनाया जा रहा है वह मकसद फौत हो जाएगा; यह जो Act Backward Classes के लिए और गरीबों के लिए बनाया जा रहा है इसके purpose और objects बिल्कुल खत्म हो जाएंगे। इसलिए इस क्लाज़ में सरकार की ओर से तरमीम लाई जाती तो अच्छा था। यह तो मैं जानता हूं कि हमारे फाइनैंस मिनिस्टर के दिलो दिमाग में यह बात ज़रूर है कि यह क्लाज़ नहीं होनी चाहिए। वह मजबूर हैं क्योंकि अफसरान ने लिख कर बिल आगे रख दिया है; अब बेचारे क्या करें? मजबूर हो कर support करे जा रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : देखिए आप यह अलफाज़ इस्तेमाल न करें कि 'यह बेचारे हैं, मजबूर हैं'। यह ठीक नहीं। (The hon. Member should not use such words as 'Bechare Hain', 'Majbur Hain'. These are not in good taste.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब, मैं अफसरान को बेचारे नहीं कह रहा, मैं तो फाइनैंस मिनिस्टर साहिब को कह रहा हूं। (हंसी)। अगर यह मेरे दिलो दिमाग की बात जानते हैं तो मैं भी इनके दिलो दिमाग की बात थोड़ा बहुत जानता हूं।

अध्यक्ष महोदय : आप दिलो दिमाग बदल लें तो अच्छा हो। (हंसी)। (It would be better if the hon. Member exchanges his heart and brain with the hon. Minister (*Laughter*).

चौधरी धर्म सिंह राठी : जनाब स्पीकर साहिब, जहां तक clause 9 का ताल्लुक है मैं बड़े ज़ोर से कहना चाहता हूं कि यह क्लाज़ पास नहीं होनी चाहिए और मैं आपकी मारफत इस हाउस के तमाम मैम्बरान से अपील करूंगा कि वह इस क्लाज़ की मुखालिफत करें। इस क्लाज़ के पास हो जाने से सरकार तमाम अख्तियारात उन आदमियों के हाथों में दे रही है जिन को गरीब हरिजनों और Backward Classes से कोई हमदर्दी नहीं। वह अपने अख्तियारात का नाजायज़ फायदा उठा कर हरिजनों को तंग करेंगे और गलत report कर देंगे कि इन्होंने कर्ज़े की शर्तों को पूरा नहीं किया; इसलिए इनके कर्ज़े की फौरन वसूली होनी चाहिए। इस तरह तो वह यह कहेंगे कि हरिजनों के पास घर नहीं रहना चाहिए, इन के पास सामान नहीं होना चाहिए वगैरह वगैरह। इस तरह मुझे डर है कि controlling authority गरीब हरिजनों को तंग करेगी। इस लिए मैं इस सारी क्लाज़ की मुखालिफत करता हूं। इस में हरिजनों की भलाई की कोई बात नज़र नहीं आती बल्कि उन्हें तंग करने की बात है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 9 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 10

अध्यक्ष महोदय : (चौधरी धर्म सिंह राठी को) आप फिर खड़े हो जाइये । आज आपका stamina test हो रहा है । (हंसी) (Addressing Chaudhri Dharam Singh Rathi) (The hon. Member may rise again on this clause. His Stamina is being tested to-day.) (*laughter*).

Mr. Speaker : Question is—

That clause 10 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 11

Shri Inder Singh (Jind 'G') : Sir, I beg to move—

In sub-clause (1), line 8, *for* "such" occurring for the first time, *substitute* "reasonable".

In sub-clause (2), line 4, *for* "as arrears of land revenue" *substitute* "through the process of law".

मैं ने यह दोनों amendments इसलिए देने की जरूरत महसूस की है कि गवर्नमेंट के पास तीन remedies हैं । एक दफ़ा 8 में, दूसरी दफा 9 में और तीसरी दफा 11 में । दफ़ा 9 में यह provision है कि अगर कोई borrower किसी order को comply न करे या loan को ठीक तरह न इस्तेमाल करे तो उसे notice दिया जाएगा । इसके बाद दफ़ा 10 के अनुसार इस नोटिस के मिलने के six weeks के अन्दर अपील कर सकता है । लेकिन इस दफ़ा 11 में यह प्रबन्ध है कि अगर दफ़ा 9 के मातहत loan को immediately recover करने के orders हों तो controlling authority अपील पर किए गए orders के मातहत एक notice दे सकती है कि within such and such time कर्ज़े की अदायगी करे । इस लिए मैं ने 'such' की बजाय 'reasonable' का लफ़्ज़ propose किया है क्योंकि लफ़्ज़ 'such' की कानून में कोई definition नहीं है । Whereas the word 'reasonable' has been defined in law and has a legal knack. यह 'such' word ऐसा है कि इसे कर्ज़े की वसूली के बारे में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता । मैं तो यह समझता हूं कि जो drafting की कमेटी थी या इसको बनाने वाले जो अफसर थे उन्होंने इस बात पर गौर नहीं किया कि इस लफ़्ज़ 'such' को misconstrue किया जाएगा और controlling authority इस लफ़्ज़ को misuse कर सकती है । इस लिए कर्ज़े की अदायगी के लिए reasonable मौका दिया

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जाना चाहिए। यह एक जायज़ मांग है और मेरा ख्याल है कि आप यह न ख्याल करेंगे कि यह amendment Opposition की तरफ़ से आई है बल्कि ज़रूरी समझ कर इसे मान लेंगे। अगर हरिजनों को कर्ज़े की अदायगी के लिए जायज़ वक्त और मौका न दिया गया तो इस बिल का मनशा फौत हो जाएगा। इस लिए मेरी amendment यह है कि sub-clause (1) line 8 में, पहले 'such' की बजाए 'reasonable' रखा जाए) क्योंकि कर्ज़े की नौईयत के मुताबिक उसकी वसूली के लिए 'such' जैसा discretionary word नहीं रखना चाहिए। इस से तो controlling authority को अपनी discretion पर time मुकर्रर करने का safeguard मिलता है और हरिजनों को जो safeguard इससे पहली क्लाज़ों में दिए गए हैं वह इस दफ़ा में 'such' लफ़्ज़ रख कर खत्म कर दिए गए हैं।

जनाब, मैं यह समझता हूं कि आप यह एक बहुत बड़ा काम कर रहे हैं, जोकि बग़ैर सूद के आप यह कर्ज़ा दे रहे हैं। मगर इस कर्ज़े की जिस ढंग से वसूली की जानी है, यह एक बड़ी भयानक चीज़ है जिस के नतीजे बड़े खतरनाक साबत हो सकते हैं। इस की सब-क्लाज़ (2) में लिखा है :--

> In case of default in complying with such notice the sums specified in the notice including costs, if any, incurred by the Government may be realized as arrears of land revenue.

इस कानून का मनशा तो बड़ा अच्छा था लेकिन कर्ज़े की amount अगर Arrears of land revenue के तौर पर realise करते हैं तो मैं समझता हूं कि बिल का जो मकसद है वह खत्म हो जाता है। जितना कर्ज़ा वह लेता है, उसके लिए वह surety या personal bond देता है और दफ़ा 8 के मातहत बिल्डिंग material का भी inspection करवाता है। तो कर्ज़े की वसूली as arrears of land revenue नहीं होनी चाहिए। दर असल अगर देखा जाये तो जब एक साहूकार से भी जो कर्ज़ा लेते हैं और जब उसकी वसूली नहीं होती, तो वह through court demand करता है। Court उस को Collector के पास भेजती है। तब जा कर कुछ होता है। मगर यहां सरकार court को power देने की बजाय उसे directly अपने हाथ में लेना चाहती है। इस लिए अगर वसूली arrears of land revenue की तरह से होगी तो यह clause बहुत सख्त और खतरनाक बन जाएगी। अगर applicant को यह मालूम हो कि कर्ज़े की अदम अदायगी की सूरत में उसका घर, औरतों के ज़ेवरात और पश्चात् खाने के दाने, बर्तन वगैरा भी सरकार ले लेगी तो वह यह कर्ज़ा लेने से पहले थोड़ी देर सोचेगा कि यह worth while भी होगा या नहीं, इस कर्ज़ा को लेने से उसे किसी तरह का कोई खतरा तो नहीं होगा। लेकिन जब वह इन मुश्किलात को देखेगा तो वह हिचकिचायेगा और कर्ज़ा लेने से परहेज़ करेगा। जहां सरकार इतनी बड़ी-बड़ी रकमें दे रही है; हज़ारों, लाखों, करोड़ों रुपया इधर-उधर बरबाद हो जाता है, सीमेंट की लाखों की बोरियां हज़म हो जाती हैं और कोई पूछ नहीं तो इस कर्ज़े की वसूली में क्यों इतनी सख्त शर्त रखी गई है ? यह arrears of land revenue की तरह से वसूल

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री इन्द्र सिंह]

नहीं होना चाहिए बल्कि सौ-सौ, दो-दो सौ रुपये की instalments में लेना चाहिये । 200 रुपए की instalments के ऊपर भी यह कानून नाफज़ करना, मैं समझता हूं, उन लोगों पर बड़ा भारी जबर होगा । इसलिए जनाब की मारफत मेरी वज़ीर साहिब से गुज़ारिश है कि जिस तरह एक साहूकार कर्ज़े की वसूली court की मारफत करता है, इसी तरह से इस कर्ज़े की वसूली होनी चाहिये । Government को खुदाई अख्तियार नहीं होना चाहिये कि जब वह एक कर्ज़ा बग़ैर सूद के देती है तो उसकी वसूली के लिये इतनी कड़ी शर्त रखे कि कर्ज़ लेने वाले का सारा असासा ही ज़बत कर लिया जाये । स्पीकर साहिब, यह बात ठीक नहीं है । इसलिये सरकार को भी कर्ज़े की वसूली अदालत की मारफत ही करनी चाहिये। ऐसी सूरत में अदालतों को यह देखने का मौका मिलेगा कि इस clause का कोई misuse तो नहीं किया गया । अगर वे courts में जायेंगे तो जिस तरह से कर्ज़ख्वाह को अपना रुपया साबत करना पड़ता है, जिस purpose के लिये वह कर्ज़ा दिया गया है, उसकी investigation करने का Civil Courts को मौका मिलेगा । अगर ऐसा नहीं होगा तो सरकार जो चाहे सो करेगी । वह खुद ही Courts के मुकाबिले, एक executive के रूप में काम करके, मकरूज़ का मकान और घर कुर्क करके उसको कंगाल बना देगी । इसलिये मेरी यह गुज़ारिश है कि इस पर ग़ौर फरमाया जाये और इसकी बजाये यह किया जाये कि जिस तरीके से एक ordinary citizen of the land अपने रुपये की वसूली कानूनी अदालतों की मारफत करता है इसी तरीके से सरकार भी through process of law कर्ज़े की वसूली करे । सरकार को unfettered अधिकार न दिये जायें और वह भी इतनी थोड़ी रकम के लिए । इस लिए words "as arrears of land revenue" की बजाय मेरी तरमीम मंज़ूर फरमाई जावे ।

Mr. Speaker : Motions moved—

In sub-clause (1), line 8, *for* "such" occurring for the first time, *substitute* "reasonable".

In sub-clause (2), line 4, *for* "as arrears of land revenue", *substitute* "through the process of law".

चौधरी धर्म सिंह राठी (संभालका) : स्पीकर साहिब, मैं ज़्यादा नहीं कहूंगा । जिस तरह चौधरी इंद्र सिंह जी ने कहा है, उनके मुंह से जो लफ़्ज़ निकले हैं, वह हरफ़ बहरफ़ सही हैं । कम अज़ कम इतना तो यह ज़रूर हो ही जाना चाहिये कि यह जो लफ़्ज़ 'arrears of land revenue' के हैं वह इस clause में नहीं रहने चाहियें । मेरी जो amendment है वह मैं withdraw करता हूं ।

अध्यक्ष महोदय : आपने तो move ही नहीं किया है, withdraw कैसे करते हैं । (The hon. Member has not moved his amendment. How does he withdraw it?)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य (सफीदों) : यह जो विधेयक आज आया है यह पिछड़े वर्ग को ऋण देने के लिए बहुत अच्छा है । यह हमें ही पता है कि पिछड़े हुए वर्ग के लोग कितने दुखी हैं और उनकी हालत कितनी बुरी हैं । मैं यह बात बड़े हर्ष से कहता हूं कि Government ने जो यह कदम उठाया है यह बहुत अच्छा है । देहात वालों की स्थिति आज इतनी खराब है

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

कि बहुत सारे साहूकार जो कर्जे देते हैं गरीब लोगों से 6·6 महीने नाजायज़ काम करवाते हैं और कई तरह की धमकियां देते हैं। यह गरीब मजबूर हो कर दबते रहते हैं। और वह किसी तरह से अपना काम चलाने में कामयाब नहीं होते। हमारे Finance Minister साहिब ने जो बिल पेश किया है, इसमें गरीब आदमियों का बड़ा भला होगा।

Chaudhri Dharam Singh Rathi : On a point of order, Sir. Is the hon. Member speaking on the Clause ? I think he is irrelevant.

अध्यक्ष महोदय : अभी दो मिनट और देख लेने दें। (Let me hear him for another two minutes more.)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य : एक तो यह जो पिछड़े हुए वर्ग का शब्द है यह मेरे दिल में शंका पैदा करता है कि पिछड़ा हुआ किस को गिना जाता है। हमारे देहातों के अंदर जो....

अध्यक्ष महोदय : आप तो General discussion में पड़ गये हैं। मुझे बतायें कि क्या आप इस clause पर आ रहे हैं या नहीं। (The hon. Member has started discussing the Bill in general. He may please let me know whether he is coming to the clause or not.)

श्री श्री कृष्ण शास्त्री वैद्य : जनाब, मैं इस clause पर ही आता हूं।

अध्यक्ष महोदय : अगर अब नहीं आ सकते तो जब 3rd reading होगी उस वक्त बोल लेना। (हंसी)। (If the hon. Member cannot speak on the clause now he may have his say during the third reading of the Bill.) (*Laughter*)

(*At this the hon. Member resumed his seat.*)

चौधरी सुन्दर सिंह (गुरदासपुर, रिज़र्वड) : स्पीकर साहिब, जो amendment चौधरी इंद्र सिंह साहिब इस clause में लाये हैं मैं उसकी ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं। मेरी भी यही राये है। मैं राठी जी की ताईद मज़ीद करते हुए यही कहना चाहता हूं कि वसूली का तरीका arrears of land revenue की तरह से नहीं होना चाहिये बल्कि through the process of law होना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय : यह तो राठी जी ने move ही नहीं की, आप ताईद किस की कर रहे हैं ? (The hon. Member Shri Rathi has not moved this amendment. What is he then supporting?)

चौधरी सुन्दर सिंह : तो, जनाब, मैं चौधरी इंद्र सिंह जी की amendment की ताईद करता हूं।

वित्त मन्त्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, मुझे चौधरी साहिब पर तो तरस आ रहा है कि उन्होंने बगैर सोचे समझे इसलिये ताईद कर दी है क्योंकि राठी जी ने कोई बात कह दी। मैं कहना चाहता हूं कि अगर यह तरमीम मंज़ूर कर ली जाए कि as arrears of land

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मंत्री]

revenue की बजाय process of law के ज़रिये recovery हो, तो इससे loanees के ऊपर एक अन्याय और सख्ती होगी। जिनसे recovery करनी है उन्हें अदालत में धक्के खाने पड़ेंगे; अदालतों का खर्चा बर्दाश्त करना पड़ेगा और तकलीफ़ होगी। इसलिये हमें जज़बात में नहीं बहना चाहिये।

हम इंट्रैस्ट फ्री लोन देंगे, जोकि 20 instalments में लेना है; 4 साल हमने ग्रेस के भी दे दिए, और उसके बाद अगर कोई recovery न हो सके तो यह प्रोविज़न है कि उसका नोटिस दिया जाए। उसके बाद as arrears of land revenue यह recovery होगी। अब इसके बाद भी अगर यह कहा जाए कि बेरहमी होगी, जायदाद कुर्क होगी, तो यह जज़बाती बातें हैं।

ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ (ਸਮਰਾਲਾ) ਮਾਨਯੋਗ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਸ ਬਿਲ ਦੇ ਸੰਬੰਧ ਵਿਚ ਕੁਝ observations ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਸ ਦੇ ਮਨਸ਼ੇ ਦੀ ਬਾਬਤ ਇਕ ਦੋ ਗੱਲਾਂ ਵੱਲ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਦਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਆਉਣ ਵਾਲੇ ਚੌਹਾਂ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਅਸੀਂ Transport ਦੇ Private Sector ਨੂੰ ਕਾਫੀ ਵਧਾਉਣਾ ਹੈ ਇਹ Second Five-Year Plan ਵਿਚ ਲਿਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ। ਤਕਰੀਬਨ ਡਬਲ ਕਰਨਾ ਹੈ। ਭਾਵੇਂ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਰੁਪਏ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਪਰ ਵੇਖਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਉਹ Passengers Tax ਲਗਾ ਕੇ ਰੁਪਿਆ ਵਸੂਲ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਥੇ Private Sector ਨੂੰ affect ਕਰਨ ਨਾਲ ਰੇਲਵੇ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਸਵਾਰੀਆਂ ਦੀ congestion ਹੈ ਉਸ ਦਾ ਬੋਝ ਹਲਕਾ ਕਰਨ ਵਿਚ ਕੁਝ ਮਦਦ ਮਿਲਦੀ ਹੈ ਕਿ ਨਹੀਂ। ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸ਼ਾਇਦ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਤਵੱਜੁਹ ਇਸ ਪਾਸੇ ਨਹੀਂ ਗਈ ਕਿ ਅੱਜ buses ਦੇ ਰਾਹੀਂ Passengers ਦਾ ਜਿਹੜਾ ਕਰਾਇਆ ਹੈ ਉਸ ਨਾਲੋਂ ਰੇਲ ਦਾ ਕਰਾਇਆ ਕਿਧਰੇ ਘੱਟ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਅੱਜ ਲੁਧਿਆਣੇ ਤੋਂ ਜਲੰਧਰ ਦਾ ਬਸ ਦਾ ਕਰਾਇਆ ਰੇਲ ਨਾਲੋਂ ਡਿਉੜਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਇਕ ਪਾਸੇ ਇਹ ਟੈਕਸ ਲਗਾ ਕੇ ਬੱਸਾਂ ਦਾ ਕਰਾਇਆ ਵਧਾਇਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜਾ ਭਾਰ (congestion) ਰੇਲਵੇ ਦਾ ਅਸੀਂ ਘੱਟ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ, ਉਹ ਨਹੀਂ ਹੋਵੇਗਾ। ਦੂਸਰੀ ਗਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਟੈਕਸ ਦਾ burden comparatively ਗਰੀਬ ਲੋਕਾਂ ਉਪਰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਪੈਣਾ ਹੈ। ਇਹ ਗੱਲ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਭੁਲੀ ਹੋਈ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਅਮੀਰ ਲੋਕ ਲੰਮੇ ਸਫ਼ਰ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਰੇਲ ਵਿਚ first ਅਤੇ second ਕਲਾਸ ਦੀਆਂ ਟਿਕਟਾਂ ਲੈ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਕੋਲ ਕਾਰਾਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹਨ ਉਹ ਕਾਰਾਂ ਵਿਚ ਸਫ਼ਰ ਕਰ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਟੈਕਸ ਦਾ ਬੋਝ ਇਕ ਆਮ ਆਦਮੀ ਉਪਰ ਹੀ ਪੈਣਾ ਹੈ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਜਿਹੜੀ uncertainty ਹੈ ਉਸ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਹੋ ਸਕੇ ਤਾਂ ਇਹ ਟੈਕਸ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਅਜ ਵਧਾ ਰਹੇ ਹਾਂ ਅਤੇ ਪਹਿਲੇ ਵੀ ਵਧਾਇਆ ਸੀ, ਇਸ ਦੇ ਮੁਤਅੱਲਕ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ finality ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਪੂਰਾ ਹਿਸਾਬ ਲਗਾ ਕੇ certainty ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਨਾਲ ਜੇਕਰ ਹਿਸਾਬ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕਿੰਨਾ ਮੁਨਾਫ਼ਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਕਿਥੇ ਖੜ੍ਹੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਅਪਣੇ business ਦਾ ਪਤਾ ਹੈ। ਇਹ Private Sector ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਇਕ ਬੜਾ ਭਾਰੀ ਅੰਗ ਹੈ। ਕਿਹਾ ਇਹ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ Sector ਵਿਚ ਮੁੱਠੀ ਭਰ ਆਦਮੀ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਮੁਨਾਫ਼ਾ ਉਠਾਉਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਗੱਲ ਵਿਚ ਸਚਾਈ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਲੋਕ ਅਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀਆਂ ਜ਼ਮੀਨਾਂ ਵੇਚ ਕੇ ਬੱਸਾਂ ਬਣਾਈਆਂ ਸਨ ਅਤੇ ਕਿਧਰੇ ਕਿਧਰੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕੰਪਣੀਆਂ ਵਿਚ ਹਿੱਸੇ ਵੀ ਖਰੀਦ ਲਏ ਸਨ। ਜਿਹੜੇ ਕੰਪਣੀਆਂ ਦੇ Directors ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਸ਼ਾਇਦ ਤਨਖਾਹਾਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋਣ ਜਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਮੁਨਾਫ਼ਾ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋਵੇ ਪਰ ਆਮ ਜਿਹੜੇ ਹਿੱਸੇਦਾਰ ਹਨ

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[ਸਰਦਾਰ ਅਜਮੇਰ ਸਿੰਘ]

ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਜ਼ਿਆਦਾ ਮੁਨਾਫਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ਅਤੇ ਉਹ ਅਮੀਰ ਨਹੀਂ ਹਨ । ਚੰਦ ਇਕ ਆਦਮੀਆਂ ਦੀ ਅਮੀਰੀ ਵੇਖ ਕੇ ਹਜ਼ਾਰਾਂ ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਨੂੰ ਅਮੀਰ ਨਹੀਂ ਕਿਹਾ ਜਾ ਸਕਦਾ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਹ Passengers Tax ਜਿੱਥੇ ਆਮ ਆਦਮੀਆਂ ਨੂੰ hit ਕਰਦਾ ਹੈ ਉਥੇ ਆਮ Share-holders ਨੂੰ ਵੀ hit ਕਰਦਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਰੁਪਿਆ ਹੀ ਵਸੂਲ ਕਰਨਾ ਸੀ ਤਾਂ ਬਹੁਤ ਸਾਰੀਆਂ ਅਜਿਹੀਆਂ ਹੋਰ ਥਾਵਾਂ ਹਨ ਜਿਥੋਂ ਟੈਕਸ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਰੁਪਿਆ ਵਸੂਲ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ। ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਪਰਬੰਧਕਾਂ ਨੂੰ ਇਹ uncertainty ਅਗੇ ਵਾਸਤੇ ਹਟਾ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਲਾਨ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਟੈਕਸ ਨੂੰ ਵਧਾਉਣ ਦੀ ਹੋਰ ਕੋਈ ਗੁੰਜਾਇਸ਼ ਨਹੀਂ ।

ਡਾਕਟਰ ਭਾਗ ਸਿੰਘ (ਗੜ੍ਹਸ਼ੰਕਰ ਜਨਰਲ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਸ ਦੇ ਮੁਤੱਲਿਕ ਜ਼ਿਆਦਾ ਨਹੀਂ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ। ਮੈਂ ਕੇਵਲ ਐਨਾ ਹੀ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ ਵੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਰੁਪਏ ਦੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ, ਉਸ ਦੀ ਕਮੀ ਪੂਰੀ ਕਰਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਤਾਂ ਵਿਚਾਰੇ Passengers ਨੂੰ ਪਕੜ ਲਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਪਹਿਲੇ ਇਕ ਪਾਈ ਟੈਕਸ ਸੀ, ਫਿਰ ਉਸ ਨੂੰ ਡੇਢ ਪਾਈ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ । ਜਿਹੜਾ ਟੈਕਸ goods ਉਪਰ ਲਗਾਇਆ ਗਿਆ ਉਹ 50% ਵਧਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਇਹ ਦੋਵੇਂ Taxes ਅਜਿਹੇ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਉਸ ਅਸੂਲ ਦੇ ਉਲਟ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਖਜ਼ਾਨਾ ਨੇ ਆਪਣੇ ਭਾਸ਼ਨ ਵਿਚ ਦਸਿਆ ਸੀ । ਸਾਨੂੰ ਪਿਛਲੇ ਇਕ ਮਹੀਨੇ ਤੋਂ ਟੈਕਸਾਂ ਦਾ ਤਜਰਬਾ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ । ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਵੀ ਆਪਣੇ ਹਲਕੇ ਵਿਚ ਗਏ ਹੋਣਗੇ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਲੋਕ ਮਿਲੇ ਹੋਣਗੇ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮਹਿਸੂਸ ਕੀਤਾ ਹੋਵੇਗਾ ਕਿ ਲੋਕ ਬਹੁਤ ਘਬਰਾਏ ਹੋਏ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਘਬਰਾਹਟ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਨਾਂ ਤਕ ਵੀ ਪਹੁੰਚੀ ਹੋਵੇਗੀ । ਮੈਂ ਕੇਵਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਅਸੂਲ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਯਾਦ ਕਰਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਟੈਕਸ ਲਗਾਉਣ ਦੀ ਇਹ ਪਾਲਿਸੀ ਹੈ ਕਿ "those who are able to pay"—ਜੋ ਲੋਕ ਟੈਕਸ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਨ—ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਟੈਕਸ ਲਗਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਪਰ ਇਹ Passengers Tax ਇਸ ਅਸੂਲ ਦੀ ਮੁਖ਼ਾਲਫ਼ਤ ਕਰਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਗੱਲ ਪੁੱਛਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਸਿਆਣੇ ਆਦਮੀ ਹਨ, ਕੀ ਇਹ ਅਸੂਲ ਐਥੇ ਵੀ ਲਾਗੂ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ? ਕੀ ਉਹ ਲੋਕ ਟੈਕਸ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਨ ? ਐਨਾ ਟੈਕਸ ਵਧਾ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ, ਇਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਅਸੂਲ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਅੱਖਰਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਸ ਬਿਲ ਦੇ ਖਿਲਾਫ਼ ਆਪਣੀ ਆਵਾਜ਼ ਉਠਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ।

मौलवी अब्दुल ग़नी डार (नूह) : स्पीकर साहिब, पंजाब सरकार को अगर अपने बजट में कुछ कमी महसूस होती है तो उसे टैक्स लगाते वक्त इस तरफ़ तवज्जुह देनी चाहिए कि वह किस तरह से रुपया हासिल कर रही है । पैसेंजर्ज़ पर किसी किस्म का टैक्स लगाना वाकई एक काफ़ी मुश्किल बात महसूस होती है । और कुछ ज्यादा अच्छी दिखाई नहीं पड़ती । स्पीकर साहिब, कौन नहीं जानता कि अगर हमारी नेशनलाइज़ेशन की पालिसी, जिस पर हम तेज़ी से गामज़न हुए हैं, वह अगर पैप्सु की तरह ही कामयाब होती है तो हमें रुपए के मामले में इतनी तकलीफ न होती । जिस तरह पैप्सू वालों ने जिन को हम पिछड़े हुए कहते थे, यह तै किया था कि सड़कों पर जो बसें चलें उन में सरकार का हिस्सा हो, अगर उसी तरह पंजाब सरकार भी अपने इरादे की तरफ़ उसी तरह तवज्जुह देती जैसे कि उस का पहले था तो मेरा दावा है कि जिस 22 करोड़

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

का चर्चा हमारे वज़ीर खज़ाना करते हैं उस में से काफी हिस्सा (तीस करोड़ रुपए के करीब) सरकार को मिल जाता है। मैं सरदार अजमेर सिंह से इत्तफाक नहीं करता कि यह चंद मुट्ठी-भर लोगों की मनापली नहीं है। यह यकीनन मुट्ठी भर लोगों की मनापली है। मिसाल के तौर पर मैं अर्ज करूं कि मेरे ज़िला के घरड़ गांव में एक ट्रांस्पोर्ट कम्पनी है (राओ गजराज सिंह: वह फर्ज़ी कम्पनी है।) राओ गजराज सिंह कहते हैं कि वह फर्ज़ी कम्पनी है। वह कम्पनी किराया भी ज़्यादा चार्ज करती है और लोगों को तकलीफ़ भी बहुत होती है। वह 5 पाई फी मील चार्ज करती है यानी यू. पी. से दो पाई फ़ी मील ज़्यादा किराया चार्ज करती है। इस तरह इन्होंने मनापली बना रखी है। स्पीकर साहिब, यह कहना कि पंजाब वाले टैक्स देने को तैयार नहीं हैं गलत है। पंजाब टैक्स देने को तैयार है बशर्ते कि पंजाब सरकार सही रास्ता अख्तियार करे। उसे वही पालिसी अख्तियार करनी चाहिए। उस ने उस पहली पालिसी को क्यों पीछे डाल रखा है? क्यों नहीं वह उस पर पूरी तरह से अमल करती है? लोग उस पर फिरकाप्रस्ती का इल्ज़ाम लगाते हैं। मैं नहीं कहता कि हमारी सरकार फिरकाप्रस्त है। सरकार कभी कोई कानून इस ख्याल से नहीं बनाती जो किसी को फ़ायदा पहुंचाए और किसी को नुक्सान पहुंचाए। स्पीकर साहिब, मैं आपके द्वारा यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर हमारी सरकार नैशनलाइज़ेशन की पालिसी में कामयाब हो जाती तो यकीनन तीन करोड़ रुपए सालाना की बचत हो सकती थी। क्यों न बचत की जाए? क्यों न इस तरफ़ ध्यान दिया जाए? बार २ पैसेंजर टैक्स बढ़ाया जाता है, दाएं से बाएं और बाएं से दाएं गरीब लोगों पर बोझ डाला जाता है।

मैं समझता हूं कि हमारी सरकार इस तरफ़ ज़रूर ध्यान देगी। बड़ी खुशी की बात है कि आप इस बात को तसलीम करते हैं कि अवाम पर टैक्सों का उतना ही बोझ डाला जाना चाहिए जितना कि वह बर्दाश्त कर सकें। पिछले दिनों तक आप ने उन पर जो बोझ डाला वह उन्होंने बर्दाश्त किया। लेकिन, स्पीकर साहिब, आप ख्याल फरमाएं कि यहां पर पहले ही दूसरे सूबों के मुकाबला में जो हमारी हमसाया स्टेट है—यू. पी.—उस के मुकाबला में ट्रान्स्पोर्ट पर जो टैक्स है ज़्यादा लिया जाता है। इस को अगर आप और ज़्यादा बढ़ा देंगे तो लोग घबरा जाएंगे और गुडगांव में तरह तरह की चर्चा होगी। वह इस बात पर हंगामा करेंगे कि सरकार इस तरह के टैक्स तो लगाती जाती है लेकिन असल आमदनी को नहीं छेड़ती। अगर टैक्स लगाने ही थे और आमदनी को बढ़ाना ही था तो जैसा कि मैंने पहले भी एक तकरीर में अर्ज़ किया था नहरों की पटड़ियां जहां रेल नहीं जा सकती, जहां बड़ी-बड़ी बसें नहीं जा सकतीं, जहां सड़कें पक्की नहीं, उन को पक्का कर के वहां पर आठ दस सवारियों वाली छोटी बसें चलाएं। लोगों का भी फ़ायदा होगा और आप को भी आमदनी में अज़ाफा होगा। इसके अलावा जो अमीर लोग अपनी कारें ले कर इन पटड़ियों पर चलाते हैं, उन से toll लें। इस पर कौन एतराज़ करता है? कोई भी इसकी मुखाल्फत नहीं करेगा। मैं चाहता हूं कि आप को 22 करोड़ रुपया मिले। ऐसी मदें हैं पंजाब के अन्दर जहां से रुपया मिल सकता है और लेना भी चाहिए। आखिर 145 करोड़ रुपया का कर्ज़ यानी सैंट्रल गवर्नमेंट का देना है। लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि जहां सैंट्रल गवर्नमेंट हमें कर्ज़े देती है, वहां पंजाब सरकार को भी पीछे नहीं रहना चाहिए। वह जहां छोटी छोटी चीज़ों में फ़ायदा देखती है वहां इस को सब से बड़ा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[मौलवी अब्दुल ग़नी डार]

फ़ायदा ट्रांस्पोर्ट की नैशनेलाईज़ेशन में है। उस पालिसी को छोड़ना सूबा के लोगों के साथ गरीब जनता के साथ बे इन्साफी करना है, अवाम के साथ बे इन्साफी करना है।

चौधरी बारू राम (रजौंद): स्पीकर साहिब, मालूम ऐसे होता है कि taxation के बारे में economics की जो theory है उसकी तरफ कतई तौर पर ध्यान रखा ही नहीं गया। Taxation के बारे में एक मोटा सा असूल है कि "pluck the goose with as little squealing as possible" यानी जहां से आप taxes realise करते हैं, आप का फर्ज़ हो जाता है यह देखने का कि उसके खिलाफ कोई protest तो नहीं है। आप को देखना चाहिए कि जिन लोग पर नए taxes का बोझ पड़ता है वे उन्हें accept भी करते हैं या नहीं और अगर protest करते हैं तो वह कितना है? कम है या ज़्यादा? लेकिन नहीं, यहां तो सवाल ही यह है कि चाहे किसी की जान जाए या बचे, अपना pound of flesh ज़रूर ले लेना है।

मैं आप के द्वारा वज़ीर साहिब को बता देना चाहता हूं कि यह जो passengers tax लगाया गया है यह exclusively उन गरीब लोगों को hit करता है जो आगे ही taxes के बोझ के कारण कराह रहे हैं। उन की कमर पहले ही महंगाई और unlimited taxes के बोझ से टूटी जा रही है और उसके ऊपर, जैसा कि कहावत भी है 'last straw on camel's back' या आखरी तिनका डाल कर ऊंट की कमर को तोड़ना--ऐसे ही यहां भी दिखाई देता है। गरीब आदमियों के लिए और कोई ज़रिया आमदोरफ्त नहीं है सिवाए मोटर गाड़ियों यानी बस्सों के। ऐसा नहीं तो ये लोग रेल के थर्ड क्लास में सफर करते हैं। Central Government की भी यही policy है कि Railways के ऊपर बोझ को कम किया जाए और मोटरों को अपनाया जाए। लेकिन इसके बरअकस यहां यह देखा जा रहा है कि लोग transport के लिए मोटरों को छोड़ कर रेल की तरफ़ जाएं। क्योंकि यह tax भी directly गरीब जनता पर पड़ता है और जैसा कि मैंने पहले अर्ज़ किया है वे आगे ही taxes के भार के नीचे दबे हुए हैं, इस टैक्स की increase के कारण वह मोटरों को छोड़ कर, अगर सफ़र करना भी पड़े तो, रेल की तरफ़ भागेंगे। लेकिन गवर्नमेंट को ज़रा भी इस बात की परवाह नहीं कि कितना वावेला मचा हुआ है। क्यों नहीं आप अपनी तनखाहें कम कर लेते? यह राजभवन बनाने जा रहे थे लेकिन हमारे गवर्नर साहिब ने austerity के लिए बड़ा अच्छा सबूत दिया है जो उन्होंने कहा कि हमें राजभवन नहीं चाहिऐ। ऐसे ही क्यों नहीं आप भी sacrifices करते और पैसे को बचाते? आज अखबार में पढ़ कर बड़ी खुशी हुई कि हमारे प्राइम मिनिस्टर पंडित नेहरू ने मोटर को छोड़ कर scooter पर चलने का फ़ैसला किया है। क्यों नहीं आप ऐसी ही मिसाल अपने सामने रखते? पंडित जी हमारे बहुत बड़े नेता हैं--सब के हरदिलअज़ीज़ नेता हैं--क्यों नहीं आप उनकी मिसाल को अपने जीवन और कारोबार में अपनाते? क्यों नहीं आप अपने पर से economy को शुरू करते? Centre के taxation measures पर इतनी भारी नुक्ताचीनी होने पर वहां के Finance Minister साहिब economy करने पर मजबूर हो गए हैं तो क्यों

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

नहीं पंजाब की सरकार भी उन से सबक सीखती? लेकिन जब हम इनके taxation के measures को देखते हैं तो बिला साख्ता यह कहना पड़ता है कि इन से गरीबों को और भी दबाया जा रहा है; उन के साथ बुरी तरह से बइन्साफ़ी की जा रही है। यहां बड़े २ दावे किये जाते हैं कि हम economy की policy को अपनाए हुए हैं और अखराजात को कम कर रहे हैं। लेकिन जो चार चार सौ, पांच पांच सो मील रोज़ कारों पर सफ़र करते हों, जो सत्तर और अस्सी मील फी घण्टा की रफ्तार से चलती हों, तो उन्हें scooter और इसकी थोड़ी सी रफ्तार कैसे पसन्द आए! बहर हाल में यह अर्ज करना चाहता हूं कि आपके पास अपने expenditure में economy करने का काफ़ी scope है। ये जो unnecessary projects हैं—चण्डीगढ़ वगैरह के........

अध्यक्ष महोदय : चण्डीगढ़ इस बिल के साथ कैसे connected है? मेहरबानी करके relevant रहने की कोशिश करें (How is Chandigarh connected with this Bill? Thy hon. Member should please try to be relevant.)

चौधरी बाग़ राम : स्पीकर साहिब, क्योंकि देख कर दुःख होता है इसलिए कहना पड़ता है। पब्लिक के ऊपर नाजायज़ बोझ डाला जा रहा है। जब सुनाने का वक्त आएगा तो एक गरीब अपनी आवाज़ को ज़रूर सुनाएगा। हम गरीबों की आवाज़ को पहचानते हैं। हम गरीबों के दरमियान से आए हैं। हम उनके सही प्रतिनिधि हैं। हम उन की आवाज़ को यहां सुनाना चाहते हैं, चाहे सामने बैठे वज़ीरों के कानों पर जूं रींगे या न रींगे। इन शब्दों के साथ में अर्ज़ करूंगा कि जो passengers पर tax लगाया गया है और जो goods पर tax लगाया गया है, यह गरीबों के साथ, पंजाब के पिसे हुए अवाम के साथ सरासर बेइनसाफ़ी है; उनके जिस्म में से खून निकले या न निकले, उनको और कमज़ोर किया जा रहा है ताकि वे बेज़बान हो जाएं और इन के आगे कुछ न बोलें।

राओ गजराज सिंह (गुड़गांव): स्पीकर साहिब, मैं शायद इस वक्त न ही बोलता, लेकिन सिर्फ़ इस लिए उठना पड़ा कि मेरे एक दोस्त ने कुछ ज़रूरत से ज़्यादा ही motor owners का case plead किया उन्होंने private transport operators को निहायत गरीब ज़ाहिर किया है। उसके जवाब में मैं बहैसियत एक कांग्रेसमैन के; और बहैसियत गवर्नमेंट पार्टी के मैम्बर होने के यह बता देना चाहता हूं कि उन्होंने उन आदमियों को गरीब दिखाने की कोशिश की है जो शायद इस वक्त सूबे में सब से ज़्यादा capitalists हैं। पंजाब के अन्दर private transport operators की कई कम्पनियां हैं। कइयों ने तो अपनी बीवी, अपने दामाद, अपने बहनोई और दूसरे रिश्तेदारों को शामिल कर के उन के नाम पर अलग अलग कम्पनियां भी बनाई हुई हैं। मैं अपने फाइनेंस मिनिस्टर साहिब से बड़े ज़ोरदार लफ्ज़ों में अर्ज़ करना चाहता हूं कि गवर्नमेंट को transport की अपनी पालिसी, जिसकी वज़ाहत की जा चुकी है यानी 50 प्रतिशत nationalisation की पालिसी को पूरे तौर पर और पूरे ज़ोर के साथ अमल में लाना चाहिए। यहां पर उन private transport owners को गरीब ज़ाहिर किया गया है जो लाखों का मुनाफ़ा हज़म करते हैं। मैं पूछता हूं कि क्या वे लोग उन गरीबों से भी ज़्यादा गरीब

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[राम्रो गजराज सिंह]

हैं जोकि उनकी बसों पर सफर करते हैं ? मैं तो समझता हूं कि एक एक trip पर दस दस बारह बारह रुपया tax लगना चाहिए चाहे वे passengers से ही लें क्योंकि गवर्नमेंट तमाम लोगों के लिए ही काम करती है । मैं हैरान हूं कि यहां पर बड़े ज़िम्मेदार लोग उन के बारे में गलत-फहमी पैदा करने की कोशिश करते हैं । मैं facts and figures में नहीं जाना चाहता । गवर्नमेंट की भी buses चलती हैं । आप को मालूम है कि आप को उन से कितना फ़ायदा होता है, कितना मुनाफा होता है। तो क्या फिर कम्पनियों के मालिक गरीब आदमी हैं ? जैसा कि मेरे फाज़िल दोस्त मौलवी साहिब ने फरमाया , गुड़गांव में ऐसी कम्पनियां हैं जो बिल्कुल बोगस हैं । और फिर इन कम्पनियों में यह हाल है कि passengers को गालियां निकाली जाती हैं । बैठने के लिए जगह नहीं । Waiting halls नहीं । तो क्या ये गरीब लोग हैं ? मैं Finance Minister साहिब से यह अर्ज़ करूंगा और बड़े ज़ोरदार लफ्ज़ों में अर्ज़ करूंगा कि उन्हें गरीब बिल्कुल न समझा जाए । जो मुनाफा वह कमाते हैं, उसकी कोई इन्तहा नहीं । इस-लिए मैं समझता हूं कि चाहे यह टैक्स गरीब से भी गरीब पर पड़ता हो, मुल्क को ऊंचा उठाने के लिए हर एक को अदा करना चाहिए और हमें खुशी से इस टैक्स को कबूल करना चाहिए।

Shri Harbhagwan Maudgil : Sir, I beg to move—

That question be now put.

Mr. Speaker : Question is—

That question be now put.

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Passengers and Goods Taxation (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

SUB-CLAUSE (2) OF CLAUSE 1, CLAUSE 2, SUB-CLAUSE (1) OF CLAUSE 1 AND TITLE

Mr. Speaker : As there are no amendments to sub-clause (2) of clause 1, clause 2, sub-clause (1) of clause 1 and Title, I will put all these together to the vote of the House.

Mr. Speaker : Question is—

That sub-clause (2) of clause 1, clause 2, sub-clause (1) of clasue 1 and Title, stand part of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Finance (Shri Mohan Lal) : Sir, I beg to move—

That the Punjab Passengers and Goods Taxation (Amendment) Bill be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Punjab Passengers and Goods Taxation (Amendment) Bill be passed.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री इन्द्र सिंह (जीन्द 'जनरल') : जनाबे सदर, जहां तक सरकार का यह मुद्दा है कि यह सारे taxes लगाये जायें मैं इस की ताईद के लिए खड़ा हुआ हूं क्योंकि अब देश के सामने दूसरा पांच-साला प्लान है और इस के साथ हमारी सारी उम्मीदें वाबस्ता हैं—खास तौर पर जब कि हमारा दूसरा पांच-साला प्लान बड़ा ambitious है और इस की पूर्ति के लिये taxes का लगाना जरूरी हो जाता है । लेकिन मैं इस बात की मुखालिफत करता हूं कि इस तरीके से हमारी सरकार, जोकि गरीब जनता की सरकार कहलाती है और जो अपने आप को आम लोगों की सरकार होने का दावा करती है, आम लोगों पर यह टैक्स लगा रही है । यह वाजिब नहीं । यह जो tax लगाया जा रहा है यह ब-ईहन आम आदमी पर यानी common man पर जा कर पड़ता है । मुझे समझ नहीं आती कि सरकार ऐसा क्यों कर रही है जबकि यहां इस बिल के objects and reasons में इन्होंने यह कह दिया है :

8-00 p. m.

'Ours is a deficit State and in order that Government may be able to meet their heavy financial obligations without detriment to the various development schemes . . . . ."

और दूसरी तरफ यह कहा गया है :—

'On those who are comparatively in a better position to pay . . . . "

तो यह जो हवालाजात मैं ने दिये हैं यह बिल उन के बिल्कुल उल्ट जाता है । यह tax तो आम जनता पर ही पड़ना है । हालांकि यह गवर्नमेंट अपने आप को आम लोगों की गवर्नमेंट कहती है । यह ठीक है कि यह deficit state है । इस deficit को पूरा करने की बात तो समझ में आ सकती है और Second Five-Year Plan को finance करने के लिये नई taxation की जरूरत भी समझ आ सकती है लेकिन यह बात समझ में नहीं आ सकती कि इस के लिये गरीबों पर tax लगाये जायें जोकि इस ज़माने में पहले ही बड़े hard up हैं और तंगी से अपना गुज़ारा चला रहे हैं ।

स्पीकर साहिब, एक तरफ तो हम देखते हैं कि यह छोटे छोटे taxes गरीब लोगों पर लगाये जा रहे हैं और दूसरी तरफ़ यह गवर्नमेंट unproductive कामों पर बड़े भारी खर्च कर रही है । यह लाखों रुपये Assembly Chamber, swimming pools और museum के बनाने पर खर्च कर रही है । यह 30 लाख रुपये की इतनी बड़ी रकम मोती महल बाग पर खर्च कर रही है । ऐसे मालूम होता है जैसे कि यह बादशाह औरंगज़ेब की तरह चल रहे हों। मैं समझता हूं कि यह जायज़ बातें नहीं हैं जबकि आज इस ज़माने में हम एक खास किस्म का समाज पैदा करना चाहते हैं जोकि socialistic pattern का समाज होगा । Socialistic pattern of society कायम करने के लिये यह ज़रूरी हो जाता है कि जो टैक्स हम लगायें उन का बोझ ऐसे आदमियों पर पड़े जो देने के काबिल हों लेकिन हम देखते हैं कि गरीब लोगों पर तो यह छोटे २ टैक्स लगा रहे हैं पर हमारी State में जो बड़े २ resources हैं उन को यह touch नहीं करते । मैं पूछता हूं कि यह transport की nationalization क्यों नहीं करते ? मैं जानता हूं कि यह बात नहीं है कि यह इस की nationalization इसलिये नहीं करते क्योंकि इस से सरकार को मुनाफ़ा नहीं होता बल्कि यह तो इस लिये नहीं की जाती क्योंकि elections के दिनों में इन को elections fight करने के लिये transport वालों से बहुत काफ़ी रुपया मिलता है और बहुत companies में उनका अपना हिस्सा होता है । यह तो है स्यासी इग़राज़ की वजह से nationalize नहीं.......

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : Please try to be relevant.

श्री इन्द्र सिंह : जनाब मैं बिल्कुल relevant हूं क्योंकि यह जो goods और passengers पर tax लगाया जा रहा है यह यह कह कर लगाया जा रहा है कि हमारी deficit State है और Five-Year Plan को पूरा करने के लिये नये टैक्सों का लगाना ज़रूरी है । मैं बिल्कुल इस के अन्दर हूं । मैं यह कहना चाहता हूं कि यह deficit इन छोटे छोटे टैक्सों से पूरा करने की बजाये...........

अध्यक्ष महोदय : आप अपनी राये दें कि यह बिल पास हो या न हो । अगर आप इस से बाहर जायेंगे तो यह एक general discussion सी बन जायेगी । (The hon. Member may give his opinion whether this Bill be passed or not. If he goes beyond the scope of this Bill, it would become a sort of general discussion.)

श्री इन्द्र सिंह : स्पीकर साहिब, सब से पहले मैं यह अर्ज़ करता हूं कि यह गवर्नमेंट की पालिसी है कि यह ऐसे आदमियों पर टैक्स लगायेगी जो टैक्स देने के काबिल होंगे । इस लिये मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि इसे देखना चाहिये कि कौन २ आदमी इस tax के देने के काबिल हैं और कौन २ नहीं । अगर जनाब मुझे इतना कहने की इजाज़त नहीं देते तब तो हमारे ऊपर बड़ी पाबन्दी सी हो जायेगी ।

अध्यक्ष महोदय : मैं ने कहा है कि आप अपनी स्पीच में relevant हों । (I have asked the hon. Member to be relevant in his speech.)

श्री इन्द्र सिंह : मैं तो यही कह रहा हूं कि एक तरफ़ तो हमारी सरकार unproductive कामों पर बहुत रुपया खर्च कर रही है और दूसरी तरफ़ यह चन्द स्यासी इग़राज़ को पूरा करने के लिये State में transport की nationalization नहीं कर रही । फ़िर transport को nationalize करके deficit को पूरा करने की बजाये यह छोटे मोटे टैक्स लगा कर इस को पूरा करने की कोशिश कर रही है । इन छोटे २ टैक्सों से कोई ख़ास आमदनी नहीं होने वाली ।

अध्यक्ष महोदय : आप कैसे Assembly Chamber के बारे में कहते हैं जबकि High Court बन चुका है, Civil Secretariat भी बन चुका है और अब जबकि Assembly Chamber building बनने की बारी आई है तो आप ही एतराज़ करने लगे हैं । इस के बग़ैर आप ही को तो तकलीफ़ होती है । (Why does the hon. Member now object to the construction of the Assembly Chamber building when the buildings of the High Court and the Civil Secretariat have already been completed. Now when the proposal for the construction of Assembly Chamber building is under the consideration of the Government, the hon. Member has begun to raise objections. It is the hon. Members who are experiencing difficulties for want of it.)

श्री इन्द्र सिंह : स्पीकर साहिब, हम तो ऐसे आदमी हैं जो झोंपड़े में भी बैठ कर काम कर सकते हैं । हमें तो कोई एतराज़ न होगा अगर यह अभी न बनाया जाये ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अध्यक्ष महोदय : एक तरफ तो आप कहते हैं कि यहां गर्मी बहुत है इसलिये शिमले ले चलें और दूसरी तरफ़ आप यह कहते हैं कि असेम्बली चैम्बर न बने । (On the one hand the hon. Member takes the plea that it being hot here, the session be held at Simla but on the other he says that the Assembly Chamber should not be constructed.)

श्री इन्द्र सिंह : मैं यह अर्ज कर रहा था कि इस का जनता पर बुरा असर पड़ रहा है । जनता बहुत बेचैन है और वह इस लिये बेचैन नहीं कि टैक्स बहुत पड़ रहे हैं बल्कि इस लिये कि यह tax उन लोगों पर पड़ रहे हैं जो दे नहीं सकते और दूसरा इसलिए कि वह समझती है कि इन टैक्सों की बजाये State गवर्नमेंट की आमदनी Transport की nationalization करने से ज्यादा आसानी से बढ़ाई जा सकती है । मैं वज़ीर साहिब से कहना चाहता हूं कि Transport की nationalization के ज़रिये से सरकार को लाखों और करोड़ों रुपये की आमदनी हो सकती है जितनी कि इन छोटेमोटे टैक्सों के बढ़ाने से नहीं हो सकती और transport की nationalization करने से इन को यह छोटेमोटे टैक्स लगाने की ज़रूरत ही नहीं रहेगी । इस लिए मैं गवर्नमेंट से साफ लफ़्ज़ों में पूछना चाहता हूं कि इस बारे में इस की क्या policy है ? क्या यह इसे nationalize कर रही है या नहीं ? इस बारे में इन का जवाब साफ होना चाहिये क्योंकि यह मामला बड़ा पेचीदा है ।

मैं समझता हूं कि वज़ीर साहिब बड़े सयाने हैं; वह ऐसे घटिया बिल को वापस ले लेंगे। अगर हम अपनी स्टेट के मुकाबिला में केराला की स्टेट को देखें तो पता लगता है कि वहां की गवर्नमेंट ने वहां खास खास classes पर टैक्स लगाये हैं और उन टैक्सों का बोझ Common man पर नहीं पड़ता । उन का बोझ बड़े-बड़े आदमियों पर पड़ता है । मुझे उम्मीद है कि वज़ीर साहिब इन चीज़ों की तरफ़ ध्यान देंगे ।

चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मंत्री (चौधरी सूरज मल) : साहिबे सदर, मैं काफ़ी देर से opposition के मैम्बरों की speeches सुन रहा हूं । वह एक तरफ़ तो इन टैक्सों से मुत्राफ्कत करते हैं और दूसरी तरफ़ अउनकी मुखालफित करते हैं । मुझे अफसोस है कि वह असल वाक्यात की तरफ नहीं जाते और महज़ नुक्ताचीनी के ख्याल से इस टैक्स की मुखालफित करना चाहते हैं । जहां तक इस बिल का ताल्लुक है इस के साथ कोई आदमी इत्तफाक किये बगैर नहीं रह सकता । मसलन आप जानते हैं कि यह tax क्यों लगाया गया है । इस की वजुहात bill के अन्दर साफ़ दर्ज हैं । मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इस House में कोई ऐसा मैम्बर है जो इस बात से इनकार कर सकता हो कि अजा सड़कों की हालत पिछले 5, 10 साल से बहुत अच्छी है । श्री इन्द्र सिंह जी, जिन्होंने अभी इस की मुखालफ़ित की है, की बाबत मैं कुछ कहना चाहता हूं । एक दिन मैं हिसार की तरफ़ जा रहा था तो क्या देखता हूं कि आप पुख्ता सड़क पर first class bus में बैठे तशरीफ ला रहे हैं । यह वही सड़क है जहां पहले धूल उड़ती थी जहां घोड़े और टट्टू का गुज़रना मुश्किल होता था । आज सड़कों की हालत देखें, बसों की हालत देखें, हर चीज़ first class रखने पर ज़ोर दिया जाता है । जब हालत ऐसी हो तो अगर गवर्नमेंट उन्हीं लोगों के फ़ायदे के लिये उन पर पाई या डेढ़ पाई का बोझ डाल दे तो यह बुरा नहीं है । यह इस लिए

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मंत्री]

ही किया जा रहा है कि उन को सहूलियात बहम पहुंचाई जाएं । मैं अपने इलाके से अच्छी तरह से वाकिफ हूं जहां कि पहले पक्की सड़कों का नामोनिशान न था । आज वहां पर पक्की सड़कें 5 या 10 मील नहीं बल्कि पच्चास २ और सौ २ मील लम्बी हैं । अगर आप कभी हिसार तशरीफ ले जाएं..... (श्री बलराम दास टण्डन : यह तो मीलों की बातें कर रहे हैं ।) बड़े अफसोस की बात है जो मेरे दोस्त कांग्रेस पार्टी को expose करना चाहते थे वह खुद expose हो गए । इस तरफ़ से चाहे कोई अच्छी बात की जाए यह झट मुखालफ़ित करने के लिए खड़े हो जाते हैं । यह ज़ाहिर करता है कि मुखालफ़ित किस नीयत से की जा रही है । नीयत सिर्फ़ कांग्रेस को बदनाम करने की है वरना इन बातों की ज़रूरत नहीं है । इस bill में taxes की justification ठीक दी गई है । यह ज़रूरी है कि हमारी सड़कों की हालत अच्छी हो ताकि लोग आराम से सफर कर सकें और भी दूसरी सहूलतें पहुंचाई जा रही हैं । Conductors या और लोग आप की तकलीफें दूर करने की कोशिश करते हैं । अगर सरकार के पास पैसा होगा तभी सड़कें अच्छी तरह से maintain हो सकेंगी और लोगों को सहूलियात बहम पहुंचाई जा सकेंगी । (तालियां) । इसलिए मैं समझता हूं कि इस किस्म की फज़ूल नुक्ताचीनी से परहेज़ करना चाहिए, सही बात करनी चाहिए और इस Bill को पास करना चाहिए ।

श्री बलराम दास टण्डन (अमृतसर शहर, पश्चिम) : स्पीकर साहिब, चौधरी साहिब ने कुछ बातें कही हैं जिन्हें सुनकर मैं हैरान हूं । भला यह किस की खाहिश है कि सड़कें न बनें या दूसरे अच्छे २ काम न हों ? यह तो सभी चाहते हैं । मगर दुःख की बात यह है कि जब हम समझाने की कोशिश करते हैं तो उस को ठीक तरीके से समझने की बजाए वज़ीर साहिब यह ज़ाहिर करते हैं कि हम खाहिश करते हैं कि सड़कें न बनें या और रफाएआमा के काम न हों । आज आम आदमी की यह हालत है कि उस की आमदनी कम है, उसे दो वक्त रोटी मिलनी मुश्किल है । यही लोग हैं जिन्होंने बसों के ज़रिए सफ़र करना होता है । अमीर लोग तो कारों और रेल कारों में आते जाते हैं । अगर इन लोगों पर टैक्स लगाते तो ठीक था । इस लिए यह कहना कि हम कहते हैं कि taxes न लगाए जाएं, सड़कें वगैरह न बनें, ग़लत है । हम चाहते हैं कि ऐसा सब कुछ बने लेकिन मतलब यह है कि उस आम आदमी पर बोझ न पड़े जिसे मुश्किल से रोटी नसीब होती है, जिस के छोटे २ बच्चे नंगे फिरते हैं । Tax उस की जेब पर लगे जो धनवान है और उस पैसे का रफाए आमा के कामों में प्रयोग किया जाए ।

दूसरी बात मैं अपने वज़ीर खज़ाना से यह पूछना चाहता हूं कि आखिर जनता उन को किस तरह से बताए कि वह कोई अच्छा काम कर रहे हैं या बुरा । कहा जाता है कि हम democracy के असूल के मुताबिक चलते हैं लेकिन आखिर किस ढंग से जनता उन्हें बताए कि सरकार की नीति कैसी है ? मैं समझता हूं कि इस के दो ही तरीके हैं । एक तो यह कि सरकार ऐसी बात में जनता की राए ले या दूसरा तरीका यह है कि सरकार जनता के चुने हुए नुमाइंदों की बात सुने । मगर अफ़सोस की बात है कि सरकार इन में से कोई भी नहीं करती । Finance Minister साहिब जानते हैं कि अगर इन members को अपने विचार बताने का मौका मिलता तो वह क्या कहते । अगर इन की majority वाकई यह कहती कि यह budget

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

proposals ठीक हैं, जिन के बारे यह Bill है तो हम कहते कि इसे पास कर दें। लेकिन अफ़सोस की बात है कि बजाए opposition और Treasury Benches की criticism सुनने के वज़ीरों को छोड़ कर......

अध्यक्ष महोदय : जब voting करेंगे तो सब पता चल जाएगा। (We will come to know at the time of the voting.)

श्री बलराम दास टण्डन : सारी बातें सुनने के बावजूद जनता के verdict के मुतअल्लिक चाहिए तो यह था कि यह tax बन्द कर देते और यह proposal bill के रूप में हमारे सामने पेश न होती मगर अफ़सोस की बात है कि यह नहीं किया गया। एक और तरीका है बंगाल की जनता वाला जिस ने बसों का एक पैसा किराया बढ़ने पर कानून को अपने हाथ में ले लिया। कोई भी देश-प्रेमी यह बात नहीं कह सकता कि बसें जलाई जाएं या और ऐसे काम किए जाएं; मगर मैं समझता हूं कि हरेक चीज़ की हद होती है, limit होती है। जब सरकार के कान बहरे होते हैं और दूसरे सारे रास्ते बन्द हो जाते हैं तो नतीजा यही होता है और हकूमत उन्हें मजबूर करती है कि जनता trams जलाए और हड़तालें करे ताकि टैक्स वापस लिए जाएं। मैं Finance Minister साहिब से पूछना चाहता हूं कि अगर जनता की राए सरकार के कान तक किसी तरीके से न पहुंचे तो वह दूसरा रास्ता बताएं जिसके मुताबिक काम किया जाए।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि हुकूमत के अन्दर फज़ूलखर्चियां हो रही हैं, जगह २ misappropriations हो रही हैं। अगर इन्हें रोकने की कोशिश की जाए.....

Shri Harbhagwan Moudgil : On a point of order, Sir. Is the hon. Member relevant ? यह तो general discussion of the budget में पड़ गए हैं।

Mr. Speaker : Yes, he is quite relevant.

श्री बलराम दास टण्डन : तो मैं आपकी सेवा में बता रहा था कि अखराजात कैसे कम किए जाने चाहिएं। ज़रूरत यह थी कि सरकार ऐसी बातों को बन्द करने की कोशिश करती। आज यह हो रहा है कि अपने लोगों को नौकरियां दिलाने के लिए--चाहे वह पढ़े लिखे हों या अनपढ़--किसी और को हटाकर............

अध्यक्ष महोदय : किन बातों की तरफ़ चले गए। Point of order के बाद ही आप किधर चले गए। (Just after the raising of a point of order you have side stepped into by-lanes and have touched irrelevant matters.)

श्री बलराम दास टण्डन : मैं यह बता रहा हूं कि यह फज़ूलखर्चियां कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदय : जब इस तरफ़ तवज्जु आ जाए तो ऐसी बातें बच कर किया करें। थोड़ी-बहुत हो जाएं तो कोई हर्ज नहीं; मगर जब attention इसी तरफ़ हो तो बच कर किया करें। (When such things occur to his mind he should mention them carefully. There is no harm if a slight reference is made to them, but he should be chary to say when the attention is already drawn to the point.)

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

श्री बलराम दास टण्डन : मैं एक बात कह कर खत्म करूंगा। मैं Finance Minister साहिब की सेवा में एक बात यह कहना चाहता हूं कि एक तरफ तो लोगों पर टैक्स लगाया जा रहा है और दूसरी तरफ उन पर ज़्यादती की जा रही है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि ज़्यादती कहां पर हो रही है। बड़ों बड़ों को बढ़ावे देकर नई posts create की जाती हैं और उन्हें मौजूदा तनखाह से दुगनी तनखाह पर appoint कर लिया जाता है। जहां तक उनकी योग्यता का सम्बन्ध है वह बहुत कम योग्यता के मालिक हैं; कोई चौथी फेल है और कोई दूसरी पास। आप अमृतसर के Sub-Registrar का केस देख लें ....

अध्यक्ष महोदय : आप ने यह कैसा मौका Sub-Registrars को बीच में लाने का ढूंड लिया। (How has the hon. Member managed to find out an opportunity to bring in the recruitment of Sub-Registrars at this stage ?)

श्री बलराम दास टण्डन : जनाब, मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि अमृतसर से जो बस जालंधर को जाती है पहले उसका किराया एक रुपया देना पड़ता था लेकिन आज किराये के बढ़ने के कारण, जब से सरकार ने यह route लिया है एक रुपया की जगह पर लोगों को एक रुपया बारह आने देने पड़ते हैं। अब नए टैक्स के ज़रिये, जो इस बिल के द्वारा propose किया जा रहा है, एक रुपया तेरह आने देने पड़ेंगे यानी दो गुना। तो अब आप ही अंदाज़ा लगाएं कि पिछले सात-आठ सालों के अन्दर क्या हुआ है? किराए दो गुना कर दिए गए हैं और इस से बही अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि सरकार लोगों का कहां तक कचूमर निकाल रही है। न केवल अपोज़ीशन के मैम्बरों ने ही बल्कि कांग्रेस के मैबरों ने भी इस टैक्स को criticise किया है। मैं फाइनैंस मिनिस्टर साहिब से दरखास्त करूंगा कि वह अवाम को relief दें। जहां सरकार को nationalized routes पर 35 लाख रुपए की आमदन है वहां अगर दूसरे routes भी nationalize कर दिए जाएं तो सरकार की आमदनी बढ़ सकती है और लोगों पर दूसरे टैक्स लगाने की ज़रूरत नहीं रहती। सरकार अपने खर्चों में economy कर के रुपया बचा सकती है। इसलिए यह टैक्स न बढ़ाया जाए।

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : स्पीकर साहिब, मैं जानता हूं कि जब भी कभी टैक्स लगाने का मामला पेश होता है तो हमेशा ही कम support मिला करती है, खास तौर पर इन हालात में जब कि लोगों के नुमाइन्दे realistic picture को सामने रखने की कोशिश नहीं करते। हम जानते हैं कि टैक्स के मामले में अवाम की तरफ से नुक्ताचीनी हुआ करती है। इस नुक्ताचीनी का यहां पर भी और बाहर पब्लिक में भी चर्चा किया गया। नुक्ता-चीनी की गई और ऐतराज़ किए गए। कुछ तो नुक्ताचीनी हुई और कुछ पैदा भी की गई है और अवाम को उकसान की कोशिश की गई है। मैं इस बात का ज़िक्र.......

(विपक्ष की ओर से : कांग्रेसी बैंचों की तरफ से उकसाया गया है।)

Mr. Speaker: No interruption please.

वित्त मंत्री : आप के सामने तो कांग्रेसी benches ही हैं, इसलिए आप ऐसा ही कहेंगे। लेकिन कांग्रेस का ध्यान आपकी तरफ और अवाम की तरफ रहता है।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जिस वक्त किसी पर ज़िम्मेदारी आती है तो उस वक्त उसे एहसास होता है कि ज़िम्मेदारी किस तरह निभाई जाती है और पता चलता है कि काम किस तरह किया जाना ज़रूरी है । मैं आज इस बात को दुहराना नहीं चाहता और न ही कोई argument आप के सामने फिर दुहरा कर रखना चाहता हूं । पहले भी मैंने यह argue करने की कोशिश की थी कि अगर हम ने पंजाब के टैक्सों का किसी और जगह से मुकाबिला करना है तो इस की आमदन का अंदाज़ा लगाना भी ज़रूरी है । पंजाब की development के लिए यह ज़रूरी है कि हम अपने पांच साला प्लान को पूरा करें । हमारी पांच साला प्लान पर 163 करोड़ रुपया खर्च होना है । इन खर्चों को पूरा करने के लिए यह ज़रूरी है कि हम कोई रास्ता ढूंड निकालें । मैं ने पहले भी कहा है और अब फिर दुहराता हूं कि जिस पर ज़िम्मेदारी होती है उसी को पता होता है कि रास्ता कैसे ढूंडा जाए । कौन है जो पंजाब की तरक्की नहीं चाहता--पंजाब से गरीबी और बेकारी को दूर न करना चाहता हो ? कौन है जो पंजाब की income को बढ़ाना ना चाहता हो, जो यह न चाहता हो कि पंजाब की development तेज़ी से हो ? अगर हम चाहते हैं कि पंजाब की development तेज़ी से हो तो हमें लाज़मी तौर पर अपनी प्लान को पूरा करना होगा । प्लान कोई भी हो बातों से पूरी नहीं हो जाती; उसके लिए sacrifice करनी पड़ती है ।

विपक्ष के सदस्य : आप से sacrifice नहीं हो सकेगी ।

वित्त मन्त्री : छोड़िए इन बातों को । Sacrifice सब को करनी होगी और हर कीमत पर करनी होगी ।

हमारे एक माननीय भाई ने किसी और स्टेट का हवाला दिया था । मैं भी हवाला दे सकता हूं । लेकिन मेरा ख्याल है कि किसी और स्टेट का मुकाबिला अपनी स्टेट से करना मुनासिब नहीं । हर स्टेट में अपने ही हालात होते हैं जिनका सामना करना पड़ता है। Kerala की पालेसी के मुतअल्लिक मेरे चन्द दोस्तों ने कहा है । इस के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि जो ज़िम्मेदारी आती है वह सब पर आती है, चाहे वह Communist Government हो, Socialist हो, या कांग्रेस की हुकूमत हो । हरेक को ज़िम्मेदारी निभानी होती है और हालात को सामने रखना पड़ता है । Realistic picture को सामने रखना पड़ता है । Kerala में भी यह हालत है कि वहां 232 लाख रुपए के नए टैक्स लगाए गए, जिनकी तफसील में मैं नहीं जाना चाहता, हालांकि मेरे पास facts and figures मौजूद हैं । (**विपक्ष** : यह figures आप के खिलाफ जाती हैं) मैं जानता हूं कि वहां पर कितने टैक्स लगाए गए हैं और किनती किस्म के हैं; लेकिन यह अच्छा नहीं मालूम देता कि हम दोनों स्टेटों का मुकाबिला करें । हर जगह के हालात के मुताबिक कर्तव्य का पालन किया जाता है ।

(*Interruption by Opposition*)

अध्यक्ष महोदय : जब आप बोलते हैं तो आप का ख्याल होता है कि कोई interrupt न करे और जब कोई वज़ीर बोलते हैं तो आप मुदाखलत करना अपना हक समझते हैं । यह दुरुस्त नहीं । Order please. [The hon. Members from the Opposition want that no one should interrupt them when they are speaking but they consider it their right to interrupt the Ministers when the latter make speeches. This is not proper Order please.] (*Interruption*).

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

वित्त मन्त्री : मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि मैं इस बात को मुनासिब नहीं समझता कि एक स्टेट के बजट का दूसरी स्टेट के बजट के साथ मुकाबिला किया जाए क्योंकि हरेक स्टेट की अपनी problems होती हैं, special picture होती है। अगर मेरे भाईयों ने Kerala का मुकाबिला ही करना है तो Kerala की आबादी का पंजाब की आबादी से और Kerala की income का पंजाब की income से भी मुकाबिला करें। उन की आमदनी के मुकाबला में टैक्स कितने लगे हुए हैं? मैं अर्ज़ करूं कि टैक्स लगाना तो एक मजबूरी होती है। पिछले साल professions, trades और callings पर टैक्स लगाया गया था। अब आप Kerala को ले लें। पंजाब में 6,000 रुपये सालाना की आमदनी पर profession tax लगता है परन्तु Kerala में 250 रुपए मासिक आमदनी पर न सिर्फ टैक्स लागू है बल्कि super-tax भी लागू किया गया है। हरेक स्टेट को realistically सोचना पड़ता है। इसलिए जज़बाती तौर पर नुक्ताचीनी करने का कोई लाभ नहीं होता। नुक्ताचीनी सिर्फ नुक्ताचीनी के कारण नहीं करनी चाहिए। अगर आप हरेक स्टेट के बजट को देखें तो पता चलेगा कि जिस पर ज़िम्मेदारी आती है वह उसे पूरा भी करता है। कुछ ऐसी general बातें थीं जो मेरे दोस्तों ने out of point कही थीं, इसलिए इन के बारे में मैं ज़रूरत नहीं समझता कि ज़्यादा वाज़े तौर पर कहा जाए।

जहां तक इस टैक्स का ताल्लुक है, मैं ने पहले भी अर्ज़ किया था। मेरे कुछ भाई, जिन्हों ने इस बिल पर एतराज़ किया है, यहां मौजूद नहीं हैं। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि यह कोई नया टैक्स नहीं है। Taxation Enquiry Commission ने अपनी report में इस टैक्स को approve किया था। दूसरी सब स्टेटस में भी यह मौजूद है। यहां कोई नई चीज़ नहीं की गई है। इस के साथ ही मैं यह अर्ज़ करना ज़रूरी समझता हूं कि इस टैक्स के लिए मौजूदा facts and figures के सामने पूरी justification है। इसी justification के बारे में मेरे माननीय साथी चौधरी सूरज मल जी ने भी कुछ विचार दिए हैं। शायद मेरे एतराज़ करने वाले भाइयों को पता न हो कि पंजाब में roads की क्या हालत है और गवर्नमेंट पर इन के maintenance charges कितने पड़ते हैं। मैं चन्द figures इस के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं जिस के नतीजा के तौर पर आपको पता चलेगा कि वास्तव में justification है।

31 मार्च, 1948 को हमारे पंजाब में 1037 मील mettalled roads थीं और 31 मार्च, 1956 तक यह सड़कें 3119 मील तक चली गईं। आज तक के figures तो मेरे पास इस वक्त मौजूद नहीं, अब और भी ज़्यादा mileage होगी। इस से पता चलेगा कि दो हज़ार मील के करीब हमारी और metalled सड़कें बन गई हैं। इतना इज़ाफा हुआ है। अब मैं आप के सामने इन के maintenance charges की figures अर्ज़ करता हूं। 1952-53 में roads का maintenance खर्च सिर्फ 37 लाख था। मगर आज यह खर्च 101 लाख है, यानी तीन गुना से भी ज़्यादा। अगर मेरे भाई यह कहें कि खर्च भी 1952-53 जितना करो और Transport के काम में भी अज़ाफा कर दिया जाये तो यह कोई मानी जाने वाली बात नहीं है। (*Interruption by Shri Inder Singh*) मैं और ज़्यादा मुकाबिले में तो नहीं जाता। मेरे पास दूसरी States के figures हैं, मैं उन को दुहराना नहीं

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

चाहता। एक बात ज़रूर अर्ज़ करनी चाहता हूं कि यह tax passengers पर है या goods जो transport होती है उन पर है। जहां तक goods पर tax का ताल्लुक है इस tax की बात तो मेरे भाइयों ने कही नहीं क्योंकि उन का ध्यान इधर नहीं है; वरना हर कोई जानता है कि goods carriers वाले काफी नफा उठाते हैं। मगर जहां तक passengers पर tax का ताल्लुक है इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि travel करने वालों में से ज़्यादा तादाद middle class की ही है। हम लोग भी buses में सफर करते हैं, जैसा कि अभी २ मेरे भाई मौलवी साहिब ने फरमाया था कि एक दिन चौधरी इंद्र सिंह भी एक शानदार बस में सवार होकर आ रहे थे। (*Interruption by Shri Inder Singh.*) Private motors वाले इतने तो नहीं हैं और हर एक private car पर सफर नहीं कर सकता। हर कोई ज़रूरी काम के लिये बाहर जाता है। उसे लारी में भी सफर करना पड़ता है और किराया खर्च करना पड़ता है। इसलिये अगर उस को एक या आधी पाई और खर्च करनी पड़ती है तो क्या हर्ज है? यह बात वाक्यात के मुताबिक नहीं है कि यह tax गरीबों पर ही लगेगा क्योंकि सफर तो हर एक को करना पड़ता है। जहां तक वाक्यात का ताल्लुक है यह भी बिल्कुल नहीं कि गरीब भाई सदैव मोटर पर सफर करते हैं उन को आम तौर पर पैदल या तांगों में सफर करना पड़ता है। मजबूरी तौर पर buses का इस्तेमाल सभी लोग करते हैं। इस में सब Classes शामिल हैं इसलिए हमें खुशी खुशी taxes देने चाहियें, क्योंकि आजकल पंजाब वासियों की डिवैल्पमैंट हो रही है और इनकी आमदनी भी बढ़ रही है।

मौलवी अब्दुल गनी डार : Nationalization के मुतअल्लिक आप ने कुछ नहीं कहा।

(*At this stage Maulvi Abdul Ghani Dar and Finance Minister began to address each other.*)

अध्यक्ष महोदय : Rules of procedure की क्या परवाह है आप बात करते जाईये। Order, order please. (Let them talk and throw the Rules of procedure to the winds. Order please.)

मौलवी अब्दुल गनी डार : स्पीकर साहिब, बातों का सवाल नहीं है। हम ने पिछली दफा भी एतराज़ किया था कि गवर्नमेंट buses पर करोड़ों रुपए सरफ करती है। हमारा सवाल तो इन taxes की पालिसी पर है।

Mr. Speaker : Question is—

That the Punjab Passengers and Goods Taxation (Amendment) Bill be passed.

(*After ascertaining the votes of the House by voices, Mr. Speaker said, "I think the Ayes have it". This opinion was challenged and division was claimed. Mr. Speaker after calling upon those members who challenged the decision and supported the claim for a division to rise in their places declared that the division was unnecessarily claimed.*)

The motion was declared carried.

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

THE COURT FEES (PUNJAB AMENDMENT) BILL, 1957

Minister for Finance (Shri Mohan Lal) : Sir, I beg to introduce the Court Fees (Punjab Amendment) Bill.

Minister for Finance : Sir , I beg to move—

That the Court Fees (Punjab Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Court Fees (Punjab Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Sardar Sarup Singh (Amritsar City, Civil Lines) : Mr. Speaker, I am constrained to criticise the provisions of the Court Fees (Punjab Amendment) Bill, which is before this House for its consideration this evening and the basis of my criticism is that the administration of justice is the sacred duty of the State and, therefore, the State while discharging its duties cannot import any profit motive into the administration of justice. Justice should be administered and not sold. I feel, Sir, that there is no corresponding rise in the cost of administration of justice whereas the hon. Minister for Revenue has brought this Amending Bill to raise the revenues out of the court fees up to the extent of 30 per cent.

My point, Sir, is that the Sociologists tell us that from the primitive times Society evolves a system of Government so that Government is able to adjudicate between its citizens and to secure their rights and to keep peace between the citizens. Therefore, this is the basic duty of the State and the State is only entitled to that much taxation which is necessary for the administration of justice and it cannot, therefore, impose taxes which are in the nature of an additional taxation and that taxation, therefore, is forced to yield revenue surplus which is used elsewhere than in the administration of justice. Therefore, this Bill is not only very improper to bring but will also go a long way to make justice much more expensive and, therefore, out of the reach of the many people who are already groaning under its very heavy cost. Justice which is not speedy is no justice at all and justice which is so expensive and which goes out of the reach of the ordinary citizen is also a denial of justice. Therefore, on these two grounds, Sir, I oppose this Amending Bill.

The Government could very easily save money if it could take steps to see that the Circuit Court at Delhi is abolished. It is costing the Exchequer nearly 5 lakhs of rupees and that I find is a sheer waste and it should be stopped forthwith. Even otherwise, Sir, with all due deference to the Judiciary, the appeals before the High Court and other Courts keep on hanging for very long periods and that also results in a sense of frustration among the general public that the justice they go to seek is not forthcoming. Therefore, Sir, in view of the already dilatory justice which is being met to the individuals and also various expenses which could be cut down, I think this Bill should not be passed.

श्री हरबंस लाल (भटिंडा) : स्पीकर साहिब, यह बिल दूसरे बिलों से कुछ मुख्तलिफ है लेकिन जैसी और बिलों में किसी न किसी शक्ल में टैक्सिज की तजवीज़ थी, वैसी तजवीज़

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

इस में भी indirect टैक्सिज के मुतअल्लिक है । लेकिन एक दूसरा पहलू भी है जैसा कि आनरेबल मैम्बर ने बतलाया । वह यह कि जहां हम यह चाहते हैं कि हमारी स्टेट की आर्थिक दशा ऐसी हो कि जो हमारा खसारे का बजट है, वह पूरा हो सके और economy को आगे ले जा सकें वहां welfare State का यह भी फर्ज़ हो जाता है कि वह इन्साफ को जितना सस्ता और स्पीडी कर सके, करे । क्योंकि अगर हम ऐसा टैक्स लगाएं कि लोग झगड़ते रहें और वह टैक्स बोझ बना रहे तो यह welfare State के लिए बुनियादी तौर पर बुरी बात होगी ।

आज कोर्टफीस का जो नया टैक्स प्रपोज़ किया गया कि गवर्नमेंट इस को 30% ज़्यादा करेगी, उसका नतीजा यह होगा मैं मानता हूं--कि लोग अदालतों में जाना कम से कम पसन्द करेंगे क्योंकि यह एक बोझ होगा । मैं यह मानता हूं कि welfare State में ज़रूरत इस बात की है कि हमारा अदालतों में जाने का खर्चा कम हो, तमाम लोगों में झगड़े कम हों; लोग आसानी से अदालतों में पहुंच सकें, उनके दिल में अदालतों के लिये प्यार पैदा हो और वह आदमी, जो नामुनासिब कारवाई करके किसी के हक पर छापा मारना चाहते हों, उन को अहसास हो कि अदालत में उन के खिलाफ फैसला होगा । उन पर ऐसी bindings होनी चाहियें । लेकिन आज जो यह टैक्स लगाया जा रहा है, यह ज्यादा है । पहले 500 रुपए के केस के लिए 37% कोर्टफीस देनी पड़ती थी, अब आगे के लिये इसी रकम पर 50% देनी पड़ेगी और इस से ज्यादा रक़म पर यह फीस और बढ़ जाएगी ।

पहिले किसी को अपना मकान खाली कराने के लिए 1 रुपया खर्च करना पड़ता था, फिर यह खर्च 10 रुपया हुआ अब 13 रु० देना पड़ता है, चाहे उस के मकान का किराया 5 रुपए हो या 500 रुपए हो । तो इन रेट्स की शरह बढ़ती चली जा रही है । हम ने उस आदमी को इस बात के लिये मजबूर कर दिया है कि वह दरखास्त पर 13 रुपए खर्च करे और वकीलों का खर्चा अलग करे । तो इसका नतीजा, जैसा कि मैं समझता हूं, यह होगा कि लोग अदालतों में जाने से घबराएंगे और जो उनके झगड़े हैं वह बढ़ते जाएंगे, मिटने नहीं पाएंगे जोकि एक welfare State के लिये बुनियादी तौर पर बुरी चीज़ होगी । लेकिन गवर्नमेंट यह सोचती है कि इसके बगैर और कोई चारा नहीं है । एक welfare State का यह फर्ज़ है कि वह इस बात की कोशिश करे कि लोगों के मुकदमों का जल्दी से जल्दी फैसला हो । पर आज की position ज्यादा satisfactory नहीं है । निचली अदालतों में केसिज़ को decide होने में महीना-महीना या डेढ़-डेढ़ महीना लगता है । हाईकोर्ट में 3 साल तक लग जाते हैं और आज कल तो पंजाब हाईकोर्ट में इस से भी ज्यादा देर के केसिज पड़े हुए हैं । दीवानी के केसिज़ में तो चार चार, पांच-पांच साल लगते हैं । अगर अदादोशुमार लिये जाएं तो पता चलेगा कि पंजाब हाईकोर्ट में ऐसे केसिज़ मौजूद हैं जिन को 7 साल या इससे भी ज्यादा अर्सा हो गया है और अभी तक decide नहीं हुए हैं । अब आप अन्दाज़ा लगाएं कि इसका लोगों के ऊपर क्या असर पड़ता है और फिर यह भी नहीं कि लोगों को केसिज़ के फैसले होने के बाद रुपया मिल जाएगा । यह नहीं होता । जैसा कि जज साहिबान ने कहा कि decree holder की तकलीफ तो decree होने के बाद शुरू होती है । तो, जनाब, अब जब हम टैक्स लगाकर उन को तकलीफ दें और

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री हरबंस लाल]
मुसीबत में डालें तो सरकार की यह ज़िम्मेदारी हो जाती है कि वह इस बात का फैसला करे कि लोगों के मुकदमों का जल्दी फैसला होगा, यानी जिन मुकदमों का फैसला पांच साल में होता था वह दो साल में या इस से कम समय में हो ।

मैं एक और अहम बात हाऊस के सामने लाना चाहता हूं कि निचली अदालतों में जो काम होता है वह हफ्ते में छः दिन होता है और एक दिन Sunday की छुट्टी होती है । लेकिन हाईकोर्ट में हफ्ते में दो दिन छुट्टी होती है यानी शनिवार और इतवार । निचली कोर्ट्स में जो summer vacation होती हैं वह पन्द्रह या बीस दिन की होती हैं और हाईकोर्ट में यही summer vacations तीन महीने की होती हैं । इस का नतीजा यह होता है कि केसिज़ delay होते हैं और लोगों को इन्साफ जल्दी नहीं मिल पाता । आज वक्त का तकाज़ा यह है कि हम इन छुट्टियों को बन्द करें; जहां तक हो सके, अपने इन्साफ को सस्ता करें और मुकदमों का जल्दी से जल्दी फैसला करें । इस के लिये यह ज़रूरी नहीं है कि गवर्नमेंट हाईकोर्ट के मामले में interfere करे बल्कि अपना बजा असर इस्तेमाल करे ।

आखिर में मैं यह फिर कहना चाहता हूं कि जहां हम कोर्ट फीस ज़्यादा चार्ज करते हैं वहां हमारा यह फर्ज़ हो जाता है कि हम ऐलान करें कि मुकदमों का जल्दी फैसला होगा और आगे के लिये जो वक्त लगेगा वह आजकल की निस्बत निस्फ या इस से भी कम होगा ।

श्री रूप सिंह फूल (हमीरपुर 'रिज़र्व') : सदरे मुहतरिम, किसी मुल्क की तरक्की का राज़ इस बात में है कि उस मुल्क में इन्साफ और तालीम सस्ती हो । मगर हमारे देश में इन्साफ और तालीम दोनों ही निहायत महंगे पड़ते हैं, इसलिए हम तरक्की नहीं कर सकते ।

एक माननीय मेम्बर : तालीम तो मुफ्त हो रही है ।

श्री रूप सिंह फूल : जब होगी तब देखा जायेगा । हां, तो अब कोर्टफीस भी बढ़ाई जा रही है । यह अमीरों के लिए तो कोई मुज़ायके की बात नहीं, मगर इस का मतलब यह है कि—

इधर बिजली गिरे या उस चमन में आंधियां आयें,
बहरसूरत गरीबों का ही घर बर्बाद होता है।"

मैं फाइनैंस मिनिस्टर साहिब से गिला करता हूं कि

"तू ही कह दे मेरे गुल्शन,
तेरा अब हाल क्या होगा
जिसे माली समझता हूं,
वही सय्याद होता है ।"

मैं अर्ज़ करता हूं कि वह गरीबों की तरफ नज़र दौड़ायें, जिन को अब कोर्टफीस ज़्यादा देनी पड़ेगी । इस का मतलब यह होगा कि गरीब को कोई मारे और वह अदालत का दरवाज़ा न खटखटाए ।

Is this the way in which you are establishing a Socialistic Pattern of Society ? Is this the way in which you are raising the poor to the level of the rich persons ?

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

मेरे कहने का मकसद यह है कि क्या आप यह चाहते हैं कि गरीब कोई इन्साफ हासिल न कर सकें और न उन की कोई शुनवाई हो ?

आज जब कोई नये टैक्सिज़ लगाने होते हैं या और कोई अखराजात बढ़ाने होते हैं तो इस के लिये ट्रेज़री बैंचिज़ के हाथ में एक 'डिवैल्पमेंट देवी" आ गई है जिस को खूबसूरत लिबास पहना कर आगे कर देते हैं और जिस के नाज़ोअदा देख कर मैम्बर साहबान भी खुश हो जाते हैं। लेकिन हमें तो गरीबों ने अपनी आवाज़ बुलन्द करने के लिये यहां भेजा है। इस लिये हम ने यह सोचना है कि हम किस मकसद के लिये यहां आए हैं; इस 'डिवैल्पमेंट देवी' के ऊपर जान निसार कर देनी है या कि मुल्क के लिये कुछ सोचना है। अभी-अभी चौधरी साहिब ने फरमाया था कि सड़कें पक्की बनेंगी और डिवैल्पमेंट होगी। लेकिन मैं अर्ज़ करता हूं कि किस जगह होगी वह डिवैल्पमेंट ? मैं यह कहता हूं कि अगर आप ने court fees ज़्यादा करनी हैं तो कांगड़ा के पसमान्दा एरिया में यह लागू न करें। इस सिलसिले में मै चंद दलायल पेश करता हूं।

अध्यक्ष महोदय : इस के लिये आप amendment ले आते तो ठीक था। (It would have been better if the hon. Member had given notice of an amendment to this effect.)

श्री रूप सिंह फूल : अगर वह backward है तो इस का मतलब है कि गरीब भी हैं।

अध्यक्ष महोदय : यह चीज़ आप amendment की शक्ल में ले आते। (The hon. Member ought to have brought this thing in the form of an amendment.)

श्री रूप सिंह फूल : मेरा कहने का मतलब यह है कि यह जो court fees में इज़ाफा हो रहा है इस में ज़िला कांगड़ा को मुस्तसना करार दे दिया जाए। गवर्नमैण्ट अगर करना चाहे तो क्या नहीं हो सकता। ज़िला कांगड़ा में हमीरपुर की तहसील है जहां पर एक सड़क भी पक्की नहीं है।

(*Interruptions and noise*)

अध्यक्ष महोदय : Order please. मेम्बर साहिबान को यह एक बड़ा ढंग आ गया है कि वे किसी न किसी तरह irrelevant चीज़ों को भी जोड़ लेते हैं। सड़कें passenger tax वाले Bill के साथ तो जुड़ सकतीं थीं मगर court fees के साथ कैसे जुड़ेंगी। (The hon. Members have developed the knack of making irrelevant matters relevant. The roads could be connected with the Passenger Tax Bill but how could these be tagged with the Court fees Bill?)

श्री रूप सिंह फूल : मैं यह अर्ज़ कर रहा हूं कि आप को उस ज़िला के साथ खसूसी हमदर्दी होनी चाहिए। साहिबे मुहतरिम—

"ज़िंदगी के उदास गुलशन में फूल कुछ तो खिला दिए होते,
हम ने जब ज़िकरे दर्द छेड़ा था, काश ! तुम मुस्करा दिए होते।"

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री रूप सिंह फूल]

सदरे मुहतरिम, मैं उस गरीब ज़िले का cause ले कर आया हूं जहां से court fee ज़्यादा लेनी है। मैं अर्ज़ करता हूं कि दूसरी जंगे अज़ीम में कुल आठ Victoria Cross दिए गए थे जिन में से दो हमीरपुर के सिपाहियों को मिले थे मगर वहां पर न कोई सड़क है और न ही पीने के पानी का इंतज़ाम है।

अध्यक्ष महोदय : किसी शेयर के साथ Victoria Cross को भी जोड़ लें। (The hon. Member may link the Victoria Cross in some couplet.)

श्री रूप सिंह फूल : मैं कहता हूं कि कोई वज़ीर साहिब मेरे साथ चल कर हमीरपुर का दौरा करे। मैं उन को धूप में टीलों पर ले जा कर दौरा करवाऊंगा। जब वह पानी मांगेंगे तो तीन मील से नज़दीक कहीं भी पानी नहीं मिलेगा। धूप में तीन मील तक पहुंचने के लिए वहां पर उन के लिये ambulance लानी पड़ेगी। वहां पर सख्त धूप में औरतें तीन-तीन मील की दूरी पर जा कर पानी लाती हैं। यह है वहां की development का हाल ! मगर उस ज़िले के लिये भी court fee का इज़ाफा किया जा रहा है। मुझे समझ नहीं आती कि यह बिल उस ज़िले में क्यों लागू किया जा रहा है। मैं कहता हूं कि उस पसमान्दा ज़िले को इस बिल से, जो कि court fee ज़्यादा करने के लिए है, मुस्तसना कर देना चाहिए क्योंकि इस से वहां के गरीब लोगों पर बोझ पड़ेगा। इस बिल के Statement of Objects and Reasons में यह बताया गया है कि administration को चलाने के लिये court fees में इज़ाफा किया गया है। यह भी बताया गया है कि Judiciary को Executive से separate करना है लेकिन ज़िला कांगड़ा में Executive और Judiciary को जुदा नहीं किया है। सदरे मुहतरिम—

दिल फूंक मुहब्बत को कहीं आग लगा भी,
तेरा कोई वायदा कभी सच्चा नहीं होता,
होने को तो यूं शाम भी होती है सहर भी ॥

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਮੀਤ ਸਿੰਘ 'ਮੀਤ' (ਬਾਘਾ ਪੁਰਾਣਾ 'ਜਨਰਲ') : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਤਾਂ ਕੇਵਲ ਇਤਨੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਹੈ, ਆਪਣੇ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਧਿਆਨ ਵਿੱਚ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਲਿਆਉਣੀ ਹੈ ਕਿ ਅਗਰ ਪੰਜ ਸਾਲਾ ਪਲਾਨ ਨੂੰ ਕਾਮਯਾਬ ਕਰਨ ਲਈ ਪੈਸੇ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ, ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਆਮਦਨ ਜ਼ਿਆਦਾ ਤੋਂ ਜ਼ਿਆਦਾ ਵਧਾਉਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਤਾਂ ਐਸੇ ਹੋਰ ਜ਼ਰੀਏ ਦੱਸੇ ਜਾ ਸਕਦੇ ਸਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਇਨਸਾਫ ਮਹਿੰਗਾ ਨਾ ਹੁੰਦਾ। ਅੱਜ ਇਨਸਾਫ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ਖੋਲ੍ਹੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਕਿ ਐਨੇ ਪੈਸੇ ਅਦਾ ਕਰਨ ਵਾਲੇ ਨੂੰ ਇਨਸਾਫ ਮਿਲ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ court fee ਵਧਾਉਣ ਦੀ ਬਜਾਏ registration fee ਵਧਾਈ ਜਾ ਸਕਦੀ ਸੀ। ਜਿੱਥੇ ਕੋਈ ਜਾਇਦਾਦ ਖਰੀਦਦਾ ਹੈ ਜਾਂ ਵੇਚਦਾ ਹੈ ਜਿਸ ਨਾਲ ਆਮਦਨੀ ਹੁੰਦੀ ਹੈ ਉਸ ਦੀ registration fee ਵਧਾਈ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਮਗਰ ਏਸ ਨੂੰ ਛੱਡ ਕੇ ਤੁਸੀਂ ਇਨਸਾਫ ਨੂੰ ਹੋਰ ਵੀ ਮਹਿੰਗਾ ਕਰ ਰਹੇ ਹੋ।

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਅੱਗੇ ਹੀ ਅਦਾਲਤਾਂ ਵਿੱਚ ਜਾਣ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਵਕੀਲਾਂ ਦੀਆਂ ਫੀਸਾਂ, ਰੀਡਰਾਂ ਕੋਲੋਂ ਤਰੀਕਾਂ ਲੈਣ ਦੀਆਂ ਫੀਸਾਂ ਦੇਣੀਆਂ ਪੈਂਦੀਆਂ ਹਨ। ਜੇ ਕਿਸੇ ਨੇ ਕੋਈ ਨਕਲ ਲੈਣੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਦੇ ਵੀ ਪੈਸੇ ਦੇਣੇ ਪੈਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਵਕੀਲਾਂ ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਮੁਨਸ਼ੀ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਉਪਰੋਂ ਦੀ ਪੈਂਦੇ ਹਨ ਔਰ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਛਿਲ ਲਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਮੇਰਾ ਕਹਿਣ ਦਾ ਭਾਵ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅੱਜ ਇਨਸਾਫ ਏਨਾ ਮਹਿੰਗਾ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਛੋਟੇ ਮੋਟੇ ਕੇਸ ਵਿੱਚ ਆਦਮੀ ਦੀ ਸਾਰੇ ਸਾਲ ਦੀ ਕਮਾਈ ਲੱਗ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਸਾਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ ਕੋਈ ਐਸਾ ਤਰੀਕਾ ਇਖਤਿਆਰ ਕਰਦੇ ਜਿਸ ਨਾਲ ਇਨਸਾਫ ਸਸਤਾ ਹੁੰਦਾ ਔਰ ਹੋਰ ਕਈ ਢੰਗ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਅਸੀਂ ਪੈਸਾ ਇਕੱਠਾ ਕਰਕੇ ਆਪਣੇ ਪੰਜ ਸਾਲਾ plans ਨੂੰ ਵੀ ਕਾਮਯਾਬ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਦੁਕਾਨ ਖੋਲ੍ਹ ਕੇ ਇਨਸਾਫ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਇਖਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ ਕੋਈ ਸ਼ੋਭਾ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਨਹੀਂ ਜਾਪਦੀ। ਬਹਰਹਾਲ, ਅਗਰ ਇਹ ਇਹ ਗੱਲ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ, ਤੁਸੀਂ ਇਨਸਾਫ ਦੀ ਦੁਕਾਨ ਨੂੰ ਜ਼ਰੂਰ ਚਾਲੂ ਕਰਨਾ ਹੈ ਤਾਂ ਫੇਰ ਜਿਹੜਾ ਲੋਕਾਂ ਤੇ ਵਕੀਲ ਸਾਹਿਬਾਨ ਦਾ ਬੋਝ ਹੁੰਦਾ ਹੈ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਮੁਨਸ਼ੀ ਲੁਟਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਅਹੁਦੇਦਾਰਾਂ ਵੱਲੋਂ ਜ਼ੁਲਮ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਛੁਟਕਾਰਾ ਦਿਵਾਇਆ ਜਾਏ। ਏਸ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਜਿਹੜੀਆਂ ਦੋ ਦੋ ਮਹੀਨਿਆਂ ਦੀਆਂ ਤਰੀਕਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ ਜਾਂਦੀਆਂ ਹਨ ਔਰ ਅਹਿਲਕਾਰਾਂ ਵੱਲੋਂ ਜੋ ਤੰਗ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਹ ਗੱਲਾਂ ਹਟਾਉਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਇਨਸਾਫ ਸੌਖਾ ਤੇ ਜਲਦੀ ਮਿਲਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

Sardar Ajmer Singh (Samrala 'G'): Mr. Speaker, the introduction of this Bill has not been received in the public with any good idea about our Ministry and Government, the reason being that people think that exactly the justice is being sold to them though it is the duty of the Government to dispense justice. It is their duty. It is the prerogative derived from the kings of the past kings amongst whom there were Bikramajit and other kings whose justice was well known.

9.00 p.m.

Now the same Government before dispensing justice to the people say, "If you want to come to us, if you want to reach us with any prayer—with any complaint—or if you want anything from us, just pay outside our agency which sells court fees before you actually knock at our door." So my submission, Sir, is that the very basis of the court fees at least in the present system of justice is wrong. There is a difference between the view-points of the Government and the jurists. The Government think from this point of view—I have heard this being said at some place by some responsible person of the Government—that the courts should be self-sufficient. Now this is absolutely a wrong basis on which it should be looked. As I hapo already said, it being the duty of the Government to give justice to the poorest—to the weakest—it does not behove our Government to go on increasing court fees and to say, "We will render justice only if you pay so much".

My submission, Mr. Speaker, before you is that unfortunately the Second Five-Year Plan has made our Ministers beggars and borrower and created a tendency in them to look to the pockets of the people with a view to finding out whether they are rich or poor. I would not call then pick-pockets but it appears that they would not spare the pockets of any

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[Sardar Ajmer Singh]

body. My submission, Mr. Speaker, before you—and through you, Sir my request to the Ministry—is that while asking for money from the people, at least they should keep in view certain principles and they should not hanker after money regardless of the source from which it comes.

It is said that probably the lawyers oppose this because they are affected by it. No, it is absolutely wrong. We are near the courts ; we are near the places where the justice is administered and we are near those people who think wrongly or rightly about the Government. So, our opinion in this respect is entitled to much more weight than that of others who only say that probably the lawyers want this measure to be thrown out simply with this idea that the litigation would decrease. It is argued that if the court fee is decreased, litigation would be more or if the court fee is increased the litigation will be less. But we know that there are so many legislations and human ways are so complicated now that litigation is bound to arise.

But I am not concerned, Your Honour, with the court fee which is paid in the criminal courts. Well, I can visualise certain litigation when, say, somebody has to file a complaint against somebody of lakhs. Well, I don't mind if he pays or he is required to pay some heavy amount for going to the court. But my submission is that there are poor people who cannot afford to pay. I know that there is a provision which enables the paupers to sue but that would apply to very rare people because, as you know, if some body has some property the Court will not spare him. It will ask him to pay even if he has to sell off the last remanent of his property.

So my submission, Mr. Speaker, is that the very basis of the court fee is wrong. It is probably the third time when our Government is increasing the court fees. It does not look proper when it is said, "We want money for financing the Second Five-Year Plan. Therefore, we must also tap this source of justice". It is not a very plausible thing or good thing for our Government to do. Therefore, I request you and the Ministry through you, that this measure can well be substituted by another measure through which a good amount of money can be secured and this proposed increase in the court fees can be done away with.

Thank your, Sir.

चौधरी धर्म सिंह राठी (सम्भालका) : स्पीकर साहिब, हमारी हुकूमत रोज़ाना Socialistic Pattern of Society का नारा लगाती है और कहती हैं कि हम गरीबों का भला करेंगे। हम रोज़ाना इन को प्रापेगैंडा करते सुनते हैं कि इन्साफ सस्ता होगा और जल्दी मिलेगा लेकिन जब अमली तौर पर देखते हैं.....

मौलवी अब्दुल गनी डार : स्पीकर साहिब, आप तो खाना खाने चले मगर हमारा भी कुछ फिकर करें (हंसी) (*At this stage Mr. Deputy Speaker occupied the Chair*)

चौधरी धर्म सिंह राठी : मगर यहां हम अपनी हुकूमत के मुतअल्लिक देखते हैं कि इन की अमली बातें उन बातों से मुख्तलिफ होती हैं बल्कि उल्ट होती हैं जो यह बाहर और इस हाऊस के अन्दर करते हैं और कहते हैं। अब जो यह बिल आप के सामने है यह वह बिल है

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

जिस का सारे का सारा बोझ, सारे का सारा burden गरीबों पर पड़ेगा। लेकिन इस के बावजूद हमारी हुकूमत यह कहती है कि यही आदमी हैं जो देने के काबिल हैं और यही मुरगी है जो सोने के अंडे देती है। इसलिये यह court fees का बोझ भी इन के सिर पर ही रखो ताकि यह सस्ता इन्साफ भी न ले सकें। डिप्टी स्पीकर साहिब, मैं रोजाना अदालतों में देखता हूं कि वहां ज्यादा तादाद उन लोगों की होती है जो गरीब हैं और वहां इन्साफ लेने जाते हैं। इस तरीके से कोर्ट फीज़ बढ़ाना जायज़ बात नहीं है। यह पहले भी बढ़ी थीं और अब फिर 30 फीसदी बढ़ा दी हैं। इस का मतलब है कि जहां पहले ही गरीबों को बड़ा महंगा इन्साफ मिलता था अब यह और भी महंगा मिलेगा और ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ेंगे। अब गरीब इन्साफ के लिये अदालतों में नहीं आ सकेंगे।

इस के अलावा हमारी हुकूमत को एक और चीज़ का प्रबन्ध करना चाहिए। मुझे अकसर पानीपत जाने का इत्तफाक होता है और मैं देखता हूं कि एक तो वहां अदालत बहुत दूर है और दूसरे वहां पर कोर्ट-फीज़ के लिए टिकटें भी नहीं मिलती हैं। अगर किसी आदमी ने एक रुपये का टिकट लेना हो तो आठ आने रिक्शा में जाने के लिये लगते हैं और आठ आने आने के लगते हैं, इस तरह वह एक रुपये की कोर्ट फीस दो रुपए की बन जाती है। इसलिये वहां तो पहले ही यह fee बढ़ी हुई है और अब यह और महंगी होगी। मैं वज़ीर साहिब से कहूंगा कि पानीपत में जो S.D.M. और Sub-Judge वगैराह की अदालतें हैं वहां कम से कम कोर्ट-फीज़ के लिये टिकटों के बेचने का तो प्रबन्ध कर दें ताकि उन को और भी महंगा न पड़े। इस बिल का असर यह होगा कि गरीबों को इन्साफ हासिल करना मुश्किल हो जाएगा। इसलिये मैं वित्त मंत्री जी से अर्ज़ करूंगा कि वह इस बिल को वापस लें। और बहुत से बिल आप ला सकते हैं जिन से आप को आमदनी हो सकती है। मिसाल के तौर पर registration में बढ़ौतरी हो सकती है। आजकल इतनी registrations हो रही हैं कि इस से इतनी आमदनी हो सकती है कि आप को इतनी आमदनी कोर्ट फीज़ के बढ़ाने से भी नहीं हो सकती। जो भी आदमी आज कल ज़मीन खरीद रहे हैं और landlords बेच रहे हैं...

उपाध्यक्ष महोदय : यह registration का मामला काफी लम्बा है। इसे आप छोड़ें। (The process of registration is very lengthy. Please leave it.)

चौधरी धर्म सिंह राठी : अब जब कि डिप्टी स्पीकर साहिब भी चाहते हैं कि मैं जल्दी खत्म करूं तो मैं इन अलफाज़ के साथ वज़ीर खज़ाना से कहूंगा कि यह जो गरीब-मार टैक्स है इस को पास न करें और इसे वापस ले लें।

चकबन्दी तथा स्वास्थ्य मन्त्री (चौधरी सूरज मल) : स्पीकर साहिब, मैं ने अपने दोस्तों की तकरीरें सुनी, खास तौर पर वुकला साहिबान की। हमारे दोस्त सरदार अजमेर सिंह जी ने हमें लालची करार दिया है कि हम हर एक की जेबों में हाथ डालने की कोशिश करते हैं लेकिन उन्हें याद रहे कि हम जो कुछ भी इस तरह का लालच दिखा रहे हैं हम अपने लिए नहीं बल्कि जनता के लिए, उन की हालत को बेहतर बनाने के लिये धन इकट्ठा

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[चक बंदी तथा स्वास्थ्य मन्त्री]

कर रहे हैं, मेरे दोस्तों ने यह भी इशारा किया कि हम एक तरह से गठ कुतरों का काम कर रहे हैं। लेकिन वे खुद अपनी तरफ़ देखें कि जिस वक्त फीस वसूल करने का सवाल आता है तो वुकला साहिबान ग़रीब अमीर नहीं देखते।

एक माननीय सदस्य : आप भी तो ऐसे ही आदमियों में से हैं।

मंत्री : मुझे यह मानने में कोई गुरेज़ नहीं कि जब मैं इस प्रोफैशन में था तो मैं भी ऐसे ही हथकंडे इस्तेमाल करता था।

एक माननीय सदस्य : यह तो थोड़े दिन की बात है।

मन्त्री : कोई बात नहीं; देने वाला परमात्मा है। खैर, मैं यह अर्ज़ कर रहा था कि आप ने दरुस्त कहा कि वाकई हर एक गवर्नमैण्ट का फर्ज़ है कि वह इनसाफ को सस्ता करे और जल्दी पहुंचाये—इस में कोई शक की बात नहीं। लेकिन आप ज़रूर महसूस करेंगे कि इस हुकूमत ने इन दोनों बातों के सिलसिला में बहुत से कदम उठाए हैं। आप को मालूम है कि पंचायतों के कयाम से इन्साफ लोगों के बहुत नज़दीक ला दिया गया है। ग़रीब लोगों के छोटे-छोटे केसों के बारे में पंचायतों के अन्दर ही फैसले हो जाते हैं। उन्हें कोई कोर्ट फीस नहीं देनी पड़ती और न ही लम्बा फासला तय कर के दूर दराज़ अदालतों में जाना पड़ता है। इस तरह से उन के कामों के बारे में फैसला भी जल्दी हो जाता है। इस तरह वे लोग थोड़ा सा खर्च कर के इन्साफ़ हासल कर सकते हैं।

इस के साथ ही दूसरा कदम जो इस गवर्नमैण्ट ने उठाया वह डीसेण्ट्रेलाइज़ेशन आफ़ कोर्ट्स के बारे में है। जहां पहले मैजिस्ट्रेट और सब जज एक जगह पर एक डिस्ट्रिक्ट हैड-क्वार्टर पर होते थे वहां अब हर एक तहसील में बिखेर दिए गए हैं और इन्साफ़ लोगों के बहुत नज़दीक ला दिया गया है। हमारे वुकला मैम्बरान नुक्ताचीनी बेशक करें। शायद उन के काम में कोई कमी वाक्या हो गई हो। लेकिन तजरुबा की बिना पर मैं यह कहना चाहता हूं कि इन्साफ लोगों के घरों के नज़दीक ला दिया गया है और सब जज और मैजिस्ट्रेट हर तहसील में लोगों के घरों के नज़दीक बैठ कर काम करते हैं जिस से कि उन्हें इन्साफ़ जल्दी मिलता है। जहां तक ग़ुरबा का ताल्लुक है, मैं यह कहना चाहता हूं कि अव्वल तो ग़रीब लोगों के लिए रैज़िडेंट अदालतें हैं या उन के केसों का फैसला पंचायतों में ही हो जाता है और आम तौर पर देखा गया है कि ग़रीब लोग मुकद्दमाबाज़ी में बहुत कम पड़ते हैं। मुकद्दमाबाज़ी का ज़्यादा शौक मालदार लोगों को ही होता है जो कि बखूबी तौर पर कोर्ट फीस अदा कर सकते हैं। मैं सरदार अजमेर सिंह और अपने दूसरे भाइयों की खिदमत में अर्ज़ कर दूं कि आम तौर पर देखा गया है कि अगर किसी आदमी से कोर्ट फीस न ली जाये तो वह समझता है कि मेरा काम नहीं होगा। चुनांचि मैं ने बार बार देखा है कि जब हम किसी को कहते हैं कि हम तुम्हारा काम बग़ैर पैसे के करवा देंगे या तुम्हारा काम बग़ैर रुपया खर्च किए हो सकता है तो वह यकीन नहीं रखता क्योंकि वह समझता है कि रुपया खर्च किए बग़ैर काम नहीं हो सकता और जब हम यह कहें कि इस

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

पर कोर्ट फीस न लगाओ तो वे कहते हैं कि ज़रूर लगा दो। इसलिये मैं उन लोगों से यह अर्ज़ कर देना चाहता हूं जो जनता के पासबां बने बैठे हैं, कि गवर्नमैंट को पहले ही इन लोगों से दर्द है और गवर्नमैण्ट पहले ही दो तीन कदम उन के लिये उठा चुकी है। हो सकता है कि किसी जगह पर लोगों को कोई तकलीफ़ पहुंची हो। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि जो लोग रुपया खर्च करना चाहते हैं या खर्च कर सकते हैं वे हाई कोर्ट या दूसरी अदालतों में जाना afford कर सकते हैं। अगर उन पर थोड़ा सा खर्च और डाल दिया जाय तो मैं समझता हूं इस में कोई बेइन्साफी की बात नहीं। इस में कोई ऐसी बात नहीं जिस के लिए हमें चोर, डाकू या गठ कुतरा कहा जाये। इन्साफ पसन्द और ज़ीअकल आदमी इस बात को जानते हैं और वे महसूस करते हैं कि हम ने जो इज़ाफा किया है वह कोई ऐसा नहीं जिस से उन की कमर टूट जाए क्योंकि इस का बोझ ग़रीब आदमियों पर नहीं धनाढ आदमियों पर पड़ना है जो कि अपने मुकद्दमात सैशन्ज़ कोर्ट और हाई कोर्ट में ले जाने से भी गुरेज़ नहीं करते। इसलिए मैं अपने दोस्तों को अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस बिल में कोई ऐसी बात नहीं जिस पर नुक्ताचीनी की जाय। इसलिये मेरे ख्याल में हाऊस को इसे पास कर देना चाहिए।

श्री लाल चंद (जालन्धर शहर, उत्तर-पूर्व) : डिप्टी स्पीकर साहिब, यह तो एक माना हुआ असूल है कि इन्साफ़ सस्ता से सस्ता होना चाहिए और मुझे यह खुशी है कि Treasury Benches की तरफ़ से और खास तौर पर वज़ीरे खज़ाना ने, जो खुद भी एक वकील हैं और इस लाइन में काफी अरसा से काम करते आ रहे हैं, भी यह असूल माना है। अब हमारे मुल्क की बदकिस्मती है कि यहां यह समझा जाता है कि अदालतों में वे लोग जाते हैं जो लड़ना झगड़ना जानते हैं। मैं समझता हूं कि यह बात वे लोग कहते हैं जिन्हें दरअसल अदालतों का कोई तजरुबा नहीं। ज़रा मुलाहिज़ा फरमाएं। एक औरत का खावन्द पांच बच्चों का बाप है। खावन्द ही अकेला रोज़ी कमाने वाला है। खुदानखास्ता वह गाड़ी के नीचे आ कर मर जाता है। उस की औरत गाड़ी वाले पर पांच हज़ार का दावा करती है तो आप अन्दाज़ा लगाएं कि उस को कितने रुपये का कोर्ट फी stamp लगाना पड़ेगा। शायद मेरे दोस्त कहेंगे कि वह मुफलिसी में दावा कर सकती है। मैं कहूंगा कि उस को मुफलिसी का हक नहीं मिलेगा। एक और मिसाल पेश करता हूं। एक भाई ने दूसरे ग़रीब आदमी पर रहम खा कर 500 रुपये कर्ज़ दे दिये। तो उस से सूद मिला कर 510 रुपये अदालत की मार्फत वसूल करने के लिये जहां पहले 37-8 कोर्ट फीस के लगते थे अब 74-8 लगेंगे। इन अमूर के मद्देनज़र मैं समझता हूं कि यह कहना ग़लत है कि अदालतों में वही लोग जाते हैं जो लड़ना झगड़ना जानते हैं। मैं आप के सामने एक और केस रखता हूं। एक शख्स ने किसी से दो हज़ार रुपये लेने थे और वह देने में नहीं आता था। आखिरकार उस ने सोचा कि अच्छा बाजार में पकड़ेंगे और चार चांटे लगायेंगे। ज़्यादा से ज़्यादा यही होगा कि पुलिस पकड़ लेगी और दफा 107 में चालान कर देगी। इस प्रकार की सैंकड़ों मिसालें दी जा सकती हैं। इसी तरह अगर किसी refugee का बीस हज़ार का क्लेम मंज़ूर हुआ हो और उसे चार हज़ार रुपया मिलना हो और इसी असना में

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री लाल चंद]

वह शख्स जिस के नाम क्लेम था फौत हो जाता है तो उस की बेवा को अढ़ाई रुपये सैंकड़ा के हिसाब से कुल रकम पर कोर्ट फीस अदा करके सर्टिफिकेट लेना पड़ेगा। सब से ज़्यादा हैरानी मुझे इस बात की है कि पंजाब में ही नहीं हिन्दुस्तान की तारीख में यह पहली मिसाल है कि यहां मुलज़िम की ज़मानत पर कोर्ट फीस तलब की जा रही है। मैं समझता हूं कि सेंट्रल गवर्नमैंट ने यह कोशिश की है कि मुलज़िम की ज़मानत पर बग़ैर पैसे लिये उसे फ्री कर दिया जाय लेकिन पंजाब का बाबाआदम ही निराला है। यहां मुलज़िम की ज़मानत पर भी कोर्ट फीस तलब की जाती है जो कि एक ग़लत चीज़ है क्योंकि दीवानी और फौजदारी अदालतों में बाज़औकात मुलज़िम बेगुनाह भी साबत हो सकते हैं। इस के साथ साथ मेरे फाज़िल दोस्त वकील रहे हैं और मेरे ख्याल में मुद्दत से वकालत छोड़ चुके हैं। बड़े आदमी हैं। मैं उन को कहना चाहता हूं कि इस का देहाती लोगों पर ज़्यादा असर पड़ता है। Land Revenue Act के नीचे अगर कोई दावा करता है तो उसी शरह से Court Fees देनी पड़ती है जो दर्ज है। Pre-emption का Suit करना हो तो उसी शरह से फीस देनी पड़ेगी। इस के अलावा जिस अर्ज़ी पर एक रुपया कोर्ट फीस लगती थी अब उस पर 1-4-0 लगेगी। देहात वाले जो तहसीलदार के पास दरखास्तें देते हैं उन्हें अब ज़्यादा कोर्ट फीस देनी पड़ेगी। देहातवालों के लिये पंचायतें बनी हैं। इस वक्त यह कहना relevant नहीं होगा कि पंचायतों में किस तरह का इन्साफ मिलता है। देहातों के लोग ज़्यादा suffer करेंगे। उन पर ज़्यादा बोझ पड़ेगा। यह कहना कि इस का बोझ देहातियों पर नहीं पड़ता, शहरियों पर पड़ता है, महज़ खुशफहमी में पड़े रहने वाली बात है। अभी तक सरकार ने अपने अखराजात को कम करने के लिये Executive को Judiciary से अलहदा नहीं किया। वही magistrates हैं, उसी तरह से transfers होती हैं। एक नाम का Judicial Magistrate बना दिया है। मैं समझता हूं कि Pepsu का system अख्तियार किया जाना चाहिये। उन का system बहुत अच्छा था। उन्होंने Criminal और Civil side को combine किया हुआ था। मैं पैप्सू में देख कर हैरान हुआ कि किस तरह उन्हों ने तरक्की की है और किस तरह Judiciary को Executive से अलहदा किया हुआ है। इस तरह आप का खर्च भी कम हो सकता है। Sub Judges कम नहीं हैं, वे बेकार रहते हैं।

श्री इन्द्र सिंह (जींद 'जनरल') : मोहतरिम डिप्टी स्पीकर साहिब, सब से पहले मैं आप की तवज्जुह इस बिल के Statement of objects and reasons की तरफ दिलाना चाहता हूं। मिनिस्टर साहिब ने यह बात बहुत ज़ोर के साथ फरमाई थी कि हम तो लोगों की हालत बेहतर बनाने के लिये टैक्स लगाते हैं और कोर्ट फीस भी इसी गर्ज़ के लिये बढ़ाई गई है। इन इग़राज़ो मकासद से यह बात ज़ाहिर होती है कि यह रुपया Second Five Year Plan के लिये या लोगों की भलाई के लिये या किसी और गरज़ के लिये इकट्ठा किया जा रहा है। Statement of objects and reasons में लिखा है कि कोर्ट फीस इस लिये बढ़ा रहे हैं--

"to augment the finances of the State and to meet the rising cost of administration of Law and Justice"

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

यानी जाहिर है कि कोर्ट फीस में इज़ाफा ना हो तो दूसरी प्लान की पूर्ति के लिये और न ही लोग भलाई के लिये है बल्कि जो महकमे के अखराजात बढ़ रहे हैं उन को meet करने के लिये 30 फीसदी कोर्ट फीस बढ़ा रहे हैं। एक तरफ तो सरकार यह कहते हुए नहीं थकती कि उन्हों ने पंचायती राज का System रायज कर दिया है—वही System जो हिन्दुस्तान में पहले राम राज कहलाता था। पहले वक्तों में हिन्दुस्तान में इन्साफ पंचायतों की मार्फत मिलता था। आम मुकदमों के फैसले पंचायतों में ही आते हैं और उन मुकदमों की तादाद बहुत कम है जो ऊपर अदालतों में आते हैं। इस का मतलब यह हुआ कि पंचायती System रायज होने से ऊपर की अदालतों का काम कम हो गया है और Law and Justice पर जो खर्च होना था वह कम हो गया है। इस की contradiction इस बिल के अगराज़ो मकासद में ज़ाहिर है कि यह खर्च कम नहीं हुआ। पंचायतों के बनने से या इन्साफ lower village bodies के सुपुर्द करने से Law and Justice की cost बढ़ रहा है और बढ़ती हुई cost को meet करने के लिये कोर्ट फीस बढ़ाई जा रही है। यह Constitutional propriety की बात है कि कोर्ट फीस की वसूली उतनी ही करनी चाहिये जितनी कि Administration of Law and Justice पर खर्च होता है उस से ज्यादा नहीं। यह आम असूल की बात है कि हर एक आदमी को Social, economic और legal justice मिलना चाहिये। इस के अलावा Constitution में three Directive Principles का हवाला दिया गया है कि justice किस तरह मिलना चाहिये—वह justice speedy हो, cheap हो और within the reach of everybody हो। यह तीन बातें निहायत जरूरी हैं। अगर court fee 30 फीसदी और बढ़ेगा तो इस से न तो justice सस्ता होगा और न ही within the reach of everybody होगा। कोई आदमी अदालतों में क्या जायेगा जब उसे एक रुपये की बजाये एक रुपया पांच आने कोर्ट फीस लगानी पड़ी। उस का तो कचूमर निकल जायेगा। इस पर भी यह कहा जाता है कि स्टेट की हालत बेहतर बनाने के लिये कोर्ट फीस की शरह में इज़ाफा कर रहे हैं। चौधरी सूरज मल साहिब Criminal Lawyer रहे हैं और उन्हें Civil Law से कम वास्ता पड़ा होगा। उन्हें पता है कि Criminal cases में कोर्ट फीस की जरूरत नहीं पड़ती लेकिन शायद वह यह भूल गये कि court fees का ज़्यादा असर Civil cases पर है। उन्होंने गौर फ़रमाने की कोशिश नहीं की कि दरअसल अदालतों में 75 फीसदी आदमी ऐसे आते हैं जो गरीब तबके से ताल्लुक रखते हैं। घर में उन्हें इन्साफ नहीं मिलता और उन्हें अदालतों के दरवाज़े खटखटाने पड़ते हैं। गुरबत की वजह से और इन्साफ़ महंगा होने की वजह से वे दरवाज़े खटखटाने छोड़ देते हैं। वे हाई कोर्ट तक नहीं पहुंच सकते क्योंकि वहां तक जाने का खर्च बरदाश्त करना उन के लिये मुश्किल होता है। अगर कोर्ट फीस में 30 फीसदी का इज़ाफा किया गया तो इन्साफ और महंगा हो जायेगा और विधान के Directive Principles के मुताबिक नहीं मिल

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[श्री इन्द्र सिंह]

सकेगा। Propriety इस बात को इजाज़त नहीं देती कि आज के हालात में Court fees को शरह बढ़ाई जाये। एक तरफ दावा किया जाता है कि अदालतों में कोर्ट फीस के बढ़ जाने से गरीब लोगों पर बोझ नहीं पड़ता लेकिन मैं कहता हूं कि अगर आप कोर्ट फीस बढ़ाते हैं तो litigant public के लिये क्या सहूलियात देते हैं ? डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टरज़ में या हाई कोर्ट में litigant public के लिये sheds भी नहीं जहां वे बैठ कर आराम से वक्त गुज़ार सकें। इस के अलावा Bar Rooms नहीं हैं हालांकि Local Bar Room provide करना हाई कोर्ट का काम है। लेकिन फिर भी कहा जाता है कि बढ़ते हुए administration के अखराजात को meet करने के लिये कोर्ट फीस बढ़ाई जा रही है। जब तक इन्साफ में speediness नहीं आयेगी, litigant public को सहूलियात नहीं मिलेंगी तब तक ऐसे measures अपनाने का क्या फायदा ? आज कल अदालतें मुनासिब ढंग से काम नहीं करतीं। Cases इकट्ठे हो जाते हैं और उन को disposal के लिये additional judges लगाने पड़ते हैं। इस तरीके से self-created काम के लिए कोर्ट फीस लगाना ठीक नहीं।

इन हालात में court fees बढ़ाने की क्या justification है जबकि law and justice की administration पर खर्च नहीं बढ़ा है बल्कि मुनाफ़ा हुआ है ? Court fees में 30 per cent बढ़ोतरी की कोई • justification नहीं है। मुझे आशा है कि मिनिस्टर साहिब यह शक दूर करेंगे कि खर्च बढ़ा है। आज के हालात हरगिज़ यह इजाज़त नहीं देते कि यह कोर्ट फ़ीस का खर्च बढ़ाया जाए। अब तो हरेक litigant सरकार को गालियां देता है। गालियों से बचने के लिये और तरीके इस्तेमाल करने चाहियें। मुझे आशा है कि फाइनैंस मिनिस्टर साहिब इन बातों पर ग़ौर करेंगे और यह बिल वापस ले लेंगे।

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : अभी अभी चौधरी इन्द्र सिंह ने कुछ कहा और मुनासिब तौर पर कहा जिस से मैं भी इत्तफ़ाक रखता हूं। चंद दूसरे मैंबर साहिबान ने भी चर्चा में हिस्सा लिया और वे भी इस बात को तसलीम करते हैं कि जहां यह मांग की जाती है कि इन्साफ़ सस्ता हो वहां उस के साथ यह भी तसलीम किया जाता है कि जितना खर्च इन्साफ करने पर होता है वह कोर्ट फ़ीस वगैरह से पूरा हो सके। असूली तौर पर मैं इस बात को तसलीम करता हूं कि हमें इन्साफ़ को दुकानदारी नहीं बनाना चाहिये; न ही गवर्नमैंट का यह मनशा है। इसलिये जब हम यह argument पेश करते हैं तो हमारे हाथ मजबूत होते हैं। न सिर्फ़ हम इन्साफ़ को दुकानदारी नहीं बना रहे बल्कि हम अभी तक इन्साफ़ को self-sufficient भी नहीं बना सके। मैं अपने आप को यह कहने में हकबजानब समझता हूं कि जहां हम ने इन्साफ़ को सस्ता करना है वहां हम ने इसे self-sufficient भी करना है। इस बात में कोई justification नहीं कि हम इन्साफ देने की खातिर

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

अपने दूसरे funds में से खर्च करें। दर हकीकत जहां तक administration of justice का सम्बन्ध है, उस में अभी तक हमें अपने revenue accounts में से खर्च करना पड़ता है। इन हालात में हम कोर्ट फीस में यह बढ़ोतरी करने में अपने आप को हक बजानब समझते हैं। मेरे भाइयों ने administration of justice के बारे में पिछले सालों की figures नहीं देखी हैं। उन की वाकफियत के लिये मैं 1956-57 की administration of justice की आमदन और घाटे की figures पेश करता हूं। 1956-57 में 72 लाख 57 हज़ार रुपये खर्च हुआ और 47 लाख 11 हज़ार रुपये आमदन हुई। इस तरह हमें 1956-57 में 25 लाख 46 हज़ार रुपये का घाटा पड़ा जो हमें दूसरे resources से पूरा करना पड़ा। इसलिये हम हक बजानब हैं कि जो यह 25 लाख रुपये का घाटा हमें administration of justice में पड़ा उस को पूरा करने के लिये कोर्ट फीस को बढ़ाएं। इस बढ़ोतरी से हमें 15 लाख रुपये मिलेंगे। इस के बाद भी 1957-58 में 10 लाख रुपये का घाटा पड़ेगा। इस लिये मैम्बर साहिबान ने जो नुक्ताचीनी की है वह ठीक नहीं है। चौधरी इंद्र सिंह और श्री सभरवाल जी ने माना है कि administration of justice self-sufficient होना चाहिये। Taxation Enquiry Commission ने इस बारे में बड़ा बारीकबीनी से पड़ताल की थी। उन्हों ने सुप्रीम कोर्ट के चीफ़ जसटिस को examine किया था और इस के अलावा हाई कोर्ट्स के Chief Justices को भी examine किया था। हरेक की यह राए थी कि यह असूली तौर पर ठीक है कि Administration of Justice self-sufficient हो। इसलिये इस कमिशन की यह राए है कि हमें कोर्ट फ़ीस के ज़रिए यह खर्च पूरा करना चाहिए।

इस बात पर बहुत ज़ोर दिया गया कि हमारे जो ग़रीब भाई हैं उन का बड़ा नुकसान होगा; आम तौर पर वही लोग कचहरियों में जाते हैं और उन्हें अब ज़्यादा खर्च करना पड़ेगा, इस बात को मैं तसलीम नहीं करता। कोर्ट फ़ीस में यह जो बढ़ोतरी की जा रही है इस का असर ज़्यादा civil suits पर होगा। Criminal suits पर तो आठ दस आने फ़ीस लगती है। Civil suits में ज़्यादा कोर्ट फ़ीस लगती है। जो आदमी कोर्ट में एक हज़ार या दो हज़ार रुपये का दावा करने जाता है उस को हम ग़रीब कैसे कह सकते हैं? छोटे छोटे cases जो ग़रीब आदमियों के होते हैं वे पचास या सौ रुपये के होते हैं। लेकिन उन के लिये पंचायतें बनी हैं ताकि छोटे मोटे civil suits देहातों में ही सुने जाएं। इस लिये जो भाई बड़े बड़े मकानों और जायदादों के civil suits ले कर आते हैं वे आम तौर पर वे होते हैं जो कोर्ट फ़ीस अदा कर सकते हैं।

मुझे सभरवाल जी की बात सुन कर हैरानी हुई कि पंजाब में पहली दफ़ा bail bonds पर कोर्ट फ़ीस लगाई जा रही है। इस के लिये पहिले भी provision था। अब यह आठ आने से बढ़ा कर 10 आने किया गया है। वह schedule में पहले था। यह कोई नई बात नहीं की गई है। सिर्फ़ यह हुआ है कि 30 per cent

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मन्त्री]

के करीब बढ़ोतरी हुई है । Taxation Enquiry Commission की राए को सामने रखते हुए इस 30 per cent increase की justification बनती है। जो आंकड़े मैं ने पेश किये हैं इन को सामने रखते हुए हमारे भाई, जिन को कुछ ग़लत फहमी हुई है, समझ जायेंगे कि कोर्ट फ़ीस में बढ़ोतरी मुनासिब तौर पर की जा रही है।

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That the Court Fees (Punjab Amendment) Bill be taken into consideration at once.

The motion was carried.

CLAUSES 2, 3 AND 4

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That clauses 2, 3 and 4 stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 5

Mr. Deputy Speaker : Question is—

That clause 5 stand part of the Bill.

The motion was carried.

SCHEDULE I

Sardar Jasdev Singh Sandhu (Dhuri 'G') : Sir, I beg to move—

In the table of rates of *advalorem* fees leviable on the institution of suits, page 10; column 3, for the entries beginning from Rs. 74-8 up to the last entry of Rs. 6,227-12, *substitute* the following entries respectively :—

"76-8, 78-0, 79-8, 81-0, 82-8, 84-0, 85-8, 87-0, 88-8, 90-0, 91-8, 93-0, 94-8, 96-0, 97-8, 99-0, 100-8, 102-0, 103-8, 105-0, 106-8 108-0, 109-8, 111-0, 112-8, 114-0, 115-8, 117-0, 118-8, 120-0, 121-8, 123-0, 124-8, 126-0, 127-8, 129-0, 130-8, 132-0, 133-8, 135-0, 136-8, 138-0, 139-8, 141-0, 142-8, 144-0, 145-8, 147-0, 148-8, 150-0, 162-2, 174-4 , 186-6, 198-8 , 210-10, 222-12, 234-14, 247-0, 259-2, 271-4, 283-6, 295-8, 307-10, 319-12, 331-14, 344-0, 356-2, 368-4, 380-6, 392-8, 404-10, 416-12, 428-14, 441-0, 453-2, 465-4, 477-6, 489-8, 501-10, 513-12, 525-14, 538-0, 550-2, 562-4, 574-6, 586-8, 598-10, 610-12, 622-14, 635-0, 659-6, 683-12, 708-2, 732-8, 756-14, 781-4, 805-10, 830-0, 854-6, 878-12, 903-2, 927-8, 951-14, 976-4, 100,0-10, 102,5-0, 104,9-6, 1073-12, 1098-2, 112,2-8, 1159-0, 1195-8, 1232-0, 1268-8, 1305-0, 1341-8, 1378-0, 1414-8, 1451-0, 1487-8, 1524-0, 1560-8, 1597-0, 1633-8, 1670-0, 1706-8, 1743-0, 1779-8, 1816-0, 1852-8, 1901-4, 1950-0, 1998-12, 2047-8, 2096-4, 2145-0, 2193-12, 2242-8, 2291-4, 2340-0, 2388-12, 2437-8, 2486-4, 2535-0, 2583-12, 2632-8, 2681-4, 2730-0, 2778-12, 2827-8, 2876-4, 2925-0, 2973-12, 3022-8, 3071-4, 3120-0, 3168-12, 3217-8, 3266-4, 3315-0, 3363-12, 3412-8, 3461-4, 3510-0, 3558-12, 3607-8, 3656-4, 3705-0, 3753-12, 3802-8, 3851-4, 3900-0, 3948-12, 3997-8, 4046-4, 4095-0, 4143-12, 4192-8, 4241-4, 4290-0, 4338-12, 4387-8, 4436-4, 4485-0, 4533-12, 4582-8, 4631-4, 4680-0, 4728-12, 4777-8, 4826-4, 4875-0, 4923-12, 4972-8, 5021-4 5870-0, 5118-12, 5167-8, 5216-4, 5265-0, 5313-12, 5362-8, 5411-4, 5460-0, 5508-12, 5557-8, 5606-4, 5655-0, 5703-12, 5752-8, 5801-4, 5850-0, 5898-12, 5947-8, 5996-4, 6045-0, 6093-12, 6142-8, 6191-4, 6240-0".

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

ਜਨਾਬ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਜਿਹੜੀ amendment ਪੇਸ਼ ਕੀਤੀ ਹੈ ਇਹ ਇਸ ਕਰਕੇ ਕੀਤੀ ਹੈ ਕਿ ਇਹ ਹਿਸਾਬ ਦੀ ਗਲਤੀ ਹੈ, ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਦੋ ਫੀਸਾਂ Table ਵਿੱਚ calculation ਵਿੱਚ ਹੋ ਗਈ ਹੈ, ਮਸਲਨ ਜਿਥੇ 500 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਉਤੇ subject matter ਹੈ when the amount exceeds Rs. 500 ਅਤੇ 510 ਰੁਪਏ ਤੱਕ ਹੈ ਉਥੇ 74 ਰੁਪਏ 8 ਆਨੇ ਫੀਸ calculate ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਜਿਹੜੀ ਕਿ Schedule I ਵਿਚ ਅਪੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਉਸ ਦੇ ਹਿਸਾਬ ਨਾਲ ਇਹ ਫੀਸ 76 ਰੁਪਏ 8 ਆਨੇ ਬਣਦੀ ਹੈ। ਇਹ ਹਿਸਾਬ ਵਿੱਚ calculation ਦੀ ਗਲਤੀ Table ਦੇ ਅਖੀਰ ਤੱਕ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਏਸ ਹਿਸਾਬ ਦੀ ਗਲਤੀ ਨੂੰ ਠੀਕ ਕਰਨ ਲਈ, ਜੋ ਅਪੀਲ ਵਾਸਤੇ ਫ਼ੀਸ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ, ਮੈਂ Table ਦੇ ਵਿੱਚ amendment suggest ਕੀਤੀ ਹੈ, ਏਸ Table ਨੂੰ ਦਰੁਸਤ ਕਰਨ ਲਈ ਕਿ ਜਿਥੇ 74 ਰੁਪਏ 8 ਆਨੇ ਹੈ ਉਥੇ 76 ਰੁਪਏ 8 ਆਨੇ ਦਰਜ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਹੀ ਇਸ ਤੋਂ ਅੱਗੇ ਆਉਣ ਵਾਲੀ ਫੀਸ ਨੂੰ ਜੋ Table ਵਿੱਚ ਹੈ, ਮੇਰੀ amendment ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਦਰੁਸਤ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਇਹ ਜੋ ਹਿਸਾਬ ਦੀ ਗਲਤੀ ਪੈ ਗਈ ਹੈ ਇਹ ਠੀਕ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਔਰ ਜੋ ਫੀਸ ਪਹਿਲਾਂ ਏਸ Schedule I ਵਿੱਚ ਮੁਕੱਰਰ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਉਹ ਹਿਸਾਬ ਦੇ ਮੁਤਾਬਿਕ ਠੀਕ ਆ ਜਾਵੇ। ਏਸ ਲਈ ਇਹ ਹਿਸਾਬੀ amendment ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਮਨਜ਼ੂਰ ਕਰ ਲੈਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸ਼ਬਦਾਂ ਨਾਲ ਮੈਂ amendment ਪੇਸ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

(*At this stage Mr. Speaker occupied the Chair*)

Mr. Speaker: Motion moved—

In the table of rates of *ad valorem* fees leviable on the institution of suits, page 10, column 3, for the entries beginning from Rs. 74-8 up to the last entry of Rs. 6,227-12, *substitute* the following entries respectively :—

"76-8, 78-0, 79-8, 81-0, 82-8, 84-0, 85-8, 87-0, 88-8, 90-0, 91-8, 93-0, 94-8, 96-0, 97-8, 99-0, 100-8, 102-0, 103-8, 105-0, 106-8, 108-0, 109-8, 111-0, 112-8, 114-0, 115-8, 117-0, 118-8, 120-0, 121-8, 123-0, 124-8, 126-0, 127-8, 129-0, 130-8, 132-0, 133-8, 135-0, 136-8, 138-0, 139-8, 141-0, 142-8, 144-0, 145-8, 147-0, 148-8, 150-0, 162-2, 174-4, 186-6, 198-8, 210-10, 222-12, 234-14, 247-0, 259-2, 271-4, 283-6, 295-8, 307-10, 319-12, 331-14, 344-0, 356-2, 368-4, 380-6, 392-8, 404-10, 416-12, 428-14, 441-0, 453-2, 465-4, 477-6, 489-8, 501-10, 513-12, 525-14, 538-0, 550-2, 562-4, 574-6, 586-8, 598-10, 610-12, 622-14, 635-0, 659-6, 683-12, 708-2, 732-8, 756-14, 781-4, 805-10, 830-0, 854-6, 878-12, 903-2, 927-8, 951-14, 976-4, 1000-10, 1025-0, 1049-6, 1073-12, 1098-2, 1122-8, 1159-0, 1195-8, 1232-0, 1268-8, 1305-0, 1341-8, 1378-0, 1414-8, 1451-0, 1487-8, 1524-0, 1560-8, 1597-0, 1633-8, 1670-0, 1706-8, 1743-0, 1779-8, 1816-0, 1852-8, 1901-4, 1950-0, 1998-12, 2047-8, 2096-4, 2145-0, 2193-12, 2242-8, 2291-4, 2340-0, 2388-12, 2437-8, 2486-4, 2535-0, 2583-12, 2632-8, 2681-4, 2730-0, 2778-12, 2827-8, 2876-4, 2925-0, 2973-12, 3022-8, 3071-4, 3120-0, 3168-12, 3217-8, 3266-4, 3315-0, 3363-12, 3412-8, 3461-4, 3510-0, 3558-12, 3607-8, 3656-4, 3705-0, 3753-12, 3802-8, 3851-4, 3900-0, 3948-12, 3997-8, 4046-4, 4095-0, 4143-12, 4192-8, 4241-4, 4290-0, 4338-12, 4387-8, 4436-4, 4485-0, 4533-12, 4582-8, 4631-4, 4680-0, 4728-1, 4777-8, 4826-4, 4875-0, 4923-12, 4972-8, 5021-4, 5070-0, 5118-12, 5167-8, 5216-4, 5265-0, 5313-12, 5362-8, 5411-4, 5460-0, 5508-12, 5557-8, 5606-4, 5655-0, 5703-12, 5752-8, 5801-4, 5850-0, 5898-12, 5947-8, 5996-4, 6045-0, 6093-12, 6142-8, 6191-4, 6240-0".

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : This amendment is correct. यह हिसाब की गलती थी, हम यह मंज़ूर करते हैं।

Mr. Speaker : Question is—

In the table of rates of advalorem fees leviable on the institution of suits, page 10, column 3, for the entries beginning from Rs. 74-8 upto the last entry of Rs. 6,227-12, *substitute* the following entries respetively:—

"76-8, 78-0, 79-8, 81-0, 82-8, 84-0, 85-8, 87-0, 88-8, 90-0, 91-8, 93-0, 94-8, 96-0, 97-8, 99-0, 100-8, 102-0, 103-8, 105-0, 106-8, 108-0, 109-8, 111-0, 112-8, 114-0, 115-8, 117-0, 118-8, 120-0, 121-8, 123-0, 124-8, 126-0, 127,8, 129-0, 130-8, 132-0, 133-8, 135-0, 136-8, 138-0, 139-8, 141-0, 142-8, 144-0, 145-8, 147-0, 148-8, 150-0, 162-2, 174-4, 186-6, 198-8, 210-10, 222-12, 234-14, 247-0, 259-2, 271-4, 283-6, 295-8, 307-10, 319-12, 331-14, 344-0, 356-2, 368-4, 380-6, 392-8, 404-10, 416-12, 428-14, 441-0, 453-2, 465-4, 477-6, 489-8, 501-10, 513-12, 525-14, 538-0, 550-2, 562-4, 574-6, 586-8, 598-10, 610-12, 622-14, 635-0, 659-6, 683-12, 708-2, 732-8, 756-14, 781-4, 805-10, 830-0, 854-6 878-12, 903-2, 927-8, 951-14, 976-4 1000-10, 1025-0, 1049-6, 1073-12, 1098-2, 1122-8, 1159-0, 1195-8, 1232-0, 1268-8, 1305-0, 1341-8, 1378-0, 1414-8, 1451-0, 1487-8, 1524-0, 1560-8, 1597-0, 1633-8, 1670-0, 1706-8, 1743-0, 1779-8, 1816-0, 1852-8, 1901-4, 1950-0, 1998-12, 2047-8, 2096-4, 2145-0, 2193-12, 2242-8, 2291-4, 2340-0, 2388-12, 2437-8, 2486-4, 2535-0, 2583-12, 2632-8, 2681-4, 2730-0, 2778-12, 2827-8, 2876-4, 2925-0, 2973-12, 3022-8, 3071-4, 3120-0, 3168-12, 3217-8, 3266-4, 3315-0, 3363-12, 3412-8, 3461-4, 3510-0, 3558-12, 3607-8, 3656-4, 3705-0, 3753-12, 3802-8, 3851-4, 3900-0, 3948-12, 3997-8, 4046-4, 4095-0, 4143-12, 4192-8, 42414, 4290-0, 4338-12, 4387-8, 4436-4, 4485-0, 4533-12, 4582-8, 4631-4, 4680-0, 4728-12, 4777-8, 4826-4, 4875-0, 4923-12, 4972-8, 5021-4, 5070-0, 5118-12, 5167-8, 5216-4, 5265-0, 5313-12, 5362-8, 5411-4, 5460-0, 5508-12, 5557-8, 5606-4, 5655-0, 5703-12, 5752-8, 5801-4, 5850-0, 5898-12, 5947-8, 5996-4,6045-0, 6093-12, -6142-8, 6191-4, 6240-0".

The motion was carried.

Mr. Speaker : Question is—

That Schedule 1, as amended stand part of the Bill.

The motion was carried.

ਸਰਦਾਰ ਜਸਦੇਵ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ : Schedule II take up ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ ਆਪ ਦੇ notice ਵਿਚ ਇਹ ਗੱਲ ਲਿਆਉਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੋ consequential changes ਨੇ ਉਹ ਵੀ ਨਾਲ ਦੀ ਨਾਲ ਲਿਆਂਦੀਆਂ ਜਾਣ ।

अध्यक्ष महोदय : Yes वह भी लाई जाएं। (Yes those consequential changes should also be made.)

SCHEDULE II

Shri Lal Chand (Jullundur City, North-East) : Sir, I beg to move—

In column 1, entry number 6, *omit* "or Magistrate under any section of the Code of Criminal Procedure 1898, or".

For entry number 23, *substitute*—

"23(i) Section 13 of the Punjab Urban Rent Restriction Act.	Thirteen rupees.
(ii) Any other application or Memorandum of appeal for Relief under the Punjab Urban Rent Restriction Act.	One rupee four annas".

मैंने Schedule II में जो Number 6 है, उस में तरमीम पेश की है; वहां जो लफज़ दिये हुए हैं कि bail-bond जो किसी Magistrate की अदालत में दिया जाता है उस पर कोई court fee नहीं लगनी चाहिये और इस के साथ जो last entry है 23 Number, page 26

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

पर, उस में उन्हों ने दिया है Thirteen rupees fee for Application or memorandum of appeal for Relief under the Punjab Urban Rent Restriction Act. तो उस में पीछे भी अदालतों में ambiguity सी चलती रही। तो अब 'any application' का जो मतलब है वह यह है कि इस Act के नीचे कोई application भी अगर दी जाये कि गवाहान को तलब किया जाये—इस के लिये rent की कोई application दे दी जाये तो यह fee बहुत ज़्यादा है। कोई तरमीम के लिये अदालत में दरखास्त दी जाये, कि जो entry हो गई है उस को revise किया जाये या यह कि कराया कम किया जाये, तो यह fee बहुत ज़्यादा है। Section 13 के मुतअल्लिक emphasis और वज़ाहत से लिखना चाहिये था कि इस के नीचे जो दरखास्त दी जायगी उस की court fee 13 रुपये होगी। मैंने तरमीम पेश की है कि यह 13 रुपये fee ज़्यादा है। जहां ejectment के cases हों उन में तो 13 रुपये की court fee देनी चाहिये। अगर कोई किराया ज़्यादा अदा किया गया है, और वह वापिस देने के लिये दरखास्त देता है तो उस पर एक रुपया चार आने fee कर दी जाये। यह दो amendments मैं ने इस Schedule में दी हैं। और मैं समझता हूं कि यह जो bond है और जहां तक any application का सवाल है, यह दोनों amendments मान लेनी चाहियें। जहां तक Rent Restriction का मकसद है यह मुआमला हाई कोर्ट में नहीं गया। मगर ऐसी motion हम ने single marriage की, Marriage Divorce Act के नीचे की थी; और उस में यह लफ़ज़ था, 'any' का। तो High Court ने कहा कि Legislature का यह मनशा नहीं है कि हर application पर इतने रुपये की fee लगे। तो मैं कहूंगा कि अगर Finance Minister साहिब का मनशा यही है कि हर application पर 13 रुपये का अशटाम नहीं लगेगा तो इस की वज़ाहत करें।

Mr. Speaker : Motion moved—

In column 1, entry number 6, *omit* "or Magistrate under any section of the Code of Criminal Procedure 1898, or".

For entry number 23, *substitute*—

"23 (i) Section 13 of the Punjab Urban Rent Restriction Act.	Thirteen rupees.
(ii) Any other application or memorandum of Appeal for Relief under the Punjab Urban Rent Restriction Act.	One rupee four annas".

वित्त मंत्री (श्री मोहन लाल) : मैं यह अर्ज़ करूंगा कि जहां तक इस Amending Bill का ताल्लुक है न ही इस में कोई नया provision किया गया है और न ही इस में कोई नई proposal है। जैसा कि मैंने अर्ज़ किया जो court fee का Schedule था उस में हम ने 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। इसलिये न

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[वित्त मन्त्री]

तो कोई justification बनती है कि कोई amendment मानी जाये और न ही यह मानी जा सकती है। Bail bond पर पहले 8 आने fee लगती थी अब 10 आने लगाई जाएगी यह बहुत बड़ी बात नहीं की गई। दूसरी बात यह कि Schedule II में Number 23 में तरमीम पेश की है। उस में भी 30 प्रतिशत fee increase की गई है। जहां तक इस Bill का scope है उस में तो यह बात आती नहीं कि हम उसको amend कर दें। हां, अगर कोई ऐसी जजमैंट हो और उस को बाद में हमारे नोटिस में लाएं तो उस की justification हो सकती है।

Mr. Speaker : Question is—

In column 1, entry number 6, *omit* "or Magistrate under any section of the Code of Criminal Procedure 1898, or".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

For entry number 23, *substitute*

"23 (i) Section 13 of the Punjab Urban Rent Restriction Act.	Thirteen rupees.
(ii) Any other application or memorandum of Appeal for Relief under the Punjab Urban rent Restriction Act.	One rupee four annas".

The motion was lost.

Mr. Speaker : Question is—

That Schedule II stand part of the Bill.

The motion was carried.

CLAUSE 1 AND TITLE

Mr. Speaker : Question is—

That Clause 1 and Title stand part of the Bill.

The motion was carried.

Minister for Finance (Shri Mohan Lal) : Sir, I beg to move—

That the Court Fees (Punjab Amendment) Bill, be passed.

Mr. Speaker : Motion moved—

That the Court Fees (Punjab Amendment) Bill be passed.

श्री लाल चंद (जालंधर शहर, उत्तर-पूर्व) : स्पीकर साहिब, इस Bill के बारे में मैंने इस की मुखालिफत करते हुए जहां पहले बहुत सी बातें कही हैं इसके साथ ही जो इस बिल का

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

principle है और खास तौर पर जो Schedule I में Number 11 और Number 12 entries हैं उन के बारे में मैं कहता हूं कि $2\frac{1}{2}$ per cent fee तो Number 11 के तहत देनी पड़ेगी और $2\frac{1}{2}$ per cent fee Succession certificate लेने के लिये देनी पड़ेगी ।

इस के अलावा, मैं Finance Minister साहिब को यह कहना चाहता हूं कि यह principle जो claims sanction हुए हैं, उन पर बहुत ज्यादा हावी होता है। West Punjab से जो लोग आये हैं उन को जो claims मिले उन की कीमत कुछ और है और पैसे कुछ और मिले हैं लेकिन जो certificates दिये गए हैं उन पर पूरी रकम का ढ़ाई per cent देना पड़ा है। अगर Finance Minister साहिब मुनासिब समझें तो जो पैसे West Punjab से आए हुए लोगों को मिलने हैं उन की वज़ाहत कर दें ।

कामरेड मुनी लाल (शिमला) : स्पीकर साहिब, इस बिल की मुखालिफत करते वक्त मुझे एक बात का बहुत अफसोस होता है । वह यह है कि Opposition पर हमेशा यह इलज़ाम लगाया जाता है कि Opposition वाले हमेशा तरक्की की proposals की मुखालिफत करते हैं । इस सम्बन्ध में मैं अपने Finance Minister साहिब से यह कहना चाहता हूं कि देश की तरक्की के लिये यह एक बुनियादी बात है कि इन्साफ सस्ता हो । लेकिन जब हम देखते हैं कि हमारे Finance Minister साहिब ने इन्साफ महंगा किया है तो मुझे अफसोस से कहना पड़ता है कि उन का यह कदम तरक्की की तरफ नहीं है । इस में उलझन की बात कोई नहीं है । इन्साफ, ग़रीब के लिए हो या अमीर के लिए हो, सस्ता होना चाहिए । इस proposal से इन्साफ पहले से 30 प्रतिशत महंगा हो गया है और जैसे कि एक hon. Member ने कहा है कि इस से इन्साफ दुकानों पर बिकना शुरू हो जाएगा—वह बात सच्ची मालूम होती है । इन्साफ में देर होने से कहा जाता है कि "Justice delayed is Justice denied" । फिर जहां उन्हों ने इस में 30 प्रतिशत की बढ़ौतरी की है वहां यह assurance नहीं दी कि इन्साफ जल्दी मिला करेगा। एक बात और कही गई है कि पंचायतों के होने से इन्साफ सस्ता हो गया है । वह तजरुबा तो हम कर चुके हैं । इस में बहुत सी खामियां हैं । लोगों को इन्साफ ठीक और सस्ता नहीं मिलता और मजबूरन लोगों को अदालतों के दरवाजे खटखटाने पड़ते हैं। यह दलील समझ में नहीं आती कि चूंकि development के लिये रुपये की कमी है, लिहाज़ा मजबूर होकर इन्साफ महंगा करना पड़ा है । जो सरकार इन्साफ सस्ता नहीं करती वह सही मानों में सरकार कहलाने की हकदार नहीं है । एक तरफ तो लोगों को इतने भारी टैक्स देने पड़ते हैं और दूसरी तरफ उन को अपने बुनियादी हकूक के लिये भी तकलीफात का सामना करना पड़ता है। Central Government की तरफ से जो टैक्स लगाए गए हैं और पुलों पर जो टैक्स लगाए गए हैं उन की हमें मुखालिफत करनी पड़ती है । लेकिन यह बुनियादी बात है कि इन्साफ महंगा न हो । हमारी मांग तो यह थी कि सरकार इस बार टैक्स लगाने के बाद यह ऐलान करती कि हम ने कम से कम यह तो किया है कि इन्साफ को 20 per cent या 30 per cent सस्ता किया है । लेकिन इस के बरअक्स

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

[कामरेड मुनी लाल]
इन्साफ और महंगा कर दिया गया है। लोगों पर टैक्सों का बोझ हो, वह आवाज़ उठाएं और हम उन की आवाज़ में आवाज़ मिलाएं तो कहा जाता है कि Opposition का मुद्दा केवल Opposition करना है। सरकार की यह बात मेरी समझ में नहीं आती। मैं भी दूसरे दोस्तों की तरह ही Finance Minister साहिब से दरखास्त करूंगा कि इस सिलसले में कुछ करें। मैं ने अकसर लोगों को देखा है कि जब इन्साफ का दरवाज़ा खटखटाते समय उन के पास court fee के पैसे नहीं होते तो वे अपनी दरखास्तें गलत तरीके से भेजने के मुजरिम बनते हैं। इस 30 फीसदी की बढ़ौतरी से उन का सोचने का ढंग ही बदल जाएगा। इसलिए मैं आपकी विसातत से Finance Minister साहिब को दरखास्त करूंगा कि इस बात पर ग़ौर करें और इस तरह से कोई ऐलान ज़रूर करें, नहीं तो कम से कम इतनी बात ज़रूर कहें कि इन्साफ जल्दी हुआ करेगा और जो देर इस सम्बन्ध में होती है वह नहीं हुआ करेगी। इस के साथ ही यह कहा जाता है कि 25 लाख के खसारे को पूरा करने के लिए इस बढ़ौतरी से केवल 15 लाख रुपये आएंगे और 10 लाख का खसारा बाकी रह जाएगा। इस से ज़ाहिर है कि बाकी के खसारे को पूरा करने के लिए और टैक्स लगाए जाएंगे और इस तरह से इन्साफ और महंगा होगा। और दूसरी तरफ हाई कोर्ट की इमारत जिस में 48,000 के परदे हैं, देखिए और सैक्रेटैरिएट की इमारत देखिए तो इस बढ़ौतरी में कोई justification नज़र नहीं आती। इसलिये उन को कम से कम यह ऐलान ज़रूर करना चाहिये कि इन्साफ बहुत जल्दी मिलेगा। लोगों को शिकायत है कि इन्साफ देर से मिलता है। कम से कम उस शिकायत को दूर करें ताकि हम समझें कि सरकार टैक्स लगाने में हक बजानब है।

चौधरी बारू राम (रजौंद) : स्पीकर साहिब, मेरा बोलने का तो इरादा नहीं था लेकिन चूंकि वज़ीर साहिब ने यहां पर दो बातें ऐसी की हैं जिन का जवाब देना ज़रूरी है, इसलिए मेरा फर्ज़ बन जाता है कि मैं उन का जवाब दूं। एक तो वज़ीर साहिब ने फरमाया है कि ग़रीब लोगों पर इस बढ़ौतरी का बोझ नहीं पड़ेगा। इस के जवाब में मैं उन के सामने एक concrete example रखना चाहता हूं। मेरी अपनी तहसील कैथल में एक कोर्ट है। वहां इस वक्त 60 मुकदमात pending पड़े हुए हैं। उन में से 10-12 first class और second class के हैं। बाकी सब third class और fourth class के केसिज़ हैं। आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि वह केसिज़ किन लोगों के होंगे। वह सब ग़रीब लोगों के हैं...

वित्त मंत्री : ज़रा third class की jurisdiction भी बता दीजिए।

चौधरी बारू राम : एक हज़ार से शुरू होता है (*Interruptions*) आप तो कहते हैं (*Interruptions*)....................

स्पीकर साहिब, मैं कह रहा था कि वह कहते हैं कि जिन की आमदनी 3500 से कम है उन पर Income Tax नहीं लगता; वह ग़रीब हैं। फिर कहते हैं कि 2 हज़ार वाले ग़रीब.... .... (*Interruptions*) आप जब एक महीने की दो—अढ़ाई हज़ार रुपये तनखाह ले सकते हैं तो............

वित्त मंत्री : आप ने तीन सौ में से कितने छोड़े हैं ?

Original with;
Punjab Vidhan Sabha
Digitized by;
Panjab Digital Library

चौधरी बारू राम : वज़ीर साहिब फरमा रहे हैं कि हम न तीन सौ में से कितना छोड़ा है। वह जितना चाहें हम छोड़ने के लिए तैयार हैं। लेकिन वह भी कैराला की मिसाल ले लें।

अध्यक्ष महोदय : आप छोड़िए, जी। आप किन बातों में पड़ गए हैं। (Leave it please. You are digressing into irrelevant things.)

